आश्विन कृष्ण पक्ष नवमी 12:25 उपरांत दशमी विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 26 सितंबर 2024
वर्ष 34, अंक 238, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

मंगल की कक्षा को प्रभावित कर सकता है ब्लैकहोल 16

अक्षय ने दिखाई हाउसफुल 5 के स्टार कास्ट की झलक 15

एक नजर

मोदी आज महाराष्ट्र में कई प्रोजेक्ट का करेंगे शिलान्यास-उद्घाटन

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुरुवार को महाराष्ट्र के पुणे जिले का दौरा करेंगे और इस दौरान 22,600 करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे। इनमें सोलापुर हवाई अड्डे का उद्घाटन और परम रूद्र सुपरकंप्यूटर्स का लोकार्पण भी शामिल हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने बुधवार को एक बयान में यह जानकारी दी। पीएमओ ने कहा कि प्रधानमंत्री जिला अदालत मेट्रो स्टेशन से पुणे के स्वारगेट तक चलने वाली मेट्रो ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे।

मालवा एक्सप्रेस के पहियों से धुआं निकला, हड़कंप

इंदौर। मध्यप्रदेश में इंदौर के डॉ. आम्बेडकर नगर (महू) से जम्मू-कश्मीर के कटरा के बीच चलने वाली मालवा एक्सप्रेस के पहियों से बुधवार को धुआं निकलता दिखाई दिया जिससे हड़कंप मच गया। रेलवे कर्मचारियों ने अग्निशमन यंत्र से इस पर काबू पाया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हो गया है। पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल के पीआरओ खेमराज मीना ने बताया कि राऊ स्टेशन पर स्टेशन मास्टर ने ट्रेन के पहियों से धुआं निकलता देखा। एक डिब्बे के पहियों का ब्रेक जाम हो गया था।

बेटी का यौन शोषण करने पर 20 साल की जेल

ठाणे। महाराष्ट्र के ठाणे जिले में पॉक्सो अदालत ने एक व्यक्ति को अपनी नौ वर्षीय बेटी का यौन शोषण करने का दोषी ठहराते हुए 20 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई। इस मामले का खुलासा उसके पड़ोसी ने किया था। पॉक्सो के तहत मामलों की सुनवाई करने वाली अदालत के न्यायाधीश डी.एस. देशमुख ने मंगलवार को अपने आदेश में 35 वर्षीय दोषी पर 50 हजार का जुर्माना भी लगाया।

दिल्ली से अपहृत बच्ची को ट्रेन से किया बरामद

बक्सर। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के जवानों ने बिहार के बक्सर जिले के रघुनाथपुर रेलवे स्टेशन पर दिल्ली-मालदा ट्रेन से राष्ट्रीय राजधानी से कुछ दिन पहले अपहृत की गई आठ वर्षीय बच्ची को अपहरणकर्ता के चंगुल से मुक्त कराया। आरपीएफ कर्मियों ने मंगलवार दोपहर करीब दो बजे बच्ची को बरामद किया और इस मामले में बिहार के समस्तीपुर जिले के निवासी रोहित कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया है।

हुनरमंद उप्र ने किया निहाल

उप राष्ट्रपति बोले, यूपी के लिए गेम चेंजर साबित हुए योगी आदित्यनाथ

गली ब्वाय से विदेशों तक की उड़ान ने बदली छोटे उद्यमियों की तकदीर

इंटरनेशनल ट्रेड-शो

- मुख्यमंत्री योगी ने कहा-पहले सरकार मंच देती तो हुनरमंद बदलते देश की तस्वीर

विवेक सक्सेना /धीरेंद्र सिंह,ग्रेटर नोएडा

अमृत विचार : ग्रेटर नोएडा में बुधवार को इंटरनेशनल ट्रेड-शो का रंगारंग आगाज हुआ। इंडिया एक्सपो मार्ट में उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा ट्रेड शो की शुरुआत के साथ हुनरमंद उत्तर प्रदेश की तस्वीर दुनिया के सामने छा गई। अपने बाप-दादे के हुनर को गली-कस्बों, बाजारों और मेलों तक ढो रहे, उनकी नवोदित प्रतिभाओं को देश-विदेश तक खरीदार और प्रशंसकों की कतार देखने को मिली।

मुख्य अतिथि उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ तरह-तरह के हुनर से सजे छोटे-छोटे उद्यमियों की कलाकृतियों से अभिभूत नजर आए। किसी की चिकन कढ़ाई तो किसी के जरीदोंजी, बांसुरी, खिलौनों, हॉर्न क्राफ्ट से लेकर 80 जीआई टैग हुए हुनर से हर कोई उत्साहित दिखा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ यहां विभिन्न स्टॉल का अवलोकन करने के बाद उप राष्ट्रपति ने कहा कि ऐसा लगा वह दुनिया के सबसे विकसित देश में हैं। यह आयोजन प्रदेश के कारीगरों, शिल्पकारों तथा दुनियाभर के बायर्स को एक मंच पर लाने का अवसर प्रदान करता है। इतने विचारशील, दूरदर्शी और व्यावहारिक सोच के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बधाई देता हूं। उप राष्ट्रपति ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का कैसे वर्णन किया जाए, देश का सबसे बड़ा राज्य उनके गतिशील शासन में फल-फूल रहा है। योगी इस राज्य के लिए 'गेम चेंजर' साबित हुए हैं और इससे देश को काफी मदद मिल रही है। मैं उनके 24x7 कार्य करने की विशेष शैली से अभिभूत हूं। केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने इसे रोजगार का सबसे बड़ा मंच करार दिया।

इंटरनेशनल ट्रेड-शो के उद्घाटन अवसर पर उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को राधे-श्रीकृष्ण की मूर्ति देते मुख्यमंत्री योगी, साथ में केंद्रीय एमएसएमई मंत्री जीतनराम मांझी, उप्र के औद्योगिक विकास मंत्री नंदगोपाल गुप्ता 'नंदी', एमएसएमई मंत्री राकेश सचान।

कृषि के बाद एमएसएमई सर्वाधिक रोजगार सृजन करने वाला क्षेत्र : योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश की सबसे बड़ी आबादी के साथ ही उत्तर प्रदेश एमएसएमई की सर्वाधिक यूनिट रखने वाला राज्य भी है। एक सर्वे के अनुसार यूपी के 75 जनपदों में 96 लाख एमएसएमई यूनिट है। कृषि के बाद यूपी में यह सर्वाधिक रोजगार सृजन करने वाला क्षेत्र है। मुख्यमंत्री बुधवार को यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो-2024 के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। योगी ने कहा कि सैकड़ों वर्ष से अलग-अलग क्षेत्रों में यूपी के अंदर रोजगार सृजन के लिए हस्तशिल्पियों, कारीगरों ने इन्हें बढ़ाने में योगदान दिया था, लेकिन आजादी के बाद उचित प्रोत्साहन के अभाव व समय पर तकनीक न मिलने से वे बंदी के कगार पर पहुंच चुके थे। 2017 में उप्र में हमारी सरकार आई तो प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को साकार करने के विजन को धरातल पर उतारने के लिए अनेक कार्यक्रमों को आगे बढ़ाया गया।

लखनऊ में नवंबर में आयोजित होगा कृषि भारत मेला

लखनऊ। ग्रेटर नोएडा में चल रहे यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो की तर्ज पर नवंबर में कृषि भारत मेले के आयोजन की तैयारी है। 15 से 18 नवंबर के बीच लखनऊ में प्रस्तावित इस मेले के माध्यम से उप्र. के कृषि क्षेत्र में नवाचारों को प्रोत्साहित किया जाएगा। इंटरनेशनल ट्रेड शो की तरह ही इस आयोजन में भी पार्टनर कंट्री के रूप में नीदरलैंड्स को शामिल किया गया है।

- 200 से ज्यादा एक्जीबिटर्स लेंगे हिस्सा, 1 लाख से अधिक किसान भी जुटेंगे

मेले का आयोजन 20,000 स्क्वायर मीटर क्षेत्रफल में किया जाएगा। इसमें 200 से ज्यादा प्रदर्शकों के शामिल होने की उम्मीद है। एक लाख से अधिक किसान भी इस आयोजन में भाग लेंगे। इस दौरान 10 से अधिक संगोष्ठियां होंगी, जबकि 4000 से अधिक कृषि आधारित बिजनेस से जुड़े लोग इसमें शामिल होंगे। वहीं आठ राज्यों के किसानों को भी इसमें शामिल होने का अवसर प्राप्त होगा। इस आयोजन से कृषि क्षेत्र में हो रहे नवाचारों को प्रोत्साहित किया जाएगा एवं किसानों को एक मंच प्रदान किया जाएगा। एग्रीकल्चर टूरिज्म, सस्टेनेबिलिटी जोन, फार्मर वेलनेस जोन और यंग फार्मर्स जोन आदि के लिए स्टॉल लगाए जाएंगे।

विधानसभा चुनाव

जम्मू-कश्मीर : दूसरे चरण में 56% से अधिक मतदान

कटरा में एक मतदान केंद्र पर लगी मतदाताओं की कतार। ● एजेंसी

श्रीनगर, एजेंसी

- माता वैष्णोदेवी सीट पर सबसे ज्यादा 75 प्रतिशत वोटिंग

जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण का मतदान बुधवार शाम खत्म हो गया। दूसरे चरण में छह जिलों की कुल 26 सीटों के लिए मतदान कराया गया। अधिकारियों ने बताया कि 56 प्रतिशत से अधिक मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया। सबसे ज्यादा 75.29 प्रतिशत मतदान माता वैष्णोदेवी सीट पर हुआ। जम्मू-कश्मीर के मुख्य निर्वाचन अधिकारी पीके पोले ने बताया कि दूसरे चरण में 56.05 प्रतिशत मतदान हुआ। उन्होंने कहा कि यह प्रतिशत अनुमानित है, क्योंकि हजरतबल और रियासी जैसे कुछ स्थानों पर मतदान अभी जारी है। उन्होंने कहा कि कुल मिलाकर मतदान शांतिपूर्ण रहा। बहस होने जैसी कुछ छिटपुट घटनाएं हुईं, लेकिन कहीं भी पुनर्मतदान की आवश्यकता नहीं है।

16 विदेशी राजदूतों ने किया घाटी का दौरा

दूसरे चरण के दौरान विदेशी राजदूतों के 16 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने मतदान देखने के लिए घाटी का दौरा किया। आतंकवाद फैलने के बाद से यह शायद पहली बार है कि अंतर्राष्ट्रीय पर्यवेक्षकों को जम्मू-कश्मीर में चुनाव के निरीक्षण की अनुमति दी गई। हालांकि पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने इस कदम की आलोचना की और कहा कि जम्मू-कश्मीर में चुनाव देश का आंतरिक मामला है। इससे पहले 18 सितंबर को हुए पहले चरण में 61.38 प्रतिशत मतदान हुआ था। सबसे ज्यादा 80.20 % वोटिंग किश्तवाड़ जिले में तो सबसे कम पुलवामा में 46.99 फीसदी दर्ज की गई थी।

राहुल गांधी की नागरिकता संबंधी शिकायत पर क्या कार्रवाई की

विधि संवाददाता, लखनऊ

- हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने केंद्र सरकार से मांगा जवाब

अमृत विचार : हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने राहुल गांधी की नागरिकता के विवाद पर केंद्र सरकार के सक्षम प्राधिकारी को की गई शिकायत पर कार्रवाई का ब्यौरा मांगा है। यह आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला की खंडपीठ ने कर्नाटक के एस विग्नेश शिशिर की याचिका पर पारित किया है।

जुलाई माह में इसी याची की याचिका को न्यायालय ने यह कहते हुए खारिज कर दिया था कि वह चाहे तो सिटिजनशिप एक्ट के तहत सक्षम प्राधिकारी को शिकायत कर सकता है। याची की ओर से दलील दी गई कि उसके पास तमाम दस्तावेज और ब्रिटिश सरकार के कुछ ई-मेल हैं, जिनसे यह सिद्ध होता है कि राहुल गांधी एक ब्रिटिश नागरिक हैं और इस कारण से वह चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य हैं। वह लोकसभा सदस्य का पद नहीं धारण कर सकते।

इसी आधार पर याची ने राहुल गांधी की सांसद पद पर बने रहने के खिलाफ अधिकार पृच्छा रिट जारी करने का आदेश देने की भी मांग की है। याचिका में राहुल गांधी के दोहरी नागरिकता धारण करने को अपराध बताते हुए सीबीआई को केस दर्ज कर जांच करने का आदेश देने की भी मांग की गई है। न्यायालय ने कहा कि केंद्र सरकार के अधिवक्ता निर्देश प्राप्त कर कोर्ट को बताएं कि क्या याची की शिकायतें सक्षम प्राधिकारी को प्राप्त हो गई हैं यदि हां, तो शिकायतों पर क्या कार्रवाई की जा रही है। मामले की अगली सुनवाई 30 सितंबर को होगी।

टीएमसी सांसद नुरुल इस्लाम का निधन

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की बशीरहाट लोकसभा सीट से तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के सांसद हाजी एसके नुरुल इस्लाम का बुधवार को निधन हो गया। वह 61 वर्ष के थे और कैंसर से पीड़ित थे। टीएमसी सूत्रों के मुताबिक नुरुल इस्लाम ने राज्य के उत्तर 24 परगना जिले में स्थित अपने आवास पर अंतिम सांस ली। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि नुरुल इस्लाम को सुदूर सुंदरबन क्षेत्र में गरीबों के उत्थान के लिए उनके कार्यों के लिए याद किया जाएगा।

सीमा शुल्क अधिकारी की बर्खास्तगी बरकरार

कोच्चि। केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण (कैट) की एर्णाकुलम पीठ ने 2018-19 के बीच तिरुवनंतपुरम अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के माध्यम से 705 किग्रा से अधिक सोना लाने वाले तस्करी गिरोह का हिस्सा होने के आरोपी एक सीमा शुल्क अधिकारी की सेवा से बर्खास्तगी को बरकरार रखा है।

बदलापुर कांड : किसी को गोली मारने को मुठभेड़ नहीं कह सकते : हाईकोर्ट

मुंबई, एजेंसी

- बंबई हाईकोर्ट ने कहा-आरोपी की मौत की निष्पक्ष जांच करे पुलिस

बंबई हाईकोर्ट ने बुधवार को कहा कि बदलापुर यौन उत्पीड़न मामले के आरोपी अक्षय शिंदे को गोली मारने से बचा जा सकता था और उसकी मौत की जांच निष्पक्ष तरीके से होनी चाहिए।

न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे और न्यायमूर्ति पृथ्वीराज चव्हाण की खंडपीठ ने कहा कि अगर उसे पता चला कि जांच ठीक से नहीं हो रही है, तो वह उचित आदेश पारित करने के लिए बाध्य होगी। अदालत ने कहा कि हम पुलिस की गतिविधियों पर संदेह नहीं कर रहे हैं, लेकिन सभी पहलुओं पर स्पष्टता चाहते हैं। खंडपीठ ने कहा कि इस गोलीबारी को मुठभेड़ नहीं कहा जा सकता क्योंकि उसकी परिभाषा अलग है। खंडपीठ ने सोमवार शाम महाराष्ट्र के ठाणे जिले में मुंब्रा बाईपास पर हुई गोलीबारी पर सवाल उठाए और कहा कि अगर पुलिस ने पहले शिंदे को काबू करने की कोशिश की होती तो इसे टाला जा सकता था। पीठ ने पूछा कि आरोपी के हाथ या पैर पर गोली चलाने के बजाय पहले उसके सिर में गोली क्यों मारी गई? अदालत ने कहा कि हालांकि वह इस स्तर पर कोई संदेह नहीं जता रही है, लेकिन यह विश्वास करना बहुत मुश्किल है कि शिंदे ने एक पुलिस अधिकारी से पिस्तौल छीनकर गोलियां चलाईं।

पीठ ने कहा कि पिस्तौल को खोलना और उससे गोली चलाना बहुत आसान नहीं होता। अदालत ने कहा कि जांच निष्पक्षता से की जानी चाहिए। अगर हमने पाया कि ऐसा नहीं हुआ, तो हम उचित आदेश पारित करने के लिए बाध्य होंगे। मामले की अगली सुनवाई तीन अक्टूबर को होगी।

कई जिलों में बारिश होने की संभावना

लखनऊ। मौसम विभाग ने प्रदेश के कुछ जिलों में गुरुवार से झमाझम बारिश की संभावना जताई है। मौसम विभाग के अनुसार, बंगाल की खाड़ी में कम दबाव का क्षेत्र बनने से कई राज्यों समेत उप्र. में भारी बारिश हो सकती है। नए विकसित वेदर सिस्टम के चलते गरज चमक के साथ जोरदार बारिश लखनऊ से नोएडा तक देखने को मिलेगी। ऐसे में अलर्ट जारी करते हुए मौसम विभाग ने पूर्वी उप्र. के बस्ती, गोरखपुर, देवरिया, वाराणसी सहित अन्य जिलों में भारी बारिश का अनुमान लगाया है। अगले तीन-चार दिन यह बारिश जारी रह सकती है। शुरुआती दो दिन आंधी के साथ बारिश का अनुमान है। इतना ही नहीं, पूर्वी उप्र. में कहीं-कहीं बिजली गिरने की भी आशंका है।

तीन आईआईएम दुनिया के शीर्ष 100 संस्थानों में

एमबीए पाठ्यक्रम के लिए क्यूएस की वैश्विक रैंकिंग में मिली जगह

नई दिल्ली, एजेंसी

तीन भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) और इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस (आईएसबी), हैदराबाद को बुधवार को घोषित क्यूएस रैंकिंग में अपने एमबीए पाठ्यक्रमों के लिए दुनिया के शीर्ष 100 संस्थानों में स्थान मिला है। तीन आईआईएम हैं- आईआईएम बैंगलोर, आईआईएम अहमदाबाद और आईआईएम कलकत्ता। तीनों प्रबंधन संस्थानों को रोजगार मुहैया कराने के लिए शीर्ष 50 में स्थान मिला है। चौदह भारतीय पूर्णकालिक एमबीए कार्यक्रमों ने 2025 के लिए क्यूएस की वैश्विक सूची में स्थान हासिल किया है, जिसमें तीन नए संस्थान शामिल हैं।

अमेरिका का स्टैनफोर्ड स्कूल ऑफ बिजनेस लगातार पांचवें वर्ष भी प्रबंधन स्थानों में शीर्ष स्थान पर बना हुआ है। क्यूएस ग्लोबल एमबीए और बिजनेस मास्टर्स रैंकिंग 2025 के तहत 58 देशों और क्षेत्रों के 340 सर्वश्रेष्ठ वैश्विक एमबीए पाठ्यक्रम और मास्टर डिग्री का विश्लेषण किया गया है। इनमें प्रबंधन, वित्त, विपणन, बिजनेस एनालिटिक्स और आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन में मास्टर्स डिग्री शामिल हैं। क्यूएस की मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) जेसिका टर्नर ने कहा कि ये रैंकिंग वैश्विक व्यावसायिक शिक्षा परिदृश्य में करियर-उन्मुख छात्रों के लिए स्वतंत्र दृष्टिकोण प्रदान करती है। टर्नर ने कहा कि भारतीय संस्थान आज के जटिल और गतिशील व्यावसायिक वातावरण में काम करने के लिए तैयार प्रतिभाओं को आगे बढ़ा रहे हैं। विशेष रूप से रोजगार और पूर्व छात्रों के प्रभाव के नजरिये से आईआईएम बैंगलोर, अहमदाबाद और आईआईएम कलकत्ता का मजबूत प्रदर्शन शीर्ष-स्तरीय वैश्विक प्रतिभा को आकार देने की भारत की क्षमता को दर्शाता है।

58 देशों के इंस्टीट्यूट शामिल

क्यूएस ग्लोबल एमबीए और बिजनेस मास्टर्स रैंकिंग 2025 में 58 देशों के संस्थानों को शामिल किया गया है। क्यूएस रैंकिंग दुनिया के 340 सर्वश्रेष्ठ वैश्विक एमबीए और मैनेजमेंट, फाइनेंस, मार्केटिंग, बिजनेस एनालिटिक्स और सप्लाई चैन मैनेजमेंट में मास्टर्स सहित टॉप बिजनेस स्कूल की रैंकिंग तय करती है।

एक नजर

बाइक चोर को रंगे हाथ पकड़ कर किया पुलिस के हवाले

पाली, हरदोई, अमृत विचार। रामलीला चौराहे के पास से बाइक चोरी करते एक चोर को दुकानदारों ने रंगे हाथ पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। पाली थाना क्षेत्र के सहजनपुर गांव निवासी हर्षित कस्बे के रामलीला चौराहे के पास स्थित गुप्ता रेस्टोरेंट पर काम करता है। बुधवार को हर्षित अपनी बाइक से रेस्टोरेंट पहुंचकर वहीं सड़क किनारे खड़ी कर दी। दोपहर में अचानक हर्षित ने देखा कि एक चोर बाइक का लाक तोड़ने की कोशिश कर रहा है।

चोरी के स्टॉटर के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

मल्लावां, हरदोई। मल्लावां पुलिस ने चोरी के बिजली के स्टॉटर के साथ दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा। मल्लावां कोतवाली क्षेत्र के बीकापुर गांव निवासी बलवंत सिंह ने तहरीर देकर बताया था कि अज्ञात चोर उसके खेतों से सिंचाई के लिए लगा स्टॉटर खोल ले गये। पड़ोस के बच्चनलाल का भी स्टॉटर ले गए थे। बुधवार को पुलिस ने गजराज उर्फ़ गजेंद्र प्रताप निवासी बीकापुर और पंकज कुमार निवासी नयागांव को दो बिजली के स्टॉटर के साथ गिरफ्तार किया।

हैंडपंप चला रही बुजुर्ग महिला की करंट से मौत

हरदोई। पानी के लिए हैंडपंप चला रही बुजुर्ग महिला की अचानक करंट लगने से मौत हो गई। सुरसा थाने के जमुनापुर मजरा दलेलपुर में मंगलवार की देर शाम मूलकरन की पत्नी राधा (60) घर पर अकेली थी। पति और इकलौता बेटा सर्वेश घर के बाहर थे। उसी बीच राधा पानी लेने के लिए घर में लगे हैंडपंप पर पहुंची और हैंडपंप चलाने लगी। हैंडपंप में लगे टुल्लू से उसमें करंट उतर आया और राधा उसकी चपेट में आ गई।

बैठक आज

हरदोई। प्रभारी अधिकारी वीआईपी/नगर मजिस्टेट ने बताया कि विधान मण्डल की सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम संयुक्त समिति की द्वितीय उप समिति द्वारा जनपद भ्रमण के दौरान गुरुवार को विकास भवन सभागार में उप समिति कार्यशील के समस्त निगमों के अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे।

गलियों में गंदगी व जल जमाव से संक्रामक बीमारियों का बढ़ा खतरा

नगर पालिका परिषद संडीला के वार्ड में गली में भरा कीचड़युक्त पानी। अमृत विचार

संवाददाता, संडीला, हरदोई,

अमृत विचार। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर स्वच्छ भारत अभियान के तहत सफाई करने का आदेश दिया गया था, परंतु नगर पालिका ने कई वार्डों में सफाई का कार्य न कर सड़कों पर पानी जमा रहने से एवं कीचड़ से मच्छरों की उत्पत्ति होने लगी है।

नगर पालिका परिषद संडीला में वार्ड नंबर 5 एवं वार्ड नंबर 14 की सड़कों का हाल खस्ता है। राहगीर परेशान रहते है। इंटरलाकिंग पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है नालिया भी टूटी हुई है। नगर के वार्डो मे जलभराव से संक्रमक रोग फैलने का खतरा बना हुआ है। नालियां भरने से कीचड़ सड़क पर आ गया। नगर के कई मोहल्लों में जलभराव जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई है। नाले नालियां ओवरफ्लो हो गए और पानी सड़कों पर आ गया यही कारण रहा कि नालियों से कीचड़ सड़कों पर फैल गया नगर की सड़कों पर फुटपाथ पर कीचड़ लबालब हो गए। वार्ड नंबर 5 व 14 में सड़कों पर पानी भरा हुआ है। जगह-जगह बरसाती पानी जमा होने से मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ता नजर आ रहा है जिससे संचारी रोग उत्पन्न होने की आशंका बनी रहती है। मच्छरों के उत्पन्न होने से मलेरिया, टाइफाइड एवं डेंगू जैसे रोग उत्पन्न हो रहे है नगर पालिका ने फागिंग भी नहीं कराई न ही एंटी लार्वा जैसी कोई दवा का छिड़काव ही कराया है। संडीला नगर के मोहल्ला किसान टोला, इमलिया बाग, सुम्बाबाग, पश्चिम तरफ में काफी पानी भर गया था जिससे मच्छरों की उत्पत्ति हो गई नगर के कई लोग डेंगू टाइफाइड से पीड़ित भी नजर आए।

बोले सभासद

सभासद सोनू एवं शमीम आदि ने बताया कि नगर में फागिंग कराने एवं नालियों में एंटी लार्वा के छिड़काव के लिए कहा गया है एवं मुख्य मार्ग की समस्या को लेकर नगर पालिका से शिकायत की गई है, परंतु अभी तक कोई भी निस्तारण नहीं हो सका है ।

कार्यालय में शिक्षकों के सामने मेज पर पैर रखकर बैठे रहे खंड शिक्षा अधिकारी

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। ब्लाक संसाधन केंद्र पर खंड शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार झा की मेज पर पैर रखकर मोबाइल से बात करने की एक तस्वीर वायरल हो रही है। इस तस्वीर में खंड शिक्षा अधिकारी अपने कार्यालय की कुर्सी पर बैठकर सामने की मेज पर पर रखे हुए हैं और उसके ठीक सामने कुछ अध्यापक बैठे हैं। खंड शिक्षा अधिकारी की अमर्यादित तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। यह खंड शिक्षा अधिकारी की उदंडता है या फिर पद का अहम। फिलहाल बुधवार को यह तस्वीर सोशल मीडिया पर खूब दौड़ रही है। खंड शिक्षा अधिकारी अपने कार्यालय में बैठे हैं। कान में मोबाइल पर किसी से बात कर रहे हैं और सामने की मेज पर दोनों पैर इस तरह रखे हुए हैं कि उन्हें अपने सामने बैठे हुए अध्यापक इंसान नजर नहीं आ रहे हैं। इस संबंध में जब खंड शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार झा से बात करने का प्रयास किया गया तो उनके मोबाइल पर लगातार घंटी जाती रही, लेकिन उन्होंने मोबाइल ऑन करना मुनासिब नहीं समझा। बीएसए से बात करने का प्रयास किया गया तब उनका फोन रिसीव ही नहीं हुआ।

कार्यालय में मेज पर पैर रखे बैठे बीईओ व सामने बैठे शिक्षक। अमृत विचार

जयंती पर याद किए गए पं. दीनदयाल उपाध्याय

भाजपा नेताओं, कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने श्रद्धांजलि देकर व्यक्तित्व पर की चर्चा

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। जनसंघ के संस्थापक सदस्य, भारतीय जनता पार्टी के वैचारिक अधिष्ठान 'एकात्म मानववाद' के प्रणेता पं दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर जिला प्रभारी एवं प्रदेश मंत्री शंकर लाल लोधी तथा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।

शंकर लाल लोधी ने उपस्थित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी प्रखर राष्ट्रवादी संगठनकर्ता दार्शनिक एवं भारतीय राजनीति में सादगी के प्रतीक थे। उन्होंने एकात्म मानववाद दर्शन एवं अंत्योदय का प्रतिपादन किया। जिला प्रभारी शंकर लाल लोधी ने हरदोई नगर में सदस्यता अभियान को गति देते हुए चार बूथ पर लगभग 600 सदस्य बनवाए।

शाहाबाद में पं. दीनदयाल उपाध्याय को नमन करते भाजपा कार्यकर्ता।

शाहाबाद संवाददाता के अनुसार पंडित दीन दयाल उपाध्याय की जयंती को भारतीय जनता पार्टी द्वारा शक्ति केंद्र काशीराम कॉलोनी के बूथ संख्या 66 पर मनाई गई। इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष अनिल पांडे पिंटू व कार्यकर्ताओं ने पंडित जी को श्रद्धांजलि अर्पित की। पिछड़ा वर्ग मोर्चा के नगर अध्यक्ष दीपकमल राठौर के नेतृत्व में सदस्यता महाअभियान के रूप में मनाया गया। मोहल्ला वाजिदखेल बूथ संख्या 71 भाजपा ओबीसी मोर्चा के वरिष्ठ नेता रामसरन राठौर के नेतृत्व में पंडित दीन दयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पित कर विनम्र श्रद्धांजलि दी गई। पिछड़ा मोर्चा नगर अध्यक्ष दीपकमल ने कहा पंडित जी के चिंतन में गांव, गरीब, किसान और अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के उन्नयन के साथ ही महिलाओं को स्वावलंबन के पथ पर अग्रसर करने की दृष्टि भी है। इस अवसर पर ओबीसी मोर्चा के वरिष्ठ नेता रामसरन राठौर, राजीव कुमार सोनी, सतीश राठौर, सचिन राठौर, कौशल राठौर, रागी गुप्ता, सर्वेश प्रजापति, श्रीपाल, प्रेमचंद, संतोष, रामलाल, विमल कुमार, रंजीत, मेवाराम, फईम, रामकिशोर, सतीश, अमित, सुल्तान, हंसराज, राजराम, आदि लोग उपस्थित रहें।

टड़ियावां में ब्लॉक प्रमुख रवि प्रकाश ने मंडल टड़ियावां के शक्ति केंद्र रावल पहुंच कर डा. दीनदयाल के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। इस दौरान भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष कृष्ण मोहन शुक्ला, पूर्व अध्यक्ष महेश गुप्ता, प्रधान संघ अध्यक्ष अविनाश त्यागी, प्रधान सर्वेंद्र राव, संजीव मिश्रा आदि मौजूद रहे।

विधायक बोलीं- जनता सीधे आकर मुझसे मिले

अतरौली, हरदोई। विधायक अलका सिंह अर्कवंशी ने गडरियाखेड़ा में आयोजित सभा में कहा कि जनता ने उन्हें विधायक बनाया है। जनता उनसे सीधे आकर मिले। वह जनता की सेवा के लिए चौबीस घंटे तत्पर हैं। कहा कि पंवाया से गहदेव सड़क कई वर्षों से जर्जर थी। जनता की समस्या देखते हुए प्राथमिकता के आधार पर सड़क का कार्य कराया गया। इसके बाद बकवा में सोहन रावत, निखुरी में डॉ राजपाल, जमुनीपुर में रामशंकर यादव व कल्यानखेड़ा में दिनेश वर्मा के आवास पर सभा कर लोगों को भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराई।

डाक विभाग उत्कृष्ट सेवाओं के लिए प्रतिबद्ध : मनोज

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। डाक विभाग की उत्कृष्ट सेवाओं और जनहित कारी योजनाओं को मूर्त रूप देने के लिए नवागत डाक अधीक्षक मनोज कुमार ने कमर कस ली है। डाक अधीक्षक ने जिले को प्रदेश के शिखर तक ले जाने के लिए कर्मचारियों से विभाग की योजनाओं को जनता तक ले जाने की अपील की है।

नवागत डाक अधीक्षक मनोज कुमार कर्तव्य परायणता समर्पण एवं जुझारू पन के साथ-साथ जनता के साथ सौम्यता का व्यवहार रखते हैं तथा अपने अधीनस्थ अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ टीमवर्क में विश्वास करते हैं। डाक अधीक्षक का कहना है कि वह कर्मचारियों के समस्याओं का भी प्राथमिकता से निदान करेंगे, लेकिन कार्य में कोताही कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने सभी अधीनस्थ अधिकारियों और कर्मचारियों से विभाग की योजनाओं को जनता तक पहुंचाने तथा जनता की समस्याओं के तत्काल निराकरण करने की भी बात कही है। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की शिकायत आने पर कार्रवाई भी की जाएगी।

नवागत डाक अधीक्षक मनोज कुमार।

अधिवक्ताओं ने मनाया काला दिवस

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। बार काउंसिल के आह्वान पर स्थानीय बार एसोसिएशन के सदस्यों ने बुधवार को बाजू पर काला फीता बांधकर विरोध दिवस मनाया । अपनी मांगों का ज्ञापन प्रदेश के मुखिया को मजिस्ट्रेट के माध्यम से सौंपा ।

बार एसोसिएशन अध्यक्ष कृष्ण दत्त शुक्ला, महामंत्री महेंद्र प्रताप सिंह की अगुवाई में वकीलों के एक प्रतिनिधि मंडल ने बुधवार की दोपहर अपनी मांगों का एक ज्ञापन सोपा। इसमें कहा कि लगातार वकीलों की मांगों के अनदेखी की जा रही है और उनके अधिकारों पर कुठारा घाट किया जा रहा है। मांगों में प्रमुख रूप से वकीलों का 10 लाख का बीमा भी शामिल रहा। इसके अलावा हाई कोर्ट द्वारा हड़ताल न करने और वकील की मृत्यु होने पर शोक सभा 3:30 बजे करने वाले आदेश पर भी कहा कि यह बार काउंसिल जो वकीलों की मात्रा संस्था है के अधिकारों का हनन है। ऐसे में एक विशेष अधिवक्ता की नियुक्त करके इस मामले में संज्ञान लिया जाए। इसके अलावा विधान परिषद में अधिवक्ताओं की ज्यादा से ज्यादा सीटें आरक्षित की जाए। शाहाबाद में अधिवक्ताओं की समस्यायों और उनके अधिकारों को लेकर अधिवक्ता संघ अध्यक्ष के नेतृत्व में मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन एसडीएम को दिया गया।

अपर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते अधिवक्ता। अमृत विचार

नदी में डूबीं पांच युवतियां एक की मौत, चार सुरक्षित

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। सई नदी से नारगुजारी निकालने गईं पांच युवतियां नदी पार करने लगीं। तभी पांचों सहेलियां गहरे पानी में डूबने लगी। यह देख वहां मौजूद ग्रामीण दौड़ पड़े। किसी तरह से चार को तो बचा लिया गया लेकिन एक की डूबकर मौत गई।

टड़ियावां थाने के कटैय्या मजरा अटवा निवासी प्रमोद की 18 वर्षीय पुत्री प्रियंका बुधवार की दोपहर अपनी सहेलियों के साथ गांव के पास से निकली सई नदी से नारगुजारी ढूंढने पहुंची। बताते है पांचों सहेलियां नदी पार कर रहीं थी, उसी बीच डूबने लगी, वहीं कुछ दूर पर ग्रामीण खड़े थे। उन्होने लड़कियों को डूबते हुए देखा और दौड़ पड़े। चार लड़कियों को नदी से बाहर निकाल लिया गया, लेकिन प्रियंका का कोई सुराग़ नहीं लगा। ग्रामीण उसकी तलाश कर रहे थे। शाम को कई घंटे बाद नदी से उसका शव बरामद किया गया। शव बाहर आते ही गांव में कोहराम मच गया। प्रियंका अपने दो भाइयों और दो बहनों में सबसे बड़ी थी। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्ज़े में लेते हुए जांच शुरू कर दी है।

181 पुलिस कर्मियों का किया तबादला

हरदोई, अमृत विचार। जनपदीय स्थापना बोर्ड की बैठक में अरसे से एक ही ठिकाने पर जमे पुलिस कर्मियों का तबादला किए जाने पर फैसला लिया गया। जिसके तहत एसपी ने 181 पुलिस कर्मियों का तबादला करते हुए उनकी तुरंत रवानगी और आमद दर्ज कराने के आदेश जारी किया है। एसपी नीरज कुमार जादौन ने कहा है कि कानून व्यवस्था के साथ कोई खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अगर कहीं से ऐसी कोई शिकायत आती है तो सख्त कदम उठाया जाएगा। बैठक में हुए फैसले के तहत एसपी श्री जादौन ने ज़िले के थाना-कोतवाली में अरसे से टिके हुए 181 पुलिस कर्मियों का तबादला किया है। 181 पुलिस कर्मियों में 19 हेड कांस्टेबल, 38 महिला कांस्टेबल और 124 कांस्टेबल शामिल हैं। एसपी ने ऐसे पुलिस कर्मियों की जल्द रवानगी और आमद दर्ज करने का आदेश दिया है।

एसपी दफ्तर के उर्दू अनुवादक ने विवादित पोस्ट की वायरल, किया गया लाइन हाजिर

हरदोई, अमृत विचार। एसपी दफ्तर के प्रधान लिपिक शाखा में नियुक्त उर्दू अनुवादक के नाम से सोशल मीडिया के अकाउंट पर धार्मिक उन्माद भड़काने वाला आपत्तिजनक पोस्ट वायरल हुआ था। एसपी नीरज कुमार जादौन ने उर्दू अनुवादक को लाइन हाज़िर करते हुए सीओ (लाइन) को जांच सौंपते हुए 7 दिनों में रिपोर्ट तलब की है। एसपी दफ्तर की प्रधान शाखा में तैनात उर्दू अनुवादक मोहम्मद अहमद पर आरोप है कि सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर बने उनके नाम के अकाउंट से धार्मिक उन्माद भड़काने वाली आपत्तिजनक पोस्ट वायरल हुई है। एसपी ने सोशल मीडिया सेल के प्रभारी की रिपोर्ट पर उर्दू अनुवादक मोहम्मद अहमद को लाइन हाज़िर करते हुए मामले की जांच सीओ (लाइन) अंकित मिश्रा को सौंपी है।

ससुराल में दामाद ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

हरदोई, सुरसा, अमृत विचार। ससुराल पहुंचे दामाद का शव वहीं गांव के बाहर तालाब के किनारे पेड़ पर फंदे से लटका मिला। इसका पता होते ही वहां हड़कंप मच गया। घटना को लेकर फिलहाल कोई कुछ बताने को तैयार नहीं था। लोगों के बीच तरह-तरह की अटकलें लगाई जा रही हैं। बघौली थाने के मढ़िया मजरा महरी निवासी राजेश (45) की ससुराल सुरसा थाने के रामपुर मजरा अमरपुर में जगन्नाथ के घर है। बड़े भाई हिमांचल ने बताया कि मंगलवार को राजेश ससुराल गया था। वहीं देर रात में उसका शव गांव के बाहर गमछे से फांसी पर लटका हुआ देखा गया। ससुराल वालों का कहना है कि रात में खाना के बाद राजेश टहलने की बात कह कर घर से बाहर गया हुआ था, काफी देर बाद वापस नहीं लौटा तो उसे तलाशा जाने लगा, उसी बीच शव लटका होने का का पता चला। वहां पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्ज़े में लेते हुए जांच शुरु कर दी है। राजेश के परिवार में पत्नी ऊषा के अलावा दो बेटे संदीप, शोभित और दो बेटियां रामसती व पूनम है। बड़े बेटे संदीप के अलावा उसकी दोनों बेटियों की शादी हो चुकी है।

वर्ग पहेली-203

बाएं से दाएं

4.1. जन के लिए उपयोगी, लोकोपयोगी 2. जनसाधारण के लिए हितकर।

5.1. एक प्रकार का पकवान 2. एक प्रकार की मीठी मठरी।

6.1. शिष्टाचार, शिष्टाचार की मर्यादा 2. बड़ों का आदर-सम्मान, उनके प्रति विनीत व्यवहार 3. साहित्य 4. कायदा, नियम 5. प्रज्ञा, विवेक।

7.1. उड़ने की क्रिया या भाव 2. उड़ान

10.1. किसी के साथ रहना, एकत्र बसना, एक ही आवास में साथ-साथ रहना 2. काम-क्रीड़ा, रति, संभोग।

ऊपर से नीचे

1.1. अत्यंत मज़बूत 2. वज्र के समान कठोर 3. पक्का, दृढ़।

2. राजा का पुत्र, राजकुमार।

3.1. सुंदर, आकर्षक 2. प्रेमी, मौजी 3. हंसमुख

6. संख्या '38' का सूचक।

8.1. हिमालय की एक चोटी जो तीर्थस्थल के रूप में विख्यात है 2. (पुराण) शिव का वासस्थान।

9.1. ओष्ठ, होंठ 2. घड़े आदि के मुंह का किनारा, कोर।



वर्ग पहेली -202 का हल

1 डो	ड़ा	■	■	2 धे
■	■	3 कों	4 क	टे	ल
■	5 गै	■	लु	■	चा
6 म	र	णै	ष	णा	■
■	मा	■	■	■	7 त
■	मू	■	8 पि	शा	च
9 शा	ली	न	ता	■	ना

सुडोकू-116

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

	8		9			5	3	
		3		4		8		
2		6			8			4
			1		2		9	
	7	9				1	2	
	5		7		3			
9			6			3		7
		1		8		4		
	3	8			5		1	

सुडोकू - 115 का हल

4	8	3	1	6	5	7	2	9
9	6	7	2	8	4	5	1	3
1	5	2	3	9	7	8	4	6
8	9	4	5	2	3	1	6	7
5	3	1	7	4	6	2	9	8
2	7	6	9	1	8	4	3	5
7	1	5	4	3	9	6	8	2
6	2	9	8	5	1	3	7	4
3	4	8	6	7	2	9	5	1

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 26 सितंबर गुरुवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आश्विन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-नवमी 12.25 तक तत्पश्चात दशमी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-दक्षिण। ऋतु-शरद।

चन्द्रबल- मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।

ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र-पुनर्वसु 23.34 तक तत्पश्चात पुष्य।

मेष — आज घर में सुख और शांति का वातावरण रहेगा। सरकारी कर्मचारियों के लिए दिन काफी अनुकूल है। संतान के व्यवहार से आनंदित रहेंगे। व्यवसाय में अपने कौशल का परिचय देंगे। उच्च अधिकारी आपकी पदोन्नति का विचार बना सकते हैं।

वृष — आज आपकी दिनचर्या काफी व्यस्त रहेगी। भूमि-संपत्ति को लेकर कोई निर्णय न लें। मित्रों और रिश्तेदारों के साथ संबंध मधुर रखें। अपने व्यवहार को निखारने का प्रयास करें। आप कुछ विशेष कार्यों को पूरा करने के प्रयास में लगे रहेंगे।

मिथुन — आज अनुभवी व्यक्तियों की सलाह का लाभ उठाएंगे। पति-पत्नी के आपसी संबंध मधुर होंगे। विदेश में जॉब का प्रयास कर रहे हैं तो सफलता मिल सकती है। पारिवारिक रिश्ते और मजबूत होंगे। छात्रों को मेहनत का बेहतरीन परिणाम मिलेगा।

कर्क — आज तनावपूर्ण स्थिति से अपने आपको दूर रखें। गृह उद्योगों में कार्यरत लोगों की आय बढ़ सकती है। आयात-निर्यात के व्यवसाय में उत्तम लाभ मिलेंगे। अत्यधिक कार्यभार के कारण थोड़ी परेशानी होगी। छात्रों को पढ़ाई में अवरोध का सामना करना पड़ेगा।

सिंह — आज बड़े भाइयों के साथ आपके संबंध प्रगाढ़ होंगे। नई योजनाओं में आप धन का निवेश कर सकते हैं। आपके भीतर आत्मविश्वास और ऊर्जा का संचार होगा। परिवार में आपके विचारों के अनुसार माहौल रहेगा।

कन्या — आज वरिष्ठ सदस्यों की सलाह पर अमल अवश्य करें। अपने व्यवहार में संयम अवश्य रखें। शेयर मार्केट में किया गया निवेश लाभकारी सिद्ध हो सकता है। अपने मन की आवाज सुनें और वैसा ही करें। युवाओं के मन में नए व्यवसाय को लेकर उत्साह रहेगा।

तुला — आज मेहनत के बल पर काम में सफलता मिलेगी। बच्चों की सफलता से गर्व की अनुभूति होगी। आपके सिद्धांतों की प्रशंसा होगी। विवादित मुद्दों को हल करने के लिए उत्तम समय है। माता-पिता आपका उत्साहवर्धन करेंगे।

वृश्चिक — आज ऐसे लोगों से सावधान रहें, जो आपको गलत सलाह देते हैं। राजनीति वाले मुद्दों से दूरी बनाकर रखें। आहार में शुद्धता का ध्यान रखें। जोड़ों में दर्द की शिकायत हो सकती है। आपको अनुमान से अधिक काम करना पड़ सकता है।

धनु — आज शुभ कार्यों में आपको धन खर्च करना चाहिए। समाज में आपकी प्रसिद्धि बढ़ेगी। नई तकनीक का प्रयोग सीख सकते हैं। पैतृक व्यवसाय में विस्तार करने के योग बन रहे हैं। विद्यार्थियों के दिन बहुत ही अच्छा रहने वाला है।

मकर — आज भाग्य का भरपूर साथ मिलेगा। जीवनसाथी और परिजनों की सलाह आपके लिए काफी अनुकूल रहने वाली है। किसी रिश्तेदार के साथ आप गंभीर विषयों पर चर्चा करेंगे। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र अध्ययन में अच्छी सफलता प्राप्त कर सकते हैं।

कुंभ — आज यात्राओं का भरपूर आनंद लेंगे। कार्यक्षेत्र के सहकर्मी आपकी प्रशंसा करेंगे। धार्मिक क्रियाकलापों में आपका मन लगेगा। वैवाहिक जीवन काफी सुखद रहेगा। दोस्तों के साथ प्रसन्नता के पलों का आनंद उठाएंगे।

मीन — आज अनुभवी व्यक्तियों से सलाह लेकर काम करना उचित होगा। परिजनों के साथ अपने संबंध अच्छे रखें। पुरानी बातों के कारण तनाव उत्पन्न हो सकता है। आपको कड़ी मेहनत करनी पड़ेगी। घर में अशांति का माहौल रहेगा।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- जॉनी आई लव यू — सुबह : 08.56
- कोहराम — रात : 08.49

&pictures
- टॉइलेट - एक प्रेम कथा — सुबह : 10.45
- रनवे 34 — रात : 08.00

SONY PIX
- द लीजेंड ऑफ टार्जन — सुबह : 10.02
- वेनम — रात : 09.00

ZEE CINEMA
- बजरंगी 2 — सुबह : 10.46
- धमाल — रात : 08.00

ZEE ACTION
- वेधा — सुबह : 10.40
- मक्खी — रात : 07.30

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात : 08.00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

अध्यापक ने कक्षा में पूछा-सीनियर और जूनियर में क्या अंतर है?
पप्पू ने हाथ खड़ा किया
शिक्षक ने कहा-शाबाश बेटा, बताओ?
पप्पू- सर, जो समुद्र के पास रहता हो वो सीनियर (सी-नियर) और जो चिड़ियाघर के पास रहता हो वो जूनियर (जू-नियर)।

पति - सुनो, तुमने मुझमें ऐसा क्या देखा था जो मुझसे शादी के लिए हां कर दी।
पत्नी - मैंने बालकनी से आपको एक-दो बार बर्तन साफ करते हुए देखा था।

एक नजर

कन्हैया लाल संरक्षक और संजीव बने नगर अध्यक्ष

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। राष्ट्रीय सफाई मजदूर संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र बाल्मिकी के निर्देश पर संघ के जिला अध्यक्ष संतोष कुमार ने कन्हैया लाल बाल्मिकि को शाहाबाद नगर कार्यकारिणी का संरक्षक बनाया है। संजीव कुमार को नगर अध्यक्ष, गौरव कुमार और अशोक कुमार को उपाध्यक्ष, सोनू कुमार महामंत्री, सुनील कुमार मंत्री, रवि कुमार और राधेश्याम को सहायक सचिव, रवि कुमार को कोषाध्यक्ष, रवि और पवन कुमार को संघठन के विस्तार की जिम्मेदारी दी गई है। जिलाध्यक्ष ने नगर पालिका को दिए पत्र में कार्यकारिणी द्वारा सफाई कर्मचारियों और स्वच्छकार समाज के लोगों के हितार्थ कार्य करने की मान्यता दिए जाने की मांग की है।

सड़क पर वृद्ध को पीटने वाला कांस्टेबल निलंबित

हरदोई। रंजिश के चलते हुए झगड़े के दौरान बीच सड़क पर गुंडई दिखाते हुए लाठी मार कर बुजुर्ग का सिर फोड़ने वाले कांस्टेबल राजेश को निलंबित कर दिया गया है। बताते चलें कि बघौली थाने के खजुरमई में काफी बवाल हुआ था। बुजुर्ग के सिर पर लाठी मार रहे कांस्टेबल का वीडियो वायरल हुआ था। बघौली थाने के खजुरमई निवासी राजेश अमेठी जिले के कमरौली थाने में तैनात है। उसके खिलाफ बघौली थाने में केस दर्ज है। एसपी अमेठी अनूप कुमार सिंह ने एसपी हरदोई नीरज कुमार जादौन की चिट्ठी पर कांस्टेबल राजेश को निलंबित कर दिया है।

ईंट-पत्थर चलने से आधा दर्जन लोग घायल

सांडी, हरदोई। थाना क्षेत्र के ग्राम परसपुर में ललित कांत एवं साधु के परिवार के बीच बुधवार को विवाद हो गया। दोनों पक्षों में जमकर ईंट-पत्थर चले। पुलिस ने विवाद को शांत कराते हुए चार लोगों को शांति भंग में जेल भेज दिया। आधा दर्जन लोग घायल हैं।

भुगतान कराने को सास का शव लेकर बैंक पहुंच गया दामाद

संवाददाता, हरदोई

बुलानी पड़ी पुलिस

- बैंक मैनेजर ने वृद्ध महिला को मृत देख रोका भुगतान, हंगामा
- महिला का अस्पताल में चल रहा था इलाज, वहीं हो गई थी मौत

अमृत विचार। पीएनबी शाखा भड़ायल में एक बड़ा ही अजीब-ओ-गरीब मामला सामने आया। एक निजी हास्पिटल में भर्ती बुजुर्ग की वहीं मौत हो गई, उसके बाद बुजुर्ग का दामाद उसे गाड़ी से लेकर भुगतान निकलवाने बैंक पहुंच गया, लेकिन जब तस्दीक करने के लिए मैनेजर बैंक से निकल कर गाड़ी के पास पहुंचे और बुजुर्ग से भुगतान के बारे में सवाल किया। लेकिन उधर से कोई जवाब न आने पर मैनेजर ने हाथ पकड़ कर देखा थो वृद्ध महिला के हाथ-पैर बिल्कुल ढीले पड़ चुके थे। इसका पता होते ही भुगतान रोक दिया गया। उधर भुगतान न होने से बुजुर्ग महिला के तिलमिलाए दामाद ने मैनेजर पर आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। मामले की सूचना पर पहुंची पुलिस का कहना है कि जांच की जा रही है। रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ बताया जा सकता है।

पीएनबी शाखा के बाहर हंगामा करते लोग व रामश्री की फाइल फोटो (इनसेट में)।

टड़ियावां थाने के रमुआपुर साखिन निवासी भइया लाल की 59 वर्षीया पत्नी रामश्री काफी दिनों से बीमार चल रही थी। उसे नीर के एक निजी हास्पिटल में भर्ती कराया गया था, वहां हालत और बिगड़ गई तो डाक्टरो ने जवाब दे दिया। रामश्री के सिर्फ तीन बेटियां हैं, जिनकी शादी हो चुकी है। रामश्री का पीएनबी शाखा भड़ायल में खाता था, उसके खाते में 49 हज़ार रुपये जमा थे। जैसा कि बताते हैं कि रामश्री की मौत होने के बाद उसके दामाद गाड़ी से उसका शव लेकर बैंक पहुंचे। वहां विड्राल भरने के बाद मैनेजर को बताया गया कि रामश्री बीमार हैं और गाड़ी में बैठी हैं। उसकी तस्दीक करने लिए मैनेजर गाड़ी के पास पहुंचे और रामश्री से भुगतान के बारे में पूछा, लेकिन उसका कोई जवाब न सुनकर मैनेजर ने हाथ पकड़ा तो महिला के हाथ-पैर पूरी तरह से ढीले पड़ चुके थे, पल्स भी नहीं चल रही थी। इतना देख कर मैनेजर सब कुछ समझ गए भुगतान रोक दिया। भुगतान रुकने पर रामश्री के दामाद ने वहां हंगामा शुरू कर दिया। बैंक मैनेजर का कहना है कि भुगतान निकलवाने की साजिश के तहत ऐसा किया गया, वहीं पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और बैंक मैनेजर की तहरीर आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

गौशाला के निरीक्षण में सब कुछ मिला ओके

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। ब्लॉक की धियरई गौशाला का एसडीम दीक्षा जोशी ने निरीक्षण किया। इस दौरान वहां सब ठीक मिला। गोवंशों की टैगिंग न होने पर उन्होंने टैगिंग कराने के निर्देश दिए। एसडीएम ने परिसर में टहलकर पूरी गौशाला का निरीक्षण किया। गोवंशों के लिए पानी, भूसा और हरा चारा की हकीकत देखी। गोवंशों के लिए पीने के पानी की व्यवस्था तालाब में बोरिंग के माध्यम से की जा रही थी। तालाब में साफ सुथरा पानी भरा मिला। पर्याप्त भूसा खाने के लिए दिया जा रहा था। गौशाला परिसर में साफ सफाई भी ठीक-ठाक दिखी।

संचारी रोग को लेकर सजग रहें लोग

नगर पालिका अध्यक्ष ने बैठक कर अधिकारियों व कर्मियों को दिए निर्देश

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। 1 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान को सफल बनाने के लिए बुधवार को पालिका सभागार में अध्यक्ष सुखसागर मिश्र की अध्यक्षता में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी विनोद कुमार सोलंकी, सभासदगण अमित त्रिवेदी, राजीव सिंह, धरमरुचि सिंह, जमील अहमद, पूर्व सभासद आदेश सिंह, स्वास्थ्य विभाग, अधिकारियों/कर्मचारियों व सफाई नायकों ने प्रतिभाग किया। अधिशासी अधिकारी ने सभी सफाई नायकों को अपने-अपने वार्डों में विशेष अभियान चलाते हुए सफाई कराने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी सफाई नायकों को निर्देश दिए कि वह अपने-अपने वार्डों में खाली प्लाटों, नालियों, गलियों की समुचित सफाई कराना सुनिश्चित करें और साथ ही एंटी लारवा दवाओं का छिड़काव कराना सुनिश्चित करें। अध्यक्ष ने नगर वासियों से अपील की है कि सभी अपने घरों के आस-पास पानी न इकट्ठा होने दें और सफाई बनाए रखें जिससे मच्छर न उत्पन्न हो सके।

बैठक में निर्देश देते नगर पालिका अध्यक्ष सुखसागर मिश्र।

शाहाबाद नगर पालिका परिषद के बोर्ड हाल में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत बैठक कर सभसदों सहित पालिका कर्मियों को जागरूक किया गया। सीएचसी से आए डा. अभय सिंह ब्लॉक कोऑर्डिनेटर ने सभी सभासदों व सुपरवइजरो को दिमागी बुखार पर सरकार का सीधा वार, सुरक्षित होगा हर परिवार, के बारे में बताया। डा. अभय सिंह ने कहा कि जेई के टीके दो साल तक के बच्चों को नियमित टीकाकरण सत्र में लगवाए जाएं। घरों के आसपास साफ सफाई रखें। बैठक में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के बारे में बताया और साथ में सभी सभासदों, सुपरवाइजरों को साथ में स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर आदित्य गौतम सभासद, जुनैद खां सभासद प्रतिनिधि, अजीत शर्मा, रचित गुप्ता, प्रदीप कुमार, मुईद खां उर्फ फूल्लू, सफाई निरीक्षक दीपक कुमार, सफाई लिपिक इकबाल हुसैन, फाजिल, सुपरवाइजर, सौरभ कनौजिया सुपरवाइजर, अनिल राठौर उर्फ़ लल्लू, जमीलुल्दीन व नगर पालिका कर्मचारी मौजूद रहे।

गर्मी फुल, इमरजेंसी की बत्ती गुल

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। फाल्ट के बाद मेडिकल कालेज की घंटों बत्ती गुल रही। इस दौरान न सिर्फ मरीज़ और उनके तीमारदार बल्कि डाक्टर व स्टाफ भी गर्मी से परेशान दिखे। लेकिन अस्पताल में लगा जनरेटर नहीं चालू हो सका। दलील दी गई कि जिस लाइन में फाल्ट है, उसी से जनरेटर का कनेक्शन है, ऐसे में जनरेटर चलाने से कोई अनहोनी हो सकती थी।

बुधवार की सुबह फाल्ट होने से मेडिकल कालेज की इमरजेंसी की बिजली गुल हो गई। कुछ देर तक तो इंतजार किया गया लेकिन जब एक घंटे बाद भी बिजली नहीं आई तो वहां भर्ती मरीज व उनके तीमारदार गर्मी से परेशान होने लगे। तीमारदार मरीजों को हाथ पंखे से हवा देकर राहत पहुंचाने का प्रयास करते रहे। डाक्टर व कर्मचारी भी गर्मी से परेशान दिखे। इतनी सारी दुश्वारी के बाद भी वहां रखा जनरेटर नहीं चालू किया जा सका। तीमारदारों ने जिम्मेदारों से पूछा तो बताया गया कि जिस लाइन में फाल्ट है, जनरेटर का कनेक्शन भी उसी लाइन से है, इसलिए जनरेटर चलाना खतरे से खाली नहीं है।

मेडिकल कालेज में बिजली न होने से मरीज को हाथ पंखे से हवा देता तीमारदार।

बिजली विवाद को लेकर हुई मारपीट, तीन घायल

शाहाबाद हरदोई, अमृत विचार। ग्राम हुसेपुर में बिजली को लेकर हुए विवाद में दो परिजन आपस में भिड़ गए जिसमें एक युवती सहित तीन लोग घायल हुए हैं। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम हूसेपुर निवासी राम लड़ैते का उनके पारिवारीजन रामप्रकाश से बिजली को लेकर विवाद हो गया। मारपीट में दोनों घायल हो गये। बीच बचाव में राम प्रकाश की पुत्री सुरभि भी घायल हो गई। दोनों पक्षों से रिपोर्ट दिखाई गई।

फार्मासिस्ट को केक खिलाते डायरेक्टर अर्जित अग्रवाल। अमृत विचार

फार्मासिस्ट दिवस पर फार्मासिस्टों का हुआ सम्मान

हरदोई, अमृत विचार। फार्मासिस्ट दिवस पर शुक्रवार को मीनू कॉलेज आफ फार्मेसी महुईपुरी में नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लगभग 50 लोगों का परीक्षण कर उन्हें दवाइयां उपलब्ध कराई गई। नागरिकों के स्वास्थ्य का विधिवत परीक्षण कर आवश्यक दवाइयों का भी वितरण किया गया। विद्यालय के प्रबंधक अर्जित अग्रवाल ने कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विविध कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विद्यालय के प्रधानाचार्य आलोक गुप्ता ने ट्रेनी फार्मासिस्ट को उनके भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए फॉर्मेसी क्षेत्र में रोजगार के अवसरों से अवगत कराया। प्रधानाचार्य आलोक गुप्ता व यूनाइटेड वेलफेयर फार्मासिस्ट एसोसिएशन के पदाधिकारी जिला अध्यक्ष संजीव कुमार, जिला उपाध्यक्ष दीपक अग्निहोत्री, जिला महासचिव बृजकिशोर, जिला प्रभारी जितेंद्र सिंह, शिवेंद्र सिंह, फैकल्टी के सदस्य अमित द्विवेदी, शिव सत्य शुक्ला, बृज किशोर, अमित बाजपेई, उत्कर्ष त्रिपाठी, जिन कुमार, नितिन कुमार सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

हफ्ते में एक रात सिपाही को बीट में गुजारनी होगी

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। अब पुलिसकर्मियों को अपनी बीट में ही रात गुजारनी पड़ेगी। रात्रिकालीन गश्त पर ड्यूटी करते समय ढिलाई नहीं चल पाएगी। अगर गश्त के नाम पर खानापूर्ति या सोते हुए पाये गए तो सख्त कार्रवाई होगी। इसके अलावा अब हफ्ते में एक रात अपनी बीट में गुजारनी पड़ेगी। बीट बुक में पूरी जानकारी लिखनी पड़ेगी। यह बीट बुक समय-समय पर अधिकारी चेक करेंगे।

पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन ने रात्रि गश्त की नई योजना तैयार की है। जो इसी हफ्ते से लागू हो गई है। नई गश्त व्यवस्था के तहत अब पुलिसकर्मियों की हाजिरी का अंकन चैकिंग बुक के दौरान किया जाएगा। साथ ही अब बीट वाइज गश्त की जाएगी। गर्मी के साथ आपराधिक घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए एसपी ने रात्रिगश्त को और मजबूत बनाने के निर्देश दिए हैं। बीट बुक को अपडेट करने को भी कहा गया है। सभी थानों में नई व्यवस्था शुरू हो गई है।

पुलिस के प्वाइंट्स के आधार पर जिला मुख्यालय, नगरों, बड़े कस्बों में गश्त करनी होगी। उन्होंने रात्रि गश्त व्यवस्था के लिए सभी तैयारियां पूरी करने के बाद इसे लागू भी कर दिया है। योजना की सबसे बड़ी खासियत यह है कि प्रत्येक थाना क्षेत्र को आवश्यकतानुसार विभिन्न रात्रि गश्त बीट में विभाजित किया गया है।

पुलिसिंग

- एसपी की तैयार की हुई नई योजना लागू
- रात्रिकालीन गश्त में लापरवाही बरतने पर होगी कार्रवाई

आदेश : एसपी करेंगे मॉनिटरिंग

आदेश में साफ है कि रात्रि गश्त करने वालों को रास्ते बदल-बदल कर निर्धारित बीट में गश्त करनी होगी। संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ, धार्मिक स्थलों की चैकिंग करने के साथ इसका उल्लेख बीट पुस्तिका में लिखना होगा। गश्त की समाप्ति पर सभी चेक पुस्तिकाएं ड्यूटी अधिकारी की ओर से थाने में एकत्रित की जाएगी। गश्त के दौरान पाई गई विशेष परिस्थितियों के उल्लेख सहित एक रिपोर्ट हफ्ते में पुलिस अधीक्षक को भेजी जाएगी। पुलिस अधीक्षक इसकी मॉनिटरिंग करेंगे तथा व्यवस्था को मुस्तैद रखेंगे। रात्रि में नई गश्त व्यवस्था के आदेश मिले हैं। एसपी ने बताया कि नियम लागू किए हैं। इससे व्यवस्था में सुधार होगा, इसके साथ ही बदमाशों में भी भय रहेगा। अपनी बीट में इसी प्रक्रिया के तहत गश्त की जाए।

नया : बीट पुस्तिका में अपराधियों की जानकारी

एसपी नीरज कुमार जादौन के अनुसार अब प्रत्येक रात्रि गश्त बीट के लिए पुस्तिका रखी जाएगी। इसमें क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटर, समाजकंटक, सक्रिय वांछित अपराधियों, धार्मिक स्थलों की आदि की जानकारी होगी। गश्त व्यवस्था में स्थानीय नागरिकों, सिक्योरिटी का भी सहयोग लिया जाएगा। चार या अधिक चिन्हित स्थानों पर चैकिंग पुस्तिका रखी जाएगी। गश्ती दल को चैक करने वाला अधिकारी भी पुस्तिका पर हस्ताक्षर करेगा।

तबादले के बाद भी जमी है एएनएम

संवाददाता, कोथावां, हरदोई

मनमानी

- एक महीने बाद भी नए तैनाती स्थल पर नहीं ली ज्वाइनिंग
- मरीजों का प्राइवेट इलाज करते हुए ऐनम का वीडियो वायरल

अमृत विचार। विकास क्षेत्र कोथावां में एक एएनएम का आन ड्यूटी निजी क्लीनिक में प्राइवेट इलाज करते हुए विडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें एएनएम महिलाओं का इलाज करते हुए दिख रही है, जबकि एएनएम टीकाकरण के अलावा निजी प्रैक्टिस या इलाज नहीं कर सकती हैं। जिम्मेदार अधिकारियों ने मामला संज्ञान में लेकर कारवाई की बात कही है। अमृत विचार वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है।

कोथावां क्षेत्र के ग्राम भुसौरीपुरवा में एक एएनएम अपना निजी अस्पताल खोलकर आन ड्यूटी महिलाओं का इलाज कर रही है। किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा एएनएम के द्वारा इलाज करने का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया गया। जिसमें एएनएम रेखा मिश्रा इलाज करते दिखाई दे रही हैं। सीएचसी अधीक्षक डॉ. विपुल वर्मा ने बताया कि ग्रामीणों की शिकायत मिलने पर सीएमओ ने यहां से ट्रांसफर कर दिया था। एएनएम किसी प्रकार का इलाज नहीं कर सकती हैं। मेरे कार्य क्षेत्र में निजी क्लीनिक खोलने की जानकारी नहीं है, फिर भी जानकारी कराकर उच्च अधिकारियों को आख्या भेजेंगे। बताया कि एएनएम रेखा मिश्रा अहिरोरी सीएचसी पर तैनात हैं निजी क्लीनिक खोलने की जानकारी नहीं है। शिकायत मिलने पर विभागीय कार्रवाई की जायेगी।

खानापूर्ति कर चले गए परियोजना निदेशक

अतरौली, अमृत विचार। विकास खंड भरावन की ग्राम पंचायत कुकुरा में बुधवार को डीएम के आदेश पर जांच करने देर से पहुंचे परियोजना निदेशक जल्दबाजी में काम निपटाकर अगली बार आने की बात कहकर चले गए। शिकायतकर्ता मोनू गुप्ता ने बताया कि परियोजना निदेशक 2 बजे पंचायत भवन पहुंचे। इसके बाद एक घंटे तक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से बैठक करते रहे। स्कूल में मरम्मत की जांच करनी थी, लेकिन तब तक स्कूल बंद हो चुका था। गणेशखेड़ा व कुकुरा गांव में हैण्डपम्प कार्य की जांच की गई।

खबर का असर

शौचालय की छत पर रखवाई गईं पानी की दो टंकी। अमृत विचार

शौचालय हुआ दुरुस्त, ग्रामीण बोले- थैंक्यू अमृत विचार

अतरौली, हरदोई, अमृत विचार। विकास खंड भरावन की ग्राम पंचायत रुदौली नेवादा में स्थित सामुदायिक शौचालय की बदहाली की खबर अमृत विचार में प्रमुखता से प्रकाशित होने के बाद विभाग तत्काल सक्रिय हो गया। बुधवार को शौचालय के अंदर रखी पानी की टंकी छत पर फिट कर दी गईं। टोटी व सबमर्सिबल का स्टार्टर नया लगवा कर पानी की व्यवस्था दुरुस्त कर दी गई है। शौचालय शुरू होने के बाद ग्रामीणों ने अमृत विचार को धन्यवाद कहा।

सार-संक्षेप

1195 छात्र-छात्राओं का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

हरदोई, अमृत विचार। शहर के आरआर इंटर कॉलेज में बुधवार से स्वास्थ्य शिविर के अंतिम दिन टड़ियावां सीएचसी के राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीम ने 1195 छात्र छात्राओं के स्वास्थ्य की जांच की। सीएचसी के आयुष चिकित्साधिकारी डॉ राम लखन गुप्ता ने बताया कि शिविर में कक्षा नौ के छात्र सुमित गुप्ता के बचपन से दिल में छेद होने की पुष्टि हुई है। उन्होंने कहा कि उसे चिन्हित कर लिया गया है। जिसे आरबीएसके की ओर से नि: शुल्क इलाज के लिए अलीगढ़ यूनिवर्सिटी हॉस्पिटल भेजा जायेगा। चिकित्साधिकारी डॉ गुप्ता ने कहा कि शिविर में संक्रामक बीमारियों से बचाव के लिए बच्चों को टिप्स दिए गए हैं। टीम में उनके डॉ. सुरुचि गुप्ता, एएनएम मनोज कुमारी, बलराम गुप्ता और कॉलेज प्रिंसिपल कौशलेंद्र प्रताप सिंह मौजूद रहे।

परीक्षण के दौरान छात्र के दिल में निकला छेद

29 को विश्व हृदय दिवस का होगा आयोजन : आईएमए

हरदोई, अमृत विचार। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन आईएमए की पत्रकार वार्ता में चिकित्सक डॉ. जयप्रकाश ने बताया कि हमारा देश हृदय संबंधी रोगों से ग्रस्त होता जा रहा है यह रोग न सिर्फ अधिक उम्र के लोगों में हो रहे हैं बल्कि कम उम्र में भी इन लोगों की तीव्रता बढ़ती जा रही है जिसका मुख्य कारण असंतुलित भोजन नियमित व्यायाम न करना बदलती जीवन शैली एवं अनावश्यक मानसिक तनाव है। 29 सितंबर को मनोहर मेडिकल सेंटर पर हृदय रोगियों को नि :शुल्क परामर्श देने के साथ ईसीजी किया जाएगा। पोस्टर प्रदर्शनी के माध्यम से हृदय रोगों के प्रति जागरूक किया जाएगा। डॉ. सीके गुप्ता ने बताया जिन लोगों को यदि पहले से उक्त रक्तचाप मधुमेह अधिक वजन हाई कोलेस्ट्रॉल तथा आलस जैसी बीमारियां हैं उन्हें हृदय संबंधी रोगों के बढ़ाने की अधिक संभावना रहती है। इस दौरान डॉ. तिरुपति आनंद, डॉ. अखिलेश पटेल, डॉ. संदीप कटियार समेत अन्य चिकित्सक भी मौजूद रहे।

संडीला के अर्सलान को मिला राष्ट्रीय सेवा रत्न सम्मान

संडीला, हरदोई, अमृत विचार। अयोध्या धाम में रामकृष्ण सेवा फाउंडेशन व मेजर ध्यानचंद खेल उत्थान समिति के द्वारा आयोजित महोत्सव में देश, विदेश और उत्तर प्रदेश से कुल 201 संस्थाओं, रक्तवीरों व समाज सेवियों को सम्मानित किया गया। संस्था के संस्थापक अध्यक्ष आकाश गुप्ता व चयन समिति द्वारा चयनित किया गया था। जिसमें हरदोई जनपद की तहसील सण्डीला के मोहल्ला मूसापुर निवासी सैय्यद अर्सलान हैदर को हरदोई व लखनऊ जनपद में लगने वाले रक्तदान शिविर में अपनी सामाजिक संस्था एम्पोरियल यूथ सोसाइटी के माध्यम से समाज सेवा व रक्तदान में सक्रिय भूमिका निभाये जाने के लिए राष्ट्रीय हॉकी टीम के पूर्व कप्तान व हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद के पुत्र अशोक ध्यानचंद द्वरा राष्ट्रीय सेवा रत्न सम्मान 2024 से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अयोध्या के महापौर गिरीशपति त्रिपाठी व प्रदेश के पूर्व राज्य मंत्री तेज नारायण पाण्डे उपस्थित रहे।

4393.40 लाख से बनेगा पलिया बेड़ीजोर कड़हर मार्ग

भरखनी, हरदोई, अमृत विचार। पांच नदियों से घिरे सवायजपुर विधानसभा के पलिया से लेकर कड़हर तक के मार्ग की दुर्दशा से अब जल्द ही नागरिकों को निजात मिल जाएगी। विधायक माधवेंद्र प्रताप सिंह रानू के प्रस्ताव पर शासन ने बिलग्राम सांडी अल्हागंज स्टेट हाइवे के किमी 26 से पलिया बेड़ीजोर होते हुए कड़हर तक 2 लेन सड़क बनाने की वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी है। 12.56 किमी लंबे इस मार्ग का निर्माण 4393.40 लाख से होगा। विधायक प्रतिनिधि रजनीश त्रिपाठी ने बताया कि इस मार्ग से फर्रुखाबाद जाने वालों की बढ़ती संख्या और बाढ़ की वजह से यह मार्ग पूर्णत: ध्वस्त हो गया था। विधायक ने स्थानीय नागरिकों की समस्या को ध्यान में रखते हुए शासन में इस मार्ग को टू लेन बनाने का प्रस्ताव दिया था।

समाज कल्याण अधिकारी को आशीर्वाद देते कथा वाचक कृष्ण मुरारी।

वृद्धाश्रम में बही भागवत कथा की रसधार

हरदोई, अमृत विचार। सार्वजनिक शिक्षोन्नयन संस्थान अलीपुर स्थित वृद्धाश्रम में सात दिवसीय भागवत कथा का आयोजन किया गया। आश्रम में रह रहे बुजुर्गों ने पूरे मनोयोग से कथा का रसपान किया। कथा वाचक पंडित कृष्ण मुरारी ने कहा कि भागवत कथा कलयुग का अमृत है जिसे पान करने से व्यक्ति परम भागवत धाम को प्राप्त करता है तथा समस्त पापों से छुटकारा पा जाता है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति जब भागवत कथा सुनता है तब वह भागवत ध्यान में लीन हो जाता है। परीक्षित जी का उदाहरण देते हुए कहा कि मृत्यु के केवल 8 दिन शेष रहने पर उन्होंने भागवत कथा सुनकर परमधाम को प्राप्त किया। कार्यक्रम में रमाकान्त पटेल जिला समाज कल्याण अधिकारी ने भावाविभोर होकर भागवत कथा का श्रवण किया। संस्थान के निदेशक डॉ.शीर्षेन्दु शील विपिन ने हवन पूजन किया तथा आश्रम के समस्त कर्मचारियों ने हवन पूजन कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। जिसमें वृद्धाश्रम के समस्त संवासी उपस्थित रहे।

खेती-किसानी परंपरागत खेती से हो रहा था नुकसान, परेशान होकर बाबरपुर के शिक्षित किसान अशोक कुमार बाजपेई ने की नई पहल

आंध्र प्रदेश से पौध मंगवाकर दो एकड़ में शुरू की ड्रैगन फ्रूट की खेती

संवाददाता, पाली, हरदोई

अमृत विचार। खेती में स्थानीय किसानों को बीते वर्षों से लगातार घाटे का सामना करना पड़ा है। इस बार भी अतिवृष्टि से फसलें चौपट हो गई हैं। परंपरागत खेती को दरकिनार कर ड्रैगन फ्रूट की खेती की शुरुआत क्षेत्र के बाबरपुर गांव निवासी एक किसान ने की है। किसान का कहना है कि उन्होंने परंपरागत खेती में लगातार हो रहे घाटे के कारण ड्रैगन फ्रूट की खेती शुरू की है, जिसमें लागत और मेहनत अधिक है पर लाभ भी बहुत ज्यादा होता है। उन्होंने बताया कि आंध्र प्रदेश से ड्रैगन फ्रूट की पौध मंगवाई और दो एकड़ में ड्रैगन फ्रूट की खेती कर रहे हैं।

ड्रैगन फ्रूट के बारे में बताते किसान अशोक कुमार बाजपेई। अमृत विचार

पाली क्षेत्र के बाबरपुर गांव निवासी अशोक कुमार बाजपेई ने बताया कि वह बीए पास हैं और खेती किसानी की तरफ उनका रुझान रहता है। वह दशकों से परंपरागत खेती कर रहे थे, जिसमें गेहूं, आलू, मूंगफली, मक्का, बाजरा, धान गन्ना आदि शामिल हैं। पर सभी प्रकार की फसलें कुछ खास फायदा नहीं दे पाईं, वह लगातार कुछ अलग करने की सोच रहे थे। तभी उनके इंजीनियर भतीजे ने जो कि पूना में है, उसने ड्रैगन फ्रूट की खेती करने के लिए प्रोत्साहित किया।

पहले वह मशरूम की खेती करना चाहते थे, पर मशरूम की खेती तमाम लोग करने लगे हैं जिसके कारण उन्होंने अपना मन बदला और ड्रैगन फ्रूट की खेती की ठानी। पड़ोसी जनपद शाहजहांपुर के चिलौआ में उनके रिश्तेदार द्वारा ड्रैगन फ्रूट की खेती की जाती है। जिसको जाकर उन्होंने देखा, वह काफी प्रभावित हुए। उन्होंने बताया कि ड्रैगन फ्रूट की खेती में उन्हें काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। सबसे पहले तो स्थानीय स्तर पर ड्रैगन फ्रूट की पौध नहीं मिली, जो उन्होंने आंध्र प्रदेश से मंगवाई। पौध लगाने के बाद नियमित रखवाली भी करनी पड़ती है। कठिनाइयां तमाम आईं पर उन्होंने धैर्य और साहस बनाए रखा। अशोक कुमार बाजपेई ने बताया कि उन्होंने लगभग 2 वर्ष पूर्व पौध लगाई थी, तब से अब तक 2 एकड़ में करीब 12 लख रुपए की लागत आ चुकी है और अब भी लागत लग ही रही है। हालांकि कुछ पेड़ों में ड्रैगन फ्रूट के फल भी आना शुरू हो गए हैं पर उन्होंने अभी बिक्री नहीं की है।

मार्केट में ड्रैगन फ्रूट की काफी डिमांड

प्रगतिशील किसान अशोक कुमार बाजपेई ने उन्होंने बताया कि ड्रैगन फ्रूट की खेती में कई खादें पड़ती हैं, बायोकेमिकल, कम पोस्ट खाद पड़ती है और समय-समय पर गुड़ाई होती है एवं पानी भी लगता है। मार्केट में ड्रैगन फ्रूट की काफी डिमांड है, जिसकी प्रमुख मंडियां मोहिबुल्लापुर लखनऊ, बरेली, कानपुर, दिल्ली में हैं, जहां ड्रैगन फ्रूट की अच्छे दामों पर बिक्री हो जाती है। हालांकि अभी उन्होंने बिक्री शुरू नहीं की है। उन्होंने क्षेत्रीय किसानों को कहा है कि परंपरागत खेती की बजाय आधुनिक तकनीक का सहारा लेकर ऐसी खेती करें जिससे अधिक लाभ हो और आय बढे।

एक नजर

दुष्कर्म का फर्जी मुकदमा लिखाने वाले चार बंदी

सीतापुर : जिले में अलग-अलग स्थानों पर लोगों के विरुद्ध दुष्कर्म का फर्जी मुकदमा लिखवार धन उगाही करने वाले गिरोह का राज-फाश हो गया। सिधौली सर्किल प्रभारी कपूर कुमार ने बताया है कि थाना रामपुरकलां क्षेत्र में एक किशोरी के साथ गैंगरेप की घटना को लेकर दो लोगों पर केस दर्ज हुआ। इसी तरह से कुछ और मामले प्रकाश में आए, इसी के बाद जांच पड़ताल की गई। जांच में पता चला कि प्रमोद व राकेश दों पक्षो में मारपीट हुई थी। इसी को लेकर एक पक्ष ने दूसरे फंसाने के लिए साजिश रची।

काली पट्टी बांधकर वकीलों ने जताया विरोध

सीतापुर। बार एसोसिएशन की ओर से अधिवक्ताओं की समस्याओं का निदान न होने का विरोध दर्ज कराया। एसोसिएशन के अध्यक्ष विजय कुमार अवस्थी की अगुवाई में अधिवक्ता समुदाय की समस्याओं के निराकरण के लिए छह सूत्रीय मांग पत्र जिला प्रशासन को सौंपा गया। इस दौरान वरिष्ठ उपाध्यक्ष इशरत अली खां, राम प्रताप सिंह, कुलदीप कुमार पाण्डेय, आशुतोष बाजपेयी मौजूद रहे।

पुतला छीनने पर बिफरे सपा कार्यकर्ता

सीतापुर : समाजवादी छात्र सभा पदाधिकारियों और पुलिस के बीच नोकझोंक हुई। नाराज छात्र सभा के पदाधिकारियों ने हंगामा किया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि पुलिस से सत्ता पक्ष के इशारे पर पुतला छीन लिया है। वे लोग आगे भी प्रदर्शन करेंगे। इस मौके पर पवन सिंह, पवन यादव, रिंकल जोशी, बबलेन्द्र सिंह, शिवेन्द्र प्रताप सिंह, श्याम यादव, गुफरान आदि कार्यकर्ता मौजूद रहें।

प्रमुख मंदिरों के प्रसाद की जांच की मांग

सीतापुर : ब्राम्हण समाज व अन्य सामाजिक संगठनों ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। राष्ट्रवादी ब्राहमण समाज के जिलाध्यक्ष रत्नेश द्विवेदी व अखिल भारतीय ब्राहमण महासभा के जिलाध्यक्ष धीरज पांडेय का कहना है कि तिरुपति बालाजी जी के प्रसाद की जांच में मिलावट से हिन्दू समाज की भावनाएं आहत है। जिले के प्रमुख मंदिरों के प्रसाद की भी जांच होनी चाहिए। इस दौरान सचिव राम कुमार मिश्रा, विजय कुमार शुक्ला व अन्य मौजूद रहे।

मटमैला गैंग ने मांगी 3 लाख की फिरौती

गिरोह ने फिर खंभे पर पर्चे चस्पा कर दी चेतावनी, पुलिस ने शुरू की मामले की जांच

संवाददाता महमूदाबाद, सीतापुर

अमृत विचार: मटमैला गैंग का आतंक बढ़ता जा रहा है। इस बार फिर महमूदाबाद सर्किल क्षेत्र के एक गांव को चुना गया। विद्युत पोल पर एक धमकी भरा पत्र चस्पा मिला। जिसमें गगन चौहान के नाम से 3 लाख रुपये की रंगदारी मांगी गई। रकम देने का स्थान भी तय है। पैसे न मिलने पर दो युवकों को जान से मारने की बात भी लिखी है। पुलिस मामले में छानबीन कर रही है।

विद्युत पोल पर चस्पा पर्ची।

फिरौती न मिलने पर दो युवकों को जान से मारने की दी धमकी

महमूदाबाद सर्किल में मटमैला गैंग की चस्पा पर्चियों के मिलने का क्रम जारी है। इस बार महमूदाबाद कोतवाली क्षेत्र के रामाभारी गांव को चुना गया। गांव में लगे विद्युत पोल पर बुधवार सुबह धमकी भरा पत्र ग्रामीणों को चस्पा मिला। गांव के लोगों के मुताबिक, चस्पा पर्चे में गांव के परशुराम और सनीदेवल से 3 लाख की मांग की गई है और न देने पर इन दोनों को जान से मारने की धमकी दी गई है। चस्पा पर्चे में रकम कोतवाली क्षेत्र के कांसा गांव की मोड़ पर रखने की बात कही गई है। इसी पत्र को पढ़कर ग्रामीणों ने डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौका मुआएना करते हुए लोगों के बयान दर्ज किये। मालूम हो कि कांसा खेरिया गांव में भी माटमैला गैंग ने पर्चे चस्पा कर रकम की मांग की थी। न मिलने पर खेरिया गांव में लाखों के वारे न्यारे हो गए थे। फिलवक्त दोनों युवकों को गगन चौहान उर्फ मटमैला का डर सता रहा है। कोतवाल अनिल सिंह का कहना है कि शिकायत संज्ञान में है, जांच की जा रही है।

बिफरे किसान संगठनों ने घेरा सीएमओ दफ्तर, किया प्रदर्शन

नैमिषारण्य में निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी अभिषेक आनंद। अमृत विचार

संवाददाता खैराबाद, सीतापुर

अमृत विचार: किसान यूनियन संगठनों के बैनर तले बड़ी संख्या में किसानों ने सीएमओ दफ्तर पहुंचकर घेराव किया। बढ़ते आक्रोश और प्रदर्शन के बीच कई थानों की पुलिस बुला ली गई। किसान संगठन की मांग थी कि पिसावां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक को तत्काल हटाया जाए, क्योंकि उनके द्वारा अवैध संचालित अस्पतालों के विरुद्ध कार्रवाई नहीं की जा रही है।

भारतीय किसान यूनियन राष्ट्रीय शक्ति अराजनैतिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी उमाशंकर यादव और भारतीय किसान यूनियन श्रमिक जनशक्ति के प्रदेश अध्यक्ष मनीष त्रिपाठी की अगुवाई में बड़ी संख्या में किसान हाइवे स्थित मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरपाल सिंह के दफ्तर पहुंच गए। हाइवे पर भीड़ जमा होती देख पुलिस प्रशासन सतर्क हो गया और कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंच गई। बड़ी संख्या में मौजूद किसानों की मांग पिसावां क्षेत्र से जुड़ी हुई थी। किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी उमाशंकर यादव ने बताया कि 9 अगस्त को पिसावां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉ. अवनीश कुमार यादव को एक ज्ञापन किसान यूनियन की तरफ से दिया गया था कि पिसावा में जो अवैध अस्पताल संचालित हो रहे हैं, उनके ऊपर सख्त कार्रवाई की जाए, लेकिन अधीक्षक द्वारा सिर्फ नोटिस थमाई गई। किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष मनीष त्रिपाठी ने बताया कि किसान यूनियन के द्वारा जिन हॉस्पिटलों की सूची पिसावां अधीक्षक को दी गई थी। संगठनों द्वारा मांग की गई कि पिसावां चिकित्सा अधिकारी डॉ. अवनीश कुमार यादव और डॉ. अनिल कुमार पंकज को तत्काल हटाया जाए। यदि ये मांग नहीं मानी गई तो किसान प्रदर्शन करेंगे। वहीं सीएमओ डॉ. हरपाल सिंह ने कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

बुखार से दो की मौत, 50 से अधिक लोग बीमार

संवाददाता सीतापुर: सकरन में बुखार की चपेट में आकर दो लोगों की मौत हो गई। करीब 50 से अधिक लोग बीमार हैं। इलाके के लोगों ने स्वास्थ्य विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया है। सकरन कस्बा निवासी सुन्दर लाल कश्यप (55) को बुखार था। मंगलवार को परिजन उसे कस्बे के एक निजी चिकित्सक के पास लेकर पहुंचे। इसी के बाद उनकी मौत हो गई। कस्बा निवासी दूबरि श्रीवास्तव (50) को भी तेज बुखार आया, जिससे देर शाम उसने भी दम तोड़ दिया। ग्रामीणों का कहना है कि इलाके में 50 से अधिक लोग बीमार हैं। सभी का उपचार क्षेत्र के झोलाछाप और निजी क्लीनिक पर चल रहा है। इससे पूर्व भी बुखार से कस्बे में कई मौतें हो चुकी हैं। सीएचसी अधीक्षक डॉ.अनिल कुमार सचान का कहना है कि टीमें भेज कर इलाकों में दवाइयों का वितरण कराया जा रहा है।

लोगों के लिए सबक...

ये तस्वीर इमलिया सुल्तानपुर क्षेत्र के कस्बा काजीकमालपुर चौराहे की है, जहां एक दिव्यांग ट्राईसाइकिल पर भी हेलमेट लगाकर सड़क से गुजरते नजर आया। ये तस्वीर उन लोगों के लिए सबक है, जो अक्सर बाइक पर भी हेलमेट लगाने से कतराते हैं। ● आशुतोष अग्निहोत्री।

रेलवे क्रॉसिंग के निकट ट्रेन की चपेट में आया अधेड़, मौत

संवाददाता खैराबाद, सीतापुर

अमृत विचार: खैराबाद रेलवे क्रॉसिंग के निकट लखनऊ से काम करके घर लौट अधेड़ ट्रेने की चपेट में आकर घायल हो गया। गंभीर रूप से घायल को परिजनों द्वारा एक अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया।

कोतवाली नगर क्षेत्र वासी रामासरे (50) पुत्र बैजनाथ लखनऊ से काम कर घर लौटा था। करीब आठ बजे खैराबाद स्थित मुख्य चौराहे पर उतरकर रेलवे क्रासिंग के निकट पटरी के किनारे पेशाब कर रहा था, तभी सीतापुर वाया गोरखपुर होते हुए कलकत्ता जा ट्रेन संख्या 15010 की चपेट में आ गया। हादसे में रामासरे गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को परिजन निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों के मुताबिक, रामआसरे लखनऊ में पेन्टिग का कार्य करने गया था। से घर आ रहा था। इसी दौरान हादसा हो गया।

खैराबाद चौराहे पर लखनऊ से लौटकर उतरकर घर जाते समय हुआ हादसा

हादसे के बाद मौके पर जमा लोगों की भीड़। अमृत विचार

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY

VACANCY/REQUIREMENT

Post/Profile	Minimum Educational Qualification and Experience
Coordinator / Assistant Director-Accreditation and International Relations	i) Master Degree in any Discipline with 10 years Teaching and Research or other relevant experience.ii) Ph.D/. Doctoral degree holder will be preferred. iii) In depth hand-on Experience in related work (NAAC-Accreditation/ NIRF /12-B/IQS Ranking etc.) for any university./ HEIs / Research Establishment iv) Experience of International Relations for University/HEIs / Research Establishment (MoU/ Collaborations/Consultancy / FRRO)
Deputy Registrar (Academics & Administration)	I) Master Degree in any Discipline with min. 55 % marks or its equivalent Grade. ii) Minimum 6-7 Years Experience as Assistant Registrar or its equivalent in teaching/administrative post in University/HEIs /Research Establishment. iii) Thorough knowledge of University Establishment regulations/GovernanceSystem /Recognition and Accreditations.
Assistant Registrar (Academics)	I) Master Degree in any Discipline with min. 55 % marks or its equivalent Grade. ii) Minimum 5-7 years Teaching/administrative Secretarial work or its equivalent in University / HEIs / Research Establishment/ any other organisations.iii) Fully awareness of University Establishment / Governance System.iv) Proficient in Computer operations.
Examination Assistant	I) Minimum Graduate Degree in any Discipline. (BCA / MCA will be preferred) ii) Proficient in Computer Operation. MS Office, English and Hindi Typing. iii) Minimum Experience 2-3 year of University Examination system.
Computer Operator/ Admin. Assistant	i) Minimum Graduate Degree in any Discipline ii) Proficient in Computer operations, MS-Office, English and Hindi Typing. iii) Minimum Experience 2-3 years/Freshers may also apply.

Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly -243006 (U.P)
Resume may be sent within 15 days from the date of Advertisement at : registrar@biu.edu.in Whatsapp: 9799527611
Applicants may also submit their updated Resume online at : www.biu.edu.in/career

अंतिम संस्कार से परिजनों का इंकार, हंगामा

- पिसावां थानाक्षेत्र के सतनापुर गांव का मामला
- परिजन बोले- 6 लोगों पर हो कार्रवाई, पुलिस बल तैनात

संवाददाता कुतुबनगर, सीतापुर

अमृत विचार: कुएं में गिरकर हुई युवक की मौत के मामले ने तूल पकड़ा है। पोस्टमार्टम होने के बाद शव जब सतनापुर गांव पहुंचा, तो परिजनों ने अंतिम संस्कार करने से इंकार कर दिया। परिजनों का आरोप है कि मौत के मुंह में ढकेलने वाले 6 लोगों पर कार्रवाई की जाए। देर रात तक गांव में कई थानों की पुलिस मौजूद रही।

पिसावां थानाक्षेत्र के सतनापुर में कुएं में गिरकर दीपू की मौत हो गई थी। ऐसे में परिजनों ने पुलिसकर्मियों सहित गांव के कुछ लोगों पर गंभीर आरोप लगाए थे। हालांकि पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा ने पुलिसकर्मियों द्वारा युवक को दौड़ाए जाने से इंकार किया। इसी के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। शाम जब शव सतनापुर गांव पहुंचा। तो एक बार फिर रार बढ़ गई। परिजनों का कहना है कि 6 आरोपियों पर केस दर्ज करते हुए गिरफ्तारी की जाए। आरोपियों में दो पुलिसकर्मी भी हैं। देर रात किये गए बयानों दौड़ाने वाले में विपक्षी शामिल थे। कई थानों की पुलिस के बीच देर तक हंगामा चला। समाचार लिखे जाने तक कई थानों की पुलिस मौके पर मौजूद रही।

आक्रोशित परिजनों को समझाते पुलिसकर्मी। अमृत विचार

सपा कार्यालय के सामने भिड़े दो सांड़, अफरा-तफरी

सपा कार्यालय के सामने लड़ते सांड़। अमृत विचार

संवाददाता लहरपुर सीतापुर

- वीडियो हुआ वायरल, सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर आईं कई प्रतिक्रियाएं

अमृत विचार: तहसील मार्ग पर स्थित सपा कार्यालय के सामने 2 सांड़ों के बीच हुई जंग का वीडियो वायरल हुआ। इस दौरान आसपास देर तक अफरा-तफरी का माहौल देखने को मिला। बुधवार को तहसील मार्ग स्थित समाजवादी पार्टी के कार्यालय के ठीक सामने सड़क पर 2 सांड़ बैठे हुए थे। इसी दौरान अचानक दोनों के बीच लड़ाई शुरू हो गई, दोनों सांड़ अपनी-अपनी ताकत सड़क पर दिखाने लगे। सड़क पर छिड़ी जंग को कुछ लोगों ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर साझा कर दिया। पार्टी कार्यालय के बाहर छिड़ी लड़ाई के बाद लोगों द्वारा बड़ी संख्या में प्रतिक्रियाएं दीं। ऐसे में काफी देर तक अफरा-तफरी बनी रही।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना

पहले मेरा नाम MOHAMMAD ASHRAF JAHANGIR TAMINI था। अब मैने बदलकर अपना नाम MOHD ASHRAF JAHANGIR TAMINI रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। S/O: MOHAMMAD SALEEM TAMINI R/O-431/253/6, NEWATI TOLA MOMIN NAGAR, LUCKNOW

सूचना

सूचित हो कि मेरा पुत्र अमरजीत अपने परिवार के सदस्यों से लडाई–झगडा व अभ्रद व्यवहार करता है तथा धमकियां देता है जिससे क्षुब्ध होकर पुत्र अमरजीत तथा उसके पत्नी व बच्चों से सम्बन्ध विच्छेद कर उन्हें अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। अब मेरा उनसे कोई वास्ता व सरोकार न होगा। अपने कृत्यों के लिये वह स्वयं जिम्मेदार होगें। **राजेन्द्र प्रसाद पुत्र बेचा लाल, नि0– अलीनगर सुनहरा, पोस्ट मानस नगर, थाना – कृष्णा नगर, लखनऊ**

सूचना

सूचित हो कि मैं **राघवेन्द्र सिंह सुत रविशंकर सिंह, निवासी– ग्राम व पोस्ट भीमी, जनपद– अमेठी,** यहकि मेरी पुत्री आरोही सिंह, स्टेला मेरिस कान्वेंट सेकेन्डरी स्कूल नरायनपुर सुलतानपुर में कक्षा 9 की छात्रा है। विद्यालय अभिलेखों में मेरा नाम त्रुटिवश RAGHVENDER SINGH लिखा है जो कि गलत है जबकि मेरे आधार कार्ड, पैन कार्ड एवं अन्य कागजात में मेरा नाम Raghvendra singh जो सही एवं वास्तविक है। यह कि मेरी पुत्री आरोही सिंह के आधार कार्ड में उसका नाम AAROHI SINGH अंकित है, लेकिन विद्यालय अभिलेखों में मेरी पुत्री का नाम आरोही सिंह AROHI SINGH हो गया है जबकि वास्तविक नाम आरोही सिंह AAROHI SINGH यह कि RAGHVENDER SINGH और RAGHVENDRA SINGH दोनों एक ही व्यक्ति के नाम अर्थात मेरे है। यह कि AAROHI SINGH और AROHI SINGH दोनों एक ही व्यक्ति यानी पुत्री आरोही सिंह का ही नाम है। यह कि मेरा नाम RAGHVENDRA SINGH व मेरी पुत्री का नाम AAROHI SINGH जो कि सही है विद्यालय अभिलेखों में दर्ज किया जाय।

सूचना

मेरे बड़े पुत्र अभिषेक की आदत व चाल – चलन खराब है। बीते तीन वर्षो से वह मेरे कहने –सुनने में नहीं है और लड़ाई करता है। अभिषेक के खराब व्यवहार और क्रिया–कलाप से तंग आकर मैंने उसे अपनी समस्त चल – अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके किसी कार्य के प्रति मेरी जिम्मेदारी नहीं है। **शेषराम वर्मा पुत्र जैसराम वर्मा, निवासी– ग्राम व पोस्ट सुरहुरपुर, थाना– दोस्तपुर, जिला– सुलतानपुर**

सूचना

सूचित हो कि मैं **अंकुर शुक्ला पुत्र रमाकान्त शुक्ला, निवासी– म0नं0 153 चांऊपुर, डाकखाना बेहटारम्पुरा, ब्लाक व थाना हरपालपुर, तहसील–सवायजपुर जिला हरदोई,** मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी माता का नाम अंग्रेजी LALITA अंकित हो गया है। जो कि गलत है जबकि उनके आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों में मेरी माताजी का वास्तविक नाम अंग्रेजों में LALITA DEVI ही है जो सही व शुद्ध है। मेरी माता जी ललिता देवी LALITA DEVI पत्नी रमाकान्त शुक्ला के नाम से ही जाना व पहचाना जाता है। अतः मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी माता का सही नाम अंकित किया जाय।

सूचना

सूचित हो कि मैं अपने बड़े लड़के अशरफ को गलत चाल चलन के कारण अपनी चल अचल संपत्ति व संबंधों से बेदखल करता हूं। इनके कृत्यों से मेरा कोई वास्ता सरोकार नहीं होगा। **असलम पुत्र मुन्ने मोहल्ला अली जान पुरवा कोतवाली नगर बलरामपुर जिला बलरामपुर**

क्या ऑपरेशन ही एक मात्र समाधान है ?

SINCE 2006

जोड़ों का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस में!

कहीं आप इन जटिल रोगों से परेशान तो नहीं? जोड़ो का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस, रूमेटॉइड अर्थ राइटिस, स्लिपडिस्क, कमर दर्द, कंधे का दर्द/फ्रोजेन शोल्डर, स्याटिका, मांसपेशियों का दर्द, एड़ी का दर्द, वातरक्त (GOUT) इत्यादि।

दर्द की दवाइयाँ खाकर अपने शरीर को नुकसान न पहुंचाये – आयुर्वेद अपनायें

वाचक आयुर्वेद®

आइए इसी संबंध में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा जी से हुई बातचीत के कुछ अंश

प्रश्न 1: गठिया रोग की पहचान कैसे करें ?
उत्तर : गठिया रोग का सबसे प्रमुख लक्षण है जोड़ों में दर्द होना जब जोड़ों में दर्द व सूजन कुछ दिन या हफ्तों में ठीक ना हो और चलते फिरते या उठते बैठते दर्द होने लगे तो हमें चाहि, कि किसी अच्छे डॉक्टर से सलाह लें

प्रश्न 2: डा0 कहते हैं कि आपके घुटनों का गिरीश सूख गया है तो यह गिरीश क्या होता है?
उत्तर : यहां एक गाढ़ा तरल पदार्थ है जिसे सायनोवियल फ्लुएड कहते हैं जो आपके जोड़ों को हिलने डुलने में मदद करता है और आपस में रगड़ खाने से रोकता है

प्रश्न 3: रूमेटोइड अर्थराइटिस क्या है?
उत्तर : यह एक ऑटोइम्यून डिजीज है जिसमें शरीर की इम्युनिटी स्वस्थ कोशिकाओं को ही नुकसान पहुंचाना शुरू कर देती हैं जो जोड़ों में दर्द सूजन और जकड़न का कारण बनती है इसे आयुर्वेद में आमवात के नाम से जाना जाता है

प्रश्न 4: क्या बिना ऑपरेशन के गठिया में आराम हो सकता है?
उत्तर : आयुर्वेद शास्त्र के अनुसार गठिया एक जटिल बीमारी है तथा इसमें ऑपरेशन नहीं बताया गया है यह वातव्याधि के अंतर्गत आता है जिसमें वात नाशक व रसायन औषधियों का प्रयोग किया जाता है जिससे जोड़ो में चिकनाहट बनना शुरू हो जाता है और जोड़ों का दर्द व सूजन कम हो जाने से मरीज को चलने फिरने में आराम हो जाता है

प्रश्न 5: क्या अत्यधिक पेन किलर खाना नुकसानदायक है?
उत्तर : हां अत्यधिक पेन किलर खाने से हमारे शरीर को नुकसान हो सकता है विशेषतया हमारे पेट व गुर्दे को नुकसान पहुंच सकता है

प्रश्न 6: डॉक्टर साहब बिना दर्द की दवा के मरीज को आराम कैसे मिलेगा?
उत्तर : जोड़ों में दर्द का मुख्य कारण जोड़ों के अंदर उपस्थित गिरीश का कम हो जाना जिससे हड्डियां आपस में रगड़ खाती है जिससे दर्द व सूजन की स्थिति पैदा होती है आयुर्वेदिक औषधियों में एंटीऑक्सीडेंट मल्टीविटामिन Antiinflammatory व रसायन गुण होते हैं जिससे जोड़ों में चिकनाहट उत्पन्न होती है इस कारण हड्डियां आपस में रगड़ कम खाती हैं जिससे दर्द व सूजन में आराम हो जाता है

प्रश्न 7: सवाल घुटनों के दर्द व गठिया में क्या क्या नहीं खाना चाहिए?
उत्तर : आयुर्वेद के अनुसार जोड़ों का दर्द व गठिया वात व्याधि के अंतर्गत आती है अतः वाद वर्धक आहार-विहार जैसे उड़द की दाल कटहल घुईया बैगन भिंडी राजमा मटर कद्दू वा देर रात तक जागना हानिकारक होता है

प्रश्न 8: गठिया रोग में क्या क्या खाना फायदेमंद होता है?
उत्तर : गठिया रोग में सूप सलाद हरी सब्जियां दूध मट्ठा पनीर अंजीर अखरोट पपीता अनार इत्यादि खाना फायदेमंद होता है

प्रश्न 9: डॉक्टर साहब गठिया से पीड़ित मरीजों को क्या सलाह देना चाहते हैं?
उत्तर : गठिया से पीड़ित मरीजों को नियमित रूप से तेल की मालिश सिकाई व एक्सरसाइज करना चाहिए तथा सीढ़ी ज्यादा ना चढ़े व नीचे ना बैठे तथा जल्द से जल्दआयुर्वेद विशेषज्ञ की सलाह लें जिससे आप की बीमारी आगे ना बढ़े

प्रश्न 10: अच्छा डॉक्टर साहब यदि कोई मरीज ऑपरेशन कराने के बाद भी उसे दर्द या तकलीफ रह जाती है तो क्या ऐसे मरीजों में भी आयुर्वेदिक दवाइयां लाभकारी होंगी?
उत्तर : हां बिल्कुल ऑपरेशन के बाद भी यदि मरीज को दर्द या तकलीफ रह जाती है तो आयुर्वेदिक दवाइयों से इलाज किया जा सकता है

डॉ. ओम प्रकाश वर्मा
MD (आयुर्वेद) आयुर्वेद स्पेशलिस्ट

पुरस्कार एवं सम्मान

- सन 2015 में प्रसिद्ध मीडिया हाउस के द्वारा इन्हें बेस्ट आयुर्वेदिक चिकित्सक के सम्मान से सम्मानित किया गया
- सन 2017 में माननीय यूपी कैबिनेट मिनिस्टर श्रीमती रीता बहुगुणा जोशी जी ने मार्वल हेल्थ आइकॉन अवार्ड से सम्मानित किया
- सन 2017 में ही माननीय महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश श्री राम नाईक जी द्वारा पर्सनालिटी ऑफ इंडिया के सम्मान से सम्मानित किया गया
- श्री बी एस डी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल द्वारा टी.बी. दिवस पर एक कार्यक्रम में डॉक्टर साहब को उनके योगदान हेतु सम्मानित किया गया
- चैनल न्यूज 18 यूपी /उत्तराखंड ने कार्यक्रम लाइफ लाइन में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा को यूपी के हेल्थ मिनिस्टर माननीय श्री सिद्धार्थ नाथ सिंह जी द्वारा सम्मानित किया गया
- संस्कृत संस्थान द्वारा मानव सेवा के कार्य में निशुल्क योगदान के लिए सम्मानित किया गया
- संस्था एक पहल द्वारा माननीय मेयर लखनऊ श्रीमती संयुक्ता भाटिया द्वारा यूपी आई कॉन अवार्ड से सम्मानित किया गया

Web : www.vachak.in

अपॉइन्टमेंट के लिए सम्पर्क करें –
7080239313
7570060266

आलमबाग
पताः शॉप नं0 206, तालकटोरा रोड, निकट आलमबाग चौराहा, लखनऊ नियर बृजवासी बेकरी
परामर्श समय-
सुबह 10:00 से 02:00 तक

मुंशीपुलिया
पताः 638/010 फरीदीनगर पिकनिक स्पॉट रोड, मुंशीपुलिया, लखनऊ नियर साहू पैलेस
परामर्श समय-
सांय 06:00 से 09:00 तक

रविवार सांय अवकाश

एक नजर

यूनीसेफ की टीम ने दी स्वास्थ्य संबंधी जानकारी

लहरपुर सीतापुर : तहसील सभागार में बुधवार को उप जिलाधिकारी आकांक्षा गौतम की अध्यक्षता में संचारी रोग अभियान को सफल बनाने के लिए विभिन्न विभागों के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी गई। बैठक को संबोधित करते हुए उप जिलाधिकारी आकांक्षा गौतम ने सभी विभागों को अपना अपना माइक्रो प्लान समय से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए और कहा कि सभी लोग अपने कार्यों का सही ढंग से निर्वहन करें। बीएमसी अखिलेश पांडे यूनिसेफ ने टीकाकरण कराने से मना करने वाले बच्चों का टीकाकरण तथा 30 वर्ष से ऊपर सभी व्यक्तियों के बीपी तथा शुगर की जांच की जानकारी दी। बैठक में प्रमुख रूप से अधिशासी अधिकारी अनिरुद्ध पटेल, अधिशासी अधिकारी तंबौर, सहायक विकास अधिकारी पंचायत जयप्रकाश वर्मा, डॉ. प्रज्ञा शरण आनंद, तंबौर परसेंडी के बीएमसी, पशु चिकित्सा अधिकारी, राजकुमार वर्मा सहायक विकास अधिकारी कृषि, शिक्षा विभाग व बाल विकास विभाग के कर्मचारियों अधिकारियों ने भाग लिया।

गांव में कराया गया कीटनाशक का छिड़काव

सांडा, सीतापुर : सकरन क्षेत्र में बढ़ते हुए संक्रमण के प्रकोप में मच्छरों के खात्मे के लिए एडीओ पंचायत दिनेश कुमार यादव के निर्देशन में ग्राम प्रधान द्वारा सांडा ग्राम पंचायत के गावों में कीटनाशक और एंटीलार्वा दवाइयों का छिड़काव कराया गया। क्षेत्र में जाड़ा- बुखार का कहर बना हुआ है। बड़ी संख्या में लोग बुखार से पीड़ित हैं। शायद ही कोई चिकित्सक ऐसा हो, जिसके पास बुखार पीड़ितों की लाइन न लगी हो। एक सप्ताह में जाड़ा बुखार की चपेट में आने से सांडा गांव निवासी दो बालिकाएं नैंसी गुप्ता और खुशनुमा गोपालापुर निवासी करमदीन की मौत हो गई थी। मंगलवार को ग्राम प्रधान ने कीटनाशक एंटीलार्वा दवाइयों का छिड़काव कराया गया। ग्राम पंचायत सचिव शिवमंगल मिश्रा ने बताया कि सांडा ग्राम पंचायत के सभी गांवों में एक महीने पहले एंटीलार्वा का छिड़काव और फागिंग कराई गई थी। पुन : एंटीलार्वा और कीटनाशकों का छिड़काव कराया जा रहा है।

नि:शुल्क बीज देकर 15 पात्रों को दिए आवास पत्र

पिसावां, सीतापुर : पिसावां ब्लाक सभागार में पं. दीन दयाल उपाध्याय की जयंती पर महोली विधायक ने 70 किसानों को नि :शुल्क बीज और 15 पात्रों को आवास स्वीकृत पत्र वितरित किये। कर समूहों का सम्मान व बच्चों का अन्नप्राशन व गर्भवती महिलाओं की गोद भरायी रस्म भी अदा की गई। बुधवार ब्लॉक सभागार में विधायक शशांक त्रिवेदी ने पंडित दीन दयाल उपाध्याय की जयंती पर उनके चित्र पर फूल मालाएं अर्पित कीं। इसके बाद जयबीर, रामविलास, सत्यवीर सहित 70 किसानों को नि :शुल्क सरसों का बीज वितरण किया। इस अवसर ब्लॉक प्रमुख मिथलेश यादव, बीडीओ अमित यादव, एडीओ पंचायत इकराम अली, एडीओ आईएसबी शिव प्रकाश दुबे मौजूद रहे।

अश्लील हरकत करने वालों की तलाश जारी

फॉलोअप

संवाददाता इमलिया सुल्तानपुर, सीतापुर

अमृत विचार: विद्यालय से घर लौट रही छात्रा को अगवा करने वालों की तलाश में कुछ लोगों से पूछताछ की गई है। इमलिया सुल्तानपुर थाना क्षेत्र में हुई घटना को लेकर केस दर्ज हो गया है।

बता दें कि कक्षा दस की छात्रा विद्यालय से घर लौट रही थी। इसी दौरान उसे अगवा करने का प्रयास किया गया। सरेराह हुई वारदात में मची चीख पुकार के बाद आरोपी भागने में सफल रहा। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने केस दर्ज किया। वहीं एसओ इमलिया सुल्तानपुर दयाशंकर मित्रा ने बताया कि वादी पक्ष की तहरीर पर केस दर्ज किया जा चुका है। वारदात को लेकर कुछ लोगों से पूछताछ की जा रही है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इलाके के विद्यालय के आसपास सादी वर्दी में पुलिस लगाई गई है।

आधार कार्ड बनवाने के लिए दौड़ रहे बच्चे और अभिभावक

संवाददाता रामपुर मथुरा, सीतापुर

अमृत विचार: आधार कार्ड बनवाने के लिए रामपुर मथुरा वासियों को रोजाना लंबी दौड़ लगानी पड़ रही है। आलम ये हैं कि तपती धूप में उप डाकघर पर लाइन लगाने के बावजूद समस्या हल नहीं हो पा रही है।

रामपुर मथुरा के उप डाकघर में गोदहा निवासी रोहिनी व रितु अपने पिता के साथ खड़े मिले। पूछने पर पता चला कि वे लोग लगातार 2 दिन से आ रहे हैं, लेकिन आधार कार्ड अभी तक नहीं बन पाया है। पिता ने बताया

ननकाई।

रोहनी।

तिलक।

अमरेश।

शिकायतों के बाद भी नहीं बन पा रहे बच्चों के आधार कार्ड

कि टोकन दिया गया है। डाकघर कर्मी कहते हैं जब नंबर आएगा, तब बनेगा। कल फिर बुलाया है। गोदाहा निवासी ननकई, तिलक भी अपने पिता के साथ आधार कार्ड बनवाने के लिए रामपुर मथुरा उप डाकघर में कई दिन से लगातार आ रहे हैं। इनको भी यहीं समस्या है। सभी बच्चे प्राइमरी स्कूल के विद्यार्थी हैं।

वहीं अमरेश का कहना है कि आधार कार्ड न बनने से लोगों को काफी कठिनाइयों से सामना करना पड़ रहा है। रामपुर मथुरा में लगभग एक माह से उप डाकघर में काफी भीड़ देखने को मिल रही है। कई बार लोगों ने शिकायतें भी कीं, लेकिन आधार कार्ड बनाने का काम धीमी गति से हो रहा है। जिसके चलते लोगों को दिक्कत हो रही है।

उप डाकघर रामपुर मथुरा में लगी लोगों की लाइन। अमृत विचार

चौका नदी का कहर, छह गांव की फसलें जलमग्न

रामपुर मथुरा से गुजरी चौका नदी का तेजी से बढ़ा जलस्तर, किसानों की बढ़ गई परेशानी, खड़ी फसलें हो रहीं बर्बाद

संवाददाता रामपुर मथुरा, सीतापुर

अमृत विचार: सरयू नदी की बाढ़ के बाद अब चौका नदी के बढ़ने से किसानों की मुसीबतें बढ़ चली हैं। चौका नदी का पानी बढ़ने से दूलम पुरवा के पास बने रपटा पुल निकले पानी ने सिरकुंडा, पैगंबरपुर, भागीपुर, मरौचा सहित छह गांव में धान की फसलों को जलमग्न कर दिया है।

चांद बाबू।

बाढ़ और कटान की मार अभी खत्म नहीं हो पाई थी कि एक बार फिर चौका नदी का जलस्तर बढ़ चला है। छह गांव के बाहर कई एकड़ धान आदि की फसल जलमग्न हो गई है। पैगंबर पुर निवासी चांद बाबू ने बताया कि 24 घंटे के भीतर बढ़े जलस्तर से 7 बीघा धान की फसल जलमग्न हो गई है। सिरकुंडा निवासी रामचंद्र की 13 बीघा फसल का भी यही हाल है। राम तीरथ की पांच बीघा, प्रमोद की पांच बीघा धान की फसल भी बाढ़ के पानी में डूब गई है। अचानक आई बाढ़ से गांव के लोग प्रभावित हो रहे हैं। अगर इसी तरह पानी बढ़ता रहा तो अन्य गांव में भी बाढ़ का पानी पहुंच जाएगा। जिससे किसानों की खड़ी फसल बर्बाद हो जाएगी। सिरकुंडा से मरौचा मार्ग पर जगह-जगह जल भराव हो गया है। वहीं लोगों ने जिला प्रशासन से समस्या का समाधान करने की अपील की है। वहीं जिला प्रशासन की ओर से राहत सामग्री का वितरण किया जा रहा है।

धान के खेत में भरा बाढ़ का पानी। अमृत विचार

सिरकुंडा मरौचा मार्ग पर बहता बाढ़ का पानी। अमृत विचार

ब्लॉक पर बांटी गई राहत सामग्री, नाव से पहुंचे लोग

शुकुल पुरवा बाढ़ प्रभावित लोगों को राहत सामग्री का ब्लॉक परिसर वितरण किया गया। नायब तहसीलदार दीनानाथ यादव ने बताया कि अभी वितरण चल रहा है। लगभग 500 लोगों को राहत किट वितरित की जाएगी। सुंदर पुरवा, कुन्ना पुरवा, घनश्याम पुरवा, लोधन पुरवा गांव के लोगों ने बताया कि हम लोगों को दो नदियां पार कर राहत सामग्री लेने आना पड़ा है।

राहत सामग्री वितरित करते क्षेत्रीय लेखपाल।

आरोपी शिक्षक का अस्पताल में चल रहा है इलाज

महमूदाबाद, सीतापुर: एक निजी विद्यालय के कक्षा छह की छात्रा को परीक्षा में फेल करने की धमकी देकर अपने कमरे पर बुलाकर अश्लीलता करने वाले आरोपी शिक्षक के खिलाफ कोतवाली में मंगलवार रात संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ। छात्रा के साथ जबरन अश्लीलता पर भीड़ ने आरोपी शिक्षक संजय गुप्ता की पिटाई कर दी थी। जिसके बाद पुलिस उसे स्थानीय सीएचसी उपचार के लिए ले गई थी। जहां डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया था। हालांकि आरोपी शिक्षक की ओर से कोई तहरीर पुलिस को नही मिली है। सीओ दिनेश शुक्ल ने बताया कि घायल आरोपी का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। इलाज के बाद शिक्षक को न्यायालय में पेश किया जाएगा।

चोरी की 2 मोटरसाइकिलें, अवैध शस्त्र बरामद

संवाददाता सीतापुर

अमृत विचार: महोली में पुलिस ने चोरी की दो मोटर साइकिले बरामद की गईं। ऑटोलिफ्टर के कब्जे से अवैध शस्त्र बरामद हुए हैं। केस दर्ज करते हुए आरोपियों को जेल भेजा गया है।

क्षेत्राधिकारी महोली आलोक प्रसाद ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि इलाके में ऑटोलिफ्टर गैंग सक्रिय है। इसी के बाद महोली कोतवाली क्षेत्र के अमीरपुर मजरा महेवा निवासी सद्दाम पुत्र शहजादे और नीरज पुत्र चिरंजू को भिरिया मोड़ पुलिया बड़ा गांव मार्ग से गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से दो बाइकें, नकदी और असलहे बरामद हुए हैं।

पुलिस ने दबोचा हरदोई का टप्पेबाज, सीतापुर: मछरेहट की ज्वैलरी की दुकान से टप्पेबाजी की वारदात का पुलिस ने खुलासा किया। हरदोई निवासी की गिरफ्तारी करते हुए आरोपी के कब्जे से चुराए गए गहने और नकदी बरामद की है।

क्षेत्राधिकारी मिश्रिख दीपक कुमार सिंह ने बताया है कि बीते दिनों थाना मछरेहटा में एक ज्वैलरी की दुकान से टप्पेबाजी की वारदात सामने आई, जिसको लेकर केस दर्ज करते हुए जांच शुरू की गई। मामले में हरदोई जनपद के कोतवाली देहात थाना क्षेत्र स्थित बेनीगंज नयापुरवा निवासी ऋषि शुक्ला पुत्र विशनू को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से दुकान से टप्पेबाजी कर ले जायी गयी 33 अदद नाक की बाली एवं 2200 रुपये नकद बरामद हुआ है। आरोपी को जेल भेजा गया है।

महोली पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। अमृत विचार

धरपकड़ के बीच महोली के दो आरोपी किये गिरफ्तार

सीतापुर में छात्रा का अपहरण 6 लोगों पर मुकदमा दर्ज

कार्यालय संवाददाता सीतापुर

अमृत विचार: महमूदाबाद में एक दिन पहले छात्रा को बंधक बनाकर अश्लील हरकत करने का मामला थम नहीं सका कि एक और छात्रा का अपहरण हो गया। घर से कालेज के लिए निकली छात्रा के अपहरण को लेकर छात्रा के पिता ने छह लोगों पर केस दर्ज कराया है। पुलिस जांच के साथ छात्रा की बरामदगी के प्रयास में जुटी हुई है।

महमूदाबाद कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला पुरानी बाजार निवासी मोहम्मद शाद का कहना है कि उनकी 19 वर्षीय पुत्री आसमा खातून स्नातक की छात्रा है। घर से कॉलेज के लिए निकली थी। शाम तक जब घर नहीं लौटी तो परिवार के लोगों तलाश शुरू की। दावा है कि इसी के बाद कुछ लोगों से खबर मिली कि उसके ही मोहल्ले के ही अल्बख्श, शमशाद, अरमान, अकील, गुफरान आदि ने उसकी बेटी का अपहरण कर लिया है। बढ़ते विवाद के बीच मामला कोतवाली पहुंचा। पीड़ित पक्ष की ओर से की तहरीर पुलिस को दी।

क्षेत्राधिकारी महमूदाबाद बोले पुलिस टीम कर रही है छात्रा की तलाश

वहीं क्षेत्राधिकारी महमूदाबाद दिनेश शुक्ला का कहना है कि अल्बख्श, शमशाद, अरमान, अकील, गुफरान आदि आरोपियों के विरुद्ध अपहरण का केस दर्ज कर लिया गया है। पुलिस टीमें गठित करते हुए जल्द से जल्द छात्रा की बरामदगी के प्रयास किए जा रहे हैं।

सार-संक्षेप

जॉब कार्ड को लेकर मजदूर सभा मुखर

संवाददाता बिसवां, सीतापुर, अमृत विचार : मनरेगा मजदूरों की बकाया मजदूरी, आवासहीन परिवारों को आवास का लाभ देने एवं मजदूरों के नये जॉब कार्ड जारी किये जाने की मांग को लेकर बुधवार को अखिल भारतीय खेत एवं ग्रामीण मजदूर सभा के बैनर तले आवास हीन परिवारों और मजदूरों ने खंड विकास कार्यालय बिसवां पर भाकपा नेता संतराम की अगुवाई में एक दिवसीय धरना दिया। इस दौरान खंड विकास अधिकारी सुमित सिंह को तीन सूत्रीय मांग पत्र सौपा। मांग पत्र में ग्राम पंचायत बन्नी राय, भदेसिया में मजदूरों की छह माह से बकाया मजदूरी का भुगतान कराने, जहां ग्राम पंचायत भदेसिया, मझीगवा खुर्द, सराय, महमदापुर में आवास हीन परिवारों आवास सूची में शामिल कर आवास का लाभ देने, वही उक्त ग्राम पंचायतों में मजदूरों के नये जॉब कार्ड बनाये जाने की मांग धरना के माध्यम से की गई है। इस अवसर पर प्रेम शंकर, विनोद, सचिन, हासिम, जाहिद, चन्द्रिका, मालती, सुशीला, तारा, अनिता, रामदुलारी, कालिंद्री, आरती, दीपा, नीलम कलावती, रामेशवरी नीतू आदि शामिल रहे।

मनाई गई पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 108वीं जयंती

कार्यक्रम में उपस्थित पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष व सदस्य। अमृत विचार

संवाददाता सीतापुर, अमृत विचार : जनसंघ के संस्थापक सदस्य पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती शहर से लेकर गांवों तक मनाई। इसी क्रम में भारतीय जनता पार्टी के नेताओं व सहयोगियों द्वारा विकास भवन स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किये गए। जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का एकात्म मानववाद और अंत्योदय का सिद्धांत आज भी प्रासंगिक है। उनकी दृष्टि व विजन के कारण गांव, गरीब, किसान व महिलाएं राजनीतिक दलों के एजेंडे के हिस्से बने। उन्होंने बताया पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती से भाजपा ने पूरे प्रदेश में बूथ स्तर पर सदस्यता अभियान का प्रारंभ कर दिया है। इस अवसर पर राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष राजेश वर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष अजय गुप्ता सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे। उधर, खैराबाद संवाददाता के अनुसार, नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता की उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस अवसर पर विष्णु गौतम, संजीव शुक्ल, अरविंद सिंह, अंकित गुप्ता, नदीम, राहुल, धीरज, शैलेन्द्र, हरिओम, राकेश मौर्य, अमित, उमेश जायसवाल, संदीप गुप्ता, संदीप मिश्र, विवेक आदि लोग मौजूद रहे।

आल्हा- ऊदल के संग्राम की गाथा ने भरा जोश

संवाददाता नेरी, सीतापुर, अमृत विचार : नेरी गांव में आल्हा गायन का आयोजन हुआ। जिसमें जालिपा एंड पार्टी छहेलिया व बारिहामऊ माथन ने आल्हा गायन कर जोश भर दिया। आल्हा गायकों ने वीर रस से ओत प्रोत आल्हा-ऊदल और पृथ्वीराज चौहान की सेना के बीच हुए संग्राम का वर्णन सुनाकर श्रोताओं में जोश भर दिया। सिद्धेश्वर नाथ मंदिर प्रांगण में आल्हा गायन का शुभारंभ पूर्व जिला पंचायत सदस्य मनोज मिश्र ने दीप जलाकर किया। इसके बाद आल्हा गायकों जालिपा ने बड़े लड़इया गढ़ महुबे के इनकी मार सही न जाए, प्रस्तुत की व माथन की पार्टी ने बुंदेलखंड की वीरगाथा का बखान करते हुए गाया कि बुंदेलखंड की सुनो कहानी बुंदेलों की बानी में, पानीदार यहां का पानी तो आग यहां के पानी में। पंक्ति प्रस्तुत कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर श्रीकांत मिश्रा विदुर सिंह, नूर हसन शाह मनोज मिश्रा शिवपाल सिंह, संदीप सिंह मां दुर्गा जागरण समिति नेरी के अध्यक्ष श्रीकांत मिश्रा आदि रहे।

आल्हा गायन करता कलाकार।

पंचायत अध्यक्ष के खिलाफ सभासदों ने खोला मोर्चा

संवाददाता पैंतेपुर, सीतापुर, अमृत विचार : आदर्श नगर पंचायत पैंतेपुर के सभासदों ने नगर पंचायत अध्यक्ष और अधिशासी अधिकारी सहित अन्य के खिलाफ मोर्चा खोला। कागजी कार्य कराए जाने का दावा करते हुए साक्ष्यों से सहित उनके द्वारा उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। आदर्श नगर पंचायत पैंतेपुर के सभासद जमील अहमद, अनीस अहमद, शगुफ्ता खातून, आफिया बानो, जियाऊद्दीन आदि उपजिलाधिकारी शिखा शुक्ला से मिलकर उन्हें निकाय द्वारा कराए जा रहे कागजों कार्यों का हवाला दिया। जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन के माध्यम से दावा किया गया है कि नगर पंचायत पैंतेपुर की अधिशासी अधिकारी रेणुका यादव, वरिष्ठ लिपिक अवधेश कुमार, पैंतेपुर की चेयरमैन जैनब जहां द्वारा सरकारी कार्यों में नियमों को दरकिनार किया गया है। सभासदों का दावा है कि नगर पंचायत पैंतेपुर आउटसोर्स कर्मचारियों के रजिस्टर पर 20 के नाम दर्ज हैं, जबकि वेतन भुगतान 40 का हो रहा है। प्रति माह लाखों रुपए की डीजल के नाम पर वारे-न्यारे किये जा रहे हैं। बिना टेंडर काम करवाकर अपंजीकृत ठेकेदारों को अनुचित लाभ, जेएम पोर्टल से क्रय की गई सामग्री का लाभ सहित कई अन्य मुद्दों का हवाला देते हुए गंभीर आरोप लगाए गए।

संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत, मायके पक्ष ने काटा हंगामा

संवाददात हरगांव, सीतापुर

अमृत विचार: हरगांव इलाके के मुमताजपुर गांव में महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। बढ़ते विवाद के बीच पुलिस ने पहुंचकर छानबीन शुरू की है।

हरगांव थाना क्षेत्र के मुमताजपुर गांव में ऊष्मा सिंह (50) पत्नी राजू सिंह अपने घर पर थी। इसी दौरान महिला की संदिग्ध परिस्थितियों मे मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे मायके वालों ने हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस को सूचना दी। बढ़ते विवाद के बीच पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। बाराबंकी के सदर कोतवाली क्षेत्र स्थित छतेना गांव निवासी शैलेंद्र सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उसकी बहन को ससुर डीपी सिंह व पति राजू सिंह आए दिन दहेज के लिये प्रताड़ित किया करते थे। शैलेंद्र ने बताया ससुराली जनों की प्रताड़ना से मेरी बहन अक्सर मायके में ही रहती थी। अभी करीब 25 दिन पहले ही मुमताजपुर गांव आई थी। जिसके बाद पति और ससुर की पिटाई से ही मेरी बहन की मौत हुई है। वहीं थाना प्रभारी अरविंद कुमार पाण्डेय ने बताया कि तहरीर मिली है।

अधिवक्ताओं ने एसडीएम को सौंपा मांग पत्र

संवाददाता बिसवां, सीतापुर

अमृत विचार: अधिवक्ता मौलिक अधिकार संरक्षण अधिवेशन, प्रयागराज में बीते 22 सितंबर 2024 को लिए गए निर्णय एवं पारित प्रस्तावों के अनुक्रम मे बिसवां लॉयर्स एसोसिएशन बिसवां ने तहसील के शहीद पार्क में प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को संबोधित 6 सूत्रीय मांग पत्र संघ अध्यक्ष अश्वनी कुमार त्रिपाठी की अगुवाई में उपजिलाधिकारी मनीष कुमार को दिया।

मांग पत्र में उच्च न्यायालय इलाहाबाद द्वारा याचिका संख्या 12/24 तिथि 7 अगस्त में आदेशित बार हड़ताल व शोक सभा पर रोक लगाने के संबंध में बार काउंसिल के क्षेत्राधिकार में दखल देने बताया गया है। मांग में कहा गया कि बार काउंसिल संज्ञान लेकर उच्च न्यायालय में पैरवी कर समाधान कराए। तहसील एवं जनपद के सभी बार एसोसिएशन के सभी अधिवक्ताओं की समस्याओं के निवारण के लिए प्रशासनिक न्यायमूर्ति उच्च न्यायालय इलाहाबाद द्वारा स्वयं किया जाए, अधिवक्ताओं का सामूहिक स्वास्थ्य बीमा 10 लाख रुपए किया जाए, सामूहिक टर्म पॉलिसी 10 लाख रुपया अच्छादित करने, अधिवक्ता सुरक्षा कानून लागू करने, अधिवक्ताओं को विधान परिषद में सीटे देने की बात कही गई है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सचिव सुशील शुक्ला, मन्नालाल बाजपेई, राजेंद्र प्रताप सिंह, निर्भय कुमार मौर्य, कमलेद्र कुमार बाजपेई, राजेश सिंह, अशोक कुमार रस्तोगी, रजनीश कुमार मिश्रा, आनंद कुमार मेहरोत्रा आदि अधिवक्ता शामिल रहे।

एसडीएम को ज्ञापन देते अधिवक्ता। अमृत विचार

अधिवक्ता सुरक्षा कानून एवं विधान परिषद में अधिवक्ताओं ने मांगी सीट

विद्यालय से चुराया एक सोलर पैनल

हरगांव, सीतापुर: हरगांव थाना क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय हरिबसपुर में आरोप्लांट व सबमर्सिबल चलाने के लिये चार सोलर पैनल लगे थे। देर रात शातिरों ने विद्यालय में धावा बोला। यहां से एक सोलर पैनल को चुराकर शातिर फरार हो गए। सुबह जब शिक्षक स्कूल पहुंचे, तो पैनल चोरी की जानकारी हुई। प्रधानाध्यापक ने पुलिस को तहरीर दे दी है। प्रधानाध्यापक विक्रम लाल ने बताया है कि एक पैनल करीब तीन माह पहले भी चोरी हो चुका है, लेकिन पुलिस ने कोई ठोस कार्रवाई नही की थी, जिससे चोरों के हौसले बुलंद है। थाना प्रभारी अरविंद कुमार पाण्डेय ने बताया कि जांच करके मुकदमा पंजीकृत किया जाएगा।

आक्रोश लेखपाल संघ ने एसडीएम मिश्रिख की कार्यशैली पर उठाए सवाल, जिलाधिकारी से हस्तक्षेप किये जाने की मांग

लेखपाल निलंबन के बाद मिश्रिख तहसील में हंगामा

संवाददाता मिश्रिख, सीतापुर

अमृत विचार: तहसील मिश्रिख परिसर में लेखपालों ने कार्य से विरत होकर खासा हंगामा किया। सभी का विरोध एसडीएम मिश्रिख की कार्यशैली को लेकर था। लेखपाल संघ ने जिलाधिकारी से हस्तक्षेप कर कार्रवाई की मांग भी कर डाली।

मिश्रिख तहसील परिसर में दोपहर होते होते बड़ी संख्या में लेखपाल इकट्ठा हो गए। सभी कार्य से विरत होकर प्रदर्शन करने लगे। एसडीएम मिश्रिख पंकज सक्सेना की कार्यशैली का हवाला देते हुए जमकर नारेबाजी भी की। लेखपाल संघ के अध्यक्ष पंकज कुमार ने बताया कि मिश्रिख तहसील क्षेत्र में तैनात ज्योति सिंह को एक विवादित वरासत बनाए जाने को लेकर उपजिलाधिकारी मिश्रिख पंकज सक्सेना ने बिना नोटिस दिए निलंबित कर दिया। जो कि न्यायसंगत नहीं है। सभी ने मिलकर जिलाधिकारी अभिषेक आनंद से हस्तक्षेप किये जाने की मांग भी की है। प्रदर्शन के दौरान निलंबित लेखपाल ज्योति सिंह, लेखपाल संघ के अध्यक्ष पंकज कुमार, मंत्री विपिन गिरि, अजय पाण्डेय, विनय सिंह यादव, जुगुल किशोर पाल, लक्ष्मीकांत शुक्ला, कुलदीप सिंह, सुधीर कुमार के साथ बड़ी संख्या में लेखपाल मौजूद रहे।

वहीं इस मामले पर एसडीएम मिश्रिख पंकज सक्सेना ने बताया कि एक लेखपाल द्वारा विरासत में अनियमितता बरती गई थी, जिसको लेकर लेखपाल को निलंबित किया गया है। बढ़य्या गांव के व्यक्ति द्वारा जिलाधिकारी के पास भी शिकायत की गयी थी कि कई बार मिलने के बाद भी लेखपाल द्वारा विरासत नहीं की गई। फिलहाल लेखापल के खिलाफ आरोप पत्र बनाया गया है। उसी को देखते हुए आगे नियम संगत कार्रवाई की जाएगी।

तहसील परिसर में धरने पर बैठे लेखपाल। अमृत विचार

काली पन्नी में लिपटे संविधान निर्माता, कब होगा लोकार्पण

6 माह से कैद हैं बाबा साहब, 6 लाख की लागत से तैयार हुई थी प्रतिमा

रीतेश श्रीवास्तव, बाराबंकी

अमृत विचार : संविधान के निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की भव्य प्रतिमा पिछले छह माह से अधिक समय से काली पन्नी में कैद है। पूर्व सांसद के प्रयास से शहर के नाका सतरिख स्थित आंबेडकर प्रतिमा और प्लेटफार्म का नए सिरे से कायाकल्प कराया गया था। बकायदा छह लाख रुपये की लागत से बाबा साहब की प्रतिमा लाकर लगाई गई थी लेकिन इस प्रतिमा का आज तक लोकार्पण नहीं किया गया। सवाल यह उठता है कि पं.दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा के अनावरण को लेकर जिस पर कार्ययोजना बनी तैयारियां हुई और सीएम के हाथों अनावरण हुआ तो क्या बाबा साहब की प्रतिमा का लोकार्पण को लेकर इसी तरह से तेजी नहीं दिखाई जा सकती है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को शहर के विजय उद्यान पार्क में भाजपा के संस्थापक सदस्य रहे पं.दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा का अनावरण इनकी जयंती की पूर्व संध्या पर किया था। इसके साथ ही जीआईसी ऑडिटोरियम में जनसभा को भी संबोधित किया था। वहीं दूसरी ओर शहर के सबसे व्यस्ततम चौराहा कहे जाने वाले सतरिख नाका चौराहे पर लगी संविधान रचयिता बाबा डॉ.भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पिछले छह माह से अधिक समय से काली पन्नी में कैद हैं। इस प्रतिमा का लोकार्पण करने की अभी जरुरत नहीं समझी गई है। बताया जा रहा है कि इस प्रतिमा का निर्माण छह लाख रुपये की लागत से कराकर बाहर से मंगवाई गई है। प्रतिमा तो यहां स्थापित कर दी गई लेकिन उसे लोगों के लिए अर्पण नहीं किया गया। यहां बताना जरुरी होगा कि नाका सतरिख चौराहे पर स्थापित आंबेडकर पार्क पहले काफी नीचा था। बारिश के चलते अंदर तक जलभराव हो जाता था। यह पार्क प्रचार-प्रसार करने का स्थान बन गया था लोग इसकी दीवारों पर बैनर, पोस्टर, होर्डिंग्स तक टांग देते थे। सांसद रहते समय उपेंद्र रावत ने अपने प्रयास से जहां इस पार्क के प्लेटफार्म को ऊंचा कराया वहीं बाबा साहब की भव्य प्रतिमा भी बनवाकर यहां स्थापित कराई। कहा जाने लगा कि भव्य कार्यक्रम कर प्रतिमा का लोकार्पण किया जाएगा लेकिन छह माह से अधिक का समय बीत चुका है बाबा साहब अभी भी पन्नी के अंधेरे में कैद हैं। इसे लेकर भाजपा समेत अन्य दल द्वारा भी इस पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जबकि बाबा साहब सबके हैं।

काली पन्नी से लिपटी डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा। अमृत विचार

बाबा साहब की नई मूर्ति करीब छह लाख रुपये लागत की है और पूरे यूपी में इस तरह की अकेली मूर्ति है। नई मूर्ति स्थापित की जा चुकी है। वहीं पुरानी मूर्ति कमरे के भीतर लगवाई गई है। यहां पर लाइब्रेरी भी बनेगी। अनावरण के सवाल पर कहा कि प्रयास जारी हैं शीघ्र अनावरण करवाया जाएगा।

-उपेंद्र सिंह रावत, पूर्व सांसद, बाराबंकी।

बाबा साहब की मूर्ति को इतने दिनों से काली पन्नी में लपेटकर रखने का कारण मेरी समझ से परे है। डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा का जल्द आनावरण किया चाहिये। प्रतिमा का अनावरण क्यों नहीं हो रहा, इसे लेकर वह जिलाधिकारी से बात करेंगे।

-तनुज पुनिया, सांसद, बाराबंकी।

सनातन धर्म में ऊंच-नीच, जाति वर्ग की जगह नहीं: चपंत राय

▸▸ भगवान लक्ष्मी नारायण मंदिर के वार्षिकोत्सव समारोह में बोले श्री रामजन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव

संवाददाता, देवा, बाराबंकी

अमृत विचार: सनातन धर्म मे छुआ छूत, ऊंच नीच व जाति-वर्ग की कोई जगह नही है भगवान श्रीराम ने सबरी, हनुमान, जटायू सरीखे लोगों को अपने गले लगाकर सनातन संस्कृति को मजबूती प्रदान किया इसी नाते वे मर्यादा पुरुषोत्तम कहलाये और उनकी पूजा समूचे विश्व मे होती है।

यह बात बुधवार को देवा क्षेत्र के बरेठी स्थित नारायण सेवा संस्थान में भगवान लक्ष्मी नारायण मंदिर का वार्षिक उत्सव समारोह के मुख्य अतिथि रहे श्री रामजन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चम्पत राय ने कही। उन्होंने समारोह में मौजूद लोगों का आवाहन करते हुए कहा कि हम सब को संयुक्त रूप से अशिक्षा को दूर करने व स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन उपलब्ध करवाने का प्रयत्न करना होगा। वहीं श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के राष्ट्रीय महासचिव अनिल मिश्र ने कहा कि, नारायण सेवा संस्थान द्वारा समाज के उत्थान के लिए चलाये जा रहे बहुआयामी प्रकल्प समाज को मजबूत करने का प्रभावी उपक्रम बनेगा। हम सब का दायित्व बनता है कि , नारायण सेवा संस्थान के द्वारा संचालित प्रकल्प संचालन में प्रभावी भूमिका तय करें। संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रभु नारायण ने सेवा संस्थान द्वारा चलाये जा रहे समाज उत्थान में बहुउपयोगी प्रकल्पों के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि स्थानीय बच्चों को निःशुल्क शिक्षण प्रशिक्षण व्यवस्था बालिकाओं महिलाओं को विभिन्न आयामों में दक्षता प्रदान करने का कार्य किया जा रहा है। आयोजित समारोह में मालवीय मिशन अध्यक्ष (अवध) संजीव श्रीवास्तव, समाजसेवी वरिष्ठ अधिवक्ता केडी सिंह, भाजपा जिला महामंत्री संदीप गुप्ता, सेवा प्रमुख अवध क्षेत्र देवेंद्र अस्थाना समेत भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

वार्षिकोत्सव समारोह का शुभारंभ करते चम्पत राय। अमृत विचार

रामलला का भोग और प्रसाद शुद्ध

चम्पत राय ने कहा कि प्रभु श्रीराम की नगरी अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण कार्य जारी है। फरवरी या मार्च 2025 तक तक राम मंदिर का मुख्य शिखर बनकर तैयार हो जाएगा। उन्होंने मंदिर में भगवान को चढ़ने वाले भोग और प्रसाद को लेकर चल रही तरह तरह की बहस को लेकर कहा कि राम जन्मभूमि का प्रसाद इलायची दाने का है। उसमें घी, दूध या खोये का प्रयोग ही नहीं होता। भोग और प्रसाद में किसी तरह की अशुद्धि की आशंका नहीं रहती। बाकी जांच करने का काम प्रशासन का है। फूड इंस्पेक्टर को समय समय पर जांच करना ही चाहिये।

महिला की संदिग्ध मौत

टिकैतनगर, बाराबंकी

अमृत विचार: थाना टिकैतनगर क्षेत्र में एक महिला की मंगलवार देर रात संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर हत्या करने का आरोप लगाया है। मृतका के गले पर निशान भी मिले हैं। मौके पर गई पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजा है। पुलिस पीएम रिपोर्ट के इंतजार में है।

जानकारी के अनुसार सुखीपुर पुलिस चौकी के अंतर्गत ग्राम मंगरौड़ा निवासी शगूफा बानो (30) पत्नी मो. गुड्डू उर्फ यासिर की मंगलवार देर रात संदिग्ध परिस्थितियों में एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। सूचना मायके पक्ष के लोगो को मिली तो गांव पहुचे मायके पक्ष के लोगो ने ससुराल पक्ष पर महिला की हत्या करने का आरोप लगाते हुए थाने में शिकायत करने की बात कही। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार महिला के गले पर कुछ निशान भी देख गए। जिसे देखकर मायके पक्ष के लोगों ने गला दबाकर हत्या किए जाने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। मृतका के भाई मो. गयास ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजा है। वही इस संबंध में सुखीपुर चौकी इंचार्ज इंद्रजीत सिंह ने बताया कि मृतका के मायके पक्ष की ओर से अभी तक कोई भी तहरीर नही मिली है। जांच की जा रही है। पीएम रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

सार-संक्षेप

पं. दीनदयाल जी के सपनों का पूरा कर रही सरकार

पं. दीनदयाल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते ब्लॉक प्रमुख। अमृत विचार

संवाददाता, रामनगर, बाराबंकी : अमृत विचार : पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने गांव गरीब के उत्थान के लिए जो सपना देखा था उसे देश और प्रदेश की भाजपा सरकार साकार कर रही है। यह बातें रामनगर ब्लाक प्रमुख संजय तिवारी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि इनका संकल्प था कि जब तक गांवों का विकास नहीं होगा देश का विकास नहीं हो सकता है। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के द्वारा संकल्प आगे बढ़ने का कार्य किया जा रहा है। इससे पहले ब्लॉक प्रमुख ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए उनके चित्र पर माला फूल चढ़कर उनके संकल्प को आगे बढ़ाने का प्रण लिया। इस मौके पर मनोज, गुड्डू, अमन, पवन सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद थे।

वाहनों का चालान, पढ़ाया यातायात नियमों का पाठ

रिक्शा का चालान करते यातायात प्रभारी देवा जितेन्द्र कुमार तिवारी।

संवाददाता, देवा, बाराबंकी। अमृत विचार : यातायात नियमों का उलंघन कर रहे वाहन चालकों के खिलाफ चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान कई वाहनों के चालान किए गए और चेतावनी दी गई जिसको लेकर वाहन चालकों में हड़कंप मचा रहा। देवा क्षेत्र के देवा विशुनपुर मार्ग, देवा बाराबंकी मार्ग, देवा कुर्सी और देवा चिनहट मार्ग पर यातायात प्रभारी देवा जितेन्द्र कुमार तिवारी के नेतृत्व में यातायात नियमों का उलंघन कर रहे वाहन चालकों के खिलाफ सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान कई वाहनों का चालान भी किया गया। वाहन को यातायात नियमों का पालन करने की हिदायत भी दी गई। यातायात प्रभारी ने बताया कि चेकिंग अभियान में चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस, फिटनेस, बिना सीटबेल्ट और बिना हेलमेट वाहन चला रहे वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाइ की गई और दोबारा ऐसा पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई। उन्होंने बताया कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ निरंतर अभियान चलाया जाएगा और कठोर कार्रवाई भी की जाएगी।

वकीलों ने काली पट्टी बांध किया प्रदर्शन

एसडीएम को ज्ञापन सौंपते अधिवक्ता। अमृत विचार

हैदरगढ़, बाराबंकी। अमृत विचार : बार काउंसिल ऑफ इलाहाबाद के आह्वान पर बुधवार को अधिवक्ताओं द्वारा काली पट्टी बांधकर विभिन्न मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया गया। इस मौके पर मुख्यमंत्री के नाम संबोधित एक ज्ञापन उप जिलाधिकारी मोहम्मद शम्स तबरेज खान को सौंपा गया। उप जिलाधिकारी को सौंपे गए ज्ञापन में अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने, अधिवक्ताओं को सामूहिक स्वास्थ्य बीमा व सामूहिक टर्म पालिसी 10 लाख रुपए का लाभ उपलब्ध कराने, अधिवक्ता कल्याण न्यासी समिति में मृतक अधिवक्ता को लंबित दावो का निस्तारण किए जाने, अधिवक्ताओं के बैठने को चेंबर का निर्माण करने एवं 60 वर्ष से ऊपर के अधिवक्ताओं को पेंशन उपलब्ध कराने, अधिवक्ताओं के लम्बित शस्त्र आवेदनों को तुरंत स्वीकृत प्रदान करने की मांगें शामिल हैं। धरना प्रदर्शन में अध्यक्ष राम प्रताप सिंह, महामंत्री कुँवर बहादुर यादव, वरिष्ठ अधिवक्ता रज्जन लाल मिश्र, हरिश्चंद्र सिंह, संजय सिंह, विजय राज सिंह, जगदीश प्रसाद शर्मा, राजेश तिवारी, कमल कुमार मिश्रा, सुनील कुमार त्रिवेदी, राम प्रकाश, जितेंद्र नाथ पांडे, मुंशीलाल, शिवराज सिंह, वीर बहादुर सिंह व सोमिल शुक्ला सहित तमाम अधिवक्ता मौजूद रहे।

भारत माता के सच्चे सपूत थे पं. दीनदयाल

पंडित दीनदयाल की जयंती मनाते चेयरमैन आलोक तिवारी।

संवाददाता, हैदरगढ़, बाराबंकी। अमृत विचार : एकात्म मानववाद एवं अंत्योदय की भावना से संगठन को संचित करने वाले पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती बुधवार को नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा अपने आवास पर मनाई गई। इस अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। अध्यक्ष आलोक तिवारी ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय भारत माता के ऐसे सपूत थे। जिन्होंने अपने कार्यों और विचारों से लोगों को अपनी ओर आकर्षित किया। पंडित जी ने आजादी के बाद खुशहाल समृद्ध और विकसित भारत के निर्माण के लिए अंत्योदय का सपना देखा था, जिसके लिए वह जीवनभर संघर्ष करते रहे। उनके अत्योदय के सिद्धांत का मतलब भारत के अंतिम व्यक्ति को समृद्ध करना था। आज उनके जन्मदिवस के अवसर पर उनके जीवन के बारे में बात करना बेहद महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर भाजपा नेता बैजनाथ मौर्य, समाजसेवी दीपू तिवारी, नितिन मौर्य, महेंद्र मिश्रा, नीलू मिश्रा, शंकर शरण बाजपेई, उत्तम तिवारी, नागेंद्र मिश्रा, सभासद इशहाक, रामशरण मौर्य सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

हादसे में प्राइमरी स्कूल के रसोईये की मौत

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : मंगलवार की शाम अज्ञात वाहन की चपेट में आया बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने उसे सीएचसी फतेहपुर भेजा पर हालत गंभीर देखते हुए डाक्टरों ने उसे रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सरकारी स्कूल में रसोईये का काम करने वाला मृतक रिश्तेदारी से वापस अपने घर जा रहा था।

जानकारी के अनुसार मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के ग्राम फत्तेपुरवा निवासी 30 वर्षीय गोलू पुत्र नन्हे मंगलवार को अपने किसी रिश्तेदार के घर गया था। जहां से शाम छह बजे अपनी बाइक से वापस घर आ रहा था। इसी बीच बेलहरा-रामपुर मथुरा मार्ग पर छेदा गांव के पास किसी अज्ञात वाहन ने गोलू की बाइक में ठोकर मार दी। टक्कर से युवक को छेदा चैकी पुलिस व लोगों ने एंबुलेंस से सीएचसी फतेहपुर भेजा। जहां घायल की स्थिति नाजुक देख चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घायल गोलू की उपचार के दौरान देर रात मौत हो गई। मृतक विकास खंड सूरतगंज के प्राथमिक विद्यालय फत्तापुरवा में रसोईयां का काम करता था। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया।

मेले में 611 मवेशियों का कराया गया पंजीकरण

▸▸ ब्लॉकस्तरीय आयोजित हुआ पशु आरोग्य मेला

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर ब्लॉकस्तरीय पशु आरोग्य मेला का आयोजन किया गया। इसमें मवेशियों का टीकाकरण किया गया और बीमार पशुओं का इलाज कर दवाएं आदि दी गईं।

ग्राम किर्सियां में पशुचिकित्साधिकारी डॉ. धनेश कुमार गुप्ता के नेतृत्व में और सीवीओ डॉ. अतुल अवस्थी की मौजूदगी में आयोजित पशु आरोग्य मेला का विधायक दिनेश रावत, जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत व ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह, प्रधान राजन सिंह व बीजेपी मण्डल महामंत्री सुबेहा रंजीत सिंह महंत की उपस्थित में फीता काटकर, दीप प्रज्ज्वलन तथा गौपूजन कर उदघाटन किया गया। मेले में कुल 611 पशुओं का निःशुल्क पंजीकरण किया गया। जिसमें 233 गाय, भैंस व एक घोड़े के साथ 180 छोटे पशुओं का नि.शुल्क चिकित्सा दी गई। साथ ही साथ 157 पशुओं का बधियाकरण व 211 गाय भैस में बांझपन चिकित्सा की गई। 100 गौवंश में लम्पी रोग और 300 बकरियों मे पोकनी रोग पीपीआर का टीकाकरण किया गया। मेले में आये 10 पशुओं का स्वास्थ्य परिक्षण कार पशुओं का बीमा भी किया गया। पशुचिकित्साधिकारी डॉ. धनेश कुमार ने पशुओं मे होने वाले रोगों के बारे में बताया तथा टीकाकरण, बीमा व सरकार द्वारा वर्तमान में संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में भी पशुपालकों को जानकारी दी गई। वहीं मेले में 5 उन्नतिशील पशुपालकों को माला पहनाकर, मिनिराल मिक्सचेंर व दवा देकर पुरस्कृत किया गया। साथ ही अच्छे नस्ल के अश्ववंश, गोवंश व स्वान के तीन पशुपालकों को पुरस्कार दिया गया। इस मौके पर डॉ. अमित सिंह, डॉ. सूची शुक्ला, डॉ. विपाशा सिंह, डॉ. सोनू, डॉ. संजीत, अरविन्द, अखिलेश, शिवेंद्र, शशिकपूर वेट फार्मासिस्ट, बांके बिहारी मिश्रा, पवन, राकेश, वीरेश, परावेट रवि, सत्यदेव, राहुल, सोनू और प्रशांत, समेत सैकड़ो पशुपालक उपस्थित रहे।

पशु आरोग्य मेले में मौजूद विधायक दिनेश रावत। अमृत विचार

अधिवक्ता हित में मांगों को लेकर प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : जिला अधिवक्ता संघ के बैनर तले अधिवक्ताओं की विभिन्न समस्याओं को लेकर कचहरी से नारेबाजी करते हुए अधिवक्ता डीएम कार्यालय पहुंचे। यहां पर जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन देकर समस्याओं के निराकरण की मांग की गई।

संघ के पूर्व अध्यक्ष जगत बहादुर सिंह, वर्तमान अध्यक्ष हिसाल बारी, महामंत्री अशोक कुमार, रितेश मिश्रा, देवेन्द्र यादव आदि की मौजूदगी में अधिवक्ताओं ने नारेबाजी करते हुए कचहरी से डीएम कार्यालय तक मार्च किया। वहां पर डीएम के प्रतिनिधि को मांगों का ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में मांग की गई कि प्रदेश में आये दिन अधिवक्ताओं की हत्याएं हो रही है। सरकार अधिवक्ताओं की मूलभूत आवश्यकता एवं सुरक्षा पर गंभीर नहीं दिख रही है। प्रदेश के समस्त अधिवक्ताओं की सुरक्षा के दृष्टिकोण से विधि आयोग में विचाराधीन एडवोकेट प्रोटेक्शन ऐक्ट अविलम्ब लागू किये जाने हेतु प्रभावी कार्यवाही किया जावे। बार एवं बेंच न्यायिक प्रक्रिया के सुलभ संचालन का आवश्यक अंग होता है। अधिवक्ता समाज आज भी अपनी मूलभूत आवश्यकताओं के अभाव में बगैर व्यवस्थित चैम्बर व वाहन पार्किंग के अपने न्यायिक कार्यों का निष्पादन करता चला आ रहा है। ऐसी दशा में न्याय एवं अधिवक्ताहित में तत्काल प्रभाव से प्रदेश के समस्त अधिवक्ताओं के बैठने हेतु स्थायी व्यवस्थित चैम्बर तथा वाहन पार्किंग की सुदृढ व्यवस्था किये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही की जाये। अधिवक्ताओं को सामूहिक स्वास्थ्य बीमा योजना के अंतर्गत 10 लाख रूपये एवं अधिवक्ता की मृत्यु उपरांत मिलने वाली सामूहिक टर्म पालिसी के अंतर्गत 10 लाख रूपये की जानकारी योजना से आच्छादित किया जाये।

प्रदर्शन करते अधिवक्ता। अमृत विचार

पर्यावरण प्रेमियों ने रोपित किए पौधे

संवाददाता, सतरिख, बाराबंकी

अमृत विचार : टीम पर्यावरण प्रहरी द्वारा एक पेड़ एक व्यक्ति अभियान के तहत सतरिख थाने चौराहे पर जूनियर हाईस्कूल के सामने दस पौधे रोपित किए गए। प्रत्येक पौधे पर जिन जिन लोगों ने पौधों को रोपित किया उनके नाम की पट्टिका ट्री गार्ड पर लगाई गई। सरायं अकबराबाद के प्रधान अवधेश सिंह यादव ने गोल्ड मोहर का पौधा रोपित किया। कुलदीप पटेल एवं हरख ब्लॉक की खंड शिक्षा अधिकारी अर्चना ने नीम का पौधा लगाया।

आरडी पांडेय ने अर्जुन तो परेश द्विवेदी ने अशोक का पौधा रोपित किया। वहीं ब्लॉक प्रमुख हरख रवि रावत ने कंज, राहुल जायसवाल एवं दीपेश श्रीवास्तव ने अशोक का पौधा रोपित किया। गयासपुर निवासी अमित रावत ने गुलमोहर, आनंद निगम ने अशोक का पौधा लगाया। इन सभी लोगों के नाम ट्री गार्ड पर लिखवाए गए ताकि समाज के अन्य लोग भी पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रेरित हो और पौधों को रोपित करने के साथ-साथ पौधों की सुरक्षा की जिम्मेदारी भी समझे। कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी अर्चना ने बताया कि पेड़ पौधे हमारे लिए अत्यधिक जरूरी है बिना पेड़ पौधों के धरती को ठंडा रखना असंभव हो जाएगा। इस मौके पर टीम पर्यावरण प्रहरी के डीके शुक्ला, ऋषि टंडन और मनोज चौधरी समेत कई लोग मौजूद रहे।

पौधा रोपतीं बीईओ हरख व साथ में मौजूद शिक्षक।

सुविधा जिले में हैं 130 सहकारी समितियां, चार समितियों पर मिल रही दवाएं

समितियों पर खुलेंगे जन औषधि केंद्र, मिलेंगी सस्ती दवाएं

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार: ग्रामीणों को सस्ती दर पर जेनेरिक दवाएं उपलब्ध कराने के लिए साधन सहकारी समितियों पर अब जन औषधि केंद्र खोले जा रहे हैं। अब इस मामले में और तेजी लाई जा रही है। इसके लिए सहकारिता विभाग प्रचार-प्रसार में लगा है। फिलहाल जिले में चार सहकारी समितियों पर जन औषधि केंद्र का संचालन शुरु कर दिया गया है। इसकी संख्यों में और बढ़ोत्तरी किए जाने के प्रयास किए जा रहे हैं। जल्द ही और खुलने वाली समितियों पर आम जन को सस्ते दर पर दवाएं उपलब्ध हो सकेंगी।

शासन की ओर से समितियों की आर्थिक दशा सुधारने व समितियों पर लोगों के लिए सुविधाएं बढ़ाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। सहकारिता से समृद्धि की थीम पर हो रहे काम के तहत अब सरकारी समितियों को बहुउद्देशीय समिति वी पैक्स नाम दिया गया है। समितियां अभी तक कृषि संबंधी कार्य कर रही थी। अब इन समितियों पर खाद बीज की बिक्री तक ही सीमित नहीं रहेंगी। शासन के निर्देश पर समितियों में जन औषधि केंद्र खोलने की कवायद की जा रही है। इसके लिए समिति सचिवों की ओर से पंजीकरण कराए जा रहे हैं, जिससे दवा बिक्री की अनुमति मिल सके। ऑनलाइन प्रक्रिया के तहत आवेदन करना होगा। इसके साथ लाइसेंस के लिए बी या डी फॉर्मा होना जरुरी है। बिना इसके लाइसेंस नहीं मिल सकेगा। लोगों को दवा खरीदने के लिए अधिक दूरी तय नहीं करनी पड़ेगी। वैसे अभी तक जिले में चार सहकारी समितियों पर जन औषधि केंद्र शुरु कर दिए गए हैं। इनमें बंकी ब्लॉक का जेवली के साथ सैदनपुर समेत दो और सहकारी समितियां शामिल हैं। इसके अलावा इनकी संख्या में और बढ़ोत्तरी के प्रयास विभाग द्वारा किए जा रहे हैं ताकि ग्रामीणों को सस्ती दरों पर कम समय पर दवाएं मिल सकें। वैसे जिले भर में 130 सहकारी समितियां हैं। जिन पर कृषि संबंधी कार्य हो रहे हैं।

जन औषधि केंद्र (सांकेतिक फोटो)

> अभी तक जन औषधि केंद्र सरकारी अस्पतालों में ही होता है। ऐसे में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। नई व्यवस्था के तहत समितियों में जन औषधि केंद्र खोले जाने के निर्णय से लोगों को सस्ती दवा नजदीक में मिल सकेगी। साधन सहकारी समितियों पर जन औषधि खोले जाएंगे। चार समितियों में इनका संचालन चल भी रहा है। जल्द ही और समितियों पर केंद्र खोल दिए जाएंगे।
>
> **-लोकेश त्रिपाठी, एआर कोआपरेटिव, बाराबंकी।**

लूटा गया मोबाइल व कच्ची शराब बरामद

बाराबंकी। अमृत विचार : थाना सफदरगंज पुलिस टीम ने अभियुक्तगण हिमान्शु रावत पुत्र स्व. सुरेश रावत निवासी ग्राम हुसेपुर थाना रामसनेहीघाट व सुफियान पुत्र सलीम निवासी ग्राम तुलसीपुर मजरे उधौली थाना सफदरगंज को लूटे गए मोबाइल के साथ उधौली महमूदाबाद मार्ग शिवगढ़ मोड़ के पास से गिरफ्तार किया। पूछताछ में ज्ञात हुआ कि यह मोबाइल 30 अगस्त को सिरौली गौसपुर स्थित हनुमान मंदिर के पास से जा रहे एक व्यक्ति से लूटा था। थाना कोठी पुलिस टीम ने रामखेलावन पुत्र मैकूलाल निवासी उस्मानपुर, व रामबहादुर पुत्र स्व. रामअनन्त निवासी ग्राम सरायपुरखू थाना कोठी को गिरफ्तार कर कब्जे से कुल 20 लीटर शराब बरामद की गई।

1362 पात्रों के सत्यापन पर लगी मुहर, अब लेंगे प्रशिक्षण

पीएम विश्वकर्मा योजना

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

हस्तकरघे पर काम करता कारीगर (सांकेतिक चित्र)।

- प्रशिक्षण अवधि में प्रतिदिन के हिसाब से मिलेगा 500 रुपये मानदेय
- 15 हजार रुपये तक टूल किट खरीदने को मिलेगा ई-वाउचर

अमृत विचार : परंपरागत धंधों से जुड़े कारीगरों को आर्थिक रुप से और मजबूत बनाए जाने के लिए उन्हें संबंधित कार्य का प्रशिक्षण देकर टूल किट की सौगात दी जाएगी। यही नहीं प्रशिक्षण अवधि के समय प्रतिदिन 500 रुपये के हिसाब से मानदेय भी मिलेगा। यह सब कुछ केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत साकार होने जा रहा है। लाभ लेने के लिए करीब 11 से 12 हजार लोगों ने ऑनलाइन आवेदन किया था। इनमें से ढाई हजार आवदेनों पर जिला कमेटी द्वारा स्वीकृति मिल गई है। इसके बाद ग्रामीण क्षेत्र के आवेदनों की जांच बीडीओ तो शहरी क्षेत्र के आवेदनों की जांच ईओ द्वारा कराने के बाद इनमें से 1362 आवेदन तीसरी जांच में सत्यापित हुए हैं। अब इन्हें कौशल विकास के तहत संबंधित ट्रेडों में प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के बाद नामित संस्था से यह कारीगर 15 हजार रुपये तक अपने कार्य संबंधी टूल किट खरीद सकेंगे। आवेदनों की तीन स्तर पर सत्यापन के बाद पात्रों का चयन करने की व्यवस्था की गई है।

केंद्र सरकार द्वारा सुनार, मोची, कुम्हार, मूर्तिकार, राजमिस्त्री, धोबी, दर्जी सहित 18 ट्रेड से जुड़े परंपरागत कारीगरों को बढ़ावा देने के लिए पीएम विश्वकर्मा योजना संचालित की जा रही है। जिले में योजना के तहत करीब 11 से 12 हजार कारीगरों ने ऑनलाइन पंजीयन कराया है। नगरीय क्षेत्रों में आवेदनों का सत्यापन नगर पालिका, नगर पंचायत तथा ग्रामीण क्षेत्रों में ब्लॉक कर्मचारियों के माध्यम से कराया जा रहा है। जिलास्तरीय कमेटी स्तर से 2505 आवेदनों पर स्वीकृति मिल चुकी है। इसके बाद आगे की जांच प्रक्रिया में तीसरे स्तर पर एमएसएमई के तहत 1362 आवेदन सत्यापित किए गए है। जबकि शेष बचे स्वीकृति आवेदनों की जांच चल रही है। योजना का लाभ लेने के लिए सत्यापित हो चुके इन आवेदकों को अब कौशल विकास योजना के तहत ट्रेडवार प्रशिक्षित किया जाएगा। छह से सात दिनों के प्रशिक्षण अवधि के समय में प्रत्येक को 500 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से मानदेय दिया जाएगा। प्रशिक्षण के बाद उद्योग विभाग द्वारा कारीगर को 15 हजार रुपये तक एक ई-बाउचर दिया जाएगा। इसके माध्यम से वह नामित एजेंसी के जरिए अपने ट्रेड के आधार पर टूल किट ले सकेगा।

दर्जी और राजगीर का होगा ऑफलाइन सत्यापन

भारत सरकार की गाइडलाइन के आधार पर दर्जी और राजगीर मिस्त्री ट्रेड के आवेदनों की जांच दो बार कराई जा रही है। पहली बार ऑनलाइन आवेदन के बाद ग्रामीण स्तर पर प्रधान व बीडीओ द्वारा तो शहरी क्षेत्र में ईओ द्वारा। इसके बाद ऑफलाइन स्तर पर भी मौके पर जाकर दर्जी और राजगीर मिस्त्री का सत्यापन किया जा रहा है। बताते चले कि इन दोनों ट्रेडों में सबसे अधिक 5158 आवेदन विभाग को मिले हैं। इनमें ग्रामीण स्तर के 4565 और शहरी क्षेत्र के 593 आवेदन शामिल हैं।

> पात्र कारीगरों को एक सप्ताह का प्रशिक्षण देने, टूल किट खरीदने के लिए 15 हजार का ई-वाउचर दिया जाएगा। इसके साथ कारोबार को बढ़ाने के लिए पांच प्रतिशत ब्याज पर एक लाख रुपये तक ऋण भी दिलाया जाएगा। गाइडलाइन के आधार पर पात्रों का चयन किया जा रहा है।
> –आशुतोष श्रीवास्तव, उपायुक्त उद्योग, बाराबंकी।

दहेज हत्या मामले में एक को सात साल की कैद

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : अपर सत्र न्यायाधीश (एफटीसी) कोर्ट संख्या 36 ने दहेज हत्या की घटना से सम्बन्धित अभियुक्त को 7 वर्ष कठोर कारावास व 15 रुपये अर्थदण्ड अदा करने की सजा सुनाई।

थाना मसौली पर दहेज हत्या की घटना के सम्बन्ध में पंजीकृत प्रकरण में अभियुक्त मो. शरीफ पुत्र हाजी मो. सईद निवासी अनूपगंज थाना मसौली को दर्ज धाराओं में न्यायालय ने दोष सिद्ध करते हुए 7 वर्ष कठोर कारावास व 15 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया। संक्षिप्त विवरण के अनुसार 17 फरवरी 2018 को वादी हाफिज लुकमान पुत्र स्व. सुलेमान निवासी इस्लामपुर थाना मसौली ने अभियुक्त के विरूद्ध दहेज के लिए प्रताड़ित करने व जहर देकर हत्या करने के सम्बन्ध में थाना मसौली पर तहरीर दी। सूचना के आधार पर मो. शरीफ पुत्र हाजी मो. सईद निवासी अनूपगंज थाना मसौली के विरूद्ध मामला पंजीकृत किया गया। तत्कालीन विवेचक क्षेत्राधिकारी उमाशंकर सिंह ने साक्ष्य संकलन कर वैज्ञानिक विधि से विवेचना पूर्ण कर अभियुक्त के विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया।

एआरवी लगने के बाद भी मरीज में रैबीज की पुष्टि

अजीब हरकतें कर रहा मरीज, 21 अगस्त को काटा था कुत्ता

संवाददाता, त्रिवेदीगंज, बाराबंकी

- प्रभारी बोले- इस तरह की हरकतों की वजह एआरवी नहीं

अमृत विचार : पागल कुत्ते के काटने के बाद पीड़ित ने एंटी रैबीज इंजेक्शन का कोर्स पूरा कर लिया। इसके बाद भी पीड़ित को आराम मिलने के बजाए उसकी हालत और बिगड़ गई। उसकी अजीबोगरीब हरकतें देख परिजनों ने सिविल अस्पताल में दिखाया, जहां पीड़ित के शरीर में रैबीज के वायरस होने की पुष्टि हुई। फिलहाल उसे बंद कमरे में रखा जा रहा। सीएचसी अधीक्षक के अनुसार पीड़ित को यह दिक्कत किसी अन्य बीमारी के कारण भी हो सकती है।

लोनीकटरा थाना क्षेत्र के नरेंद्रपुर मदरहा गांव राम नारायण ने बताया कि उनके बड़े भाई राम उजागर को बीती 21 अगस्त को गांव के बाहर पागल कुत्ते ने काट लिया था, जिसके बाद उन्हें सीएचसी त्रिवेदीगंज पर एंटी रैबीज इंजेक्शन लगवाया गया। पीड़ित बीते पांच दिन से अजीबोगरीब हरकतें करने लगा है। जैसे कि पानी देख कर डरना, धूप देख अंधेरे में छुप जाना। यह हरकतें देख उसे 23 सितम्बर को पुनः सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां से उन्हें बाराबंकी रेफर कर दिया गया। इस बीच उन्हे लखनऊ सिविल अस्पताल में आकस्मिक चिकित्सक को दिखाया गया, जहां बताया गया कि पीड़ित के शरीर में रैबीज के वायरस हैं यह कहकर मरीज को वापस कर दिया गया। परिजन बताते हैं कि तीन दिन से पीड़ित कमरे में बन्द है, खाना पानी बंद है। उल्लेखनीय है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र त्रिवेदीगंज पर प्रशिक्षण के लिए एक दर्जन से ज्यादा बीफार्मा व डीफार्मा डिग्रीधारी लोग ही चिकित्सक के निर्देशानुसार इंजेक्शन एवं दवाएं वितरण का काम कर रहे हैं। एक चिकित्सक ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि वास्तव में इस तरह की समस्याएं प्रशिक्षण प्राप्त करने आए लोगों के कारण उत्पन्न हुई है। इस बारे में प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक डा. हरप्रीत सिंह ने बताया कि मरीज को एंटी रैबीज इंजेक्शन लगे हैं। वह जो हरकतें कर रहा है, उसकी जांच के बाद ही पता चलेगा कि उसे क्या बीमारी है। यह हरकतें कई बीमारियों में होती है।

दंबगई करने वाले तीन लोग गिरफ्तार

कार्यालय संवाददा ता , बाराबंकी। अमृत विचार : अयोध्या मार्ग पर पीआरवी के सामने एक युवक की जोरदार पिटाई के मामले में आरोपी तीन लोगों को पकड़ लिया गया। तीनों आरोपी मसौली थाना क्षेत्र के रहने वाले है।

बताते चलें कि मंगलवार की देर रात कुछ युवकों ने आजाद नगर के पास डा. वर्मा कोठी के सामने दो युवकों को पीटना शुरु कर दिया। इसकी सूचना मिलने पर वहां पर पीआरवी पुलिस भी पहुंची, पुलिस कार्रवाई करती लेकिन उनके सामने ही युवकों ने पिटाई जारी रखी और पुलिस खड़ी तमाशा देखती रही। किसी तरह बीच बचाव कर मामला शांत कराया गया। इसके बाद पुलिस ने पिटाई करने वाले आरोपियों मो. आमिर पुत्र स्व. जाकिर अली, मो. विलाल पुत्र जाकिर अली, राजा उर्फ इमरान पुत्र कादिर अली निवासी सुरसण्डा थाना मसौली को गिरफ्तार कर लिया।

लखनऊ जा रहे कैदी की बाराबंकी में मौत

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

- बस्ती कारागार में निरूद्ध कैदी को किया गया था रेफर
- 78 साल का कैदी हत्या प्रकरण में काट रहा था उम्रकैद

अमृत विचार : गंभीर हालत में बस्ती से लखनऊ ले जाए जा रहे कैदी की बाराबंकी से गुजरते समय मौत हो गई। हत्या के मामले में बस्ती जिला कारागार में आजीवन कारावास की सजा काट रहा कैदी हार्ट अटैक पड़ने के बाद गंभीर दशा में बस्ती अस्पताल में भर्ती था। डाक्टरों से मौत की पुष्टि होने के बाद स्थानीय पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया।

जानकारी के अनुसार मृतक कैदी का नाम राजाराम उम्र 78 वर्ष है, जो संतकबीरनगर जिला दुधारा थाना अंतर्गत ग्राम सईं कटई का रहने वाला था। क्षेत्र में रंजिश को लेकर दो पक्षों में मारपीट हुई, इस घटना में एक पक्ष के कई लोगों की जान चली गई थी। कैदी राजाराम को वहां की कोर्ट ने हत्या के प्रकरण में आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। बस्ती जिला कारागार में निरूद्ध कैदी की तीन दिन पूर्व अचानक तबियत बिगड़ गई, हार्ट के मरीज राजाराम को जिला कारागार से बस्ती जिला अस्पताल ले जाया गया। मंगलवार की दोपहर अचानक इसकी तबियत ज्यादा बिगड़ गई, वहां से डाक्टरों ने मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया। परिजन व पुलिस वृद्ध कैदी को लेकर एंबुलेंस से लखनऊ जा रहे थे। बाराबंकी से गुजरते समय ही कैदी की सांस थमने लगी। संदेह होने पर पुलिस व परिजन इसे लेकर मंगलवार की देर रात जिला अस्पताल बाराबंकी पहुंचे, जहां पर डाक्टरों ने कैदी को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

सार-संक्षेप

एनसीपी के राष्ट्रीय सचिव बनाए गए धनंजय शर्मा

संवाददाता, बाराबंकी। अमृत विचार : नेशनल कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल ने धनंजय शर्मा को राष्ट्रीय सचिव नामित किया है। इस बात की खबर मिलते ही पार्टी कार्यकर्ताओं में खुशी और जोश का माहौल है। बताते चलें की शर्मा छात्र राजनीति के जरिये मुख्य धारा की राजनीति में आये। इससे पूर्व धनंजय एनसीपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रह चुके। प्रदेश के युवाओं और प्रबुद्ध वर्ग में खास पकड़ रखने के लिए जाने जाने वाले शर्मा का कहना है पार्टी ने हम पर भरोसा जता कर महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। उन्होंने कहा पार्टी के निष्ठावान कार्यकर्ता की हैसियत से संगठन और पार्टी के हित में काम करता रहूंगा। प्रदेश में एनसीपी के सांगठनिक विस्तार को लेकर पूछे गए सवाल में उन्होंने कहा कि जिला मुख्यालय से लेकर विकासखंड स्तर पर संगठन को मजबूत करने के लिए रणनीति बनाकर काम करूंगा। उन्होंने पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है।

विद्युत कर्मचारियों की समस्याओं का हो समाधान : सुमन

संवाददाता, बाराबंकी। अमृत विचार : मुख्यमंत्री ने बताया कि जनपद बाराबंकी को राज्य राजधानी क्षेत्र में सम्मिलित कर दिया गया है। जिसका यह अर्थ नहीं है कर्मचारियों व जनता को भूखा मार दिया जाए, लेकिन मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड बाराबंकी में 1100 संविदा कर्मियों का वेतन दो-दो माह तक नहीं दिया गया है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य परिषद सदस्य रणधीर सिंह सुमन ने जिला अधिकारी को पत्र लिखकर कहा है कि संविदाकर्मियों से 24 घण्टे कार्य तो लिया जा रहा है, लेकिन वेतन भुगतान केवल दस से ग्यारह हजार रुपये ही दिया जा रहा है। जिससे इनका परिवार भुखमरी के कगार पर है, लेकिन विद्युत विभाग अपने ही कर्मचारियों वेतन भुगतान न करके मुख्यमंत्री के सपनों को नष्ट कर रही है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने मांग कि है कि अविलम्ब विदुत विभाग के कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान किया जाए।

आयुष्मान कार्ड बनाने का अभियान जारी

संवाददाता, रामसनेहीघाट, बाराबंकी। अमृत विचार : आयुष्मान कार्ड बनाने को लेकर क्षेत्र में ग्राम पंचायतों में चल रहे अभियान का बुधवार को बीडीओ डॉ विनय कुमार मिश्रा ने जायजा लिया। ग्राम पंचायत थोरथिया में गोल्डेन आयुष्मान कार्ड बना रहे कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बीडीओ ने बताया कि योग्य लाभार्थियों का गोल्डेन आयुष्मान कार्ड बनाने के लिये विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

स्व. छोटे लाल यादव के तेरहवीं संस्कार में शामिल हुए गोप

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी। अमृत विचार : कई बार विधायक रहे पूर्व राज्यमंत्री स्व . छोटे लाल यादव के विगत दिनों हुए निधन के बाद उनके पैतृक ग्राम बेल्हा गोपालपुर के आवास पर आयोजित उनके तेरहवीं संस्कार में बुधवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप शामिल हुए। स्मृतिशेष छोटे लाल यादव के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर कर पार्टी के लिए किए गए छोटेलाल यादव के समर्पण और संघर्ष को याद करते हुए गोप ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर पूर्व सांसद रामसागर रावत, पूर्व विधायक रामगोपाल रावत, पूर्व विधायक राजलक्ष्मी वर्मा, जिला अध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद, प्रदेश सचिव सरताज चौधरी, जिला उपाध्यक्ष अजय वर्मा बबलू, नसीम कीर्ती, फारूक मुबीन, कुसुम लता रावत, ज्ञान सिंह यादव, बाबुल मिश्रा, दीपक गुप्ता और जिला प्रवक्ता वीरेंद्र प्रधान समेत तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे।

पीड़ित को वापस मिले ठगे गए 25 हजार

पीड़ित को पैसे वापस देती साइबर क्राइम टीम। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी। अमृत विचार : फर्जी पेमेंट लिंक भेजकर पीड़ित के खाते से निकाले गये 25 हजार रुपये साइबर क्राइम टीम की त्वरित कार्यवाही से पीड़ित के बैंक खाते में वापस हो गए। साइबर क्राइम ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से एक शिकायती प्रार्थना पत्र मिला, जिसमें आवेदक लोकेश कुमार मिश्र निवासी भीतरी पीर बटावन थाना कोतवाली को साइबर अपराधियों ने मोबाइल नंबर पर फर्जी पेमेंट लिंक भेजकर खाते से 25 हजार रुपये धोखाधड़ी कर निकाल लिए थे। इस प्रकरण में तत्काल साइबर क्राइम थाना ने साइबर तकनीक का प्रयोग कर संबंधित मर्चेंट से पत्राचार कर सम्पूर्ण धनराशि 25 रुपए आवेदक के खाते में वापस कराए।

काली पट्टी बांध वकीलों ने जताया विरोध

संवाददाता, फतेहपुर, बाराबंकी। अमृत विचार : इलाहाबाद जिला बार द्वारा पास किये गये छह सूत्रीय मांग पत्र का समर्थन करते हुए तहसील बार में पूर्व प्रस्तावित कार्यक्रम ले तहत न्यायिक कार्यों से विरत रहते हुए काला दिवस के रूप में विरोध प्रदर्शन किया गया। तथा प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी फतेहपुर का सौंपकर कार्रवाई की मांग की। सभी अधिवक्ता पुरानी कचहरी में एकत्रित हुए और सभी ने अपनी अपनी बाहों पर कपड़ा बांधकर विरोध प्रदर्शन जताया, और नारेबाजी करते हुए तहसील चौराहा होकर एसडीएम के कार्यालय पहुंचे। जहां पर उपजिलाधिकारी राजेश कुमार विश्वकर्मा को ज्ञापन सौंप कर कार्यवाही की मांग की। अध्यक्ष प्रदीप कुमार निगम ने बताया कि प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश, बार काउंसिल आफ इंडिया को भी संबोधित ज्ञापन भेजे गए हैं। इस मौके पर महामंत्री संजय सिंह नम्बरदार, अनीक अहमद, श्रवण कुमार वर्मा, हरिनाम सिंह वर्मा, सतीश वर्मा, के बी सिंह, इन्द्रेश शुक्ला, प्रेमचन्द्र पाल प्रमोद कुमार सिंह, प्रभात वर्मा, रामऔतार गौतम, अशोक यादव, ज्ञानू सिंह, नितिन मुकेश सहित काफी संख्या में अधिवक्ता मौजूद थे।

लोहिया-दीन दयाल की वैचारिकी से निकाला महासंघ का हल

कार्यलय संवाददाता, बाराबंकी : अमृत विचार : एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर बुधवार को गांधीवादी अध्येता राजनाथ शर्मा ने उनके साथ बिताए संस्मरण को साझा करते हुए उन्हें याद किया। श्री शर्मा ने बताया कि साल 1965-66 में प्रखर समाजवादी नेता डॉ राममनोहर लोहिया के निर्देश पर जनसंघ अध्यक्ष पं दीन दयाल उपाध्याय से मिला। डॉ लोहिया और दीन दयाल उपाध्याय ने एक मत होकर भारत और पाकिस्तान के बीच महासंघ बनाने बात कही। यह घटना 12 अप्रैल 1964 की है। जब डॉ लोहिया और दीन दयाल उपाध्याय के बीच भारत पाक महासंघ पर संयुक्त वक्तव्य जारी हुआ। इस ऐतिहासिक घटना के बाद डॉ लोहिया भारत पाक महासंघ की मुहिम को तेज करना चाहते है। इस बात को जनता के बीच ले जाने का माध्यम उन्होंने मुझे बनाया। डॉ लोहिया के निर्देश पर बाराबंकी में दो दिवसीय भारत पाकिस्तान महासंघ बनाओ सम्मेलन आयोजित हुआ। जिस सम्मेलन का उद्घाटन पं दीन दयाल उपाध्याय को करना था। श्री शर्मा ने बताया कि जब वह दीन दयाल उपाध्याय से मिलने लखनऊ स्थित जनसंघ के दफ्तर पहुंचे तब वह अपने कपड़े धो रहे थे। उन्होंने फौरन मुझसे मुलाकात की और निमंत्रण स्वीकार किया। लेकिन उन्होंने कहा कि प्रयाग में महाकुंभ शुरू हो रहा है, जहां विश्व हिन्दू समागम में मुझे आमंत्रित किया है। लेकिन दीन दयाल जी प्रयाग से आ बाराबंकी नहीं सके। इसका बाद में उन्होंने खेद व्यक्त किया। बहरहाल, सम्मेलन का उद्घाटन पूर्व जस्टिस पं. आनंद नारायण मुल्ला ने किया।

फंदे से लटका मिला युवक का शव

संवाददाता, निन्दूरा, बाराबंकी। अमृत विचार : कुर्सी थाना क्षेत्र में बैना टीकरहार गांव के पास जंगल में एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ से लटकता मिला। मृतक की शिनाख्त लखनऊ जनपद वासी के रूप में हुई है। शव करीब तीन दिन पुराना बताया जा रहा। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर छानबीन शुरू की है। जानकारी के अनुसार बैना टीकरहार गांव के बाहर स्थित जंगल में एक युवक का शव नीम के पेड़ से लटकता मिला। बुधवार सुबह गांव का एक किसान मवेशियों के लिए चारा लेने जंगल गया था। जहां रास्ते में उसे पेड़ से एक शव लटकता देख किसान ने शोर मचाना शुरू कर दिया। शोर सुनकर वहां भीड़ लग गई। ग्रामीणों ने युवक की पहचान भोला गौतम के रूप में की जो सीमा पार लखनऊ जिले का रहने वाला है। थानाध्यक्ष गजेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि युवक शराब के नशे का आदी था। वह रविवार को घर से निकला। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार 3 लोगों को रौंदा

संवाददाता, फतेहपुर, बाराबंकी

- एक की हालत गंभीर, जिला अस्पताल रेफर

अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र में तेज रफ्तार कार ने टक्कर मारते हुए बाइक पर सवार तीन लोगों को रौंद डाला। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी को इलाज के लिए सीएचसी भेजा। जहां पर मौजूद चिकित्सकों ने एक की हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

घटना कोतवाली क्षेत्र के मुख्य मार्ग स्थित गांव बसारा के पास की है। जहां पर बाराबंकी की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार ने बाइक पर सवार आमिल पुत्र मुख्तार निवासी मदनपुर को टक्कर मार दी। जिससे बाइक समेत आमिल सड़क पर गिरकर बेहोश हो गया। टक्कर मारने के बाद अनियंत्रित कार ने देवा थाना क्षेत्र के गांव अहिबरा निवासी अभिषेक पुत्र राजू, संजय पुत्र मोलहे को भी टक्कर मार दी। जिससे वह दोनों घायल हो गए। घटना के बाद कार सवार युवक भगाने का प्रयास करने लगा। लेकिन आवागमन कर रहे राहगीरों ने उसे पड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। हादसे में घायल युवकों को एंबुलेंस द्वारा सीएचसी फतेहपुर भेजा गया। जहां पर मौजूद चिकित्सकों ने आमिल की हालत को गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। इस संबंध में कोतवाल डीके सिंह ने बताया, कार सवार सहित चार लोग घायल हैं। जिनका इलाज किया जा रहा है अगर किसी पीड़ित पक्ष द्वारा तहरीर प्राप्त होती है उसे पर विधिक करवाई की जाएगी।

फार्मेसी दिवस पर छाया रहा कोलकाता कांड

नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन करते छात्र छात्राएं। अमृत विचार

हैदरगढ़, बाराबंकी

अमृत विचार : विश्व फार्मेसी दिवस के अवसर पर हैदरगढ़ स्थित एसएनए इंस्टिट्यूट ऑफ़ फार्मेसी में बुधवार को प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। वहीं कॉलेज से नगर के मुख्य चौराहे तक जुलूस निकालने के बाद नुक्कड़ नाटक का आयोजन हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम्यांचल सेवा समिति के निदेशक शरद अवस्थी एवं सचिव आशुतोष अवस्थी, कोषाध्यक्ष सिद्धार्थ अवस्थी ने किया। इस अवसर पर मानवीय चिकित्सा विज्ञान एवं शरीर क्रिया विज्ञान के पोस्टर एवं रंगोली के माध्यम से छात्रों द्वारा सजीव चित्रण कर जन जागरुकता करने का प्रयास किया गया। फार्मेसी में कार्यक्रम के उपरांत हैदरगढ़ मुख्य चौराहे तक भव्य रैली निकाल कर लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरुक रहने के लिए प्रेरित किया गया। मुख्य चौराहे पर फार्मेसी के छात्र-छात्राओं ने कोलकाता कांड पर आधारित नुक्कड़ नाटक का मंचन किया। इस अवसर पर ग्राम्यांचल विधि महाविद्यालय के प्राचार्य अजय तिवारी, इंस्टिट्यूट के निदेशक मोहम्मद सोहराब, रजिस्ट्रार वी. एस. पाण्डेय, प्रिसिंपल सिशांत राव, दिव्य तथा समस्त अध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

धूमधाम से मनाया गया फार्मासिस्ट दिवस

जैदपुर, बाराबंकी। अमृत विचार : फार्मेसी एंड फार्मासिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन उत्तरप्रदेश की शाखा बाराबंकी द्वारा विश्व फार्मासिस्ट दिवस बड़ी धूम धाम से मनाया गया। जिसमें जिले से सैकड़ो की संख्या में आये फार्मासिस्टों ने अपना योगदान दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अरुण मौर्य ने की। मंच संचालन जिला महामंत्री अभिषेक वर्मा ने किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिला औषधि निरीक्षक सीमा सिंह व शैलेंद्र प्रताप सिंह सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा, विशिष्ट अतिथि मुख्य खाद्य सुरक्षा बाराबंकी अधिकारी नीरज पांडे, संगठन के प्रदेश महासचिव अनूप वर्मा, प्रदेश कोषाध्यक्ष मनोज रावत ने सभी को विश्व फार्मासिस्टों दिवस की बधाई देते हुए शुभकामनाएं प्रेषित कीं। मनोज रावत ने संबोधित करते हुए कहा कि फार्मासिस्ट डॉक्टर और मरीज के बीच की बहुत ही महत्वपूर्ण कड़ी है। फार्मासिस्ट समाज में बहुत उपयोगी व्यक्ति है, जो फार्मास्यूटिकल इंडस्ट्री से लेकर ब्लड बैंक, हॉस्पिटल और मेडिकल स्टोर में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए समाज के स्वास्थ्य प्रहरी के रूप में दिन रात कार्य करता है। फार्मासिस्ट के इसी कार्य समर्पण के प्रति आभार व्यक्ति करने के लिए प्रतिवर्ष 25 सितंबर को देश विदेश में विश्व फार्मासिस्ट दिवस मनाया जाता है।

अखिलेश का पुतला फूंकने वालों पर दर्ज हो मुकदमा

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : छात्र संघ बहाली, छात्र उत्पीड़न आदि मामलों को लेकर समाजवादी छात्र सभा ने बुधवार को विरोध प्रदर्शन करने का प्रयास किया पर इन्हें पटेल तिराहे पर ही रोक लिया गया। मौके पर पहुंचे अधिकारियों को मांगों का ज्ञापन सौंपा गया।

सपा के संगठन समाजवादी छात्र सभा के बैनर तले जिलाध्यक्ष सोनू रावत की अगुवाई में युवा कार्यकर्ता पटेल तिराहे पर एकत्र हुए। यहां पर वह सभी विरोध प्रदर्शन करना चाह रहे थे, लेकिन मौके पर पहुंची पुलिस ने उन्हे प्रदर्शन करने से रोक दिया। यहां पर पहुंचे एसडीएम विजय कुमार त्रिवेदी, सीओ सिटी सुमित त्रिपाठी और सीओ सदर हर्षित चौहान को जिलाध्यक्ष की ओर से समस्याओं का ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन देने के बाद जिलाध्यक्ष ने बताया कि जनेस्मा के साथ ही सभी कालेजों में छात्र संघ बहाल किया जाए, यह अहम मुद्दा है। इसके साथ ही छात्रों का उत्पीड़न रोका जाए। उन्होंने कहा कि भाजपा के संगठन भाजयुमो ने सपा मुखिया के करीब छह पुतले फूंके। वह और उनके कार्यकर्ता चाहें तो 600 पुतले फूंक सकते हैं लेकिन राष्ट्रीय अध्यक्ष ने ऐसा करने से मना किया है। मांग की कि सपा मुखिया का पुतला फूंकने वाले भाजयुमो कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए और उन पर मुकदमा दर्ज किया जाए। इस दौरान छात्र सभा के अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

ठगी पीड़ित के साथ हुई घटना पर कार्रवाई की मांग

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

- शिवसेना उधव गुट ने डीएम को संबोधित ज्ञापन सौंपा

अमृत विचार : शिवसेना यूबीटी पदाधिकारियों ने जिला प्रमुख मनोज मिश्र विद्रोही के साथ जिलाधिकारी कार्यालय पहुंच कर पार्टी जिला मिडिया प्रभारी सोमनाथ मिश्र के साथ घटित ठगी की घटना में समुचित कार्यवाही न होने के विरोध में कार्रवाई की मांग को लेकर जिलाधिकारी को संबोधित मांग पत्र वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी गुरु सहाय निगम को सौंपा।

ठगी के शिकार पार्टी पदाधिकारी सोमनाथ मिश्र ने बताया कि वित्तपोषित कॉलेज में खेल शिक्षक की नौकरी दिलाने के नाम पर कोठी थाना क्षेत्र के ग्राम टेडवा पूरब निवासी अनूप पांडेय, रमा शंकर पांडेय न तीन लाख रुपए ले लिए। इस संबंध में पार्टी जिला प्रमुख मनोज मिश्र विद्रोही ने कहा कि यदि दोषियों पर कार्यवाही नहीं की जाती है तो प्रशासन व शासन का ध्यान आकृष्ट कराने के लिए एक पखवारे के पश्चात धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इस अवसर पर पार्टी की प्रदेश सचिव सविता श्रीवास्तव, मीरा श्रीवास्तव, अविनाश सिंह, संदीप चौहान ,राम तेज चौहान,शहाबुद्दीन आदि उपस्थित थे।

खेलकूद | व्यापार मण्डल द्वारा आयोजित कुश्ती पर देश, प्रदेश के पहलवानों ने दिखाया दांव पेंच

अयोध्याजी ने शैतान-रावन सिंह को चटाई धूल

संवाददाता, फतेहपुर, बाराबंकी

दंगल में दावपेंच दिखाते पहलवान। अमृत विचार

अमृत विचार : कस्बे के नेशनल इण्टर कॉलेज मैदान पर आयोजित कुश्ती में हनुमान गढ़ी के पहलवान बाबा अयोध्या ने राजस्थान के पहलवानों को अपने बेहतरीन दावपेंच के चलते धूल चटा दी। कुश्ती में देश, प्रदेश के पहलवानों ने भाग लिया। पहलवानों को व्यापार मण्डल की ओर से पुरस्कृत किया गया।

अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल की ओर से आयोजित कुश्ती का पहला मुकाबला उन्नाव के लवकुश व गोण्डा के अमरजीत के बीच हुआ जो बराबरी पर छूटा। दूसरे व तीसरे मुकाबले में अयोध्या के हनुमानगढ़ी के पहलवान बाबा अयोध्याजी ने राजस्थान के शैतान सिंह व रावन सिंह को धूल चटाते हुए कुश्ती प्रेमियों का दिल जीत लिया। अन्य मुकाबलों में गाजीपुर के आदित्य ने बाराबंकी के गणेश, चन्दन ने बाराबंकी के इशान, दिल्ली के बीर पहलवान ने ग्वालियर के विनोद कुमार, राजस्थान के जल्लाद सिंह ने कानपुर के सुरेन्द्र, लखनऊ के अमित ने बहराइच के आकाश, बाराबंकी के मुशरर्फ ने गाजीपुर के बलबीर को हराया। जबकि उन्नाव के लवकुश गोण्डा के अमरजीत, मथुरा के शिवम गोण्डा के अमित, गाजीपुर के आनन्द गोण्डा के कृष्णकान्त सिंह, लखनऊ के बाबी उन्नाव के विपिन यादव के बीच मुकाबला बराबरी पर छूटा। प्रतियोगिता का शुभारम्भ एसडीएम राजेश विश्वकर्मा ने फीता काटकर किया। कहा कि मन में दंगल नहीं होना चाहिए, यह एक खेल है इसे खेल भावना से खेलें। व्यापार मण्डल अध्यक्ष रवीन्द्र वर्मा, महामंत्री वहीद, उपाध्यक्ष राकेश गुप्ता, पूर्व प्रमुख दिनेशचन्द्र वर्मा, निजामुद्दीन, प्रवीन वर्मा, नगर चौकी इंचार्ज हरिश्चन्द्र आदि मौजूद रहे।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

प्रलये भिन्नमर्यादा भवन्ति किल सागरा : ।
सागरा भेदमिच्छन्ति प्रलयेऽपि न साधव : ॥

समुद्र में प्रलय आने पर वह मर्यादा भूल किनारों को तोड़ देती है, लेकिन सज्जन पुरुष किसी भी प्रकार की प्रलय के सामने अपनी मर्यादा नहीं भूलते।

संपादकीय

पड़ोस में उम्मीद की नई किरण

पड़ोसी देश श्रीलंका में करीब दो वर्ष पहले उपजे आर्थिक संकट के बीच जो हालात पैदा हुए थे, उसके मद्देनजर विश्व में यह आशंका स्वाभाविक थी कि इस स्थिति से निकलने में देश को शायद काफी वक्त लग जाए, लेकिन राष्ट्रपति के चुनावों के बाद वहां नई सत्ता की स्पष्ट तस्वीर उभर कर सामने आई है। वामपंथी नेता अनुरा कुमारा दिसानायके ने नौवें राष्ट्रपति के रूप में श्रीलंका की सत्ता संभाल ली है। दिसानायके की जीत का मतलब है कि श्रीलंका की राजनीति में एक नई शुरुआत हो रही है। देश के राजनीतिक इतिहास में पहली बार मार्क्सवादी-लेनिनवादी पार्टी की सरकार बनी है। दिसानायके ने राष्ट्रपति की शपथ लेते ही अपने वादे के अनुरूप देश की संसद भंग कर, नवंबर में आम चुनाव की घोषणा भी कर दी। गौरतलब है कि श्रीलंका में वर्ष 2019 में हुए राष्ट्रपति चुनाव में दिसानायके को सिर्फ तीन फीसद वोट मिले थे। यह कहने में कोई गुरेज नहीं कि इस बीच श्रीलंका में आर्थिक संकट और बिगड़ती स्थिति के बीच मुख्यधारा के बाकी राजनीतिक पक्षों में से किसी की भी आम लोगों की अपेक्षाओं या उम्मीदों के बीच जगह नहीं बची थी। देश से भ्रष्टाचार खत्म करने, मजदूरों की आवाज उठाने और अच्छा प्रशासन देने के दिसानायके के वादे ने एक तरह से अंधेरे में घिरी आम जनता को उम्मीद की रोशनी दी। इस आधार पर कहा जा सकता है कि इस चुनाव में उनके भ्रष्टाचार विरोधी और लोक कल्याणकारी मुद्दों को भारी समर्थन मिला।

नई सरकार आने के बाद भारत और उसके पड़ोसी देशों की इस बात पर नजर रहेगी कि नई भू-राजनीतिक परिस्थितियों के बीच अंतर्राष्ट्रीय संबंधों के समीकरण में श्रीलंका क्या रुख अख्तियार करेगा? हालांकि दिसानायके ने शपथ लेने के बाद भारत से संबंधों को लेकर अपनी प्रतिबद्धता जताई है। पहले से ही इस बात की भी आशंका जताई जाती रही है कि चीन के कर्ज के जाल में उलझने का असर श्रीलंका के अपने पड़ोसी देशों के साथ संबंधों और नीतियों पर पड़ सकता है। यहां गौर करने वाली बात यह भी है कि राष्ट्रपति दिसानायके मार्क्सवादी हैं इसलिए राजनीतिक क्षेत्र में उनकी छवि चीन समर्थक की है। ऐसे में यह शंका होना भी लाजमी है कि कहीं चीन मार्क्सवादी राष्ट्रपति के शासनकाल का फायदा उठाकर भारत के सुरक्षा हितों को नुकसान न पहुंचा दे। साथ ही वामपंथी विचारधारा के एक नेता के राष्ट्रपति बनने के बाद यह बात भी गौर करने वाली होगी कि श्रीलंका चीन के प्रभाव से किस हद तक मुक्त रह पाता है?

विकसित देश के लिए जीडीपी के साथ एचडीआई और एचआई आवश्यक

प्रो .एच .सी .पुरोहित
दून विश्वविद्यालय

भारतीय बाजार में विश्व के निवेशकों का बढ़ता भरोसा अर्थव्यवस्था की स्थिरता और हमारी उदार व लचीली आर्थिक नीतियों को दर्शाता है, जिससे निवेशक अन्य देशों के मुकाबले भारत की ओर अधिक आकर्षित हो रहे हैं। मोर्गन स्टेनली कैपिटल इंडेक्स (एमएससीआई) के नवीनतम सूचकांक में भारत ने चीन को पछाड़कर पहला स्थान प्राप्त किया है।

भारत की अर्थव्यवस्था विश्व की सभी अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में तेज गति से बढ़ रही है। पिछले एक दशक में यह दसवें स्थान से पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर उभरी है और यदि विकास की यही गति रही, तो शीघ्र ही यह तीसरी आर्थिक शक्ति बन जाएगी। जैसा कि आईडीबीआई कैपिटल की रिपोर्ट में जिक्र भी किया गया है कि सितंबर माह के पहले दो सप्ताह में भारतीय शेयर बाजार में एफपीआई के माध्यम से 53 हजार करोड़ का निवेश प्राप्त हुआ, जिसमें से 28 हजार करोड़ से अधिक निवेश शेयर बाजार में किया गया।

भारतीय बाजार में विश्व के निवेशकों का बढ़ता भरोसा अर्थव्यवस्था की स्थिरता और हमारी उदार व लचीली आर्थिक नीतियों को दर्शाता है, जिससे निवेशक अन्य देशों के मुकाबले भारत की ओर अधिक आकर्षित हो रहे हैं। मोर्गन स्टेनली कैपिटल इंडेक्स (एमएससीआई) के नवीनतम सूचकांक में भारत ने चीन को पछाड़कर पहला स्थान प्राप्त किया है। इन दोनों सूचकांकों में पहला, ईएमआईएमआई और दूसरा, ईएम सूचकांक में भारत ने काफी प्रगति हासिल की है, जिसके कारण कई नए स्टॉक इन पोर्टफोलियो से जुड़े हैं। हालांकि चीन का कुल बाजार पूंजीकरण भारत की तुलना में साठ प्रतिशत अधिक है,परंतु इन दो सूचकांकों में भारत की वृद्धि वैश्विक स्तर पर बढ़ती इसकी साख और अर्थव्यवस्था की स्थिरता को इंगित करती है,जिस कारण भारत के बाजार वैश्विक निवेशकों की पहली पसंद बन रहे हैं। क्योंकि जहां एक ओर अमेरिका मंदी की आहट से जूझ रहा है, वहीं विश्व के अन्य देश भी आर्थिक अस्थिरता के दौर से गुजर रहे हैं।

ऐसे में भारतीय कंपनियों में भरोसा और भारतीय बाजारों के बढ़ते महत्व को बनाए रखने के लिए विश्वास का वातावरण विकसित करना आवश्यक होगा। क्योंकि विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए बैंकिंग क्षेत्र में संरचनात्मक सुधार, ढांचागत सुदृढ़ीकरण, मेक इन इंडिया अभियान के तहत औद्योगिक प्रोत्साहन नीति से विनिर्माण को गति प्रदान करना, सूचना तकनीकी क्षेत्र का विस्तार आदि क्षेत्रों में तेजी से कार्य करना होगा, जिससे अर्थव्यवस्था में जीडीपी का आकार बढ़ेगा और देश विश्व की तीसरी आर्थिक शक्ति बनकर उभरेगा। वर्तमान में भारत की जीडीपी 6.5 से 7 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान है,जो पिछले वित्त वर्ष में 8 प्रतिशत की गति से बढ़ी थी। वर्तमान में जीडीपी में कृषि,उद्योग एवं सेवा क्षेत्र की भागीदारी क्रमशः 15 प्रतिशत, 28.3 प्रतिशत एवं 56.7 प्रतिशत है। वित्त वर्ष 24 में विनिर्माण क्षेत्र में 9.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि निर्माण गतिविधियों में भी 9.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। कृषि व उद्योग क्षेत्र का अंशदान बढ़ाने पर भी फोकस करना होगा।

विकसित भारत में प्रसन्नता सूचकांक (एचआई) और मानव विकास सूचकांक (एचडीआई) पर सुधार आवश्यक है। यह एक महत्वपूर्ण दृष्टिकोण है, केवल आर्थिक विकास पर ध्यान केंद्रित करने से हम नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता, स्वास्थ्य, शिक्षा और खुशी जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं को नजरअंदाज नहीं कर सकते हैं। क्योंकि विविध संस्कृतियों, परिदृश्यों और परंपराओं से भरी दुनिया में खुशी की तलाश करना एक सार्वभौमिक प्रयास है। हम सभी खुशी, संतोष और खुशहाली की चाहत रखते हैं। खुशी की तलाश सिर्फ एक प्राथमिकता नहीं है,यह इंसान होने का एक बुनियादी हिस्सा है। इसलिए नीति निर्माताओं को आमजन की खुशी में योगदान देने वाले कारकों को समझने और उन क्षेत्रों की पहचान करने की आवश्यकता है,जिनमें सुधार करने से प्रसन्नता सूचकांक में सुधार किया जा सकता है।

हालांकि मार्च 2024 में सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (एनपीए) अनुपात घटकर 2.8 प्रतिशत रह गया,जो 12 वर्षों का सबसे निचला स्तर है। यह बैंकों की परिसंपत्ति में गुणवत्ता सुधार को इंगित करता है। वित्त वर्ष 24 में भारत का सेवा निर्यात 341.1 बिलियन अमेरिकी डॉलर के नए उच्च स्तर पर पहुंच गया। महिला श्रम बल भागीदारी दर 2017-18 में 23.3 प्रतिशत से बढ़कर 2022-23 में 37 प्रतिशत हो गई, जिसका मुख्य कारण ग्रामीण महिलाओं की बढ़ती भागीदारी है,जो समावेशी विकास को दर्शाता है। परंतु आर्थिक विकास के साथ-साथ समग्र विकास के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए आवश्यक है कि मानव संसाधन विकास एवं खुशहाली सूचकांक में भी सुधार किया जाए तभी सतत विकास के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। प्रसन्नता सूचकांक के कई पहलू हैं, जैसे कि जीवन संतोष, भावनात्मक सुख, सामाजिक समर्थन, स्वास्थ्य, शिक्षा, आर्थिक स्थिरता आदि में गुणात्मक सुधार की जरूरत है। इस सूचकांक में विश्व खुशहाली रिपोर्ट के अनुसार भारत वर्तमान में 146 देशों में 4.054 के खुशहाली स्कोर के साथ 126 वें स्थान पर है। खुशहाली सूचकांक में भारत का स्थान नेपाल, बांग्लादेश और चीन जैसे अपने पड़ोसी देशों से भी कम है,जिससे इसकी विश्वसनीयता पर सवाल भी उठता है।

विकसित भारत में प्रसन्नता सूचकांक (एचआई) और मानव विकास सूचकांक (एचडीआई) पर सुधार आवश्यक है। यह एक महत्वपूर्ण दृष्टिकोण है, केवल आर्थिक विकास पर ध्यान केंद्रित करने से हम नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता, स्वास्थ्य, शिक्षा और खुशी जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं को नजरअंदाज नहीं कर सकते हैं। क्योंकि विविध संस्कृतियों, परिदृश्यों और परंपराओं से भरी दुनिया में खुशी की तलाश करना एक सार्वभौमिक प्रयास है। हम सभी खुशी, संतोष और खुशहाली की चाहत रखते हैं। खुशी की तलाश सिर्फ एक प्राथमिकता नहीं है,यह इंसान होने का एक बुनियादी हिस्सा है। इसलिए नीति निर्माताओं को आमजन की खुशी में योगदान देने वाले कारकों को समझने और उन क्षेत्रों की पहचान करने की आवश्यकता है,जिनमें सुधार करने से प्रसन्नता सूचकांक में सुधार किया जा सकता है। मानव विकास सूचकांक पहलुओं में जीवन प्रत्याशा, शिक्षा, आय, स्वास्थ्य, सामाजिक न्याय आदि शामिल हैं। संयुक्त राष्ट्र द्वारा जारी एचडीआई स्कोर में भारत 193 देशों में से 134 वें स्थान पर है और भारत का एचडीआई स्कोर 0.644 है,जो वर्ष 1990 में 0.434 था जब इसकी शुरुआत हुई थी। पिछले तीस वर्षों में भारत ने इस दिशा में काफी प्रगति की है, परंतु और तेजी से इस दिशा में बढ़ने की आवश्यकता है। इन सूचकांकों पर ध्यान देने से नीति-निर्माताओं को केवल आर्थिक विकास के लक्ष्य को नहीं, बल्कि नागरिकों के समग्र विकास को भी प्राथमिकता देने में मदद मिलेगी।

प्रसन्नता सूचकांक और मानव विकास सूचकांक जैसे मापदंडों के माध्यम से यह सुनिश्चित होगा कि आर्थिक वृद्धि का लाभ सभी वर्गों तक पहुंच रहा है। इसलिए आवश्यक है कि सामाजिक कल्याण, शिक्षा, स्वास्थ्य और जीवन की गुणवत्ता में सुधार के लिए ठोस कदम उठाएं जाए, इससे न केवल भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी, बल्कि नागरिकों की खुशहाली और संतोष भी बढ़ेगा, जो एक समृद्ध और खुशहाल समाज के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण होगा। विकसित भारत का लक्ष्य न सिर्फ जीडीपी की वृद्धि तक सीमित होगा,बल्कि यह मानव विकास सूचकांक और प्रसन्नता सूचकांक को बढ़ाने के लक्ष्य के साथ ही फलित होगा।

प्रसंगवश

क्या है क्रांति का मतलब

क्रांति का अर्थ सिर्फ सत्ता का परिवर्तन नहीं होता। सत्ता की कुर्सी पर एक शासक की जगह दूसरे शासक का आ जाना या एक राजनीतिक दल की जगह दूसरे राजनीतिक दल का आ जाना क्रांति नहीं है। बांग्लादेश में शेख हसीना को अपदस्थ कर देना या श्रीलंका में एक वामपंथी का राष्ट्रपति बन जाना क्रांति नहीं है। इसके आगे बढ़ें तो सत्ता के खिलाफ विद्रोह कर देना, हजार-पांच सौ की गर्दन काट देना या सत्ता पर आसीन सरकार को बलात उखाड़ फेकना क्रांति नहीं है। सड़कों पर खून की नदियां बहा देना क्रांति नहीं है।

राना सिंह
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

क्रांति का अर्थ है एक व्यवस्था-सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक को ध्वस्त कर दूसरी नई विकसित व्यवस्था को स्थापित करना। जैसे कि 1789 की फ्रांसीसी क्रांति,जिसने सामंतवादी समाज की जगह पूंजीवादी समाज की स्थापना की। समाजवादी क्रांति का अर्थ है पूंजीवाद के उन तमाम संस्थाओं, प्रणालियों और विचारों को ध्वस्त कर देना,जो मनुष्य को मनुष्य का दुश्मन बना कर रखे हुई है। एक आदमी का दूसरे आदमी से शोषण करवाती है, मानवता विरोधी विचारों को जन्म देती है और मनुष्य की अपरिमित क्षमता को विकसित होने से रोकती है।

क्या आपने कभी सोचा है कि सत्य, दया, करुणा, क्षमा, परोपकार आदि जैसी आज की बहुतेरी अच्छी लगने वाली बातें एक अन्यायी समाज की उपज है कि एक दिन ऐसा भी आएगा जब ये शब्द संसार की भाषाओं से विलुप्त हो जाएंगे? आज के समाज में जो भी विचार और संस्थाएं हैं, वे सभी मनुष्य द्वारा मनुष्य के शोषण पर आधारित विगत काल की सामंतवादी या वर्तमान की पूंजीवादी व्यवस्था के गर्भ से उद्भूत विचार और संस्थाएं हैं।

विगत हजारों साल के क्रम में हम सभी के अंदर ऐसे विचार घर कर गए हैं कि मूर्खतापूर्ण और मनुष्यता विरोधी बातें भी हमें स्वाभाविक लगती हैं। समाजवादी क्रांति का असली अर्थ है मनुष्य की अंतर्निहित क्षमता को उसकी महत्तम ऊंचाई तक पहुंचा देना,दिमाग के तमाम गलीज को बाहर निकाल फेंकना। क्रांति एक छलांग होती है। क्रांति चंद महीनों या कुछ एक वर्षों में वह काम संपादित करती है, जिसकी आज हम कल्पना भी नहीं कर सकते।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का मायालोक

रावण के विषय में बताया जाता है। वह मायावी था अपने विविध हमशक्लों को वह युद्ध में इस्तेमाल करता था। वही महाभारत में मय नाम के असुर का उल्लेख मिलता है, जिसने पांडवों के लिए मायावी महल बनाया, जिसमें थल में जल,जल में थल का आभास होता था। प्राचीन यूनानी सभ्यता से लेकर मिश्र,चीनी व भारतीय पौराणिक साहित्य में मायावी किस्सों का बहुलता से उल्लेख मिलता है।

मायावी संसार यथार्थ संसार के ही समांतर चलता है। 20 वीं सदी के शुरुआती दशकों में जब क्वांटम फिजिक्स विकसित हो रही थी तो आमजन ने कल्पना भी नहीं की थी कि यही फिजिक्स आगे चलकर कंप्यूटर विज्ञान की जनक बनेगी और 21 वीं सदी में यह एक ऐसी मायावी तकनीक का प्रसव करेगी, जिसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कहा जाएगा, जो अभी अपनी शिशु अवस्था में है,लेकिन इसकी शिशु अवस्था ही बेहद विस्मित भ्रमित करने वाली है। जब यह तकनीक युवा हो जाएगी तब क्या इस पृथ्वी पर सांस लेने वाले जिनकी धमनियों में लाल रक्त बहता है। ऐसे हम इंसानों अर्थात होमो सेपियंस का अस्तित्व क्या औचित्यहीन हो जाएगा? ऐसे बहुत से सवाल आज प्रत्येक जागरूक मस्तिष्क में कौंध रहे हैं।

यह नीचे चित्र में 'बेन गया' है, यह एक जर्मन सुपरस्टार है। इसके गाने-वीडियो एल्बम की इन दिनों जर्मनी सहित पूरे यूरोप में धूम मची हुई है। इसके सोशल मीडिया अकाउंट पर भी लाखों फॉलोअर हैं। आप सोचेंगे यह कोई जीता जागता इंसान है यदि आप ऐसा सोचते हैं तो गलत है। यह जर्मन प्रोग्रामर्स द्वारा तैयार किया गया एआई अवतार है,जिसका इस दुनिया में कोई जैविक अस्तित्व नहीं है,लेकिन इलेक्ट्रॉनिक अस्तित्व है। यह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक से बनाया किया गया सुपरस्टार है। इसकी आंखों का रंग नीला व बाल घुंघराले हैं। एआई तकनीक के द्वारा इसे सुंदर चेहरा मोहरा सुरीली आवाज से भूषित किया गया है।

आर्य सागर खारी
नोएडा

दुनिया के तमाम देश आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी तकनीक पर भारी निवेश कर रहे हैं। भारत अभी भी इसमें पिछड़ा हुआ है।

इस मायावी सुपरस्टार के कारण पश्चिम की म्यूजिक इंडस्ट्री सिंगर कंपोजर विस्मित हो गए हैं। जीता-जागता इंसान जहां कलाकार के तौर पर मौलिक सृजन करता है,उसको प्रसिद्धि मिलती है। मौलिकता के अभाव में वही इंसान धुन और गीतों को चुराकर प्रसिद्धि बटोर लेता है। एआई तकनीक की बात करें तो इस तकनीक को इन कामों में स्वभाव से ही महारत हासिल है। नतीजा एआई क्राइम का भी नया जटिल स्वरूप निकलकर आ सकता।

भारत जैसे विकासशील देश में अभी साइबर क्राइम से ही निपटने की अभि कोई ठोस कार्य योजना नहीं। निकट भविष्य में 'बेन गया' जैसे मायावी इंसान शिक्षक डॉक्टर अधिवक्ता के रूप में लोगों को विविध सेवा प्रदान करेंगे। जीता-जागता इंसान क्या रसातल में धकेल दिया जाएगा? क्या इंसान की बौद्धिक हत्या हो जाएगी? यह आशंकाएं कितनी वाजिब है यह आने वाले कुछ वर्षों में ही स्पष्ट हो जाएगा।

दुनिया के तमाम देश आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी तकनीक पर भारी निवेश कर रहे हैं। भारत अभी भी इसमें पिछड़ा हुआ है। एआई दुनिया को बदलने वाला है। दुनिया का जो स्वरूप निकल कर आएगा उसके बारे में अभी कुछ कहा नहीं जा सकता, लेकिन इतना स्पष्ट है चेतन से प्रेरित बुद्धि का कृत्रिम विकल्प इंसान ने जरूर बना लिया, लेकिन आत्मा जैसे नित्य तत्व को वह नहीं रच पाएगा। आत्मा की नित्यता चेतनता ही एआई जैसी मायावी तकनीक की सीमाओं को नियंत्रित करेगी। आत्म तत्व ही इस तकनीक का नियामक रहेगा। भारतीय आस्तिक षड् दर्शन में भ्रमात्मक विपरीत या मिथ्या ज्ञान की परीक्षा की विकसित तार्किक विवेचना मिलती है।

सोशल फोरम

संस्कृत का विरोध क्यों

दुनिया को गिनती और भाषा का ज्ञान भारत ने कराया, अग्नि को सदा प्रज्वलित करने का विधान, जल का नियमन, पर्यावरण के साथ तादात्म्य करना भारत ने सिखाया। सहज और सरल जीवन पद्धति,परोपकार, करुणा और धर्म को उद्घाटित करने का कार्य भारत भूमि पर सर्वप्रथम हुआ।

डॉ पवन विजय
एसोसिएट प्रोफेसर, जौनपुर

एनसीईआरटी के प्रोफेसर प्रमोद दुबे कहते हैं कि वामपंथी संस्कृत का विरोध जानबूझ कर करते हैं ताकि वे एक्सपोज न हो जाएं। उन्हें डॉटर और काऊ की सच्चाई से बहुत डर लगता है। गौ-गऊ-गेऊ-गेऊस्। ग का क होता है प्रगट-प्रकट। वाक् वाग्। गऊ का कऊ-काऊ हो गया। जैसे खाट का कॉट। जो गाय दुहती थी वह लड़की दुहिता-दुहितर कही जाती थी। यही शब्द फारसी में दुस्तर है यही अंग्रेजी में डॉटर। काऊ दूहने वाली लड़की ही डॉटर हो सकती है, न। इनके अस्तित्व पर खतरा है,इन्हें संस्कृत से बहुत डर लगता है। इसी तरह भ्रातृ, भ्रातर, ब्रदर, बिरादर की अवधारणा है। संस्कृत पढ़िए, संस्कृत में रचित आचार्य शंकर की काव्य कुशलता देखकर आप टेनिसन, चौसर और वर्डस्वर्थ को भूल जाएंगे। कालीदास के संस्कृत साहित्य का माधुर्य इतना मोहक है कि शेक्सपियर फीका पड़ जाएगा। संस्कृत का इतिहास आपको आपके गोत्र से जोड़ देगा। संस्कृत पढ़कर आपकी जिव्हा गंगा सी पवित्र और मन पारिजात सा हो जाएगा। पूर्ण की अवधारणा से परिचित होना है तो संस्कृत ही माध्यम है। ॐ पूर्णमदः पूर्णमिदं पूर्णात्पूर्णमुदच्यते। पूर्णस्य पूर्णमादाय पूर्णमेवावशिष्यते।। अर्थात परमात्मा सभी प्रकार से सदा सर्वदा परिपूर्ण है।

यह जगत भी उस परब्रह्म से पूर्ण ही है,क्योंकि यह पूर्ण उसी पूर्ण से ही उत्पन्न हुआ है। उस पूर्ण में से पूर्ण को निकाल देने पर भी वह पूर्ण ही शेष रहता है। यह शून्य की कल्पना नहीं वास्तविकता है। शून्य यानी सिफर यानी जीरो केवल एक डिजिट नहीं,बल्कि ब्रह्मांड को समझने की कुंजी है। यह कुंजी संस्कृत में ही निर्मित है।

-फेसबुक वॉल से

योगदर्शन में चैतन्य तत्व

भारत के समस्त संप्रदायों में सांख्य सर्वाधिक प्राचीन माना जाता है। सांख्य दर्शन द्वैतवादी दर्शन है,जो चेतन पुरुष तथा अचेतन प्रकृति दोनों को अनादि मानता है। इसमें ईश्वर तत्व का विवेचन नहीं पाया जाता है। इसमें चेतन तत्व को पुरुष कहा जाता है और अचेतन तत्व को प्रकृति। प्रकृति को त्रिगुणात्मिका कहा गया है और जो इस विश्व का मूल कारण है। सांख्य दर्शन के अनुसार मनुष्य सुख-दुःख के प्रपंच में तभी पड़ता है जब वह अज्ञानवश अपने को प्रकृति के साथ जोड़ लेता है। जब वह यह सोचने लगता है कि मैं शरीर हूं, इन्द्रिय हूं, मन हूं तब वह मन, इन्द्रिय और शरीर से संबंधित सुखों और दुःखों को भी अपने आप में आत्मसात करने लगता है और वह सुखी और दुःखी बन जाता है। जबकि वह स्वयं अपने आप में चेतन है, अनादि है, अनंत है, सुख-दुःख से परे है और मन-बुद्धि से परे है। जब प्रकृति पुरुष के संपर्क में आती है तो संतुलन बिगड़ जाता है और प्रकृति तेईस तत्वों का विकास करती है अर्थात बुद्धि,महत्त,अहंकार,मन,पांच संवेदी क्षमताएं,जिन्हें कान, त्वचा, आंख, जीभ और नाक के रूप में जाना जाता है।

सांख्य के कुछ आचार्य ईश्वरवादी हैं तो कुछ निरीश्वरवादी। गीता,महाभारत, स्मृति और पुराणों का सांख्य दर्शन ईश्वरवादी है। कुछ विद्वान कपिलमुनि प्रवर्तित सांख्य को निरीश्वर सांख्य तथा महर्षि पातंजलि प्रवर्तित सांख्य को ईश्वर सांख्य मानते हैं। योगदर्शन में चैतन्य तत्व अर्थात आत्मा को पुरुष कहा जाता है। यह चेतन स्वरूप पुरुष नित्य है, शाश्वत है और योगसाधना का परम लक्ष्य है। योगदर्शन बताता है कि मनुष्य अपने को स्वस्थ और सुखी कैसे बना सकता है। शरीर परम लक्ष्य को प्राप्त करने में एक साधन है। जब शरीर स्वस्थ होता है तब मन भी स्वस्थ और शांत होता है। इसलिए यम, नियम, आसन और प्राणायाम आदि साधनों का उपयोग करते हुए मनुष्य को चाहिए कि वह अपने शरीर को स्वस्थ रखे, मन को शांत करे, बुद्धि को अंतरमुख करे और अपनी वृत्तियों पर नियंत्रण करते हुए मन-बुद्धि और चित्त को भीतरी जगत में ले जाए। इसी को कहते हैं आध्यात्मिक साधना।

शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से .नि ., पुलिस महानिरीक्षक

बुद्ध का दर्शन अनात्मवादी व अनीश्वरवादी दर्शन है। बुद्ध ने कहा- सभी कुछ अनित्य (नाशवान) व अनात्म है। ईश्वर नाम की किसी सत्ता को बुद्ध ने स्वीकार नहीं किया, क्योंकि बुद्ध का प्रतीत्य समुत्पाद कार्य कारण के सिद्धांत पर आधारित है।

योग दर्शन में योग का ईश्वर जीवन का लक्ष्य नहीं है। यह जगत का सृष्टा और पालक भी नहीं है। इस तरह योग में ईश्वर का कोई बहुत महत्वपूर्ण स्थान नहीं है। मीमांसा सूत्तकार जैमिनि एवं भाष्यकार शबरस्वामी सृष्टि सर्जक के रूप में ईश्वर की सत्ता नहीं स्वीकार करते। इनके अनुसार कर्म ही अपनी शक्ति के फल देने में समर्थ है। ईश्वर को न मानते हुए भी, कुछ विद्वानों का मत है कि मीमांसा दर्शन को निरीश्वरवादी नहीं माना जा सकता है। वेदसिद्ध ईश्वर का खंडन मीमांसा का प्रयोजन नहीं है। वेदांत के विभिन्न संप्रदायों में अद्वैत सर्वाधिक प्रसिद्ध है। अद्वैत के अनुसार केवल ब्रह्म ही परमतत्व है। वह ही परमार्थ सत है,उससे परे संसार में कोई वस्तु नहीं है। शंकर ऐसी अनेक श्रुतियों का उद्धरण देते हैं जैसे 'एक मेवाद्वितीयम्' (छान्दोग्य उप. 6/2/2), एवं 'सर्व खल्विदं ब्रह्म' (छा. उप. 3/14/1)। ब्रह्म ही एक मात्र सत्ता है।

निरीश्वरवादी दर्शनों में लोकायत, बौद्ध और जैन है। लोकायत दर्शन के अंतर्गत स्वर्ग और मुक्ति जैसे काल्पनिक नैतिक लक्ष्यों को अस्वीकार किया गया है और मानव सुख को जीवन का सर्वोच्च लक्ष्य माना गया है। लोकायत दर्शन के अनुसार यह जगत,यह जीवन ही एकमात्र सत्य है। लोकायत दर्शन ही एकमात्र ऐसा दर्शन है,जो स्पष्ट रूप में ईश्वर, आत्मा, मृत्यु के बाद जीवन और स्वर्ग या मुक्ति जैसे नैतिक लक्ष्यों को अस्वीकार करता है।

बुद्ध का दर्शन अनात्मवादी व अनीश्वरवादी दर्शन है। बुद्ध ने कहा- सभी कुछ अनित्य (नाशवान) व अनात्म है। ईश्वर नाम की किसी सत्ता को बुद्ध ने स्वीकार नहीं किया, क्योंकि बुद्ध का प्रतीत्य समुत्पाद कार्य कारण के सिद्धांत पर आधारित है। बिना कारण के कोई कार्य संभव नहीं। बुद्ध ने ईश्वर आदि अलौकिक शक्तियों को अव्याकृत माना अर्थात इन पर बहस करना बेकार है। बुद्ध ने चार महाभूतों (पृथ्वी, अग्नि, वायु एवं जल) को ही सृष्टि का कारक माना है। बौद्ध दर्शन के अनुसार बीज स्वयं ही अंकुरित होकर वृक्ष बनता है। इस प्रकार संसार का अपने आप विकास होता रहता है।

जैन धर्म ईश्वर की सत्ता का खंडन करते हुए कहते हैं कि ईश्वर का अस्तित्व प्रत्यक्ष एवं अनुमान प्रमाण से नहीं सिद्ध होता है। सृष्टि अनादि तथा नित्य है। इनकी किसी एक ईश्वर ने रचना नहीं की है और न इनका कभी विनाश होगा। महावीर स्वामी के अनुसार जीव (प्राणी) अपने कर्मों से ही बंधन में बंधता है।

प्रदूषित प्रसाद और राजनीति

आंध्र प्रदेश के तिरुपति बाला जी मंदिर के प्रसाद में अशुद्ध और सामिष गो घृत की पुष्टि हुई है, जिससे देशभर की हिंदू धर्म प्राण जनता में उबाल है। यह मुद्दा वहां के नए पदारूढ़ मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू द्वारा प्रज्वलित किया गया। उन्होंने गुजरात की प्रयोगशाला में प्रसाद में प्रयुक्त हुए गो-घृत का परीक्षण करवाया, जिसमें चर्बी,मछली के तेल आदि का मिश्रण पाया गया। उन्होंने इस आशय का बयान दिया, बात फैली, जांच बिठाई और आनन-फानन में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा, जो भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी हैं, ने इसका संज्ञान ले लिया और कार्यवाही की ओर अग्रसर हुए। राजनेताओं की हर बात में राजनीति जरूर होती है, फिर धर्म का मामला विशेष विस्फोटक और कारगर होता है।

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

यहां कुछ तथ्य बताना जरूरी है। नायडू इस समय भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए का हिस्सा हैं और संप्रति आंध्र के नए मुख्यमंत्री भी। इसके पहले वहां के मुख्यमंत्री वाईएसआर कांग्रेस के मुखिया जगन मोहन रेड्डी थे। रेड्डी ने नायडू को जेल भेजा था, जिसमें एक अनुमान के अनुसार मोदी का भी परोक्ष समर्थन था। इस समय जगन मोहन राष्ट्रीय राजनीति के दो खेमों-एनडीए और इंडी गठबंधन में से किसी में नहीं हैं। उनके राज्यसभा में 11 और लोकसभा में 4 सांसद हैं। मोदी की सरकार बैसाखियों पर टिकी एक पराश्रित सरकार है और उन्हें अपने आगामी एजेंडे को सफल बनाने के लिए अभी और ज्यादा समर्थन की दरकार है। ऐसे में उनकी निगाह इन तटस्थ पार्टियों पर है। कहना न होगा कि मोदी-शाह का युग्म विरोधियों को दबाने के लिए प्रवर्तन निदेशालय, सीबीआई और आयकर विभाग आदि का इस्तेमाल करता रहा है। यदि वे एनडीए के समर्थन में आ जाते हैं तो कार्यवाही ठंड पड़ जाती है,अन्यथा उन्हें जेल जाना पड़ता है। ऐसे में यह प्रसाद प्रदूषण प्रकरण का हो हल्ला हो सकता है कि इसी तरह की राजनीति का ट्रेलर हो! अब देखिए। मंदिर का प्रसाद घी 320 रुपए किलो लीटर कई वर्ष से सप्लाई हो रहा था। गाय के घी की स्पष्ट गणित है कि लगभग 30 लीटर दूध में एक किलो घी बनता है और इतना दूध कम से कम 1500 रुपये का हुआ। फिर पारिश्रमिक और कुछ लाभांश भी होता ही है। ऐसे में लगभग 2000 रुपये किलो से कम कीमत में शुद्ध गो घृत की कल्पना ही नहीं की जा सकती।

सवाल यह है कि रेड्डी के मुख्यमंत्री रहते नायडू ने इस मुद्दे पर हल्ला क्यों नहीं मचाया और अब भी नायडू के कार्यकाल में जो ठेका दिया गया है, वह भी 478 रुपये लीटर का ही है। क्या यह घी शुद्ध होगा? कदापि नहीं। सन 2022 में भी मोदी की ही सरकार में देश में खाद्य पदार्थों के एक लाख बहत्तर नमूने लिए गए। जांचोपरांत 44000 नमूने अशुद्ध पाए गए। क्या उनका शुद्धिकरण हो गया? अमूल कंपनी मोदी के गृह राज्य गुजरात की है। बाजार में 600 रुपये किलो घी बेच रही है। इस कीमत में वह शुद्ध दे ही नहीं सकती। गणित ऊपर दी है। फिलहाल मैं मिलावट का विरोधी और शुद्धता का पक्षधर हूं,किंतु वर्तमान प्रसाद प्रकरण में राजनीति ज्यादा, लोक स्वास्थ्य चिंता कम है। जहां तक भगवान की बात है तो वे गीता में कहते हैं, "पत्र, पुष्प, फल या जल जो मुझे भक्ति भाव से अर्पित करता है, उसे मैं सगुण रूप से ग्रहण करता हूं"। यानी भक्ति भाव ही प्रधान है।

UP INTERNATIONAL TRADE SHOW

2500 कंपनियों ने लगाए स्टाल

350 खरीदार पहुंच चुके हैं ट्रेड शो में

200 से अधिक कलाकार पेश करेंगे कार्यक्रम

04 दिन चलेंगा रंगारंग कार्यक्रमों का दौर

उत्तर प्रदेश के हुनरमंद

बरेली की अंजू।

बरेली की पिंकी।

लखनऊ के मो. फहीम और अकील।

संभल के शहादत हुसैन।

पीलीभीत के रिजवान।

ग्रोथ इंजन के रूप में जाना जा रहा उप्र.

मुख्यमंत्री योगी ने कहा, एक ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी बनाने की दिशा में तेजी से बढ़ रहा प्रदेश

विवेक सक्सेना/धीरेंद्र सिंह. ग्रेटर नोएडा

अमृत विचार : इंटरनेशनल ट्रेड-शो के फलदाई आयोजन से अभिभूत प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में भारत की अर्थव्यवस्था को पांच ट्रिलियन डॉलर बनाने के अभियान के साथ ही यूपी को एक ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी बनाने की दिशा में प्रदेश तेजी से बढ़ रहा है। यह वही यूपी है, जो सात वर्ष पहले देश के विकास का बैरियर माना जाता था, लेकिन आज यह देश के विकास के ग्रोथ इंजन के रूप में जाना जा रहा है। इसमें एमएसएमई सेक्टर की बड़ी भूमिका है। कोई भी बड़ा औद्योगिक निवेश बिना एमएसएमई बेस के आगे नहीं बढ़ सकता है।

एमएसएमई की महत्ता बताई

योगी ने कहा कि यूपी में ऑनलाइन पंजीकरण के बाद यदि कोई एमएसएमई यूनिट आपदा का शिकार होती है तो राज्य शासन की तरफ से उसे पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराते हैं। प्रदेश में फ्लैटेड फैक्ट्री और निजी क्षेत्र में प्राइवेट इंडस्ट्रियल पार्क के निर्माण की कार्रवाई तेजी के साथ बढ़ी है। ओडीओपी योजना की सफलता के साथ ही यूपी के पास सर्वाधिक 75 जीआई टैग हैं। प्रोत्साहन के अभाव में जो उत्पाद दम तोड़ रहे थे, आज उसे आगे बढ़ाने का कार्य हो रहा है। यूपी के अलग-अलग सेक्टर में भी अनेक कार्य हुए हैं। यूपी का जो प्रोडक्शन है, उन्हें भी शोकेस का अवसर यूपीआईटीएस उपलब्ध करा रहा है।

ग्रेटर नोएडा में यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो की शुरुआत करते उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

यहां होंगे अनेक कार्यक्रम

योगी ने कहा कि पांच दिन तक जी2जी, जी2बी समेत अनेक कार्यक्रम होंगे, जो न केवल यूपी के पोटेंशियल, बल्कि सांस्कृतिक-सामाजिक विविधता के विभिन्न पक्षों को प्रदर्शित करने के साथ ही उचित फोरम के रूप में स्थापित भी करेंगे। यह यूपी के उद्यमियों के लिए अपने प्रोडक्ट को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करने का अवसर होगा।

यूपी के उत्पाद, सांस्कृतिक विशेषता व सामाजिक विविधता को वैश्विक मंच तक प्रस्तुत करने में सफल होगा शो

ट्रेड शो मुख्यमंत्री ने कहा कि पांच दिन तक चलने वाला ट्रेड शो यूपी के उत्पाद, पोटेंशियल, सांस्कृतिक विशेषता व सामाजिक विविधता को वैश्विक मंच तक प्रस्तुत करने में सफल होगा। 2500 से अधिक एग्जीबिटर्स, 350 से अधिक फॉरेन बॉयर्स उपस्थित हो चुके हैं। पार्टनर कंट्री के रूप में वियतनाम के सहभागी बनने पर सीएम ने धन्यवाद ज्ञापित किया। मुख्यमंत्री ने वियतनाम के डेलीगेट्स से मुलाकात भी की। उद्घाटन समारोह में केंद्रीय एमएसएमई मंत्री जीतनराम मांझी, यूपी के औद्योगिक विकास मंत्री नंदगोपाल गुप्ता 'नंदी', एमएसएमई मंत्री राकेश सचान, जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह, मत्स्य विभाग के मंत्री संजय निषाद, परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, लोकनिर्माण राज्य मंत्री बृजेश सिंह, औद्योगिक विकास राज्यमंत्री जसवंत सैनी, गौतमबुद्ध नगर के सांसद डॉ. महेश शर्मा, राज्यसभा सांसद सुरेंद्र नागर, विधायक धीरेंद्र सिंह, तेजपाल सिंह नागर, विधान परिषद सदस्य नरेंद्र भाटी आदि मौजूद रहे।

वियतनाम के सहभागी बनने पर जताया आभार

बेहतरीन इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए भी जाना जा रहा प्रदेश

योगी ने बताया कि यूपी न केवल एमएमएमई के बेहतरीन बेस, बल्कि बेहतरीन इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए भी जाना जा रहा है। वर्तमान में यूपी में छह एक्सप्रेसवे कार्य कर रहे हैं, सात पर कार्य चल रहा है। प्रदेश में 11 एयरपोर्ट कार्यरत हैं, 10 पर कार्य चल रहा है। 4 अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट क्रियाशील है, जबकि देश के सबसे बड़े नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (जेवर) को इस वर्ष तक बनाने का लक्ष्य है। देश का सबसे लंबा गंगा एक्सप्रेसवे भी पश्चिमी यूपी को पूर्वी यूपी से जोड़ रहा है। प्रयागराज महाकुंभ-2025 से पहले इसे क्रियाशील करने के लिए प्रयासरत हैं। रेल व सड़क का सबसे बेहतरीन नेटवर्क यूपी के पास है। यूपी सुदृढ़ कानून व्यवस्था के साथ ही स्किल और अनस्किल मैनपॉवर का सबसे महत्वपूर्ण केंद्र बनकर उभरा है। स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत सरकार दो करोड़ युवाओं को टैबलेट व स्मार्टफोन दे रही है।

देश-विदेश के लोक कलाकारों की प्रस्तुतियों ने मोह लिया मन

अमृत विचार, ग्रेटर नोएडा : इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में बुधवार से शुरू हुए इंटरनेशनल ट्रेड शो में जहां देशभर की 2500 विभिन्न कंपनियां अपने स्टॉल लगाकर अपने उत्पादन व संस्थान की विशेषताओं की जानकारियां दे रही हैं। वही संस्कृति विभाग ने यहां आने वाले लोगों को प्रदेश की लोक कलाओं से अवगत कराने व उनके मनोरंजन की भी व्यवस्था की है। बुधवार शाम प्रयागराज की प्रीति सिंह ने ढेढ़ीया नृत्य, बांदा के रमेश पाल ने पाई-डंडा, अयोध्या के शीतला प्रसाद वर्मा ने फरुवाही नृत्य और नोएडा के गौरव नागर ने गुजरी नृत्य प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। मुक्ताकाशी मंच पर नोएडा की माधवी मधुकर नए भजन, वियतनाम के कलाकारों ने लोक नृत्य और कानपुर के अंकित तिवारी ने सुगम संगीत प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया।

- **अयोध्या के शीतला प्रसाद ने फरुवाही नृत्य ने मन मोहा**
- **कानपुर के अंकित का सुगम संगीत रहा आकर्षण का केंद्र**

गुरुवार को कौशांबी के कलाकार संतोष कुमार मसकबीन, अयोध्या की सुनिष्ठा मित्रा बधावा लोकनृत्य, आगरा के देवेंद्र एस मंगलामुखी कथक नृत्य नाटिका, झांसी की वंदना कुशवाहा राई लोकनृत्य, मथुरा के राजेश शर्मा मयूर, सोनभद्र के महेंद्र मादल और आजमगढ़ के उमेश कनौजिया धोबिया लोक नृत्य की प्रस्तुति देंगे। मुक्ताकाशी मंच पर आज शाम वोलीबिया, रूस, बांग्लादेश, कजाकिस्तान, ब्राज़ील, वेनेजुएला के कलाकारों द्वारा आईसीसीआर के माध्यम से सांस्कृतिक लोग गायन और प्रयागराज की नीलाक्षी रॉय व लखनऊ की कनिका कपूर लोक नृत्य प्रस्तुत करेंगी। 27, 28 व 29 सितंबर को पीलीभीत के बंटी राणा थारू लोकनृत्य, सोनभद्र की सुरतिया सिंहा लोकनृत्य, मथुरा के दीपक शर्मा मयूर लोकनृत्य, गाजीपुर के सुनील धोबिया लोकनृत्य, झांसी के जीके शर्मा सैरा लोकनृत्य, अयोध्या की अराधना गौतम बधवा लोकनृत्य, लखनऊ की प्रीति तिवारी कथक नृत्य नाटिका, गोरखपुर के रामज्ञान यादव फरुवाही लोकनृत्य, अमेठी के त्रिपुरारी महाराज नटवरी नृत्य, प्रयागराज की बिना सिंह ढढ़ीया नृत्य और झांसी के रघुवीर सिंह यादव पाई-डंडा नृत्य की प्रस्तुति देंगे। 27 सितंबर की शाम को मुक्ताकाशी मंच पर मथुरा की माधुरी शर्मा ब्रिज के लोक गायन वाराणसी के विशाल कृष्णा शिव तांडव कथक नृत्य नाटिका और पवनदीप अरूणिता सुगम संगीत प्रस्तुत करेंगे। इसी मंच पर 28 की शाम लखनऊ की संजोली पांडे संस्कार गीत गायन, सहारनपुर की रंजना नेब कथक नृत्य (रामकथा नाटिका) व माधवा बैंड का कृष्ण भक्ति गायन होगा। शो के अंतिम दिन 29 सितंबर की शाम मुक्त काशी मंच पर महोबा के जितेंद्र चौरसिया बुंदेली लोक गायन, आगरा की प्रीति सिंह हनुमान चालीसा पर नित्य नाटिका व डॉ.पलाश सेन यूफोरिया बैंड की प्रस्तुति देंगे।

योगी राज में बदले हालात तो उद्यमियों के सपनों को लगे पंख

राज्य ब्यूरो, ग्रेटर नोएडा

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मेहनत से उत्तर प्रदेश विकास की नई इबारत लिख रहा है। सुदृढ़ कानून व्यवस्था और भ्रष्टाचार पर नकेल का परिणाम है कि अब बिजनेस के क्षेत्र में नित नई ऊंचाई छू रहा है। शहर-ग्रामीण परिवेश की महिलाएं भी सुरक्षा की भावना के साथ कारोबार कर रही हैं। युवा बेहतर भविष्य के लिए नौकरी मांगने नहीं बल्कि नौकरी देने वाला बन रहा है। यूपी के विकास और तरक्की की बानगी ग्रेटर नोएडा के एक्सपो मार्ट में बुधवार को यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में दिखी। बुधवार को शो के पहले ही दिन बड़ी संख्या में दर्शक पहुंचे।

प्रोत्साहित करती है योगी सरकार : उत्प्रेरक

सिद्धार्थनगर के उत्प्रेरक ने एक साल पहले स्टार्टअप शुरू किया। उनकी कंपनी काला नमक चावल से बेकरी उत्पाद बनाती है। उत्प्रेरक कहते हैं कि इन्वेस्ट यूपी से स्टार्टअप के लिए अप्लाई किया था। तय समय में कारोबार तो शुरू हुआ ही, योगी सरकार ने सब्सिडी भी दी। यही नहीं, सरकार उनके बिजनेस को लगातार प्रोत्साहित करती है। इन्हें थाईलैंड सरीखे देशों में लगने वाली प्रदर्शनी में भी भेजा गया।

सरकार से मिली ट्रेनिंग और किट : आयशा

प्रयागराज की आयशा बेगम मूंज के उत्पाद बनाती हैं। आयशा कहती हैं कि उनके साथ 20 और महिलाएं जुड़ी हैं। मूंज बनाने के लिए सरकार ने उनकी टीम की सभी महिलाओं को प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण के दौरान खाने की व्यवस्था से लेकर किट भी उपलब्ध कराई गई। आयशा ने कहा कि प्लास्टिक पर्यावरण के लिए बहुत हानिकारक है। योगी सरकार द्वारा इसे लेकर आमजन को जागरूक किया गया है, इसकी वजह से मूंज से बने उत्पादों की मांग अब बढ़ने लगी है।

स्वयं सहायता समूह की सफल गाथा हैं गुंजन

ट्रेड शो के पहले ही दिन अंबेडकर नगर की गुंजन के स्टॉल पर भीड़ लग गई। गुंजन द्वारा बनाए पिज्जा की हर कोई तारीफ कर रहा था तो वहीं गुंजन सरकार को धन्यवाद दे रही थीं। गुंजन ने बताया कि उनके पति होटल पर काम करते थे। कोरोना काल में नौकरी छूट गई। गुंजन ने स्वयं सहायता समूह से 10 हजार रुपये उधार लेकर पिज्जा बनाने की मशीन खरीदी। बहुत जल्द काम चल निकला। इसके बाद गुंजन ने स्वयं सहायता समूह से दूसरी बार 50 हजार और बाद में एक लाख रुपये लेकर बड़ी मशीन खरीद ली।

दिल्ली के मुकाबले योगी सरकार दे रही अधिक सब्सिडी :संयम

मुजफ्फरनगर के संयम जॉगरी कारोबार करते हैं। संयम कहते हैं कि इस तरह के ट्रेड शो से उद्यमियों को बहुत लाभ मिलता है। योगी सरकार दिल्ली के मुकाबले अधिक सब्सिडी दे रही है। योगी आदित्यनाथ ने यूपी की कानून व्यवस्था सुधार दी है। बिजली अब 24 घंटे रहती है। जिससे कारोबारी गतिविधियां बढ़ रही हैं।

सुरक्षित महसूस करती हैं महिलाएं : संस्कृति

वाराणसी की संस्कृति जरी क्राफ्ट का बिजनेस करती हैं। उन्होंने कहा कि योगी राज में भ्रष्टाचार का पूरी तरह सफाया हो गया। कानून व्यवस्था की स्थिति सही हो गई। एक महिला होने के बावजूद उन्हें कभी डर नहीं लगता। सरकार सुरक्षा, सम्मान व स्वाबलंबन से महिलाओं को जोड़ रही है।

लेजर शो से दिखेगी विकास गाथा व समृद्ध विरासत

राज्य ब्यूरो, नोएडा

अमृत विचार : यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2024 के पांच दिवसीय आयोजन के दौरान बहुप्रतीक्षित आकर्षणों में लेजर शो का आयोजन भी शामिल है। इस प्रभावशाली आयोजन का शीर्षक 'उत्तर प्रदेश - समय और प्रगति के माध्यम से एक यात्रा' होगा। 27 और 28 सितंबर 2024 की शाम को इसका भव्य आयोजन होगा। यह आकर्षक शो हॉल नंबर 14 और 15 के सामने खुले क्षेत्र में शाम 7 बजे शुरू होगा और दूसरे दिन भी इसका दोबारा प्रदर्शन होगा।

- **27 और 28 सितंबर की शाम हॉल नंबर 14 और 15 के सामने खुले क्षेत्र में होगा लेजर शो**

तकनीकी के माध्यम से इस प्रभावशाली शो के जरिए दर्शकों को उत्तर प्रदेश के समृद्ध ऐतिहासिक और विकासात्मक माइलस्टोन को प्रदर्शित किया जाएगा। । प्रदेश की प्राचीन सांस्कृतिक विरासत से लेकर व्यापार और उद्योग में इसकी वर्तमान उपलब्धियों तक का प्रदर्शन इस शो के जरिए किया जाएगा। इस शो के जरिए दर्शक प्रगति की एक शानदार यात्रा के गवाह बनेंगे। इसमें वे देखेंगे कि कैसे उत्तर प्रदेश अपनी विशिष्ट सांस्कृतिक विरासत के साथ वाणिज्य, नवाचार और आर्थिक विकास के जीवंत केंद्र के रूप में बदल गया है। लेजर शो में राज्य के वैभवशाली अतीत को भी प्रदर्शित किया जाएगा। इसमें भारतीय सभ्यता, कला और संस्कृति में प्रदेश के शानदार योगदान को प्रदर्शित किया जाएगा। साथ ही इसके वर्तमान और भविष्य पर भी प्रकाश डाला जाएगा, जिसमें इस बात पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा कि कैसे उत्तर प्रदेश आत्मनिर्भर भारत और एक जिला, एक उत्पाद (ओडीओपी) योजना जैसी राष्ट्रीय आर्थिक पहलों का नेतृत्व कर रहा है।

शासन-सत्ता

सरकारी अस्पतालों और मर्चरी में खुले में नहीं रखे जाएंगे शव

सभी मंडलीय व जिला स्तरीय अस्पतालों को व सीएमओ स्तर पर मिलेंगे डीप फ्रीजर

पद्माकर पाण्डेय, लखनऊ

अमृत विचार : सरकारी अस्पतालों में सुरक्षित रखने के लिए मृतक मरीजों के शव डीप फ्रीजर में रखे जाएंगे। इसके लिए सरकारी अस्पताल और मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को डीप फ्रीजर उपलब्ध कराए जाएंगे।

राजधानी के चार अस्पतालों में 17 शव रखने के लिए कुल नौ डीप फ्रीजर खरीदे जाएंगे। पहले चरण में 21 जिलों में 45 फ्रीजर खरीदने के लिए एक करोड़ 68 लाख रूपए राज्य सरकार ने बुधवार को जारी कर दिये हैं। डीप फ्रीजर एक शव से लेकर चार शव तक रखने वालें होंगे। स्वास्थ्य विभाग की विशेष सचिव अर्चना वर्मा ने एक शव रखने वाले छोटे डीप फ्रीजर की कीमत डेढ़ लाख तय करते हुए कुल एक करोड़ 36 लाख 85 हजार रुपये का बजट जारी किया है।

45 फ्रीजर खरीदने को 1.68 करोड़ रुपये मिले

इन जिलों को मिलेंगे फ्रीजर

लखनऊ, झांसी, बलरामपुर, आगरा, रायबरेली, अलीगढ़, संतकबीर नगर, मेरठ, वाराणसी, सुल्तानपुर, गोंडा, अंबेडकरनगर, कुशीनगर, बागपत, अमेठी, बुलंदशहर, बांदा, गाजियाबाद, मुरादाबाद, मथुरा व बरेली

छोटा फ्रीजर डेढ़ लाख, बड़ा तीन लाख 85 हजार का

एक शव रखने वाले डीप फ्रीजर की अधिकतम मूल्य डेढ़ लाख निधारित किया गया है, दो शव वाला फ्रीजर तीन लाख और चार शव वाले बड़े फ्रीजर की कीमत तीन लाख 85 हजार तय की गई है।लावारिस केस में पोस्टमॉर्टम के बाद भी पहचान के लिए शवों को 48 घंटे तक मर्चरी में रखा जाता है। ऐसे में शवों से बदबू आने लगती है।

बलरामपुर अस्पताल में आठ और बरेली में 12 शव रखने के लिए मिलेंगे फ्रीजर

राजधानी स्थित बलरामपुर अस्पताल, सबसे बड़ा रेफरल मंडलीय अस्पताल होने के चलते दो-दो शव रखने वाले चार फ्रीजर उपलब्ध कराएं जाएंगे, सिविल अस्पताल और लोकबन्धु अस्पताल को दो शव वाले दो-दो, आलमबाग के 50 बेडेड संयुक्त चिकित्सालय को एक छोटो फ्रीजर मिलेगा। इसके अलावा बरेली में एक में चार शव रखने की सुविधा वाले तीन फ्रीजर मुख्य चिकित्सा अधिकारी(सीएमओ) को उपलब्ध कराए जाएंगे यानि बरेली में एक साथ 12 शव फ्रीजर में रखने की सुविधा होगी। इसी तरह मुरादाबाद,मथुरा व बुलंदशहर में चार फ्रीजर खरीदने को बजट दिया गया है।

नर्सिंग और पैरामेडिकल प्रशिक्षण केन्द्रों में 31 अक्टूबर तक करा सकेंगे पंजीकरण

अमृत विचार,लखनऊ : नर्सिंग व पैरामेडिकल प्रशिक्षण केन्द्रों में इस सत्र में विभिन्न पाठ्यक्रमों में दाखिला लेने की तिथि बढ़कर 31 अक्टूबर कर दी गई है।

इसके लिए उप्र.स्टेट मेडिकल फैकल्टी के सचिव डॉ.आलोक कुमार ने जानकारी दी है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि भारतीय उपचर्या परिषद नई दिल्ली के निर्देश पर अभ्यर्थियों के प्रवेश व इनरोलमेंट करने की अंतिम तिथि 30 सितंबर से बढ़ाकर 31 अक्टूबर कर दी गई है।

आईटीआई में प्रवेश की अंतिम तिथि 30 तक बढ़ी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय के निर्देशानुसार, आईटीआई सत्र अगस्त 2024-25 के लिए प्रवेश की अंतिम तिथि अब 30 सितंबर तक बढ़ा दी गई है।

राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद के अधिशासी निदेशक अभिषेक सिंह द्वारा जारी निर्देश के अनुसार, सभी राजकीय और निजी आईटीआई संस्थानों को निर्देश दिया गया है कि वे 26 से 30 सितंबर 2024 के बीच वॉक-इन प्रक्रिया के माध्यम से प्रवेश की कवायद को पूरा करें। मेरिट के आधार पर संस्थानों में उपलब्ध रिक्त सीटों पर पंजीकृत और नए आवेदकों का प्रवेश सुनिश्चित किया जाएगा। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रवेश के लिए पंजीकरण की अंतिम तिथि 29 सितंबर, जबकि निजी आईटीआई संस्थानों के लिए यह तिथि 30 सितंबर तय की गई है।

पुलिस मुझे नोटिस देकर तो देखे: अजय कुमार लल्लू

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : कुशीनगर में जाली नोट कांड मामले में पुलिस ने उप्र. कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू को नोटिस भेजने की बात पर अजय कुमार ने नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने चेतावनी के लहजे में प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि एक बार पुलिस नोटिस देकर तो देखे। उन्होंने कहा कि नोटिस का पूरा जवाब दिया जायेगा। कहा कि पुलिस जांच को भटकाने का काम कर रही है।

अजय कुमार लल्लू ने कहा कि पुलिस इस मामले को राजनीतिक और धार्मिक रंग देने का काम कर रही है। लल्लू ने कहा कि कुशीनगर पुलिस ऊपरी दबाव में मेरे ऊपर बयान दे रही है। उन्होंने कहा कि मैं पूछताछ का पूरा और माकूल जवाब दूंगा। मांग है कि मामले की सही जांच हो। इससे पहले इस मामले में अजय कुमार लल्लू ने सोशल मीडिया पोस्ट कर कुशीनगर पुलिस पर सवाल उठाए थे।

सार-संक्षेप

मुठभेड़ में जाली नोटों का कारोबारी गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : कुशीनगर जिले में पुलिस से नकली नोटों का कारोबार करने वाले गिरोह के बीच हुई मुठभेड़ के दौरान एक आरोपी मुस्तकीम घायल हो गया। आरोपी मुस्तकीम पर 25 हजार का इनाम था। पुलिस ने आरोपी के पास से हथियार भी बरामद किया है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक कुशीनगर के बिनटोलिया गांव में पुलिस की दो बदमाशों से मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ के दौरान बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। वहीं पुलिस ने जवाबी कार्रवाई में गोली चलाई जिससे एक आरोपी बदमाश घायल हो गया। जानकारी के मुताबिक बदमाश के पैर में गोली लगी है। पुलिस ने आरोपी के पास से 30 हजार रुपए के नकली नोट बरामद किए हैं। बतादें कि पुलिस ने इस मामले में 10 लोगों को पहले ही गिरफ्तार किया है। गिरोह का सरगना समाजवादी पार्टी के लोहिया वाहिनी का राष्ट्रीय सचिव रफी खान उर्फ बबलू है। जिन 10 लोगों को गिरफ्तार किया गया था उनमें दो समाजवादी पार्टी के हैं।

ई-श्रम में पंजीकृत श्रमिकों को लाभ देने में पांच जिले आगे

अमृत विचार , लखनऊ : खाद्य एवं रसद विभाग के हालिया आंकड़ों के अनुसार, उप्र. में कुल 8.31 करोड़ श्रमिकों का पंजीकरण किया गया है। इसमें 6.73 करोड़ पंजीकृत श्रमिक पहले से सरकारी राशन का लाभ ले रहे हैं। सत्यापन के लिए श्रमिकों की कुल संख्या 1.58 करोड़ है, जिसमें 1.49 करोड़ श्रमिकों का सत्यापन किया जा चुका है। पात्र पाए गए 26.47 लाख श्रमिकों में 2.37 लाख को राशन का लाभ मिल रहा है। वहीं सत्यापन में 122.92 लाख श्रमिक अपात्र पाए गए हैं। ई-श्रम पोर्टल के डाटा के अनुसार, चित्रकूट, अमेठी, गौतमबुद्ध नगर, बलिया और आजमगढ़ में सत्यापन की गति सबसे अधिक है। चित्रकूट में 1374 पात्र श्रमिकों में 498 श्रमिकों को राशन का लाभ मिल रहा है। अमेठी में 8919 पात्र श्रमिकों में 2922, गौतमबुद्ध नगर में 1757 पात्र श्रमिकों में 530, बलिया में 42569 पात्र श्रमिकों में 10623 और आजमगढ़ में 22600 पात्र श्रमिकों में से 5611 श्रमिकों को राशन का लाभ मिल रहा है।

ईडी कार्यालय में नहीं पेश हुए मोहिंदर सिंह

अमृत विचार, लखनऊ : नोएडा में हैसिंडा प्रोजेक्ट घोटाले में जांच के दायरे में आए पूर्व आईएएस एवं नोएडा अथॉरिटी के पूर्व सीईओ मोहिंदर सिंह बुधवार को लखनऊ प्रवर्तन निदेशालय के सामने पेश नहीं हुए। ईडी ने पांच दिन पहले हैसिंडा के संचालकों के ठिकानों पर छापों के दौरान मोहिंदर सिंह के चंडीगढ़ स्थित आवास को भी खंगाला था। जहां करोड़ों रुपये के हीरे और नामी-बेनामी संपत्तियों के दस्तावेज मिले थे। इसके बाद ईडी ने मोहिंदर सिंह को पूछताछ के लिए बुधवार को तलब किया था। मोहिंदर सिंह के ईडी के सामने पेश होने के लिए शाम पांच बजे तक अधिकारियों ने इंतजार भी किया। लेकिन न तो वह स्वयं पेश हुए न ही कोई जवाब भेजा। अब उनको दोबारा समन भेजा जाएगा। दोबारा यदि वह पेश नहीं हुए, तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मोहिंदर सिंह की तलाश विजिलेंस भी कर रही है। स्मारक घोटाले में उनसे पूछताछ के लिए चंडीगढ़ स्थित आवास पर दो वर्ष पूर्व नोटिस भेजा गया था, लेकिन बाद में पता चला कि वह विदेश में मौजूद हैं।

155 घंटे का नॉन-स्टॉप महासफाई अभियान आज से

अमृत विचार,लखनऊ : प्रदेश के सभी निकायों में 26 सितंबर गुरुवार को सुबह 05 बजे से 02 अक्टूबर रात तक ''155 घंटे का नॉन-स्टॉप महासफाई अभियान" चलेगा। नगर हो साफ-सुधरा बनाने के उद्देश्य से स्वच्छ भारत मिशन नगरीय उप्र. द्वारा विशेष स्वच्छता अभियान की शुरूआत होगी। स्वच्छ भारत मिशन नगरीय के अपर निदेशक ऋतु सुहास ने बताया कि विशेष सफाई अभियान चलाकर महात्मा गांधी बापू को 155 वें जन्मदिवस पर श्रद्धांजलि दी जाएगी, निदेशालय स्तर से अभियान की लाईव मॉनीटरिंग भी की जाएगी। अभियान के तहत जागरूकता बढ़ाने के लिए स्वच्छ स्कूल, स्वच्छ घर, स्वच्छ फूड स्ट्रीट, कल्चरर फेस्ट आदि जैसे कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा। सुरक्षा शिविर लगाकर सफाई मित्रों की स्वास्थ्य जांच, सफाई उपकरण, सुरक्षा किट वितरण तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ भी प्रदान किया जाएगा।

भ्रष्टाचार का अड्डा बन चुके शिक्षण संस्थान पर बुलडोजर कब चलेगा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : सीतापुर जिले में नाबालिग छात्रा का अपहरण कर उसके साथ यौन उत्पीड़न करने के आरोप में गिरफ्तार एक शिक्षक, मामले को लेकर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने योगी सरकार पर तंज कसा है। उन्होंने सवालिया लहजे से कहा कि इस शिक्षण संस्थान पर बुलडोजर कब चलेगा। महमूदाबाद के इस कॉलेज को जमींदोज कब किया जाएगा। आरोप लगाया कि इस कॉलेज के शिक्षक छात्राओं के साथ बलात्कार कर रहे हैं। इस कॉलेज का प्रबंधन भी इस अनैतिक कृत्य में शामिल है। इसकी जांच होनी चाहिए, कॉलेज प्रबंधन की गिरफ्तारी हो।

- **सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म से योगी सरकार पर कसा तंज**

मालूम होकि सपा ने बुधवार को सोशल मीडिया में 'एक्स' हैंडल पर आरोप लगाया गया है कि पीड़िता जिस संस्थान में पढ़ती है, वह भाजपाई भ्रष्टाचार का अड्डा है। अब उसी संस्थान का ये कारनामा सामने आया है।

सूरतेहाल | गड्ढों को भरने को लेकर मुख्यमंत्री के निर्देश का असर

प्रदेश में लगभग 44399 किलोमीटर सड़कें क्षतिग्रस्त

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: एक सरकारी आंकलन के अनुसार बरसात के कारण उत्तर प्रदेश में लगभग 44399 किलोमीटर सड़कें क्षतिग्रस्त हैं। इन सड़कों में जगह-जगह गड्ढे बन गए हैं। इनको भरने को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संबधित विभाग को निर्देश दिए, जिसका असर भी दिखाई देने लगा।

मुख्यमंत्री के आदेश के बाद ही लोक निर्माण विभाग सहित सड़कों के काम से जुड़े 10 विभागों ने काम शुरू कर दिया है। सभी विभाग मिलकर राज्य की सड़कों के गड्ढे को भरेंगे। क्षतिग्रस्त सड़कों को गड्ढामुक्ति के लिए चिन्हित करने लिए चलाए गए अभियान के तहत 20 सितंबर तक उप्र. की कुल 3 लाख 96 हजार 591 किमी लंबी सड़कों में से 44399 किमी. सड़कें ऐसी दिखीं, जिनमें जगह-जगह गड्ढे दिखे।

- **सबसे अधिक सड़के पीडब्ल्यूडी की टूटीं, सबसे कम आवास एवं शहरी नियोजन विभाग की**

इन सड़कों को गड्ढामुक्ति अभियान की लिस्ट में शामिल किया गया है। सड़कों को गड्ढामुक्त करने के लिए लोक निर्माण विभाग को नोडल विभाग बनाया गया है। पीडब्ल्यूडी के प्रमुख सचिव अजय चौहान ने गड्ढामुक्ति के लिए सभी विभागों के साथ बैठक कर जरूरी निर्देश दिए हैं। विभागवार कार्ययोजना तैयार करने, बजट की व्यवस्था, मरम्मत कार्य के संबंध में दिशा निर्देश दिए जा चुके हैं।

10 विभागों ने शुरू किया मरम्मत का काम

सबसे अधिक पीडब्ल्यूडी की 39873 किमी. सड़कें क्षतिग्रस्त हुई हैं। गड्ढामुक्ति के लिए चिन्हित सड़कों में सबसे अधिक 39873 किमी लंबी पीडब्ल्यूडी की सड़कें क्षतिग्रस्त हुई हैं।

इसके बाद नगर विकास की 1636 किमी, मंडी की 720 किमी, राष्ट्रीय राजमार्ग की 624 किमी, गन्ना विभाग की 471 किमी, ग्राम्य विकास विभाग की 313 किमी, सिंचाई विभाग की 309 किमी, पंचायती राज विभाग की 301 किमी, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास की 131 किमी तथा आवास एवं शहरी नियोजन विभाग की 21 किमी सड़कें क्षतिग्रस्त मिली हैं।

एक नजर

विद्यालय में पांच छात्राएं बीमार, भर्ती

सरेनी, रायबरेली। क्षेत्र के श्री शिव भजनलाल जनहित इंटर कॉलेज रायपुर मझिगंवा में आज लंच करने के बाद कक्षा 12 की दीप्ति पुत्री दशरथ की अचानक तबिसत खराब होने पर उसे अस्पताल ले जाया गया। इसके बाद एक-एक कर कल्पना पुत्री अशोक अन्नू पुत्री राकेश कुमार, प्रिया पुत्री रामकिशोर, पायल पुत्री शिव सेवक भी बीमार हो गई। इससे विद्यालय में हड़कंप मच गया। सभी छात्राओं को सीएचसी ले जाया गया, जहां सभी का इलाज किया गया। लेकिन डॉक्टरों ने दीप्ति कल्पना व पायल की गंभीर हालत देखकर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जबकि प्रिया व अन्नू को इलाज के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। इस संबंध में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. शुभम सिंह ने कहा कि एंजायटी व पानी की कमी से छात्राएं बीमार हुई है इलाज किया जा रहा है। तीन को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

बिना परमिट के हरा पेड़ काटना पड़ा महंगा

जगतपुर, रायबरेली, अमृत विचार। थाना क्षेत्र के तिवारीपुर में बिना परमिट के हरे नीम का पेड़ काटना ठेकेदार और पेड़ मालिक को महंगा पड़ गया। मामले में दोनों के खिलाफ अभियोग पुलिस ने पंजीकृत कर लिया। बुधवार को जगतपुर थाना क्षेत्र के तिवारीपुर में बिना परमिट के हरे नीम के पेड काटा जा रहा था। सूचना पर पहुंचे वन विभाग के दरोगा प्रदीप सिंह ने मौके से नीम की बरामदगी की। वहीं ठेकेदार मौके का फायदा उठाकर भाग निकला। प्रदीप सिंह वन दरोगा ने थाने में तहरीर देकर किसान रामू निवासी तिवारीपुर और ठेकेदार धर्मेंद्र निवासी छीछेमऊ के खिलाफ वन संरक्षण अधिनियम तहत अभियोग पंजीकृत कराया।

गोपाल श्रीवास्तव बने अध्यक्ष

परशदेपुर, रायबरेली। नवरात्रि से पूर्व माता मिढुरिन देवी धाम की नवगठित कार्यकारिणी ने इस्तीफा दे दिया है। इस्तीफे के बाद एक बार फिर मंदिर की जिम्मेदारी पूर्व अध्यक्ष गोपाल श्रीवास्तव को सौंपी गई है। गोपाल श्रीवास्तव ने बताया कि माता मिढुरिन सेवा संस्थान के सहयोग से नवरात्रि से पूर्व श्रद्धालुओं के लिए आवश्यक व्यवस्था कर ली जायेगी।

भाकियू की महापंचायत आज

शिवगढ़, रायबरेली, अमृत विचार। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की महा पंचायत 26 सितंबर आज (गुरुवार) ब्लॉक परिसर में प्रदेश अध्यक्ष हरिनाम सिंह वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी। जिसकी जानकारी देते हुए जिला उपाध्यक्ष राजेश कुमार यादव ने बताया कि 26 सितम्बर को भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की महापंचायत आयोजित की जाएगी। जो प्रदेश अध्यक्ष हरिनाम सिंह वर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न होगी। उन्होंने बताया कि महा पंचायत का आयोजन किसानों पर हो रहे उत्पीड़न को लेकर किया जाएगा।

सलोन में पकड़ा गया गोवंशों से भरा ट्रक, तस्कर व चालक फरार

बजरंगदल के कार्यकर्ताओं को गोवंश से लदे ट्रक से रौंदने का प्रयास, सीओ व बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने टोल पर की नाकेबंदी तब मिली सफलता

संवाददाता, सलोन, रायबरेली

अमृत विचार: सलोन क्षेत्र से गौवंशो की तस्करी कर ट्रक से भाग रहे अज्ञात लोगों ने बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को कई बार रौंदने का प्रयास किया है। घटना की सूचना पर सीओ और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने टोल पर नाकेबंदी कर दी। जिसके बाद ट्रक चालक तस्कर और खलासी अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले। ट्रक में बेतरतीब तरीके से भरे गौवंशों को भवानीपुर गौशाला में भेजा गया है। घटना में प्रयुक्त ट्रक जौनपुर की बताई जा रही है। कोतवाली पुलिस की ध्वस्त कानून व्यवस्था का फायदा उठाकर गौ तस्कर एक बार फिर सलोन क्षेत्र में सक्रिय हुए है।

सलोन क्षेत्र में ट्रक पर लदे गोवंशों को देखते पुलिस कर्मी व बजरंग दल के कार्यकर्ता।

गोवंशों से भरे ट्रक को पकड़ने वाली पुलिस व बजरंग दल के कार्यकर्ता। अमृत विचार

मंगलवार की देर रात लगभग दो बजे के करीब बजरंग दल के जिला सयोजक सुरेश सिंह को सूचना मिली कि कोतवाली अंतर्गत बाराडीह गांव के एक बाग से बड़ी संख्या में गौवंशो को तस्कर ट्रक में लोडकर जौनपुर की ओर निकला है। सूचना पर बजरंग दल के दर्जनों कार्यकर्ताओ ने सूची मार्ग पर गौ तस्करों को ट्रक समेत घेर लिया। इसी दौरान ट्रक चालक ने बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को रौंदने का प्रयास भी किया। किसी तरह जान बचाकर घटना की सूचना हिन्दू नेताओ ने सीओ प्रदीप कुमार को दी। घटना को गम्भीरता से लेते हुए सीओ ने सूची करहिया चौकी पुलिस को तत्काल ट्रक की नाकेबंदी करके पकड़ने का निर्देश दिया। वही टोल प्लाजा पर सीओ के साथ बजरंग दल के संजय तिवारी, रोहित, अभिषेक समेत दर्जनों लोग एकत्र हो गए। इसके बाद ट्रक को टोल के समीप छोड़कर चालक तस्कर और खालासी भाग निकले। जांच पड़ताल के दौरान लगभग 16 गौवंश ट्रक में पाए गए है। गौवंशों को बेतरतीब तरीके से तस्करों ने ट्रक में लोड कर रखा था। सीओ प्रदीप कुमार के निर्देश पर गौवंशो को भवानीपुर गौशाला में भेज दिया गया है। विदित हो कि हाल ही में ग्राम बिसाइया गांव में तस्करी का ट्रक पकड़ा गया था। घटना में प्रयुक्त गाड़ी जौनपुर की थी, लेकिन स्थानीय पुलिस की लापरवाह भारी कार्यशैली से सलोन क्षेत्र में गौतस्कर हावी है।

> बजरंग दल के कार्यकर्ताओं की सूचना पर गौवंशो को सकुशल बरामद कर गौशाला भेज दिया गया। इस पूरे घटना की जांच प्रमुखता से की जाएगी। सूची चौकी इंचार्ज की तरफ से पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत हुआ है।
>
> **-प्रदीप कुमार, पुलिस उपाधीक्षक, सलोन**

> ट्रक जौनपुर की थी जिससे तस्कर गोवंशों को लोडकर भाग रहे थे। ट्रक को रोकने के दौरान कार्यकर्ताओं को तस्कर ने रौंदने का प्रयास किया है। सीओ के सहयोग से 16 गोवंशों को तस्करों से मुक्त कराकर गौशाला भेजा गया है। स्थानीय पुलिस तो तहरीर लेकर मुकदमा दर्ज कर लेती है, लेकिन कार्रवाई के नाम पर पुलिस का रावैया बेहद संदिग्ध है। असल आरोपी सलोन पुलिस के हाथ आजतक नहीं लगे है।
>
> **-सुरेश कुमार सिंह, जिला सयोंजक बजरंग दल, सलोन**

गोतस्करी का सलोन से जौनपुर तक गहरा नाता, जिम्मेदार मौन

संवाददाता, रायबरेली

अमृत विचार: गोतस्करों द्वारा गोवंशों से भरा ट्रक छोड़कर जाने का कोई पहला मामला नहीं है। सलोन क्षेत्र में कई ऐसे वारदात हो चुके हैं, जो साफ जौनपुर कनेक्शन को दर्शाता है। सबसे खास बात यह है कि पकड़े गए अधिकांश वाहन जौनपुर से जुड़े रहे। इसके बावजूद जिम्मेदार हमेशा की तरह मौन रह जाते हैं।

सलोन क्षेत्र में वर्षों से प्रतिबंधित पशुओं के वध से लेकर गौतस्करी का काला कारोबार फलफूल रहा है। क्षेत्र में पशु तस्करी और गोमांस तस्कर का सक्रीय होना इस बाद का प्रमाण है कि कोतवाली पुलिस पूरे प्रकरण में कही न कही संदिग्ध है। इसके अलावा तस्कर अपनी गैरकानूनी गतिविधियों को मजबूत करने के लिए रात के अंधेरे का सहारा लेकर बेजुबान गोवंशों की तस्करी कर रहे है। सलोन कोतवाली क्षेत्र में इस काले कारोबार की जड़ वर्ष 2008 से संचालित है।

> देश गौ तस्करी शासन की मंशा के विपरीत है। इसे बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। गौ वध अधिनियम और पशु क्रूरता की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। फरार अभियुक्त के लिए टीमें गठित की गई है जिसकी मॉनीटरिंग क्षेत्राधिकारी सलोन द्वारा की जा रही है। जल्द ही इसका अनावरण किया जाएगा।
>
> **-संजीव कुमार सिन्हा, अपर पुलिस अधीक्षक, रायबरेली**

एक नजर गो वध और तस्करी की घटना पर

केस एक :-
वर्ष 2012-13 में कस्बे के मिलकियाना पश्चिमी से बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित मांस की बरामदगी तत्कालीन अमेठी एसपी अलंकृता सिंह ने की थी। घटना में एक सिपाही की संदिग्ध पाए जाने पर एसपी ने तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर किया था।

केस दो :-
कोतवाली क्षेत्र के अशिकाबाद में 8 सितम्बर 2020 को तालाब में स्थित सीमेंट के पाइप के अंदर प्रतिबंधित मांस मिलने से गांव में तनाव व्याप्त हो गया था। सूचना पर तत्कालीन क्षेत्राधिकारी रामकिशोर सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों का आरोप था कि हल्का सिपाही की शह पर ये सब हो रहा है।

केस तीन :-
सलोन कोतवाली क्षेत्र के ग्रामसभा मीरजहांपुर गांव में 1 मई 2020 को गौवध की घटना को अंजाम दे रहे तीन आरोपियों को पुलिस ने रंगे हाथों दबोच लिया था। घटना स्थल से पुलिस ने एक क्विंटल गोमांस, छुरी, चापड़ और ठीहा बरामद किया था। पुलिस ने उस वक्त छापेमारी की जब आरोपी मांस की बेचने की तैयारी में जुटे थे।

केस चार :-
क्षेत्रीय विधायक अशोक कोरी ने 21 जुलाई 2022 को गौतस्करी का आरोप लगाकर पशु चिकित्सक को कटघरे में खड़ा किया था। आरोप था कि सलोन के पशु चिकित्सक गौशाला में गोवंशों को भेजने के नाम पर तस्करी करते है। जिस ट्रक में गौवंश बरामद हुए थे वह ट्रक भी जौनपुर का ही निकला था, लेकिन आजतक कोई कार्रवाई नही हुई।

केस पांच :-
कोतवाली क्षेत्र के बिसाइया गांव में में एक जुलाई की रात बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने एक दर्जन गौवंशो को तस्करों से मुक्त कराया था। घटना में प्रयुक्त वाहन जौनपुर की बताई गई थी, लेकिन आजतक मुख्य आरोपियो के विरुद्ध पुलिस कार्यवाही नहीं कर पाई है।

केस छह :-
एक महीने पूर्व सर्किल के डीह थाना क्षेत्र में एक ट्रक मिला था। हिन्दू नेता संजय तिवारी ने बताया कि ट्रक खाली मिला था। गाड़ी तस्करी में लिप्त थी। यह ट्रक भी जौनपुर का था, लेकिन आज तक मुख्य मुल्जिम को पुलिस खोज नही पाई है।

लापरवाह थानाध्यक्षों की एडीजी ने लगाई क्लास

संवाददाता, रायबरेली

अमृत विचार: जिले की बिगड़ी कानून व्यवस्था की समीक्षा को लेकर लखनऊ जोन के अपर पुलिस महानिदेशक लखनऊ जोन (एडीजी) एसवी शिरडकर बुधवार को रायबरेली पहुंचे। इस दौरान एडीजी ने अपराधियों के खिलाफ न सिर्फ कार्रवाई करने की बात कही, बल्कि सभी को जनता के बीच अच्छी छवि रखने की नसीहत दी। लापरवाह थाना प्रभारियों के लिए रही को अपराध नियंत्रण करने के निर्देश के साथ-साथ हिदायत दी। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुसार काम करना होगा।

दोपहर करीब 12 बजे एडीजी पुलिस लाइंस स्थित सभागार पहुंचे।

पुलिस लाइन में गार्ड आफ आनर लेते एडीजी लखनऊ जोन एसवी शिरडकर।

एडीजी एसवी शिरडकर ने एसपी डॉ. यशवीर सिंह, एएसपी संजीव कुमार सिन्हा के अलावा समस्त सीओ व थाना प्रभारियों के साथ बैठक की। एडीजी की बैठक मे उनका पूरा फोकस कानून व्यवस्था को बेहतर बनाना रहा। हाल ही में जनपद में चोरी और लूट की घटनाओं की बाढ़ सी आ गई है। जनपद में बिगड़ी कानून व्यवस्था को लेकर अपर पुलिस महानिदेशक ने नाराजगी जताई। एडीजी ने थाना प्रभारियों की लगभग 15 मिनट तक क्लास लगाई। कहा कि चोरी, लूट की जो घटनाएं क्षेत्र में हुई हैं, उनका तत्काल खुलासा किया जाए। क्षेत्रीय जनता से सीधा संवाद किया जाए और संदिग्ध लोगों पर नजर रखने के लिए संभ्रांत लोगों की मदद ली जाए। हिस्ट्रीशीटरों को निगरानी की जाए। पड़ोसी जनपदों की सीमा पर चेकिंग गहनता से कराई जाए। थानों पर पहुंचने वाले फरियादियों से थाना प्रभारी और उनके मातहत अच्छी तरीके से पेश आए। महिला अपराध पर सख्त कार्रवाई की जाए। थाना प्रभारियों के बाद एडीजी ने एसपी, एएसपी व सीओ के साथ गुप्त मीटिंग की। मीटिंग के बाद एडीजी वापस लखनऊ लौट गए।

बढ़ रहे अपराध को लेकर आये थे एडीजी शिरडकर

जिले में चोरी, लूट और हत्या जैसी वारदातों में पुलिस के लचीले रूख और बिगड़े कानून व्यवस्था को लेकर उच्चाधिकारी काफी नाराज हैं। माना जा रहा है कि इसी को लेकर अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) एसवी शिरडकर रायबरेली पहुंचे और कानून व्यवस्था की समीक्षा की। एसपी समेत सभी क्षेत्राधिकारी व थाना प्रभारियों को जनता से सीधा संवाद बनाकर अपराधियों को जेल भेजने की हिदायत दी है। अभी हाल ही में गुरबख्शगंज में चोरियां व गदागंज में लूट जैसी बड़ी घटनाएं हुई है।

भूमिधरी जमीन पर जबरन खड़ंजा लगाने का आरोप

जगतपुर, रायबरेली। थाना क्षेत्र के थुलरही में भूमिधरी जमीन पर प्रधान द्वारा जबरन खड़ंजा लगाने पर पीड़ितों ने थाने में तहरीर देकर ग्राम प्रधान पर कार्यवाही की मांग की है। शिव शंकर, शिवकुमार, विजय शंकर, गंगा प्रसाद निवासी पूरे पंडित मजरे थुलरई ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि उनकी भूमिधरी जमीन पर दबंग ग्राम प्रधान द्वारा जबरदस्ती खड़ंजा लगाया जा रहा है। जबकि उप जिला अधिकारी डलमऊ द्वारा 20 अक्टूबर 2022 को स्टे आर्डर पीड़ितों के पक्षों में किया है। लेकिन एसडीएम के आदेश को भी ग्राम प्रधान धता बताकर जबरन खड़ंजा निर्माण कर रहे हैं। जगतपुर प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार राय ने बताया कि जानकारी नहीं है।

सार-संक्षेप

डीएम ने छात्रा शिवानी को किया सम्मानित

डीएम से मिली मेधावी छात्रा शिवानी सिंह। अमृत विचार

सरेनी, रायबरेली। बुधवार को क्षेत्र के कमला नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय तेजगांव की मेधावी छात्रा शिवानी सिंह को जिलाधिकारी ने सम्मानित किया। इसके पहले लखनऊ विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में 16 सितंबर को उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने वर्ष 2024 में एमए भूगोल की परीक्षा में विश्वविद्यालय में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने और एक छात्रा के रूप में विश्वविद्यालय में बीए एवं एमए के अंकों के योग के आधार पर सर्वोच्च अंक प्राप्त करने पर दो स्वर्ण पदक एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया था। इस मौके पर महाविद्यालय के प्रबंधक सुरेंद्र बहादुर सिंह, प्राचार्य पीके श्रीवास्तव, शिक्षक डॉ दुर्गेश प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

ग्राम कोर्ट ने सुनाई पहली सजा, तीन पर अर्थदंड

ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार। ग्राम न्यायालय गठन के बाद पहला फैसला आया है। इसमें एक व्यक्ति को अर्थदंड के साथ न्यायालय उठने तक कैद और दो लोगों को अर्थदंड की सजा सुनाई गई है। यह फैसला न्याय अधिकारी मनु गुप्ता ने सुनाया है। पहला मामला गदागंज थाना क्षेत्र के गांव जलालपुर का है। गांव के पुष्पेंद्र मालवीय के विरुद्ध अवैध रूप से हरे पेड़ काटने का मामला पुलिस ने 13 फरवरी 2012 को दर्ज किया था। इसमें बुधवार को फैसला सुनाया गया है। इसमें आरोपित के विरुद्ध दोषसिद्ध होने पर एक हजार रुपये का अर्थदंड और न्यायालय उठने तक कैद की सजा सुनाई गई है। दूसरा मामला जगतपुर थाना के गांव लोधन का पुरवा का है। गांव मे वाद-विवाद को लेकर राम बरन और गंगा के विरुद्ध पुलिस ने 30 जून 2015 को मुकदमा दर्ज किया था। इस मुकदमे का बुधवार को निस्तारण किया गया है, जिसमें दोषसिद्ध होने पर दोनों पर एक-एक हजार रूपये का अर्थदंड लगाया गया है।

स्टार अवार्ड से सम्मानित हुए राहुल, खुशी की लहर

अवार्ड के साथ राहुल।

शिवगढ़, रायबरेली, अमृत विचार। शिवगढ़ नगर पंचायत के भवानीगढ़ चौराहे के रहने वाले अशोक कुमार उर्फ पप्पू के बेटे राहुल कुमार ने वियतनाम में स्टार अवार्ड अर्जित करके जनपद ही नहीं समूचे उत्तर प्रदेश को गौरवान्वित कर दिया है। राहुल कुमार पिछले कई वर्षों से यूपी के कानपुर में ग्लेनमार्क फार्मास्यूटिकल कंपनी में सीनियर फील्ड ऑफिसर के पद पर कार्यरत हैं। कम्पनी में ईमानदारी एवं निष्ठा पूर्वक कार्य कर रहे युवाओं को सम्मानित करने के लिए कम्पनी द्वारा वियतनाम की होचीमिन सिटी में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था, जिसमें राहुल कुमार के साथ ही देश के कई युवाओं को कम्पनी के मैनेजिंग डायरेक्टर ग्लेन सल्दाना ने स्टार अवार्ड एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है। राहुल को विदेश में स्टार अवार्ड मिलने पर जिला पंचायत सदस्य अंजली पासी, प्रो. अश्वनी कुमार, सभासद उमेश कुमार, रमेश, सौरभ, कपिल, चंद्र प्रकाश आदि लोगों ने ढेरों शुभकामनाएं दी है।

अधिवक्ताओं ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

महराजगंज, रायबरेली। जिला अधिवक्ता संघ इलाहाबाद के आह्वान पर तहसील के अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहे। सुबह से ही तहसील परिसर में काली पट्टी बांध कर सरकार का विरोध किया। अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम समेत 16 सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम रश्मिलता सौंपकर उनके माध्यम से नया मुख्य न्यायाधीश को भेजा।

वेतन भुगतान में देरी पर शिक्षकों में रोष व्याप्त

संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार। शिक्षकों के वेतन भुगतान में हर महीने हो रही देरी की समस्या पर उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ जनपद का प्रतिनिधिमंडल जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी और वित्त एवं लेखाधिकारी से मिला। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि वेतन भुगतान में पिछले कई महीनो से अनावश्यक विलंब से वेतन भुगतान होने पर रोष व्यक्त किया।जिलाध्यक्ष राघवेन्द्र यादव ने बताया कि हम शिक्षकों की समस्या पर वित्त एवं लेखा अधिकारी ने अवगत कराया कि खंड शिक्षा अधिकारियों द्वारा वेरिएशन विलंब से भेजा जाता है। इसलिए विलंब हो जाता है। इस पर संगठन ने उन्हें अवगत कराया की आनलाइन वेतन भुगतान के संबंध में निर्गत वर्ष 2012 के शासनादेश में यह व्यवस्था दी गई है कि यदि किसी विकास क्षेत्र से खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा समयांतर्गत वेतन वेरिएशन नहीं प्रस्तुत किया जाता है तो उसे विकास क्षेत्र का वेतन पुराने विवरण के अनुसार भुगतान कर दिया जाए। भुगतान में यदि कोई अनियमितता होती है तो उसके लिए संबंधित खंड शिक्षा अधिकारी उत्तरदाई होंगे। संगठन की मांग से अपनी सहमति जताते हुए वित्त एवं लेखाधिकारी ने यह आश्वस्त किया कि समय से वेतन भुगतान किए जाने का प्रयास किया जाएगा तथा बजट आवंटित होते ही महंगाई भत्ते के एरियर का भुगतान कर दिया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल में संरक्षक समर बहादुर सिंह, महामंत्री सियाराम सोनकर, विक्रमादित्य सिंह, दीपक कुमार, शिवकुमार सिंह, सुनील यादव, मेराज अहमद, शिवेंद्र सिंह, उमेश चंद्र श्रीवास्तव, प्रमोद कुमार, योगेंद्र यादव, लक्ष्मी सिंह, सुरेश सिंह, आशीष तिवारी आदि मौजूद रहे।

एसजेएस स्कूल में आयोजित समारोह में नृत्य प्रस्तुत करतीं छात्राएं। अमृत विचार

छात्राओं के लोकनृत्य देखकर हर कोई हुआ मंत्रमुग्ध

महराजगंज, रायबरेली। कोतवाली क्षेत्र के एसजेएस स्कूल में अंतरविद्यायीय सांस्कृतिक समारोह का आयोजन किया गया। इसमें विद्यालय की लालगंज, बछरावां, गुरुबक्शगंज व महराजगंज शाखा के प्राथमिक स्तर के छात्रों ने प्रतिभाग किया। मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य राजा चंद्र चूड़ सिंह इंटर कॉलेज डॉ.विनय कुमार सिंह व प्राचार्य नवोदय विद्यालय चंदन वागीश द्वारा फीता काट कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मौके पर सभी शाखाओं के कक्षा तीन के प्रतिभागियों नें हिन्दी नाटक, कक्षा चार के प्रतिभागियों नें अंग्रेजी ड्रामा व कक्षा पांच के बच्चों नें लोकनृत्य की प्रस्तुतियां देकर अपनी बेजोड़ अदाकारी, संवाद एवं कला का प्रदर्शन कर मुख्य अतिथियों, शिक्षकों सहित अभिभावकों मंत्रमुग्ध कर दिया। मुख्य अतिथियों द्वारा प्रतिभागी समूहों कों ट्राफी व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। विद्यालय प्रबंधक अग्रज सिंह, प्रधानाचार्या मृदुला श्रीवास्तव ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

सीएम डैशबोर्ड की रैंकिंग सुधारें : डीएम

संवाददाता, रायबरेली

अमृत चिख्सा: जिला स्वच्छता समिति एवं जिला स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण मैनेजमेंट कमेटी की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में हुई। बैठक में स्वच्छ भारत मिशन के तहत हुए कार्यो की समीक्षा की गई। डीएम ने सीएम डैशबोर्ड की प्रगति जानते हुए रैंकिंग सुधारने के निर्देश दिए। सभी एडीओ पंचायत को निर्देश दिया कि ई-ग्राम स्वराज प्रणाली को बढ़ावा दिया जाए।

बैठक का मुख्य एजेंडा ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन हेतु चयनित मॉडल ग्रामों की प्रगति, व्यक्तिगत शौचालय के लिए प्राप्त आवेदन, वित्तीय वर्ष 2024-25 में व्यक्तिगत शौचालय निर्माण की प्रगति, वित्तीय वर्ष 2022-23 एवं 23-24 के रिसोर्स रिकवरी सेंटर के संचालन की स्थिति, सीएससी संचालन की समीक्षा, वित्तीय वर्ष 2023-24 अंतर्गत अंत्येष्टि स्थल के निर्माण के प्रगति, सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा आदि रहा। जिलाधिकारी ने प्राप्त धनराशि के सापेक्ष कार्य मे प्रगति लाने का निर्देश सभी एडीओ पंचायतों को दिया, जिनकी प्रगति ठीक नहीं है। उन पर कार्यवाही करने का निर्देश डीपीआरओ सौम्य शील सिंह को दिया। उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत शौचालय आवेदन में हुई कार्यवाही में किसी भी प्रकार का विरोधाभास मिलने पर सम्बन्धित एडीओ पंचायत की जवाबदेही तय की जाएगी। उन्होंने ने डीपीआरओ को निर्देशित किया कि सभी सचिवों को रोस्टर डयूटी लगाई जाए।

कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक की अध्यक्षता करतीं डीएम हर्षिता माथुर। अमृत विचार

ट्रक से कुचल कर युवक की मौत

अमावां, रायबरेली, अमृत विचार। मिल एरिया थाना क्षेत्र में रायबरेली-सुल्तानपुर हाईवे पर मंगलवार की रात रायबरेली से घर लौट रहे। एक बाइक सवार युवक को तेज रफ्तार ट्रक ने कुचल दिया इससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम में भेज दिया है। मिल एरिया थाना क्षेत्र के जसनगंज मजरे बंदीपुर गांव का अशोक कुमार (35) बाइक से मंगलवार की रात करीब 11 बजे रायबरेली से अपने घर लौट रहा था, तभी रायबरेली-सुल्तानपुर हाईवे पर राही के पास पीछे से आए एक तेज रफ्तार ट्रक ने अशोक को कुचल दिया। घटना की भयावता का अंदाजा इसी लगाया इंस्पेक्टर संजय कुमार सिंह ने बताया दुर्घटना में शामिल चालक को ट्रक समेत कब्जे में ले लिया गया है।

डीपीआरओ ने आंगनबाड़ी केंद्र में कराया बेटी का दाखिला

संवाददाता, रायबरेली

अमृत विचार। जिला पंचायत राज अधिकारी सौम्यशील सिंह ने मिसाल पेश करते हुए बेटी का आंगनबाड़ी केंद्र में दाखिला कराया है। बुधवार को डीपीआरओ अपनी डेढ़ साल की बेटी श्री को लेकर गोरा बाजार स्थित परिषदीय विद्यालय में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र पहुंचे, जहां पर उन्होंने प्रवेश की प्रक्रिया को पूरा किया। साथ ही समाज में सरकार की व्यवस्था को लेकर एक अच्छा संदेश दिया।

इस दौरान आम बच्चों के साथ खेलती मासूम बच्ची की तस्वीर सोशल मीडिया पर सामने आई तो चर्चा शुरू हो गई। हर कोई उनके इस कदम की सराहना की।

अपनी बेटी का दाखिला कराने आंगनबाड़ी केंद्र पहुंचे डीपीआरओ।

पेश की मिसाल

- **बोले-सरकार की ओर से आंगनबाड़ी केंद्र व शिक्षा पर दिलाई जा रही बेहतर सुविधाएं**

इससे पहले जिला पंचायत राज अधिकारी गोरा बाजार स्थित आंगनबाड़ी केंद्र पर पहुंचे। मौके पर अधिकारी को देख आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ही नहीं तैनात शिक्षक कुछ नहीं समझ पाए। उन्होंने पहले मौके पर मौजूद व्यवस्था को देखा। इसके बाद आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से प्रवेश की प्रक्रिया के बारे में पूछा। डीपीआरओ ने कहा कि बेसिक स्कूलों की शिक्षा अच्छी हैं सिर्फ विश्वास होना चाहिए। अपनी बेटी श्री जो कि अभी मात्र डेढ़ साल की हैं उसको आंगनबाड़ी केंद्र में पढ़ाने के लिए लगातार भेज भी रहे हैं।

इस दौरान उन्होंने स्कूल परिसर में इंटर लॉकिंग, झूला समेत जो भी स्कूल के बच्चों को सुविधा चाहिए वह सब पूरा करवाने की बात कही हैं। स्थानीय लोगों का कहना कि ये ऐसा दौर है जब सरकारी अधिकारी और अमीर लोग बच्चों को क्रेच और बड़े महंगे पब्लिक स्कूलों में पढ़ा रहे हैं। इसके बावजूद डीपीआरओ ने बेटी को आंगनबाड़ी केंद्र में पंजीकृत करवाकर मिसाल देने लायक काम किया है। इससे अन्य लोग भी बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्र तक भेजने के लिए प्रेरित होंगे। आंगनबाड़ी केंद्रों के इंतजाम सुधर सकते हैं।

डीपीआरओ ने परिषदीय विद्यालय को लिया गोद

जिला पंचायत राज अधिकारी ने गोरा बाजार स्थित परिषदीय विद्यालय को गोद लेने की घोषणा की। उन्होंने शिक्षकों को आश्वस्त किया कि विद्यालय का पूरा कायाकल्प कराया जाएगा। इस दौरान बजट की कमी नहीं होने दी जाएगी। डीपीआर की यह पहल सरकारी कर्मचारियों और अधिकारियों के लिए सबक भी है।

कोचिंग पढ़ने गए छात्र को पीटा, साथियों ने बचाई जान

ऊंचाहार, रायबरेली। कोचिंग पढ़ने गए एक छात्र पर कुछ लोगों ने हमला कर दिया। शोरगुल सुनकर कोचिंग से निकले उसके साथियों ने किसी तरह बचाया। पीड़ित छात्र ने कोतवाली में नामजद शिकायत की है। मामला बाबूगंज बाजार का है। क्षेत्र के गांव निबावर मजरे इटौरा बुजुर्ग निवासी सत्यम यादव बाबूगंज बाजार में कोचिंग पढ़ता है। मंगलवार को वह कोचिंग पढ़ने आया था। तभी बाजार में कुछ लोगों ने घेरकर हमला कर दिया। कोतवाल अनिल कुमार सिंह ने बताया कि मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है।

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता पंचदशम् मण्डल, सिंचाई कार्य, गोण्डा

पत्रांक- 5887 /पंचदशम्/ई-निविदा 2024-25 दिनांक: 20.09.2024

शुद्धि-पत्र

इस कार्यालय के पंत्राक-5847/पंचदशम्/ई-निविदा 2024-25/दिंनाक-18.09.2024 द्वारा आमंत्रित अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या-01/अधी0 अभि0/2024-25 अपरिहार्य कारण से निरस्त किया जाता है।

अधीक्षण अभियन्ता
पंचदशम् मण्डल, सिंचाई कार्य
गोण्डा

UP-219831 दिनांक 25.09.2024
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता सरयू नहर खण्ड-5, बहराइच

निविदा में लाट नं0 2 निरस्तीकरण सूचना

ई-निविदा सूचना संख्या-01/अधि0अभि0/2024-25 में लाट नं0 2 निरस्तीकरण

इस कार्यालय के पत्रांक संख्या 636/स0न0ख0-5,ब0/ई-टेण्डर/दिनांक 12.06.2024 द्वारा आमंत्रित ई-निविदा सचू ना संख्या-01/अधि0 अभि0/2024-25 मे लाट नं0-2 को अपरिहार्य कारणो से एतद् द्वारा निरस्त की जाती है।

अधिशासी अभियन्ता
सरयू नहर खण्ड-5,
बहराइच

UP-219903 दिनांक 25.09.2024
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

एक नजर

नलकूप बोरिंग को नुकसान पहुंचाने का आरोप

लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार। चांदा बन्नामऊ निवासी रण विजय सिंह पुत्र राज नारायण सिंह ने अपने परिवार के ही एक व्यक्ति के खिलाफ उनकी बोरिंग में वजनी लोहा डालकर नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया है। रणविजय सिंह ने मामले की शिकायत लालगंज कोतवाली पुलिस से की है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि शिकायत मिली है। मामले की जांच कराई जाएगी। रणविजय सिंह ने कहा कि दो महीने पहले उन्होंने अपनी भूमिधरी में बोरिंग कराई थी। बोरिंग कराने से विपक्षी ईर्ष्या रखते हैं, जिसके कारण अंबर सिंह ने उनकी बोरिंग में कोई वजनी लोहा डालकर बोरिंग को खराब कर दिया है। मामले में रणविजय सिंह ने मुकदमा दर्ज किए जाने की मांग की है।

गांजा के साथ आरोपी बंदी

लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि पुलिस टीम ने त्रिवेदीपुर मजरे तौधकपुर निवासी बाबूलाल उर्फ बाबू पुत्र ओम प्रकाश को आधा किलो गांजा के साथ पकड़ा है। मादक पदार्थ की खरीद फरोख्त करने के आरोप में बाबूलाल के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे जेल भेजा गया है।

जमीन के विवाद में वृद्ध पर कुल्हाड़ी से हमला

ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार। जमीन विवाद में एक वृद्ध पर कुछ लोगों ने कुल्हाड़ी से हमला कर दिया, जिससे वह रक्तरंजित हो गया। उसके बचाव में आए उसके बेटे को भी मारपीट करके घायल कर दिया गया है। मामला कोतवाली क्षेत्र के गांव मुरारमऊ का है। गांव के पवन कुमार शुक्ल का गांव के कुछ लोगों से जमीन विवाद चल रहा है। उनका कहना है कि बुधवार की सुबह उनके पिता लल्लन प्रसाद शुक्ल अपने दरवाजे पर बैठे थे। तभी उनके प्रतिपक्षी कुल्हाड़ी लेकर आए और गाली गलौज करते हुए उनके पिता पर हमला कर दिया। घायल पिता को लेकर कोतवाली पहुंचे पीड़ित ने मामले की तहरीर दी। पुलिस ने दोनो घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया है। कोतवाल अनिल कुमार सिंह का कहना है कि मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है।

मवेशी से टकरा कर अधेड़ घायल

सरेनी, रायबरेली, अमृत विचार। सरेनी थाना क्षेत्र के हसनापुर ग्राम पंचायत के पास तेज रफ्तार से लालगंज की तरफ से आ रहा अधेड़ आवारा पशु से टकरा कर घायल हो गया। घायल को ग्रामीणों की मदद से सीएचसी लालगंज पहुंचाया गया। भोजपुर कस्बे के रहने वाले विजय रैदास पुत्र राजकुमार आज शाम को लालगंज से अपने गांव भोजपुर जा रहे थे तभी हसनापुर ग्राम पंचायत के पास आ रहे हैं आवारा पशुओं से टकरा कर वह घायल हो गए। कोतवाल शिव शंकर सिंह ने बताया कि घायल को 108 नंबर से सीएचसी लालगंज पहुंचाया गया है। परिजनों को सूचना दे दी गई है।

सत्संग का हुआ आयोजन

जगतपुर, रायबरेली, अमृत विचार। संत निरंकारी सत्संग भवन में बुधवार को सत्संग का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता महात्मा संजय सिंह ने किया और संगत को संबोधित करते हुए कहा है कि सद्गुरु ब्रह्म ज्ञान देकर जहां इस आत्मा को रोशन कर देते हैं। वही प्यार समर्पण वाला जीवन जीने की प्रेरणा देते हैं। मानव तन मिला है। तो इस मानव तन के रिश्ते नाते भी बने उन रिश्तो की कद्र हमारे जीवन में बनी रहे। कि हम एक दूसरे का सम्मान कर पाए एक दूसरों की भावनाओं की कदर कर पाए बेशक सभी के मन तो अलग-अलग हैं। सभी के विचारधाराए अलग लेकिन सभी में गुरमत में जीवन जीते हैं। इस मौके पर बसंत लाल राम प्रसाद प्रतिपल सुग्रीव शत्रुघ्न श्यामलाल हीरालाल ताराचंद कमल वंदना माया गंगा देवी उषा विद्यावती आदि लोग मौजूद रहे।

भाजपा जिलाध्यक्ष बुद्धिलाल पासी को ज्ञापन सौंपते पालिका के सफाई कर्मी।

जलकल कार्यालय परिसर में धरने को संबोधित करते कर्मचारी नेता।

जलकल कार्यालय परिसर में अध्यक्ष के खिलाफ एकत्र सफाई कर्मी।

नपा अध्यक्ष के खिलाफ सफाई कर्मियों ने खोला मोर्चा

जलकल परिसर में धरना देकर अध्यक्ष पर भुगतान नहीं देने का लगाया आरोप, जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, रायबरेली

अमृत विचार: शहर के विकास की जिम्मेदारी उठाने वाली नगर पालिका वर्तमान में राजनीति का दौर चल रहा है। विकास पर चर्चा के बजाए दो खेमों में चल रही पालिका में एक-दूसरे को नीचा दिखाने में लगे हैं। मंगलवार को आकस्मिक बोर्ड बैठक में निशाने पर अधिशासी अधिकारी स्वर्ण सिंह रहे। सभासदों ने उन पर विकास अवरूद्ध करने समेत तमाम आरोप लगाते हुए हंगामा किया। वहीं, बुधवार को सफाईकर्मियों ने मोर्चा खोल दिया। आउटसोर्सिंग के तहत सफाई का कार्य कर रहे कर्मचारियों ने अध्यक्ष पर भुगतान नहीं देने का आरोप लगाते हुए धरना प्रदर्शन किया। बताया कि अध्यक्ष की हीलाहवाली के कारण काम के बावजूद भुगतान नहीं मिल रहा है। इस दौरान जलकल कार्यालय परिसर में एकत्र होने के बाद जुलूस निकालकर सभी कर्मचारी कलेक्ट्रेट पहुंचे, जहां पर डीएम को संबोधित ज्ञापन सौपते हुए उचित कदम उठाने की मांग की। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष बुद्धिलाल पासी को भी ज्ञापन सौंपा। जिस पर उन्होंने न्याय दिलाने के लिए आश्वस्त किया। भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष बुद्धिलाल पासी ने सभी कर्मचारियों को भरोसा दिलाया कि संबंधित उच्च अधिकारी व मा मंत्री से बात कर उनकी समस्याओं को जल्द से जल्द दूर कराया जाएगा और रायबरेली नगर पालिका को भ्रष्टाचार मुक्त व देश व प्रदेश की सरकार के अनुरूप सबका साथ-सबका विकास के तौर तरीके से ही चलने के लिए निर्देशित कराया जाएगा। अखिल भारतीय सफाई मजदूर संघ के जिलाध्यक्ष दिनेश वाल्मीकि ने कहा कि पालिका की कुर्सी संभालने के बाद शुरूआत में अध्यक्ष द्वारा समय से भुगतान किया जा रहा था। पिछले कुछ महीने से हमारे हिस्से के बजट का भुगतान दूसरे कार्यों में करने की तैयारी के चलते वेतन नहीं मिल रहा है। इसे किसी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। जिला महासचिव संजय कुमार मौर्य ने कहा कि पूर्व में भी ज्ञापन सौंपा गया, लेकिन वर्तमान अध्यक्ष द्वारा मनमाना किया जा रहा है। इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। दो अक्टूबर तक मांगों को पूरा नहीं किया गया तो कार्य का बहिष्कार किया जाएगा। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष मनोज सिंह, नगर अध्यक्ष राम विलास सोनकर, जिला संगठन सचिव रामपाल, जिला कोषाध्यक्ष अरविंद कुमार चौबे, मुकेश कुमार आदि मौजूद रहे।

करीब छह सौ कर्मचारी प्रभावित, पनप रहा आक्रोश

वेतन नहीं मिलने से करीब छह सौ कर्मचारी प्रभावित हो रहे हैं। उनका कहना है कि आउटसोर्सिंग के तहत हमें भर्ती किया गया, लेकिन भुगतान काफी कम मिल रहा है। इतने कम खर्च में परिवार चलाना मुश्किल हो जाता है। ऐसे में यदि वेतन ही समय से नहीं मिलेगा तो कैसे गृहस्थी चला पाएंगे। जानबूझकर हमारे हिस्से के बजट का उपयोग लूटखसोट में किया जा रहा है।

आपसी तालमेल नहीं होने से बिगड़े हालात

अध्यक्ष और ईओ के बीच आपसी तालमेल नहीं होने के कारण हालात इतने बिगड़ गए कि अब आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया। अंदरखाने की माने तो कमीशन और बजट के उपयोग का पूरा मामला है। वर्तमान में कई ठेकेदारों के भुगतान बकाए हैं। जिसको लेकर लगातार दबाव बनाया जा रहा है। आपसी सहमति नहीं होने के कारण मामला इतना अधिक बढ़ गया।

> मंगलवार को बोर्ड बैठक साजिश का एक हिस्सा है। आखिर कर्मचारियों के बजट को दूसरी जगह कैसे खर्च किया जा सकता है। इस संबंध में शासन को पत्र भेजा जाएगा। वर्तमान अध्यक्ष का एजेंडा पूरी तरह से कांग्रेस की तरह लूटखसोट पर निर्भर है। भाजपा सरकार में यह सबकुछ नहीं चलेगा। कर्मचारियों का अहित नहीं होने दिया जाएगा। उन्हें हक दिलाया जाएगा।
>
> **-बुद्धिलाल पासी, भाजपा जिलाध्यक्ष**

अस्पताल में युवक का हंगामा, डॉक्टर से की अभद्रता

डलमऊ, रायबरेली, अमृत विचार। रात में इमरजेंसी ड्यूटी के दौरान अस्पताल पहुंचकर एक युवक ने हंगामा शुरू कर दिया। डॉक्टर को गाली देने लगा और जान से मारने की धमकी दी जब वहां पर तैनात अस्पताल व अन्य कर्मचारियों ने उसे समझाने का प्रयास किया तो वह और उग्र हो गया। चिकित्सा अधीक्षक ने भी उसे समझने का प्रयास किया तो वह उन्हें भी गालियां देने लगा। युवक की हरकत से सभी स्वास्थ्य कर्मी नाराज हो गए। सूचना पर पहुंची पीआरबी को स्वास्थ्य कर्मियों ने युवक को सौंप दिया। हद तो तब हो गई जब पुलिस कर्मियों ने हंगामा करने वाले युवक को वहां से भगा दिया। इससे डॉक्टर एवं कर्मचारी नाराज हो गए तभी गदागंज थाने पहुंचे और पुलिस कर्मियों पर मनमानी का आरोप लगाया। चिकित्सा अधीक्षक ज्ञान प्रकाश सिसोदिया ने बताया कि हंगामा कर रहे युवक को पुलिस को सौंपा गया था, पर उन्होंने उसे भगा दिया। थानेदार राकेश चंद्र आनंद ने बताया कि आरोपी युवक नरेंद्र कुमार निवासी पुरेलाए सिंह गौरा हरदो पर मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया है।

चालक व परिचालक को रोक कर पीटा, केस दर्ज

संवाददाता, सरेनी, रायबरेली

अमृत विचार: बुधवार को भोजपुर से बस लेकर रायबरेली जा रहे चालक व परिचालक को दो भाइयों ने रास्ते में पीट दिया। परिचालक की तहरीर पर पुलिस ने दोनों भाइयों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

थाना क्षेत्र के सोमवंशी खेड़ा गांव के रहने वाले संजय कुमार सिंह बुधवार सुबह रायबरेली डिपो की बस लेकर जिला मुख्यालय जा रहे थे जैसे ही बस सरेनी-भोजपुर मार्ग के हुल्लापुर गांव के पास पहुंची तो इसी गांव के शिवम व सूरज ने बस के आगे भैंस खेद दिया। चालक ने ब्रेक लगाकर दोनों भाइयों से कहा कि भैंस चोट खा जाती तो अभी विवाद शुरू कर देते। इस पर दोनों भाइयों ने चालक को गालियां देकर मारना शुरू कर दिया। बीच बचाव करने पहुंचे परिचालक अनिल कुमार बाजपेई निवासी ग्राम मलपुरा लालगंज को भी दोनों ने पीटा और जान से मारने की धमकी देकर चले गए। कोतवाल शिव शंकर सिंह ने बताया कि मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है दोनों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

व्यापारियों को मिला मौका, ध्वस्तीकरण की कार्रवाई अब 30 को

संवाददाता, रायबरेली

खबर का असर

▸▸ मुंशीगंज में निर्माणाधीन उपरिगामी सेतु मामले को लेकर व्यापारियों व परियोजना प्रबंधक की हुई बैठक

अमृत विचार: मुंशीगंज में निर्माणाधीन ऊपरगामी सेतु के कार्य में तेजी लाने के उद्देश्य से बाधा बन रहे आवास, दुकान समेत अन्य निर्माणों को ध्वस्तीकरण की नोटिस के बाद व्यापारियों में आक्रोश है। अमृत विचार ने उनकी समस्याओं को प्रमुखता से प्रकाशित किया तो अफसरों की नींद टूटी।

बुधवार को उद्योग व्यापार मंडल प्रदेश महामंत्री पंकज मुरार के नेतृत्व मे मुंशीगंज कस्बे मे सेतु निगम, लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक हुई। इसमें कई आवश्यक बातों पर ध्यान केंद्रित करते हुए प्रदेश महामंत्री ने व्यापारी हित की बात रखते हुए कहा कि सड़क के मध्य सें दोनों तरफ जमीन चिन्हित किया जाए। मिलने वाले मुआवजे की संपूर्ण जानकारी व्यापारियों को दिया जाए। किसी भी व्यापारी को परेशान न किया जाए।

बैठक में मौजूद यूपी राज्य सेतु निगम परियोजना प्रबंधक पूजा श्रीवास्तव ने व्यापारियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि किसी भी व्यापारी को परेशान किया जाए। सड़क के दोनों तरफ मानक के अनुकूल नाप कर चिन्हीकरण किया जाए। उन्होंने कहा की 27 सितम्बर से ध्वस्तीकरण का आदेश दिया गया था, लेकिन व्यापारी हित को देखते हुए ध्वस्तीकरण की तिथि बदलकर 30 सितम्बर कर दिया गया है। इस मौके पर तहसीलदार अनिल पाठक, नायब समीम अहमद, संतलाल, लेखपाल वेद प्रकाश सिंह, लेखपाल बिंदुसार, इं. मोहित यादव, इं. क्षितिज, सुनील गुप्त, हिंमाशु जैन आदि मौजूद रहे।

व्यापारियों से वार्ता करने पहुंचे परियोजना प्रबंधक। अमृत विचार

व्यापारी हित से नहीं होगा कोई समझौता : मुरारका

प्रदेश महामंत्री उद्योग व्यापार मंडल पंकज मुरारका ने बताया कि बैठक बहुत ही महत्वपूर्ण रही। परियोजना प्रबंधक से सभी महत्वपूर्ण बिंदूओ पर बात हुई है। मानक के अनुसार चिन्हिकरण, सर्विस रोड, मुआवजा सहित सभी बिंदूओं पर सहयोग करने के लिए आश्वस्त किया है। उन्होंने कहा कि व्यापारी हित मे सभी उचित कार्य किए जाएंगे। उन्होंने अमृत विचार में खबर प्रकाशित होने के धन्यवाद किया। कहा कि व्यापारी हित ही नहीं बल्कि आमजनमानस से जुड़ी समस्या है। जिसे अखबार ने प्रमुखता से प्रकाशित किया।

केस न लिखने पर पीड़ित ने एसपी से की शिकायत

ऊंचाहार, रायबरेली

अमृत विचार: जमीनी विवाद को लेकर घर में घुसकर जानलेवा हमला और घर में आग लगा देने के मामले में पुलिस मुकदमा न लिखाने के लिए पीड़ितों पर दबाव बना रही है। आरोप है कि कोतवाल पीड़ितों को धमका रहे हैं। इस प्रकरण को लेकर पीड़ित महिला ने एसपी से मुलाकात की है और उन्हें लिखित शिकायत दी है।

मामला कोतवाली क्षेत्र के गांव कनकपुर मजरे कंदरावा का है। गांव की रहने वाली महिला अन्नपूर्णा के घर में पिछले सप्ताह जमीनी विवाद को लेकर गांव के कुछ लोगों ने जबरन घुसकर तोड़फोड़ की थी और महिला के पति पर जानलेवा हमला किया था। यही नहीं उन लोगों ने उसके घर में आग लगा दी थी, जिससे पूरा घर जलकर राख हो गया है। पीड़िता का कहना है कि उसने इस मामले में ऊंचाहार कोतवाली में शिकायत की, किंतु पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। महिला का कहना है कि आरोपित कुछ समय पहले बाइक से गिरकर घायल हो गया था। ऊंचाहार कोतवाल कह रहे हैं कि यदि तुमने आगजनी का मुकदमा लिखाया तो घायल हुए मामले को लेकर तुम्हें फंसा दूंगा। इस मामले में पीड़िता ने बुधवार को पुलिस अधीक्षक से मुलाकात की है और उन्हें पूरा मामला बताते हुए शिकायती पत्र सौंपा है। सीओ अरुण कुमार नौहार का कहना है कि घटना की जांच की जा रही है, जांच के बाद जो तथ्य सामने आएंगे, उसी के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

ग्रामीणों ने डीएम से की मार्ग से अतिक्रमण हटवाने की मांग

संवाददाता, रायबरेली

अमृत विचार : शहर से सटे किशुनपुर रामचन्दर में सार्वजिनक मार्ग पर अवैध कब्जा किए जाने की शिकायत डीएम से की गई है। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि उक्त स्थान पर चारों तरफ लगभग 13 फीट का चकरोड़ है, जो कि प्राचीन मढ़िया माता मंदिर के लिए आम रास्ता है। जिससे समस्त ग्रामवासियों का आना जाना है। उक्त चकरोड़ पर दबंगों द्वारा अतिक्रमण कर कब्जा कर लिया गया है, जबकि उक्त जमीन के नीचे गैस की पाइप लाइन गई है। लोगों ने डीएम से अतिक्रमण हटवाए जाने की मांग की है। शिकायती पत्र देने वालों में डॉ. सुशील चंद्र मिश्रा, सुभाष चन्द्र गुप्ता, कृष्ण मनोहर मिश्रा, विनोद कुमार चौधरी, देवेन्द्र सिंह, विजय सिंह, रेनू तिवारी, अलका शुक्ला, राजेश कुमार शुक्ला, उमाशंकर त्रिपाठी आदि लोग शामिल थे।

संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटका मिला युवक का शव

अमावां, रायबरेली

अमृत विचार: मिल एरिया थाना क्षेत्र के एक गांव में बुधवार की सुबह मड़ैया में संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक का शव गमछे से लटकता मिलने पर हड़कंप मच गया। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम में भेजा है। घटना को लेकर ग्रामीणों ने हत्या की आशंका जताई है। पुलिस ने फॉरेंसिक टीम की मदद से छानबीन शुरू कर दी है।

मिल एरिया थाना क्षेत्र के रूपा मऊ गांव निवासी शिव बालक पासी (48) पुत्र शंभू का गांव में ही मंगलवार की शाम कुछ लोगों से झगड़ा हुआ था।

शिवबालक ने अपने मूल घर से कुछ दूरी पर अपने सोने के लिए छप्पर की मड़ैया बना रखी है। आज तड़के शिव बालक अपने पुराने घर से मड़ैया में सोने के लिए आया था। सुबह मड़ैया पहुंचे परिजनों को शिव बालक का शव गमछे के सहारे लटकता मिलने पर उनके होश उड़ गए। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने फोरेंसिक टीम की मदद से घटना की छानबीन शुरू कर दी है। इस संबंध में इंस्पेक्टर संजय कुमार सिंह ने बताया जांच पड़ताल जारी है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

जिला अस्पताल पर फर्जी जन्म प्रमाण पत्र जारी करने का आरोप, जांच के आदेश

संवाददाता, रायबरेली

▸▸ पूर्व महिला सीएमएस के डिजिटल हस्ताक्षर से हुआ है जारी

▸▸ जांच के लिए डीएम व एसपी को सीएमएस लिखेंगी पत्र

अमृत विचार: दिन-ब-दिन फर्जी जन्म प्रमाण पत्र जारी होने के मामले प्रकाश में आने लगे हैं। सलोन और अब जिला महिला अस्पताल में भी कथित रूप से सीएमएस के डिजिटल हस्ताक्षर लगाकर जन्म प्रमाण पत्र तैयार किये जाने की चर्चा है। जगतपुर में आधार कार्ड बनवाने के दौरान यह फर्जीवाड़ा पकड़ में आया है। महिला सीएमएस ने लिखित रूप से प्रार्थना पत्र देकर डीएम और एसपी से जांच कराए जाने की बात कही है।

दरअसल यह मामला पूर्व महिला सीएमएस के डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से बछरावां के शेषपुर समोधा गांव की रहने वाली हेमा के नाम से जारी किए गए जन्म प्रमाण पत्र का है। छह मार्च 2007 में जिला महिला अस्पताल में हेमा का जन्म होना दर्शाया गया है। जबकि यह प्रमाण पत्र बीती तीन जुलाई को जारी किया गया है। हेमा जब अपने ननिहाल आई थी तो वह जगतपुर स्थित डाकघर अपना आधार कार्ड बनवाने के लिए गई थी, जहां जांच में यह फर्जी पाया गया। बहरहाल इस दौरान डाकघर में भी इसको लेकर तरह-तरह की चर्चाएं रहीं। हालांकि जिस चालाकी से यह फर्जी जन्म प्रमाण पत्र तैयार किया गया था वह पकड़ में आ गया है, लेकिन इसके पीछे किन कारिंदों की कारस्तानी है यह तो जांच के बाद ही सिद्ध हो सकेगा।

> फर्जी तरीके से तैयार किया गया जन्म प्रमाण पत्र का मामला उनके संज्ञान में आया है। जिला महिला अस्पताल के नाम से जारी यह प्रमाण पत्र पूरी तरह से फर्जी है। इस मामले को लेकर एक शिकायती प्रार्थना पत्र डीएम और एसपी को देकर इसकी जांच करवाई जाएगी।
>
> **-डॉ. निर्मला कुमारी साहू, सीएमएस, महिला जिला अस्पताल**

सार-संक्षेप

राजभाषा पखवाड़ा में हिंदी के प्रयोग को किया प्रेरित

हिंदी पखवाड़े के तहत कार्यक्रम में सहभागिता करते लोग। अमृत विचार

लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार। मॉडर्न कोच फैक्ट्री में राजभाषा पखवाड़ा का आयोजन किया गया, जिसमें रेलवे कर्मचारियों को अधिकाधिक हिंदी में काम करने को प्रेरित करने के उद्देश्य से मुख्य राजभाषा अधिकारी रूपेश श्रीवास्तव के नेतृत्व में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसमें कर्मचारी एवं अधिकारियों ने विभिन्न कार्यक्रमों हिंदी कार्यशाला, निबंध लेखन, राजभाषा शब्दावली अनुवाद, वाक प्रतियोगिता, प्रारूप एवं टिप्पणी लेखन आदि के माध्यम से हिंदी में अपनी रुचि का परिचय दिया। महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा ने बताया कि, आरेडिका 'क' क्षेत्र के अधीन आता है। हमारे आस-पास के रेलवे जोनों में हिंदी का अच्छा उपयोग होता है। हम भी राजभाषा की प्रगति के लिए कुछ ऐसा करे कि लोगों के लिए प्रेरणा का कार्य करे।' 'हम यह दृढ़ संकल्प लें कि हम सभी अपना अधिकाधिक कार्य पूरे उत्साह, लगन और गर्व के साथ राजभाषा हिंदी में करेंगें'' उप मुख्य राजभाषा अधिकारी डॉ. सत्यव्रत ने बताया कि बुधवार को इलाहाबाद विश्वविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. चित्तरंजन कुमार ने उपन्यास सम्राट प्रेम चन्द पर साहित्यिक व्याख्यान दिया।

प्राथमिक विद्यालय जगजीवनपुर अमरिया में पीएम बनी माही वर्मा

मीना के जन्मदिन पर केक काटते बच्चे। अमृत विचार

रायबरेली, अमृत विचार। सतांव ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय जगजीवनपुर अमरिया में मीना का जन्मोत्सव खास अंदाज में मनाया गया। इस मौके पर सहायक अध्यापिका सारिका यादव ने मीना के चरित्र पर रोशनी डाली। उन्होंने कहा कि मीना क्या है अब ये बात स्कूली छात्राओं को बखूबी समझ आ गई है और अब पहले से निर्भीक व निडर हुई हैं। विद्यालय में वाद-विवाद, कला प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इसके साथ ही इस मौके पर बाल संसद का गठन किया गया। इसमें बच्चों की सहमति पर प्रधानमंत्री माही वर्मा को चुना गया। शिक्षा मंत्री आंशिक, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता मंत्री संध्या, खेल मंत्री विवेक, पुस्तकालय मंत्री आरती, सांस्कृतिक मंत्री नंदिनी को चुना। इस मौके पर शिक्षिका रेनू देवी, रसोइया रामावती व विमला सहित अभिभावक मौजूद रहे।

स्वच्छता पखवाड़े के तहत सफाई अभियान शुरू

लालगंज तहसील परिसर में सफाई अभियान में शामिल लोग। अमृत विचार

लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार। उप जिलाधिकारी नवदीप शुक्ला और तहसीलदार प्रज्ञा द्विवेदी के द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर चल रहे स्वच्छता पखवाड़े के तहत तहसील कार्यालय लालगंज परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया है। पीएम मोदी के जन्म दिवस 17 सितंबर से लेकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जन्म जयंती दो अक्टूबर तक विशेष स्वच्छता के कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। बुधवार को एसडीएम ने स्वयं की निगरानी में टीम बनाकर तहसील परिसर में जोरदार ढंग से साफ-सफाई कार्य कराया है। अशोक शुक्ला, शिव शंकर पांडेय, देवेश शुक्ला, नीरज बाजपेई, सुंदर बाजपेई, विनोद मौर्य आदि ने तहसील परिसर में शुरू हुए सफाई कार्य की सराहना की है।

लापरवाही आईजीआरएस में पूर्व सीएमएस ने पीड़िता को बताया था परिवार की सदस्य नहीं, पीड़िता ने परिवार रजिस्टर की नकल समेत दिए थे कई साक्ष्य

अफसरों की बेरुखी से आज तक विधवा को नहीं मिला मृत्यु प्रमाण पत्र

संवाददाता, रायबरेली

विनीता

परिवार रजिस्टर की नकल। अमृत विचार

अमृत विचार: जिला पुरूष चिकित्सालय में इलाज के दौरान पति की मृत्यु के बाद से आज तक दौड़ लगा रही पीड़ित पत्नी को मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं मिल सका है। पति के मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए पीड़िता कई बार जिला पुरूष चिकित्सालय में शिकायती प्रार्थना पत्र दे चुकी है, लेकिन उसकी समस्या का निस्तारण नहीं हो सका। न्याय न मिलने पर पीड़िता ने डीएम और मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी इसकी शिकायत की, किन्तु आज तक उस विधवा व पीड़ित महिला को कहीं से भी कोई मदद नहीं मिली। दरअसल यह मामला डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के मनसुख मऊ मजरे बिझलामऊ की रहने वाली स्व. सुनील कुमार की पत्नी विनीता का है। पीड़िता जिला पुरुष अस्पताल, डीएम और मुख्यमंत्री पोर्टल पर की गई शिकायत में कहा है कि उसके पति की तबियत खराब होने पर उसे 23 फरवरी 2023 को जिला पुरुष अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां इलाज के दौरान उसके पति की मौत हो गई थी। पति के मौत होने के बाद जब पीड़िता जिला अस्पताल पति का मृत्यु प्रमाण पत्र लेने गई तो उसे संबंधित बाबू द्वारा बताया गया कि यह प्रमाण पत्र तो उनकी माता श्यामकली को दे दिया गया है। पीड़िता ने डीएम और आईजीआरएस संदर्भ संख्या-20015824011130/2024-25/597 में आरोप लगाते हुए कहा है कि मृतक की मां श्यामकली द्वारा दिए गए फर्जी दस्तावेजों की जांच किए बिना ही जिला अस्पताल से उसके पति का मृत्यु प्रमाण पत्र उसकी सास श्यामकली को दिया गया, जो न्यायोचित नहीं है। पीड़िता का आरोप है कि उपरोक्त आईजीआरएस में पूर्व सीएमएस द्वारा रिपोई लगाई गई है कि पीड़िता मृतक के परिवार की सदस्य नहीं है, बल्कि पीड़िता ने प्रार्थना पत्र के साथ परिवार रजिस्टर की नकल व अन्य साक्ष्य भी दिए थे। फिर भी बिना निरीक्षण कराए ही प्रार्थना पत्र निस्तारित कर शासन को फर्जी आख्या प्रस्तुत कर दी। शायद यही वजह है कि विधवा महिला पति का मृत्यु प्रमाण पत्र पाने के लिए अफसरों की चौखट पर न्याय की भीख मांगती रही है, लेकिन आज तक इसकी कोई जांच नहीं कराई गई और न ही इस बेबस विधवा महिला के आंचल में मदद की कोई भिक्षा दी गई। अस्पताल के कर्मचारियों की इस लापरवाही की वजह से शासन से मिलनी वाली आर्थिक मदद से भी वह वंचित रह गई।

> इस मृत्यु प्रमाण पत्र का मामला संज्ञान में आया है। इसको गंभीरता से लेते हुए जांच कराई जा रही है। इसमें जो भी दोषी पाया जाएगा उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाकर कार्रवाई कराई जाएगी।
>
> **-प्रदीप कुमार अग्रवाल, सीएमएस, जिला पुरुष चिकित्सालय**

युवक को पीटा पांच पर केस दर्ज

रायबरेली, अमृत विचार। गुरुबख्शगंज थाना क्षेत्र के चक गोड़वा गांव में बुधवार को भदोखर क्षेत्र के रैली कल्यानपुर गांव निवासी करुणा शंकर साहू को उसी के गांव के कुछ लोगों ने घेर कर लाठी-डंडों व लोहे के राड से मारकर बुरी तरह घायल कर दिया और मौके से फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने एक ही घर के पांच लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। दोनों पक्षों में जमीन पर कब्जे को लेकर कई बार मारपीट हो चुकी है। कार्यवाहक थानाध्यक्ष संजय सिंह ने कहा मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है।

एक नजर

28 को आएंगे राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य

अयोध्या। उत्तर प्रदेश राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य श्याम त्रिपाठी 28 सितंबर को अयोध्या भ्रमण पर आएंगे। वह जिला अस्पताल, प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, माध्यमिक विद्यालय, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, पोषण पुनर्वास केंद्र, वन स्टॉप सेंटर व आंगनबाड़ी केंद्रों के साथ-साथ महाराजगंज थाना क्षेत्र में घटित घटना का स्थलीय निरीक्षण करेंगे। ढाई बजे अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे।

पांच वर्षीय लापता बच्चे का शव तालाब में मिला

जामों, अमेठी, अमृत विचार : जामों थाना क्षेत्र के भवानीगढ़ गाड़ी पार गांव के ही कल्पा का तालाब में बुधवार शाम लगभग 7 बजे 5 वर्षीय लापता बच्चे का शव मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर मौके पर पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह पुलिस बल के साथ पहुंचे। पुलिस ने बच्चे के शव को तालाब से बाहर निकलवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद विधिक कार्यवाही की जायेगी।

डीएम व एसपी ने सीएचसी का किया निरीक्षण

अमेठी, अमृत विचार : जिलाधिकारी निशा अनंत व पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने बुधवार को संयुक्त रूप से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जामों का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने केन्द्र परिसर में विशेष रूप से साफ सफाई कराने के निर्देश दिए तथा बायोमेडिकल बेस्ट निस्तारण के बारे में जानकारी ली। जिलाधिकारी ने मेडिकल स्टोर में उपलब्ध दवाओं की मात्रा, उपलब्धता, टीका, वैक्सीन इत्यादि की जानकारी ली एव संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने पैथोलॉजी का निरीक्षण किया।

पहली बार प्राचीन रामलीला में संत निभाएंगे पात्रों का किरदार

तैयारी : फिल्मी रामलीला को अमर्यादित बताते हुए किया ऐलान, लाइव प्रसारण भी होगा

अयोध्या कार्यालय

रामलीला को लेकर पत्रकारों से बातचीत करते साधु-संत। अमृत विचार

अमृत विचार : रामनगरी के भगवताचार्य स्मारक सदन में परंपरागत रूप से 30 सितंबर से प्रारंभ हो रही प्राचीन रामलीला में पहली बार संत भी पात्रों का किरदार निभाएंगे। फिल्मी रामलीला को अमर्यादित बताते हुए संतों ने इसका ऐलान किया है। इसका प्रसारण आस्था और संस्कार चैनल पर लाइव होगा।

संत श्री तुलसीदास रामलीला समिति के द्वारा रामलीला के आयोजन को लेकर संतों की बैठक सम्पन्न हुई, जिसमें रामायण के प्रसंग पर अयोध्या के ही कलाकारों के द्वारा 30 सितंबर से लेकर 14 अक्टूबर को श्री राम राज्याभिषेक तक का कार्यक्रम संपन्न किया जाएगा। इस वर्ष होने वाली रामलीला में रोजाना कोई न कोई संत रामलीला में किसी न किसी पात्र में नजर आएंगे। रामलीला न्यास के कोषाध्यक्ष महंत अवधेश दास ने कहा कि अयोध्या में फिल्मी रामलीला होती है, जिसमें फिल्मी कलाकार रामलीला करते हैं। यह रामलीला अमर्यादित है। अयोध्या की धरती पर मर्यादित रामलीला का मंचन किया जाना चाहिए। वहीं महंत राघवाचार्य ने कहा कि प्रभु राम की लीला सनातन धर्म और हिंदुओं की परंपरा संस्कृति से अनुसार किया जाना चाहिए है। इस दौरान निवाड़ी अनी अखाड़ा के महंत मुरली दास, महंत जन्मेजय शरण, पुजारी हेमंत दास, संकट मोचन सेवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत संजय दास, राम लखन दास नागा समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

संतों की चेतावनी मर्यादा में हो रामलीला

अयोध्या में फिल्मी सितारों की रामलीला के मंचन को लेकर अयोध्या के साधु-संतों में नाराजगी है। संतों का आरोप है कि किरदार निभाने वाले कलाकारों के मन में किसी प्रकार का भाव नहीं दिखाई देता। हालांकि इस रामलीला के आयोजन को लेकर विरोध नहीं कर रहे, लेकिन लीला का मंचन मर्यादा के अनुकूल होना चाहिए। वहीं संकट मोचन सेवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत संजय दास ने चेतावनी भी दी है कि आमर्यादित रामलीला का मंचन किया गया तो अंजाम भुगतना पड़ेगा।

कार्यक्रम

- 30 सितंबर को नारद मोह, रावण जन्म
- 1 अक्टूबर को श्री राम जन्म, मुनि आगमन
- 2 अक्टूबर को फुलवारी लीला, नगर दर्शन
- 3 अक्टूबर को धनुष यज्ञ, परशुराम लक्ष्मण संवाद
- 4 अक्टूबर को सीताराम विवाह महोत्सव, श्री राम कलेवा
- 5 अक्टूबर को कैकेई कोप भवन, वन गमन लीला
- 6 अक्टूबर को निषाद मिलन, दशरथ मरण, चित्रकूट
- 7 अक्टूबर को नककटैया, सीता हरण, सुग्रीव मिताई
- 8 अक्टूबर को बालि वध, लंका दहन
- 9 अक्टूबर को विभीषण शरणागति, सेतुबंध
- 10 अक्टूबर को अंगद रावण संवाद, लक्ष्मण शक्ति
- 11 अक्टूबर को कुंभकर्ण, मेघनाथ वध, सुलोचना सती
- 12 अक्टूबर को अहिरावण वध, रावण वध
- 13 अक्टूबर को भारत मिलाप- भव्य शोभायात्रा
- 14 अक्टूबर को श्री राम राज्याभिषेक, बंदर विदाई

रानी लक्ष्मीबाई और लक्ष्मण पुरस्कार के लिए आवेदन 30 तक

अयोध्या। उप्र खेल निदेशालय के निर्देश के अनुपालन में उत्कृष्ट खिलाड़ियों को उनकी उपलब्धि के आधार पर वर्ष 2023-24 के लिए सामान्य खिलाड़ियों, दिव्यांग खिलाड़ियों तथा वेटरन वर्ग में भी लक्ष्मण पुरस्कार व रानी लक्ष्मीबाई पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा, जिसके लिए पात्रता रखने वाले उत्कृष्ट खिलाड़ियों निर्धारित प्रारूप पर आवेदन पत्र दो प्रतियों में 30 सितंबर तक खेलसाथीडॉटइन पर ऑनलाइन या ऑफलाइन माध्यम से क्षेत्रीय कीड़ा कार्यालय डॉ. भीमराव आम्बेडकर अंतरराष्ट्रीय कीड़ा संकुल में आवेदन जमा कर सकते हैं। ऑफ लाइन आवेदन फार्म क्षेत्रीय क्रीड़ा कार्यालय से आवेदक प्राप्त कर सकते हैं।

दुष्कर्म में चचेरे भाई को मिली 20 साल की सजा

अयोध्या कार्यालय

अदालत से

अमृत विचार: रौनाही थाना क्षेत्र के गांव की रहने वाली 10 वर्षीय किशोरी का अपहरण करके उसके साथ दुष्कर्म करने के मामले में कोर्ट ने चचेरे भाई को दोषी पाते हुए 20 साल के कठोर कारावास की सजा से दंडित किया है और 30 हजार का अर्थ दंड भी हुआ। जुर्माने की समस्त धनराशि पीड़िता को बतौर प्रतिकर देने का भी आदेश हुआ है। आरोपी को जेल भेज दिया। फैसला विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट निरुपमा विक्रम की अदालत से मंगलवार को हुआ।

विशेष लोक अभियोजक विनोद उपाध्याय ने बताया कि घटना 25 अगस्त 2022 की है। रौनाही थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 10 वर्षीय किशोरी स्कूल जा रही थी। रास्ते में उसका चचेरा भाई फग्गू लाल मिला और उसने स्कूल पहुंचाने के लिए किशोरी को अपनी स्कूटी पर बैठा लिया। फिर उसे स्कूल नहीं ले गया। बाराबंकी ले जाकर वहां उसके साथ दुष्कर्म किया। घटना के दो दिन बाद पुलिस ने दोनों को बरामद किया। मामले में रिपोर्ट पीड़िता के भाई ने दर्ज कराई थी। सुनवाई के बाद कोर्ट ने फग्गू लाल को अपहरण, दुष्कर्म तथा पोक्सो एक्ट के तहत दोषी पाते हुए सजा दी।

मिलेगी एक और फोरलेन की सौगात

अयोध्या कार्यालय

▸▸ नाका चुंगी से रायबरेली ओवर ब्रिज तक जाम से मिलेगी मुक्ति

अमृत विचार : अयोध्या को विश्व पर्यटन के मानचित्र पर लाने में जुटी योगी सरकार नगरवासियों को यातायात के क्षेत्र में एक बड़ी सौगात देने वाली है। इस वर्ष अयोध्या में आयोजित होने वाले दीपोत्सव से पहले शहर के नाका चुंगी से रायबरेली मार्ग ओवरब्रिज तक फोरलेन सड़क की सौगात प्रदेश सरकार देने जा रही है। इस मार्ग के बन जाने के बाद नाका क्षेत्र में लगने वाले जाम से नगरवासियों को राहत मिल जाएगी।

नगर क्षेत्र में नाका चुंगी से मंडी गेट मार्ग तक हर समय जाम लगा रहता है। ऐसे में आए दिन दुर्घटनाएं भी होती रहती हैं। हाईवे के निकट होने के कारण शहर आने वाले लोगों को नाका होकर आना पड़ता है। एयरपोर्ट होने के कारण देश-विदेश से आने वाले लोग शहर में जाने के लिए इसी मार्ग से होकर गुजरते हैं। देश के अन्य प्रांतों व अन्य देशों से अयोध्या आने वाले लोगों के साथ नगरवासियों को जाम से राहत देने के लिए अयोध्या नगर में नाका चुंगी से जनसंपर्क मार्ग 750 मीटर फोर लेन सड़क का निर्माण कराया जा रहा है।

85 फीसदी कार्य हो चुका है पूरा

लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियन्ता शशि भूषण सिंह ने बताया कि इस सड़क के निर्माण पर 17 .64 करोड़ रुपये की लागत आ रही है। हमारी पूरी कोशिश है कि दीपोत्सव तक यह सड़क बनकर तैयार हो जाए। बनाई जा रही रोड के दोनों तरफ ढाई-ढाई मीटर का पाथवे व बीच में डिवाइडर भी बनाया जाएगा। अब तक लगभग 85 प्रतिशत कार्य पूरा कर लिया गया है।

पहली बार बिना मकान तोड़े बनाया गया है मार्ग

लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के मुताबिक पहली बार नगर में ऐसा कोई फोरलेन बना है, जिसमें किसी का मकान आड़े नहीं आया। इस फोरलेन मार्ग का निर्माण सितंबर 2023 में शुरू हुआ था। इसके फुटपाथ स्टैंप कंक्रीट वाले होंगे। फुटपाथ पर ऐसा प्रयोग अयोध्या धाम में ही अभी हुआ है।

होटल व रेस्टोरेंट में लिखा जाए संचालक का नाम

अयोध्या कार्यालय

▸▸ प्रशासन की ओर से जारी किया गया आदेश

अमृत विचार : जिले के सभी होटल, रेस्टोरेन्ट, ढाबा व होटलों में अनिवार्य रूप से संचालन के साथ निर्देशों के कड़ाई से पालन के लिए सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन मानिक चन्द्र की ओर से आदेश जारी किया गया है।

बुधवार को जारी आदेश के अनुसार समस्त होटल, रेस्टोरेन्ट, ढाबा प्रतिष्ठानों को निर्देशित किया है कि ढाबे, होटल, रेस्टोरेंट के संचालक, प्रोपराइटर व मैनेजर आदि का नाम व पता अनिवार्य रूप से रिसेप्शन काउंटर पर डिस्पले कराएं। प्रतिष्ठानों में ग्राहकों के बैठने के स्थान पर सीसीटीवी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए व प्रतिष्ठान के अन्य हिस्सों तथा किचन में भी लगाये जाएं और रिकार्डिंग को अग्रिम आदेश तक सुरक्षित रखा जाएं। खानपान के स्थानों तथा सर्विस के समय सभी फूड हैन्डलर सेफ (बावर्ची) एवं अन्य संलग्न कर्मचारी को मास्क तथा ग्लब्स अनिवार्य रूप से पहनना होगा। आदेश में स्पष्ट कहा गया है कि सात दिन के अन्दर सभी होटल, ढाबा, रेस्टोरेन्ट प्रतिष्ठान निर्देशों का भली भांति पालन करें। यदि निरीक्षण में निर्देश का पालन नही होता है तो उसके विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की जाएगी।

दुर्गा पूजा की तैयारियों का लिया जायजा

दुर्गा पूजा समिति सदस्यों के साथ क्षेत्राधिकारी ने की बैठक

संवाददाता, शुकुल बाजार, अमेठी

अमृत विचार। क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल कुमार सिंह ने आगामी त्यौहार दुर्गा पूजा महोत्सव को लेकर तैयारियों का जायजा लिया। दुर्गा पूजा समिति के सदस्यों एवं जनप्रतिनिधियों तथा प्रबुद्धजनों के साथ बैठक करते हुए शासन की मंशा के अनुरूप शांतिपूर्ण सौहार्दपूर्ण तथा हर्षोल्लास के साथ परंपरागत तरीके से त्यौहार मनाने की अपील की।

उन्होंने कहा कि नवरात्रि का पावन पर्व आने वाला है, ऐसे में आप सभी लोग सौहार्दपूर्ण तथा भक्तिमय माहौल में शांतिपूर्ण तरीके से परंपरागत तरीके से पूजा करें। साथ ही साथ उन्होंने थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी मूर्ति स्थलों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि नई मूर्ति बिना प्रशासन से अनुमति लिए नहीं रखी जाएगी, नई मूर्ति रखना है तो प्रशासन से अनुमति लें। सभी दुर्गा पूजा समिति के सदस्यों से होने वाली समस्याओं के बारे में जानकारी और सुझाव लिया। साथ ही साथ शुकुल बाजार थाने का निरीक्षण भी किया मूर्ति विसर्जन को लेकर भी हर तरह की तैयारी का जायजा लिया। थाना अध्यक्ष शुकुल बाजार दयाशंकर मिश्र को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि त्यौहार में किसी प्रकार की खलल नहीं पड़नी चाहिए, थाना अध्यक्ष शुकुल बाजार दया शंकर मिश्रा ने भी दुर्गा पूजा समिति के सदस्यों से विस्तृत चर्चा करते हुए उनकी समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया।

दुर्गा पूजा समिति सदस्यों के साथ बैठक करते क्षेत्राधिकारी। अमृत विचार

क्षेत्राधिकार मुसाफिरखाना ने दुर्गा पूजा समिति के सदस्यों से संवाद स्थापित करते हुए सभी समस्याओं का निस्तारण भी कराया, साथ ही साथ शुक्ल बाजार कस्बा का पैदल मार्च करते हुए आम जनमानस में सुरक्षा का एहसास दिलाया। इस दौरान थाना क्षेत्र के अंतर्गत सभी दुर्गा पूजा समिति के सदस्य, क्षेत्र के प्रबुद्धजन, जनप्रतिनिधि सहित थाना स्टाफ मौजूद रहा।

बच्चों व गर्भवती महिलाओं को लगाया गया टीका

संग्रामपुर, अमेठी, अमृत विचार: बुधवार को विकासखंड संग्रामपुर क्षेत्र के 14 स्थानों पर कैंप लगाकर टीकाकरण किया गया। भवसिंहपुर केंद्र पर बुधवार को टीकाकरण नहीं किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य प्रभारी संग्रामपुर डॉ. संतोष सिंह ने बताया कि आज क्षेत्र के मिश्रौली, पुन्नपुर ,नेवादा, सरैया कानू, मिश्रौली बड़गांव कंसापुर बड़गांव सहित 14 उपकेंद्रों पर कैम्प के माध्यम से 0 से 5 वर्ष के बच्चों का टीकाकरण किया जा रहा है। साथ ही 10 वर्ष से ऊपर के बच्चों को और गर्भवती महिलाओं को भी टीका लगाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बीसीजी, डीपीडी बूस्टर, विटामिन ए, एम आर 2, जेई 2, ओपीभी बूस्टर आदि का टीका लगाया जा रहा है।

ट्रकों की टक्कर में दो की मौत

एक अन्य की हालत गंभीर, जिला अस्पताल में चल रहा इलाज

संवाददाता, मुंशीगंज, अमेठी

अमृत विचार : जनपद अमेठी के मुंशीगंज थाना क्षेत्र के स्टील फैक्ट्री के पास आमने-सामने दो ट्रकों के टकराने से भीषण हादसा हो गया। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। एक गंभीर रूप से हुआ घायल हो गया।

हादसे इतना भयानक था कि दोनों ट्रक चालकों की मौके पर ही मौत हो गई तो तीसरा साथी ट्रक में फंस गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को ट्रक से बाहर निकाल कर जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां पर उसका इलाज चल रहा है। थाना मुंशीगंज प्रभारी प्रेमचंद गौतम ने बताया कि परिजनों को सूचना दी जा रही है और दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है।

आमने-सामने भिड़े ट्रक व जांच करते पुलिसकर्मी। अमृत विचार

संस्थागत प्रसव में डेढ़ गुना वृद्धि

संवाददाता, अमेठी

▸▸ डीएम व सीडीओ ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को दी बधाई

अमृत विचार : मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंशुमान सिंह ने बताया कि जनपद अमेठी में संस्थागत प्रसव में माह जुलाई के सापेक्ष माह अगस्त में संस्थागत प्रसव में लक्ष्य के डेढ़ गुना अधिक वृद्धि हुई है।

उन्होंने बताया कि जनपद के गठन से अब तक 54 उपकेंद्रों पर प्रसव की सेवाएं उपलब्ध थी जिसको लेकर जिलाधिकारी तथा मुख्य विकास अधिकारी के प्रयास से जनपद में 28 नए उपकेंद्र पर प्रसव सेवाएं प्रारंभ की गईं, जिसका परिणाम रहा कि जनपद अमेठी के गठन से अब तक माह जुलाई में संस्थागत प्रसव 1662 के सापेक्ष माह अगस्त में संस्थागत प्रसव 2462 प्रसव हुए, जो कि अब तक की प्रसव सेवा में सबसे ज्यादा है, लगभग 800 संस्थागत प्रसव की बढ़ोतरी हुई है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी के मार्गदर्शन में जनपद में संस्थागत प्रसव चिन्हित उपकेंद्रों पर संस्थागत प्रसव बढ़ाने के लिए संबंधित एएनएम का प्रशिक्षण जिला अस्पताल एवं समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर कराया गया, नए चयनित उपकेंद्रों को डिलीवरी प्वाइंट के लिए मंत्रा पोर्टल पर राज्य स्तर पर पंजीकृत कराया गया तदोपरांत नए उपकेंद्रों पर प्रसव का कार्य प्रारंभ किया गया, जिसका परिणाम रहा कि माह अगस्त 2024 में जनपद अमेठी में संस्थागत प्रसव में जुलाई माह के सापेक्ष 800 प्रसव की बढ़ोतरी हुई है। इसके लिए जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों को बधाई व शुभकामनाएं दीं तथा आगे भी अन्य स्वास्थ्य सेवाओं का बेहतर ढंग से क्रियान्वन करने के निर्देश दिए।

उन्होंने बताया कि 24 सितंबर को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा चिकित्सा स्वास्थ्य परिवार कल्याण एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की प्रशंसा की गई।

अमर शहीद स्मारक परिसर में उपस्थित लोग। अमृत विचार

श्राद्ध तर्पण कर शहीदों को किया नमन

मुसाफिरखाना, अमेठी, अमृत विचार। कादूनाला वन क्षेत्र स्थित भाले सुल्तान शहीद स्मारक पर क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोगों की उपस्थिति में अवधेश सिंह उर्फ राजकुमार सिंह ने पितृ पक्ष में श्राद्ध तर्पण करके शहीदों को नमन किया। 9 मार्च 1858 को अंग्रेजी सेना से लोहा लेते हुए आजादी के रणबांकुरों ने अपने प्राणों की आहुतियां दी थीं। इस अवसर पर क्षेत्र के युवाओं एवं बुद्धिजीवियों का सहयोग प्राप्त हुआ। इसी कड़ी में रवींद्र प्रताप सिंह संस्थापक शहीद स्मारक, बलिकरन सिंह, इन्द्र कुमार सिंह, सुरेन्द्र शास्त्री विजय सिंह, शिव दयाल सिंह तथा जगवंत सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

सार-संक्षेप

सीएमओ ने किया औचक निरीक्षण

अमेठी, अमृत विचार : मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. अंशुमान सिंह ने वीएचएनएसडी सत्र भदैया महमूद पुर का औचक निरीक्षण किया। वहां पर मुख्य सेविका शिवकांति शुक्ला एएनएम हेमलता, डबल्यू डबल्यू शील कुमारी, संगीता राज कली, आशा सुशीला उपस्थित मिलीं। सत्र पर 25 टीकाकरण निर्धारित था। 23 बच्चों को टीके लगे व गर्भवती महिला चार का एएनसी परीक्षण हुआ। 21 किशोरी को आयरन फोलिक एसिड तथा छह किशोरी को 10 वर्ष की डीटी का टीकाकरण हुआ। उन्होंने सभी सेविकाओं को निर्देश दिया कि योजनाओं का लाभ सभी पात्रों को समुचित रूप से मिलते रहना चाहिए।

निरीक्षण करते सीएमओ। अमृत विचार

दो शातिर चोर गिरफ्तार, बैटरियां बरामद

मुंशीगंज, अमेठी, अमृत विचार : जनपद में अपराध एवम अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत दो अभियुक्त सुनील कुमार उम्र करीब 22 वर्ष निवासी ग्राम मनीरामपुर व लव कुश यादव उम्र करीब 19 वर्ष निवासी ग्राम ढकवा को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि बीते 23 सितंबर की रात में कोरबा पानी की टंकी से 2 बैटरियां चुराई थीं। गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना मुंशीगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

सामुदायिक शौचालयों के बावजूद खुले में शौच को मजबूर

कहीं पड़े हैं ताले तो कहीं उग आई हैं झाड़ियां, टूटी पड़ी है शीट

विनय कुमार सिंह, जगदीशपुर (अमेठी)

अमृत विचार। सरकार द्वारा स्वच्छता अभियान के तहत लाखों खर्च कर बनवाए गए सामुदायिक शौचालयों में जिम्मेदार विभागीय अधिकारियों की लापरवाही के चलते कहीं ताले तो कहीं देखरेख के अभाव में उपयोग करने लायक नहीं हैं, जिससे ग्रामीण खुले मैदान में शौच करने को मजबूर हैं।

विकास खंड के अन्तर्गत स्थित देवकली, इटरौर, उरूवा, पालपुर सहित आदि दर्जनों सामुदायिक शौचालयों में या तो ताले लगे हैं या फिर झाड़-झंखाड़ के चलते ग्रामीण उसका प्रयोग नहीं कर पा रहे हैं। देखरेख के अभाव में लाखों की लागत से बने शौचालय जर्जर अवस्था में क्षतिग्रस्त होते जा रहे हैं। कोई ग्रामीण वहां जाए तो कैसे जाए, जब कोई कर्मचारी वहां कभी दिखाई नहीं देता, घर बैठे कागजी खानापूर्ति कर तनख्वाह ले रहे हैं। ग्रामीण अरुण कुमार, देवनाथ, करीम, राजू आदि ने बताया कि इसकी शिकायत कई बार खंड विकास अधिकारी से करने के बावजूद कोई कार्रवाई न होना ग्रामीणों का दुर्भाग्य है। ऐसे में बाहर शौच के लिए जाना मजबूरी बन गई है। गौरतलब हो कि यही हालात बने रहे व जिम्मेदार अधिकारियों ने समय रहते ध्यान न दिया तो स्वच्छता अभियान फ्लाप होकर सिर्फ खानापूर्ति तक ही सीमित रह जायेगा। विडम्बना की बात तो तब हुई, जब सेक्रेटरी मनोज यादव से पूछा गया तो काम की अधिकता के चलते देखरेख न कर पाने की बात कह अपना पल्ला झाड़ लिया। वहीं इस सम्बन्ध में एडीओ पंचायत फिरदौस आलम ने बताया कि जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

बंद पड़ा सामुदायिक शौचालय। अमृत विचार

लापता बच्चे की खोज के लिए चलाया सर्च अभियान

मुंशीगंज, अमेठी, अमृत विचार: मुंशीगंज थाना क्षेत्र के गढ़ामाफी गांव में बीते 6 सितंबर को एक ढाई वर्षीय बच्चे के गायब होने की गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी। जिसपर लगातार मुंशीगंज थाना प्रभारी प्रेमचंद गौतम और हलका प्रभारी सुरेश चंद्र यादव द्वारा सर्च अभियान चलाया जा रहा है। गढ़ा माफी निवासी किशन लाल ने थाना मुंशीगंज में शिकायत दर्ज कराई थी कि उनका ढाई वर्षीय पुत्र ऋतिक रात को सोते समय लापता हो गया था। जिसको लेकर मुंशीगंज पुलिस जगह जगह सर्च ऑपरेशन करके बच्चे की तलाश कर रही है। पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने इस तरह की घटनाओं में सर्च अभियान चलाकर उसको निपटाने के निर्देश दिए हैं।

किसानों के लिए मिसाल बनेगा गौतमपुर

संवाददाता, मुसाफिरखाना, अमेठी

अमृत विचार। मोटे अनाज के उत्पादन को लेकर प्रदेश सरकार द्वारा दी जा रही सहूलियत से प्रभावित होकर क्षेत्र के आधुनिक किसान ने डेढ़ एकड़ में सावा, कोदौ, कुटकी, ज्वार, बाजरा, मक्का, रागी जैसी फसल उगाकर क्षेत्रवासियों को संदेश दिया है कि अच्छा स्वास्थ्य व मजबूत राष्ट्र बनाने के लिए हर किसान को इस मुहिम में सहभागी बनना होगा। जिला कृषि अधिकारी सत्येंद्र तिवारी ने खेत पर जाकर फसल उगाने की विधि की सराहना की और कहा कि किसानों को आय बढ़ाने के लिए मोटे अनाज उगाने की विधि अपनानी चाहिए।

खेत का निरीक्षण करते जिला कृषि अधिकारी। अमृत विचार

बुधवार को किसान संघ के जिलाध्यक्ष हारित सिंह के गौतमपुर स्थित खेत पर अचानक पहुंचे। जिला कृषि अधिकारी ने एक ही खेत में धान के साथ सावा की फसल तैयार करने की प्रशंसा करते हुए कहा कि किसान वैज्ञानिक विधि से जैविक खेती कर कम लागत में अधिक मुनाफा कमा सकता है, जिसका प्रमाण जनपद का यह गांव गौतमपुर है। उन्होंने कहा कि फसल उगाने के इस तरीके को बढ़ावा देने के लिए प्रशासन के सहयोग से जागरुक किसानों को प्रशिक्षित करने की योजना पर काम किया जा रहा है। इस मौके पर राजकीय कृषि बीज भंडार प्रभारी मनीष दूबे, कृषि वैज्ञानिक अनंत बहादुर सिंह, सहित अन्य किसान उपस्थित रहे।

एक नजर

करंट लगने से वृद्ध की मौत

मिर्जापुर, अमृत विचार। देहात कोतवाली क्षेत्र के गुरुसंडी गांव में मंगलवार की शाम करंट लगने से एक वृद्ध की मौत गई। गांव निवासी श्रीनाथ कोरी (60) के घर बिजली का तार चूहे ने काट दिया था। तार दरवाजे के ऊपर से गया था। इस दौरान श्रीनाथ ने लोहे का दरवाजा पकड़ा तो करंट की चपेट में आ गए। चीख सुनकर परिजन पहुंचे। तब तक उनकी मौत हो गई थी। परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। देहात कोतवाल अजय सेठ ने बताया कि करंट लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गई।

26 को वाराणसी में होगी बैठक

जौनपुर, अमृत विचार। सभापति संसदीय अध्ययन समिति उत्तर प्रदेश विधान परिषद सुरेन्द्र चौधरी की अध्यक्षता में 25 सितम्बर होने वाली बैठक स्थगित हो गयी। अब यह बैठक 26 सितम्बर को सर्किट हाउस वाराणसी में जिलाधिकारी जौनपुर, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक और मुख्य विकास अधिकारी सहित अन्य जिलास्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में होगी।

महिला चिकित्सक की डिप्टी सीएम से शिकायत

प्रतापगढ़, अमृत विचार : गर्भपात के दौरान निजी अस्पताल में महिला की मौत के मामले में पीड़ित ने डिप्टी सीएम से शिकायत कर कार्रवाई किये जाने की मांग की है। नगर कोतवाली क्षेत्र के गोपालापुर गांव निवासी प्रवीण सिंह ने शिकायत की थी कि अगस्त के पहले हफ्ते में उनकी पत्नी अंशू सिंह को शहर में सदर चौराहे के पास स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां गर्भपात के दौरान महिला डॉक्टर की लापरवाही से मौत का आरोप लगाते हुए उन्होंने डीएम से शिकायत की थी। डीएम के सख्त रवैये पर सीएमओ कार्यालय ने चार सदस्यीय टीम गठित की है। लेकिन कार्रवाई में देरी होते देख प्रवीण सिंह ने डिप्टी सीएम बृजेश पाठक से शिकायत कर त्वरित कार्रवाई की मांग की है।

संदिग्धों का पता लगाएगा एफआरएस सॉफ्टवेयर

महाकुंभ 2025 : शुरू हुई विशेष तैयारी, नैनी-छिवकी स्टेशन का एजीएम व एडीआरएम ने किया निरीक्षण

संवाददाता, नैनी, प्रयागराज

अमृत विचार। महाकुंभ 2025 जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है, वैसे-वैसे अधिकारियों की चहलकदमी तेज हो गयी। है। एक के बाद एक अधिकारियों का दौरा नैनी और छिवकी जंक्शन पर लगातार जारी है। बुधवार को एजीएम जेएस लाकरा और एडीआरएम संजय सिंह विभागीय लोगों के साथ निरीक्षण करने पहुंचे। एडिश्नल जनरल मैनेजर ने छिवकी और नैनी मे महाकुंभ को लेकर की जा रही तैयारियों को देखा। उन्होंने अधिकारियों को जल्द कार्य पूरा करने का कड़ा निर्देश दिया।

निरीक्षण करने पहुंचे एजीएम जेएस लाकरा और एडीआरएम संजय सिंह ने पहले छिवकी जंक्शन पर पहुंचकर

नैनी और छिवकी जंक्शन का निरीक्षण करने पहुंचे एजीएम और एडीआरएम।

निर्माण कार्य जो देखा। छिवकी और नैनी जंक्शन के बाहर और पार्किंग की व्यवस्था को भी देखा। एजीएम ने बताया कि महाकुंभ को लेकर की जा रही तैयारियों को पूरा कराने का प्रयास किया जा रहा है। कुंभ में मध्य प्रदेश, रीवा, बुंदेलखंड छत्तीसगढ़ सहित अन्य स्थानो से आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रत्येक स्टेशनों पर विशेष व्यवस्थाएं की जा रही है। जिससे मेला स्थल तक यात्रियों को पहुंचने मे किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो।

शेड व कमरों का गेस्ट हॉउस में होगा इस्तेमाल : रेलवे के पुराने पड़े शेड का निर्माण कराया जा रहा है। जिसे आरपीएफ के जवानों को कुंभ मेले के दौराज रहने के लिए दिया जाएगा। मेला समाप्त होने के बाद वह गेस्ट हॉउस में तब्दील हो जाएगा। जो रेलवे कर्मचारियों के सुविधा के लिए होगा।

स्टेशनों के बाहर बनेगी बड़ी पार्किंग : एजीएम ने बताया कि रेलवे स्टेशनों के बाहर जुटने वाली वाहनों की भीड़ को भी नियंत्रित करने के लिए स्टेशन से सौ मीटर पहले पार्किंग की व्यवस्था की जाएगी। यह पार्किंग नैनी और छिवकी जंक्शन के बाहर की जाएगी।

एफआरएस से होगी निगरानी

इस बार महाकुंभ में रेलवे प्रशासन स्टेशनों पर सीसीटीवी कैमरों के साथ फ़ंक्शनल रिक्वायरमेंट स्पेसिफ़िकेशन (एफआरएस) सॉफ्टवेयर का उपयोग करेगी। इसके माध्यम से चेहरे को देखकर किसी भी संदिग्ध को आसानी से पहचाना जा सकेगा। इससे कोई अप्रिय घटना नहीं होने पाएगी।

रहेगी कड़ी सुरक्षा

एजीएम जे एस लाकरा ने बताया कि महाकुंभ मे आने वाली भीड़ की सुरक्षा के लिए स्टेशनों पर करीब 6000 आरपीएफ और 10 हजार जीआरपी के जवान लगाए जाएंगे। जिससे भीड़ को काबू करने के साथ उनकी सुरक्षा भी हो सके। उन्होंने बताया कि आवश्यकता पड़ने पर अधिक फोर्स मंगाई जाएगी।

मेले के दौरान स्टेशनों पर मौजूद होंगे गाइड

एडीआरएम संजय सिंह ने बताया कि मेले के दौरान स्टेशनों पर गाइड की व्यवस्था की जाएगी। जिन्हें करीब 15 भाषाओं का ज्ञान हो। वह आने जाने वाले यात्रियों की समस्याओ को जानेंगे और उनकी परेशानियों को हल करेंगे। उन्होंने बताया कि सभी स्टेशनों पर दो रैन बसेरे बनाये जाएंगे। जिससे यात्रियों के रुकने की व्यवस्था की जाएगी। इस व्यवस्थाओ में बिजली, पानी और मेडिकल की सुविधा दी जाएगी।

अनधिकृत यूट्यूब चैनल पर लगाम लगाएगा विवि

प्रयागराज, अमृत विचार: उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय अनधिकृत यूट्यूब चैनल पर लगाम कसने की तैयारी कर रहा है। इसको लेकर कुलपति प्रो सत्यकाम ने छात्रों को सलाह दी कि वे विश्वविद्यालय के नाम पर चल रहे कई अनधिकृत यूट्यूब चैनल द्वारा दी जा रही जानकारी से सावधान रहें। यह अनाधिकृत चैनल पूरे प्रदेश में छात्रों को गुमराह कर रहे हैं। प्रोफेसर सत्यकाम ने पूरे प्रदेश के छात्र-छात्राओं को सलाह दी है कि वह केवल विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट यूपीआरटीओयू डॉट एसी डॉट इन पर लॉगिन करें, जिससे उन्हें विश्वविद्यालय द्वारा लिए जा रहे निर्णय के बारे में अद्यतन जानकारी मिल सके।

कुंभ कार्यों में लापरवाही पर भड़के प्रमुख सचिव

संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार। महाकुंभ 2025 को दिव्य एवं भव्य बनाने के दृष्टिगत कराए जा रहे विभिन्न कार्यों की समीक्षा बैठक बुधवार को प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात की अध्यक्षता में मेला प्राधिकरण कार्यालय स्थित आई ट्रिपल सी सभागार में हुई। जिसमें विभिन्न विभागों द्वारा क्रियान्वित की जा रही परियोजनाओं की बिंदुवार समीक्षा की गई।

मेला अधिकारी विजय किरन आनंद ने सभी परियोजनाओं की अद्यतन स्थिति के बारे में बताते हुए चार्ट के अनुसार पीछे चल रहे क्रिटिकल प्रोजेक्ट्स के बारे में

महाकुंभ की तैयारी का निरीक्षण करते प्रमुख सचिव नगर विकास। अमृत विचार

आवश्यक जानकारी दी। इसके अंतर्गत बाढ़ एवं वृष्टि के कारण सिंचाई विभाग द्वारा कराए जा रहे घाट निर्माण के कार्यों में आ रही समस्या पर प्रमुख सचिव ने खास तौर पर चिंता जताई एवं बारिश रुकते ही सभी कार्यों में मैनपॉवर बढ़ाते हुए समय अंतर्गत कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यों की प्रगति समीक्षा के लिए प्रतिदिन रात में वीसी के माध्यम से उन्हें कार्यों की प्रगति के बारे में अवगत कराने के भी निर्देश दिए हैं।

इसी क्रम में उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कारपोरेशन, नगर निगम एवं पीडीए द्वारा कराए जा रहे कार्यों की प्रगति धीमी पाए जाने और गुणवत्ता संबंधी शिकायत पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाते हुए चेतावनी दी कि यदि कार्यों की गुणवत्ता में कहीं भी कोताही पाई गई तो वह स्वयं संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध लिखेंगे। उन्होंने अपने पूर्व में दिए गए निर्देश, जिसके अंतर्गत हर विभाग के एचओडी को अपने विभाग में अब तक किए गए कार्यों में लापरवाही बरत रहे एई, जेई तथा ठेकेदारों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए थे। उसके अनुपालन में अब तक कितनों पर कार्रवाई की गई है उसकी भी जानकारी उनके समक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश दिया गया।

ब्रिटिशकाल के होटल का होगा जीर्णोद्धार

संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार। महाकुंभ से पहले प्रयागराज को संवारने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। शहर में 150 वर्षों पुरानी इमारतों के जीर्णोद्धार होने जा रहा है। भारतीय पुरातत्व विभाग (एएसआई) और आईआईटी बाम्बे के फैसले के बाद यह निर्णय लिया गया है। इसके लिए 27 करोड़ रुपये खर्च किये जाएंगे।

प्रयागराज नगर निगम के सलाहकार सूरज वीएस के मुताबिक भारतीय पुरातत्व विभाग (एएसआई) और आईआईटी बाम्बे के फैसले के बाद अब ऐतिहासिक इमारत को संरक्षित करने के लिए तैयारी की जा रही।

शहर में 150 साल पुरानी एक इमारत का 27 करोड़ रुपये की लागत से जीर्णोद्धार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि महाकुंभ से पहले इस बिल्डिंग के नवीनीकरण का काम पूरा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि नगर निगम का यह कार्यालय कभी ब्रिटिश काल ने एक चर्चित होटल हुआ करता था, लेकिन अब ये नगर निगम का कार्यालय बन चुका है। इमारत के जीर्णोद्धार का काम दिसंबर 2024 तक पूरा करने का निर्देश दिया गया है। 2025 की शुरुआत में होने वाले महाकुंभ के दौरान इसे धरोहर स्थल (हेरिटेज साइट) के रूप में प्रदर्शित किया जाएगा।

> ब्रिटिश काल के समय की इस इमारत होटल हुआ करती थी। जो अब नगर निगम कार्यालय है। इस इमारत को करोड़ों रुपये के बजट से नई साज सज्जा के साथ नवीनीकरण कराया जा रहा है। इस इमारत को ठीक उसी नक्शे में तैयार किया जा रहा है। जैसे यह बना हुआ था। इसे कुंभ से पहले तैयार कर हेरिटेज के रूप में प्रदर्शित किया जाएगा।
>
> –गणेश केसरवानी, महापौर प्रयागराज

कटरा गुलाब ने जीती बैडमिंटन प्रतियोगिता

संवाददाता, प्रतापगढ़

अमृत विचार : जनपदीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का उद्घाटन स्पोर्ट्स स्टेडियम में बीएसए भूपेंद्र सिंह, क्रीड़ाधिकारी पूनम लता राज ने किया। बैडमिंटन प्रतियोगिता में एक बार पुनः जीत दर्ज कर कटरा गुलाब सिंह ने अपना दबदबा बरकारार रखा है।

फाइनल मैच बालक एकल वर्ग में मान्धाता यूपीएस कटरा गुलाब सिंह के सूरज प्रथम स्थान, गौरा के शिवम दूसरा स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग सिंगल में मान्धाता कटरा गुलाब सिंह की समरीन प्रथम स्थान, संडवा की रिया द्वितीय स्थान प्राप्त किया। बैडमिंटन डबल्स बालक वर्ग में मान्धाता कटरा गुलाब सिंह के आयुष तथा मोहम्मद नदीम विजेता तथा संडवा चंद्रिका द्वितीय रहा। बालिका वर्ग डबल्स में मान्धाता कटरा गुलाब सिंह की रोजी तथा साजिया बानो प्रथम स्थान और संडवा चंद्रिका की रिया और गुड़िया द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों के साथ बीएसए भूपेंद्र सिंह व शिक्षक। अमृत विचार

गौरा ने जीता हैंडबाल मैच, शनि व श्रेया ने जीती कुश्ती

प्रतापगढ़, अमृत विचार : क्रीड़ा प्रतियोगिता में गौरा की बालिका और बालक टीम ने बास्केटबाल का फाइनल मैच जीत लिया। इसी ब्लाक की बालिका और बालक टीम ने हैंडबाल की प्रतियोगिता भी जीत ली। कुश्ती में 35 से 40 किलोभार में सदर ब्लाक से बालक वर्ग में शनि गौतम(कंपोजिट जोगापुर) और बालिका वर्ग 30 से 45 भार में सड़वा चंद्रिका की श्रेया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

जाली करेंसी छापने के मिले कागज

संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार : अतरसुइया के मदरसा में नकली करेंसी छापने का सबूत पुलिस को मिला है। कब्रिस्तान के अंदर जाली करेंसी छापने के कागज़ पुलिस को मिले हैं। इस मामले में और भी खुलासे हुए है। बताया जा रहा है कि आरोपी मो. जाहिर बांग्लादेश के दो संगठनों के संपर्क में काफी समय से था। वह बांग्लादेश लोकेशन के वीडियो भी देखा करता था।

जांच एजेंसियों के मुताबिक, मो. जाहिर जब ओडिशा में रह रहा था तो वह उसी वक्त बांग्लादेश के मौलाना के संपर्क में आया। उसकी सर्च की गई हिस्ट्री

▸▸ बांग्लादेशी गैंग में शामिल होने का मिला सबूत

में बांग्लादेश की कई लोकेशन सामने आई है। जिन्हें जांच एजेंसियां ट्रेस करने में जुटी हैं।

दरअसल, प्रयागराज में नकली नोट छापने, बच्चों के ब्रेनवॉश करने, आरएसएस आतंकी संगठन शीर्षक वाली एक किताब रखने के मामले में आरोपी मौलवी समेत 4 आरोपियों को पुलिस ने रिमांड पर लिया था। आईबी, एटीएस और सिविल लाइन थाने की पुलिस ने सभी से करीब 7 घंटे पूछताछ की। जिसमें विदेशी फंडिंग और टेरर फंडिंग को लेकर भी पूछताछ की गई थी। चारों आरोपियों को लेकर टीमें दरियागंज कब्रिस्तान पहुंचीं। जो मजार के पीछे है। मजार के पीछे दो बंडल 500-500 शीट (कागज़) बरामद की गई। जिनसे नोट छापनी थीं। मो. जाहिर ने बताया कि इन बंडल की मदद से भी नोट छापना था। बताया जा रहा है कि मो. अफजल ने छापेमारी के डर से एक दिन पहले ही इन बंडलों को कब्रिस्तान में छिपा दिया गया था, प्रिंसिपल मौलवी तफसीरुल आरीफीन के हिसाब से इन शीट से करीब 3 लाख रुपए के नकली नोट छापे जाने थे।

चारों आरोपियों के मोबाइल जांच एजेंसियों के पास हैं। एफएसएल की मदद से डेटा रिकवर किया जा रहा है। मोबाइल में कुछ वीडियो भी मदरसा के मिले हैं।

सार-संक्षेप

कार्यालय परिसर में झाड़ू लगातीं जिलाधिकारी। अमृत विचार

डीएम ने कार्यालय में झाड़ू लगाकर दिया सफाई का संदेश

मिर्जापुर, अमृत विचार। स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन एवं जिला पंचायत राज अधिकारी संतोष कुमार ने कार्यालय के परिसर में झाड़ू लगा कर सफाई की। साथ में जिला कंसलटेंट विनोद कुमार श्रीवास्तव, मंडल कंसलटेंट आशीष कुमार एवं जनता दरबार में आए हुए लोग उपस्थित रहे। जिलाधिकारी द्वारा लोगों से अपील किया गया कि स्वच्छता ही सेवा हम सभी लोगों का दायित्व है। यह किसी सरकारी या किसी विभाग का काम नहीं है। हमारी संस्कृति में स्वच्छता को प्रथम वरीयता दिया गया है। आप सभी लोग गांव, घर, देश एवं समाज को स्वच्छ रखने के लिए बढ़ चढ़कर के प्रतिभाग करें।

कुर्की की कार्रवाई से हड़कंप, 96 लाख का दाखिला जमा

हलिया (मिर्जापुर), अमृत विचार। जनपद अंतर्गत लालगंज तहसील क्षेत्र के पांच लाख रुपए से अधिक बकायेदारों की अचल संपत्ति को उप जिलाधिकारी लालगंज गुलाबचंद के निर्देश पर कुर्क कर लाल झंडी लगाए जाने से मचे हड़कंप के बाद बीते 24 सितंबर को 96 लाख रुपए का दाखिला बकाएदारों द्वारा जमा किया गया। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन के आदेशानुसार एवं अपर जिलाधिकारी शिवप्रताप शुक्ला के निर्देश पर उप जिलाधिकारी लालगंज गुलाबचंद के द्वारा तहसीलदार प्रबल प्रताप सिंह, नायाब तहसीलदार चंद्रगुप्त सागर के नेतृत्व में टीम गठित कर बड़े बकायेदारों के विरुद्ध कार्रवाई कराते हुए उनकी अचल संपत्ति पर लाल झंडी लगाते हुए उनकी अचल संपत्तियों को कुर्क किया जा रहा है। इस संबंध में उप जिलाधिकारी ने बड़े बकायदारों को अवगत कराया है कि जल्द से जल्द अपना अपना बकाया जमा कर दें, अन्यथा उनकी अचल संपत्तियों को कुर्क कर लिया जाएगा।

ट्रांसफार्मर जलने से 15 दिनों से गांव में पसरा अंधेरा

हलिया (मिर्जापुर), अमृत विचार। क्षेत्र के देवरी बाजार का विद्युत ट्रांसफार्मर 15 दिन से जला पड़ा है। उपभोक्ताओं का आरोप है कि टोल फ्री नंबर पर शिकायत के बावजूद ट्रांसफार्मर नहीं बदला गया। उमस भरी गर्मी के बीच रात अंधेरे में गुजरना पड़ रहा है। बिजली आपूर्ति ठप होने से मोबाइल समेत अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बंद पड़े हैं। पेयजल की किल्लत का भी सामना करना पड़ रहा है। ट्रांसफार्मर के जलने से सैकड़ों घरों के लोग अंधेरे में हैं। बिजली विभाग के अधिकारी इसे गंभीरता से नहीं ले रहे हैं।

ऑटो अनियंत्रित होकर पलटी, सात घायल

अहरौरा (मिर्जापुर), अमृत विचार। थाना क्षेत्र रोशनहर गांव के पास तेज रफ्तार ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गई, जिसमे ऑटो में बैठे कुल सात लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार अहरौरा-जमुई मार्ग पर स्थित थाना क्षेत्र रोशनहर गांव के पास सड़क पर तेज रफ्तार ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसमें ऑटो में सवार कुल सात लोग चालक रमाशंकर पुत्र दीनानाथ निवासी टेंगराई थाना पड़री व राजू सिंह पुत्र लल्लन, महेंद्र सिंह पुत्र श्रीबली, सुनील सिंह पुत्र सिकंदर सिंह, शिवकुमार सिंह पुत्र सिकंदर सिंह, चीकू सिंह पुत्र सुरेश सिंह, लवकुश पुत्र दुलार सभी निवासी रामगढ़ थाना पन्नूगंज घायल हो गए। सूचना पर पहूंची पुलिस ने सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अहरौरा भिजवाया गया, जहां पर चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए राजू को वाराणसी ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। शेष घायलों को हल्की चोटें होने के कारण उपचार कर घर भेज दिया गया। वही पुलिस द्वारा क्षतिग्रस्त ऑटो को सीधा करवाकर आवागमन को सुचारू रूप से चालू कराया गया।

सड़क पर दुर्घटनाग्रस्त ऑटो। अमृत विचार

हर्षोल्लास के साथ मनाया गया फार्मेसी डे

चुनार (मिर्जापुर), अमृत विचार। गुरुकुल कॉलेज आफ फार्मेसी में फार्मेसी डे का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रो. प्रदीप कुमार, एसोसिएट प्रोफेसर हरिश्चंद्र पीजी कॉलेज एवं डॉक्टर ओम प्रकाश तिवारी उपस्थित रहे। महाविद्यालय के छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम किए, जो कि लोगों को अपने स्वास्थ्य के बारे में जागरूक करने वाले थे। इस अवसर पर फार्मेसी के इतिहास से छात्रों को अवगत कराते हुए इसके महत्व को भी बताया। महाविद्यालय द्वारा फार्मेसी रैली का भी आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने सहभागिता की।

विधि-विधान से किया जिऊतिया माता का पूजन

जौनपुर, अमृत विचार। महिलाओं ने अपने पुत्र की दीर्घायु एवं मंगलकामना के लिए जीवित्पुत्रिका व्रत का पूजन किया। चौकियां धाम मंदिर के बगल में स्थित पवित्र कुण्ड के पास सैकड़ों व्रती महिलाएं गाजे-बाजे के साथ पूजन स्थल पहुंचीं। रोट, प्रसाद, फल, फूल, हल्दी लेपन करके जिऊतिया माता का पूजन विधि-विधान से कीं। यह व्रत संतान की लम्बी आयु, सुख-समृद्धि, स्वास्थ्य, मंगलकामना के लिए रखा जाता है। इस व्रत को जितिया या जिउतिया व्रत भी कहा जाता है। यह व्रत विशेष रूप से बिहार, उत्तर प्रदेश, झारखंड के कुछ हिस्सों में बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है।

जीवित्पुत्रिका व्रत का पूजन करतीं महिलाएं। अमृत विचार

धूमधाम से जीवित्पुत्रिका व्रत का किया पूजन

चुनार (मिर्जापुर), अमृत विचार। स्थानीय नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में धूमधाम एवं विधि विधान से जीवित्पुत्रिका व्रत पूजी गयी। माता महिलाओ ने हजारों की संख्या में पुत्र की प्राप्ति एवं दीर्घायु होने की कामना को लेकर निराजल व्रत रहकर जीवित्पुत्रिका का पूजन किया। इस दौरान चुनार नगर सहित आसपास के बाजारों में फल दौरी आदि की दुकानें सजाई गयी थीं। जिउतिया माता को चढ़ाने के लिए फल दौरी आदि की खरीददारी कर चुनार के बालू घाट सीखड़ घाट, अदलपुरा शीतला घाट, मेंड़िया घाट, ग्रामीण क्षेत्र के लरछुट, बटौवा, खैरा, खानपुर, सोनवर्षा, गौरैया, कालुपुर, भुआलपुर आदि गांव की व्रती महिलाएं तालाब, पोखरा, कुआ आदि के किनारे इकट्ठा होकर नई डलिया, दौरी में विभिन्न प्रकार के व्यंजन जैसे पूड़ी, मालपुआ, गुझिया आदि पकवान के साथ ही केला, सेब, अनार, नारियल, नाशपाती, अनानास, खीरा, गाजर, मूली, नींबू आदि फल-वस्त्र के साथ चढ़ा कर पूजन करते हुए पुत्र के दीर्घायु होने की कामना की।

बैंक के सुरक्षा कर्मियों पर मारपीट करने का आरोप

संवाददाता, हलिया (मिर्जापुर)

अमृत विचार। ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के ऊंटी गांव निवासी सत्येन्द्र कुशवाहा ने पुलिस अधीक्षक को लिखित शिकायत देते हुए बैंक ड्यूटी में तैनात दो होमगार्ड द्वारा मारपीट करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है।

ड्रमंड गंज थाना क्षेत्र के उटी गांव निवासी सत्येन्द्र कुशवाहा बीते 20 सितंबर को इंडियन बैंक शाखा पवांरी कला में संचालित खाता का स्टेटमेंट निकलवाने रतेह चैराहा स्थित शाखा पर गया था। बहुत ज्यादा भीड़ भाड़ होने की वजह से बैंक में खड़े होकर संबंधित अधिकारी का इंतजार कर रहा था। तभी भीषण गर्मी के चलते बैंक में खड़ी महिला अचेत होकर गिर गई, जिससे बैंक में हलचल शुरू हो गई, तभी बाहर से दो होमगार्ड हरिओम तिवारी व हिमांशु कुमार सिंह बैंक में आए और गुंडागर्दी करते हुए सभी को बाहर निकालने लगे और हमें भी जबरन बाहर निकालने लगे। मैंने कहा मैं संबंधित अधिकारी से मिलकर अपना काम कराकर निकल जाऊंगा, तभी दोनों होमगार्ड हरिओम तिवारी व हिमांशु कुमार सिंह मां बहन की भद्दी भद्दी गाली देते हुए लोगों के सामने लात घूंसा से मारने लगे और जान से मारने की धमकी देते हुए बैंक से भगा दिए।

टोल टैक्स वसूली रुकवाने को लेकर दिया ज्ञापन

जौनपुर, अमृत विचार। राष्ट्रीय राजमार्ग 233 पर वाराणसी जनपद के बलरामगंज ढेरही में बने अस्थायी टोल प्लाजा पर मुख्यमंत्री के अवैध वसूली का संज्ञान लेने के बाद भी अधूरे राष्ट्रीय राजमार्ग पर टोल वसूली हो रही है। अवैध टोल टैक्स वसूली रुकवाने के लिये किसानों ने किसान नेता अजीत सिंह के नेतृत्व में पुलिस कमिश्नर वाराणसी मोहित अग्रवाल को ज्ञापन दिया।

किसानों ने कमिश्नर को दिये ज्ञापन के माध्यम से बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग 233 का जनपद जौनपुर में 16 किमी निर्माण हुए बगैर टोल टैक्स की अवैध वसूली एनएचएआई द्वारा की जा रही है। इसको रुकवाने के लिए किसानों व क्षेत्रीय जनता ने 21 फरवरी व 15 सितंबर को टोल प्लाजा पर धरना प्रदर्शन किया था तथा राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मंत्री व मुख्यमंत्री सहित संबंधित उच्चाधिकारियों को ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया गया था। बावजूद इसके एनएचएआई अभी भी अवैध टोल वसूली कर रहा है। कमिश्नर ने ज्ञापन पर विधि सम्मत कार्रवाई का आश्वासन दिया। ज्ञापन देने वालों में किसान नेता अजीत सिंह के अलावा प्रेमशंकर तिवारी, मनोज पांडेय, आशीष मिश्र, कृष्णा विश्वकर्मा, महेंद्र यादव, श्याम बहादुर सिंह, सहित तमाम लोग शामिल रहे।

एआरटीओ के विरुद्ध होगी कार्रवाई : परिवहन आयुक्त

प्रतापगढ़, अमृत विचार : सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) द्वारा बच्चों को ले जा रही स्कूली बस (वाहन संख्या यूपी 72टी 2005) को प्रपत्र वैध न होने के कारण अत्यधिक समय तक रोक लिया गया था। परिवहन आयुक्त चंद्रभूषण सिंह ने घटना की गंभीरता को देखते हुए संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) प्रयागराज से आख्या मांगी। संबंधित सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) डॉ. दिलीप गुप्ता के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जा रही है। परिवहन आयुक्त ने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा हाल ही में चित्रकूट में घटित घटना के संदर्भ में अत्यंत ही आक्रोश व्यक्त किया गया था।

एकात्म मानववाद को अपने व्यवहार में करें शामिल

जौनपुर, अमृत विचार। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के दीनदयाल उपाध्याय शोध पीठ के तत्वावधान में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जन्मदिवस पर प्रबंध अध्ययन संकाय भवन के कांफ्रेंस हॉल में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के व्यक्तित्व एवं कृतित्व विषयक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।

प्रो. मनोज मिश्र

मुख्य वक्ता जनसंचार विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर मनोज मिश्र ने कहा कि दीनदयाल जी ने स्वतंत्र भारत के लिए भारतीय वैदिक संस्कृति के मूल तत्व वसुधैव कुटुंबकम की संस्कृति से अनुप्राणित एकात्म मानववाद का दर्शन प्रस्तुत किया। पंडित जी मानते थे कि पूरा ब्रह्मांड एक तत्व से जुड़ा है। व्यक्ति परिवार से, परिवार समाज से, समाज देश से, देश दुनिया से दुनिया ब्रह्मांड से जुड़ी है। सब परस्पर निर्भर है, इसलिए एकात्म मानव दर्शन पर आधारित समाज में हम सभी एक दूसरे को बिना नुकसान पहुंचाये रचनात्मक कार्य में संलग्न रहते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि एकात्म मानववाद दर्शन को समझ कर अपने व्यवहार एवं कार्य में शामिल करें।

गांधी जयंती की तैयारियों को लेकर हुई बैठक

जौनपुर, अमृत विचार। जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र की उपस्थिति में महात्मा गांधी जयंती की तैयारियों के संबंध में बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा अवगत कराया गया कि प्रातः 7 बजे प्रभात फेरी निकाली जाएगी। 9 से 10 बजे के मध्य समस्त कार्यालय में झंडा फहराया जाएगा। जिलाधिकारी ने बेसिक शिक्षा अधिकारी को विद्यालयों में प्रतियोगिता आयोजित कराने, महात्मा गांधी के जीवन परिचय की जानकारी छात्रों को देने के निर्देश दिए जिलाधिकारी ने गांधी तिराहे पर गांधी जी प्रतिमा की सफाई कराने, मलिन बस्तियों के साथ ही मुख्य स्थानों पर साफ-सफाई के निर्देश अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद जौनपुर को दिये।

बाजार	सेंसेक्स ↑	निफ्टी ↑
बंद हुआ	85,169 .87	26,004 .15
बढ़त	255 .83	63 .75
प्रतिशत में	0 .30	0 .25

कारोबार/कृषि

अमृत विचार
www.amritvichar.com
लखनऊ, गुरुवार, 26 सितंबर 2024

लखनऊ मंडी

अनाज प्रति कुन्तल गेहूं (आरआर 21) 2360-2800 गेहूं (के 65) 3500-3800 बाजरा 2200-2300 मक्का 2700-2800 जौ 2900-3000 चावल प्रति कुन्तल चावल सेल्हा 2800-3100 चावल बासमती 7000-8000 चावल मोटा 2800-3000 चावल मन्सूरी 3200-3500 चावल शक्कर चीनी 4800-5200 चावल गोल्डन सेल्हा 5600-8600 चावल राजरानी 7000-7500 दाल दलहन चना देशी 6800-7000 चना फार्मी 7200-7500 चना काबली 14500-17000 मटर हरा 6000-620 मटर सफेद 6100-6500 दाल चना 8000-8400 दाल मटर 6400-6500 उड़द हरा 12000-12500 उड़द काला 9000-9500 दाल उड़द हरी 15500-16000 दाल उड़द काली 10500-11000 दाल उड़द धोवा 12000-12500 मूंग खड़ा 10000-10500 मूंग दाल 10500-11000 मूंग धोवा 12000-13000 मसूर 8800-9000 मलका 9000-9500 दाल अरहर फूल 16000-17000 दाल स्पेशल 13000-14000 राज्मा सफेद 13000-14000 राज्मा काला 11500-12500 मूंगफली का दाना 11000-12000 तेल तिलहन अलसी 5310-5510 लाही 4800-5200 काली सरसों 4900-5300 पीली सरसों 5600-5800 तेल सरसों (प्रति 15) 1475-1900 तेल अलसी 2600-2700 तेल तिल्ली 2600-2700 तेल मूंगफली रिफाइन्ड 3400-3500 तेल नारियल 2700-2800 तेल सोयाबीन 1650-1700 वनस्पति बावर्ची 1900 रथ 1950 चीनी (एम 30) 4250 चीनी (एस 30) 4100 गुड़ पंसेरा 5000 गुड लड्डू 5200 मैदा 3000-3100

सर्राफा

लखनऊ

सोना स्टैंडर्ड	77,350
सोना रवा	77,200
सोना गिन्नी (प्रति नग)	42,500
चांदी तैयार	91,300
चांदी (999)	91,200
चांदी सिक्के (100 नग)	80,000

भारत की वृद्धि दर के अनुमान को 7 प्रतिशत पर एडीबी ने रखा कायम

बेहतर कृषि तथा उच्च सरकारी खर्च से अर्थव्यवस्था में तेजी की उम्मीद

नई दिल्ली, एजेंसी

- अपनी एडीओ में एडीबी ने कहा- निर्यात अनुमान से अधिक सेवा निर्यात में वृद्धि के कारण रहेगा

एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने 2024-25 के लिए भारत के वृद्धि दर के अनुमान को सात प्रतिशत पर बरकरार रखा है। एडीबी ने बुधवार को कहा कि बेहतर कृषि उत्पादन तथा उच्च सरकारी खर्च से आगामी तिमाहियों में अर्थव्यवस्था में तेजी आने की उम्मीद है। सितंबर के अपने एशियाई विकास परिदृश्य (एडीओ) में एडीबी ने कहा कि 2024-25 में निर्यात पूर्व के अनुमान से अधिक रहेगा, जिसका श्रेय सेवाओं के निर्यात में वृद्धि को जाता है। हालांकि, 2025-26 में वस्तु निर्यात वृद्धि अपेक्षाकृत धीमी रहेगी।

एडीबी ने कहा कि 2024-25 (31 मार्च, 2025 को समाप्त वर्ष) में जीडीपी वृद्धि सात प्रतिशत और 2025-26 में 7.2% रहने की उम्मीद है। दोनों ही अनुमान अप्रैल, 2024 के समान हैं। भारतीय अर्थव्यवस्था 2023-24 में 8.2% की दर से बढ़ी थी। रिजर्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष में 7.2% की वृद्धि दर का अनुमान लगाया है। इसमें कहा गया कि चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में जीडीपी की वृद्धि धीमी होकर 6.7% रह गई, लेकिन कृषि क्षेत्र में सुधार, उद्योग व सेवाओं के लिए मजबूत परिदृश्य से तेजी आने की उम्मीद है।

कृषि सुधारों से होगी ग्रामीण व्यय में वृद्धि

एडीबी के भारत के निदेशक मियो ओका ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था ने वैश्विक भू-राजनीतिक चुनौतियों के बीच उल्लेखनीय जुझारु क्षमता दिखाई है और यह स्थिर वृद्धि के लिए तैयार है। कृषि सुधारों से ग्रामीण व्यय में वृद्धि होगी, जो उद्योग तथा सेवा क्षेत्रों के मजबूत प्रदर्शन के प्रभावों के अनुरूप है। औसत से अधिक मानसून से कृषि में वृद्धि होगी जिससे 2024-25 में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा।

प्री ओपन मार्केट : एक महत्वपूर्ण ट्रेडिंग सेशन

प्री ओपन मार्केट एक महत्वपूर्ण ट्रेडिंग सेशन है, जो स्टॉक एक्सचेंज के नियमित खुलने से पहले होता है। यह आमतौर पर सुबह 9 से 9 :15 बजे तक चलता है। इस अवधि में निवेशक शेयरों की प्रारंभिक कीमतों का निर्धारण कर सकते हैं और अपने ट्रेडिंग ऑर्डर को प्लेस कर सकते हैं। प्री ओपन सेशन का मुख्य उद्देश्य बाजार की तरलता बढ़ाना और पिछले दिन के समापन मूल्य के आधार पर नए मूल्य का निर्धारण करना है। यह निवेशकों को ताजे समाचारों और घटनाओं के प्रभाव को समझने का मौका देता है, जिससे वे बेहतर निर्णय ले सकें। आइए इस बारे में थोड़ी जानकारी करते हैं....

समय सीमा : प्री ओपन सेशन आमतौर पर 15 मिनट का होता है। इसमें निवेशक खरीद और बिक्री की सीमाएं तय कर सकते हैं।

कीमत निर्धारण : इसका मुख्य उद्देश्य स्टॉक की प्रारंभिक कीमतों को तय करना होता है। यह अंतिम प्री ओपन मूल्य पर निर्भर करता है, जोकि दिन के समापन मूल्य और प्री ओपन के दौरान हुई ट्रेडिंग पर तय किया जाता है।

खुला ट्रेडिंग : प्री ओपन में ट्रेडिंग आम तौर पर नॉन-डिस्क्रीट और रैंडम तरीके से होती है, ताकि बाजार में तरलता बनी रहे।

समाचार का प्रभाव : यदि किसी कंपनी या क्षेत्र से संबंधित कोई बड़ा समाचार आता है, तो प्री ओपन मार्केट में उसका प्रभाव तेजी से देखा जा सकता है।

जानकारी कैसे करें

- **स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट :** निफ्टी, सेंसेक्स, या अन्य एक्सचेंज की वेबसाइट पर जाकर प्री ओपन मार्केट की जानकारी ले सकते हैं।
- **फाइनेंशियल न्यूज :** बिजनेस न्यूज चैनल्स और वेबसाइट्स जैसे कि सीएनबीसी, ईटीनाव या मनीकंट्रोल पर भी जानकारी मिलती है।

प्री ओपन मार्केट के जोखिम

- **अत्यधिक उतार-चढ़ाव :** प्री ओपन में शेयरों की कीमतों में तेजी से परिवर्तन हो सकता है, जिससे निवेशकों को नुकसान का सामना करना पड़ सकता है।
- **कम लिक्विडिटी :** कुछ स्टॉक्स में प्री ओपन सेशन में कम लिक्विडिटी हो सकती है, जिससे खरीदने या बेचने में कठिनाई हो सकती है।
- **सूचनाओं का प्रभाव :** ताजा समाचार या घटनाओं का तात्कालिक प्रभाव हो सकता है, जो अनिश्चितता और निवेशकों के लिए जोखिम बढ़ा सकता है।
- **निवेशकों की भावना :** प्री ओपन में भावनात्मक निर्णय लेने की प्रवृत्ति हो सकती है, जिससे गलत ट्रेडिंग के परिणामस्वरूप हानि हो सकती है।
- **ऑर्डर फुलफिलमेंट :** प्री ओपन में सभी ऑर्डर फुलफिल नहीं हो सकते हैं, जिससे इच्छित कीमत पर व्यापार नहीं हो पाता।
- **ट्रेडिंग कॉस्ट :** अधिक उतार-चढ़ाव के कारण, प्री ओपन में ट्रेडिंग करना महंगा हो सकता है, जिसमें स्प्रेड और कमीशन शामिल हैं।

मार्गदर्शन : प्री ओपन मार्केट एक महत्वपूर्ण समय है जो निवेशकों को बाजार में बदलाव का अंदाजा लगाने और संभावित लाभ उठाने का मौका देता है। सही जानकारी और रणनीति के साथ, निवेशक इस समय का सही उपयोग कर सकते हैं।

भारत का खाद्यान्न उत्पादन 33.22 करोड़ टन पहुंचा

नई दिल्ली। भारत का खाद्यान्न उत्पादन जून में समाप्त फसल वर्ष 2023-24 में रिकॉर्ड 33.22 करोड़ टन पर पहुंच गया है। गेहूं और चावल की बंपर फसल से कुल खाद्यान्न उत्पादन बढ़ा है। कृषि मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि फसल वर्ष 2023-24 के लिए अंतिम अनुमान इससे पिछले वर्ष के 32.96 करोड़ टन से 26.1 लाख टन की वृद्धि दर्शाता है। चावल उत्पादन रिकॉर्ड 13.78 करोड़ टन पर पहुंच गया, जो 2022-23 में 13.57 करोड़ टन था। गेहूं का उत्पादन 2022-23 के 11.05 करोड़ टन की तुलना में बढ़कर 11.32 करोड़ टन पहुंच गया। दलहन 2.60 करोड़ टन से घटकर 2.42 करोड़ टन रह गया और तिलहन 4.13 करोड़ टन से घटकर 3.96 करोड़ टन रह गया। मंत्रालय ने दालों, मोटे अनाजों, सोयाबीन और कपास के उत्पादन में गिरावट का कारण कई राज्यों में सूखे की स्थिति को बताया है।

ब्रोकर-निवेशक का विवाद आपराधिक कार्यवाही से बाहर

विधि संवाददाता, प्रयागराज

- सेबी एक्ट विशेष अधिनियम,सामान्य कानून लागू नहीं : हाईकोर्ट

अमृत विचार : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक मामले में सेबी एक्ट की व्याख्या करते हुए कहा कि भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड अधिनियम, 1992 (सेबी एक्ट) विशेष अधिनियम है। कानून के अनुसार एक बार विशेष अधिनियम लागू होने पर सामान्य कानून जैसे आईपीसी या सीआरपीसी के प्रावधान लागू नहीं होते हैं। कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के हवाले से स्पष्ट किया कि किसी व्यक्ति पर आईपीसी की धारा 409 विश्वासघात और 420 धोखाधड़ी का मामला एक ही आरोप पर नहीं चलाया जा सकता है।

वर्तमान मामले में कोर्ट ने माना कि विपक्षी ने शेयर बाजार के जोखिमों को जानते हुए भी निवेश किया, साथ ही धोखाधड़ी व आपराधिक विश्वासघात के मामले में लेन-देन की शुरुआत से बेईमानी का इरादा मौजूद होना आवश्यक है जो मामले में स्पष्ट रूप से अनुपस्थित है, इसलिए याची के खिलाफ 409 और 420 के तहत अपराध नहीं बनता है। कोर्ट ने यह भी पाया कि किसी को निवेश के रूप में अपनी संपत्ति सौंपने के लिए धोखे से प्रेरित नहीं किया जा सकता है। अतः न्यायमूर्ति अनीश गुप्ता की एकलपीठ ने जितेंद्र केसरवानी के खिलाफ चल रही आपराधिक कार्यवाही को रद कर दिया। उपरोक्त आपराधिक कार्यवाही को इस आधार पर चुनौती दी गई थी कि ब्रोकर और निवेशक के बीच निवेश विवाद सेबी एक्ट की धारा 15-एफ के दायरे में आते हैं। ऐसे मामलों में आपराधिक अभियोजन की कार्यवाही नहीं चलाई जा सकती है।

मामले के अनुसार मेसर्स एलडीके शेयर एंड सिक्योरिटीज प्राइवेट लि. के निदेशक के खिलाफ पुलिस स्टेशन हरीपर्वत, आगरा में आईपीसी की धाराओं में प्राथमिकी दर्ज हुई। शिकायतकर्ता का आरोप था कि शेयर ब्रोकर होने के नाते याची ने उसे अपनी कंपनी के माध्यम से शेयरों में निवेश और व्यापार के लिए कहा था और बदले में उसे कुछ सुविधाएं देने का दावा किया था, लेकिन बाद में शिकायतकर्ता द्वारा कई मांगों के बावजूद याची ने 9,69,450 रुपए वापस नहीं किए, जिसके कारण प्राथमिकी दर्ज करवाई गई।

कोयला आयात 9 प्रतिशत बढ़कर 9.05 करोड़ टन

नई दिल्ली, एजेंसी

- भारत के पास पांचवां सबसे बड़ा कोयला भंडार : मंत्रालय

देश ने 2024-25 के पहले चार माह अप्रैल-जुलाई में 9.05 करोड़ टन कोयला आयात किया, जो सालाना आधार पर 0.9 प्रतिशत अधिक है। कोयला मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि भारत कोयले का दूसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता है, और उसके पास पांचवां सबसे बड़ा कोयला भंडार है।

अप्रैल-जुलाई अवधि के दौरान कोयला उत्पादन इससे पिछले वित्त वर्ष के 29.33 करोड़ टन से 9.56 प्रतिशत बढ़कर 32.14 करोड़ टन हो गया। मौजूदा खपत की स्थिति आयात की महत्वपूर्ण जरूरत को दर्शाती है, विशेष रूप से कोकिंग कोल और उच्च श्रेणी के तापीय कोयला के लिए जो घरेलू भंडार में उपलब्ध नहीं है। इस कमी से प्रमुख उद्योगों को समर्थन देने के लिए आयात की जरूरत है।

राष्ट्रीय

एक नजर

सेना अधिकारी व उसकी मंगेतर को दी गई सुरक्षा

भुवनेश्वर। ओडिशा सरकार ने सैन्य अधिकारी और उनकी मंगेतर को सुरक्षा मुहैया कराई है, जिनका भरतपुर पुलिस थाने में हिरासत के दौरान कथित तौर पर यौन उत्पीड़न किया गया था। भुवनेश्वर-कटक पुलिस आयुक्तालय के वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि राज्य सरकार के निर्णय के बाद दोनों के लिए निजी सुरक्षा अधिकारी (पीएसओ) तैनात किए गए हैं। जब वे शहर में कहीं भी जाएंगे तो पीएसओ उनके साथ-साथ रहेंगे। ओडिशा सरकार ने यह फैसला ऐसे समय में लिया है जब सैन्य अधिकारी, उनकी मंगेतर और उनके पिता तथा कुछ पूर्व सैन्यकर्मियों ने राज्य सचिवालय में मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी से मुलाकात की थी।

शिवाजी की नई प्रतिमा के लिए निविदा जारी

मुंबई। महाराष्ट्र सरकार ने सिंधुदुर्ग जिले में शिवाजी की प्रतिमा गिरने के बाद, वहां 60 फुट ऊंची नयी प्रतिमा के लिए निविदा जारी की है। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि नई प्रतिमा का आकार पिछली प्रतिमा से दोगुना होगा। प्रतिमा 20 करोड़ में बनाई जाएगी और सरकार ने इसके लिए छह महीने की समय सीमा तय की है। प्रधानमंत्री मोदी ने राजकोट किले में शिवाजी की 35 फुट ऊंची प्रतिमा का अनावरण किया था जो 26 अगस्त को तेज हवा से गिर गई थी।

राहुल गांधी को धमकी पर मणिपुर में शिकायत दर्ज

इंफाल। मणिपुर कांग्रेस ने राहुल गांधी को कथित धमकी को लेकर बुधवार को इंफाल सिटी थाने में शिकायत दर्ज कराई। मणिपुर कांग्रेस अध्यक्ष कीशम मेघचंद्र ने कार्यकारी अध्यक्ष विक्टर कीशिंग और उपाध्यक्ष हरेश्वर ओजा इमो के साथ भाजपा और राजग के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने कहा कि राजग और भाजपा नेताओं ने विभिन्न मंचों पर गांधी को धमकी दी है।

कांग्रेस बर्बाद कर देगी हरियाणा : मोदी

गोहाना में भाजपा की चुनावी रैली में प्रधानमंत्री ने विपक्षी पार्टी पर बोला हमला

सोनीपत, एजेंसी

हरियाणा के सोनीपत में चुनावी रैली को संबोधित करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

- आरोप लगाया- आरक्षण का विरोध और उससे नफरत उनके डीएनए में

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि अगर वह गलती से भी हरियाणा में सत्ता में आ गई तो उसकी अंदरूनी कलह से स्थिरता और विकास दांव पर लग जाएगा और यह राज्य को बर्बाद कर देगी। विधानसभा चुनाव के लिए गोहाना में भाजपा की चुनावी रैली में मोदी ने आरक्षण के मुद्दे पर कांग्रेस को घेरा और आरोप लगाया कि आरक्षण का विरोध और उससे नफरत उसके डीएनए में है। कांग्रेस सरकारें अस्थिरता के लिए जानी जाती हैं।

मोदी ने कांग्रेस शासित कर्नाटक का उदाहरण देते हुए कहा कि कुछ सालों में जहां-जहां कांग्रेस की सरकारें बनीं, मुख्यमंत्री और मंत्री अंदरूनी कलह में शामिल रहे। तेलंगाना और हिमाचल में भी यही कहानी है। मोदी ने राजस्थान और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के सत्ता में रहने के दौरान उसकी अंदरूनी कलह का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि याद रखिए, अगर कांग्रेस गलती से भी सत्ता में आ गई तो वह हरियाणा को बर्बाद कर देगी। प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने हमेशा एससी, एसटी और ओबीसी को भागीदारी से वंचित रखा। कांग्रेस के शाही परिवार से जो भी प्रधानमंत्री बना, उसने हमेशा आरक्षण का विरोध किया। आरक्षण का विरोध और नफरत कांग्रेस के डीएनए में है। ये तो बाबासाहेब आंबेडकर थे, जिन्होंने दलितों को आरक्षण दिया। वरना ओबीसी की तरह आरक्षण के लिए कांग्रेस की हार का इंतजार करना पड़ता।

राहुल गांधी को नहीं पता ब्रेन-ड्रेन क्या होता है : विज

चंडीगढ़। भाजपा नेता अनिल विज ने बुधवार को कहा कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को नहीं पता कि ब्रेन-ड्रेन क्या होता है। विज ने कहा कि गांधी ने भाजपा से सवाल किया है कि हरियाणा के युवा क्यों डंकी रूट से बाहर जा रहे हैं और जिंदगी खराब कर रहे हैं, राहुल गांधी की दादी और पिता प्रधानमंत्री रहे हैं, तो इनको पता नहीं है कि उस समय ब्रेन-ड्रेन किसको कहते थे। उस समय ब्रेन-ड्रेन का रिवाज था। भारत के काबिल लोग नौकरी की चाह में विदेशों में चले जाते थे। विज ने भूपेन्द्र सिंह हुड्डा, रणदीप सुरजेवाला और सैलजा के कथित रूप से खुद को मुख्यमंत्री के रूप में पेश करने के बारे में कहा कि सूत न कपास, जुलाहे में लठम लठा। मुख्यमंत्री तो भाजपा का बनेगा, ये तो सपने देख रहे हैं और इस पर टैक्स नहीं लगता है।

दिल्ली में वायु प्रदूषण बढ़ा एक्यूआई खराब श्रेणी में

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में तीन महीने और 19 दिनों के बाद बुधवार को लोगों ने वायु गुणवत्ता में गिरावट महसूस की। वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 235 रहा, जो खराब श्रेणी में आता है। 5 जून को एक्यूआई के 248 तक पहुंचने के बाद यह पहली बार है, जब राजधानी में वायु गुणवत्ता खराब श्रेणी में है। दिल्ली में वायु गुणवत्ता प्रबंधन के लिए निर्णय सहायता प्रणाली के अनुसार, वायु प्रदूषण के लिए परिवहन क्षेत्र जिम्मेदार है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार, मंगलवार शाम 4 बजे तक एक्यूआई 197 के साथ मध्यम श्रेणी में दर्ज किया गया था। उस दिन पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने शीतकालीन कार्य योजना का अनावरण किया, जिसमें राष्ट्रीय राजधानी में वायु प्रदूषण से निपटने के उद्देश्य से 21 केंद्रित पहल शामिल हैं।

अल्पसंख्यक मंत्रालय कांग्रेस के समय मुस्लिम मंत्रालय था : रीजीजू

नई दिल्ली, एजेंसी

- मंत्रालय सभी छह अल्पसंख्यक समुदायों के विकास के लिए कर रहा काम

केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने बुधवार को दावा किया कि कांग्रेस के समय इस मंत्रालय को मुस्लिम मंत्रालय के तौर पर देखा जाता था क्योंकि वो मुसलमानों को वोटबैंक मानते थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार में अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय सभी छह अल्पसंख्यक समुदायों के विकास के लिए काम रहा है। मंत्रालय के काम लोगों तक पहुंचाना जरूरी है। पहले लोग सोचते थे कि यह मुस्लिम मंत्रालय है जबकि इसमें छह समुदायों के लिए काम होता है। कांग्रेस मुसलमानों को वोटबैंक बनाते थे, इसलिए मुस्लिम-मुस्लिम करते रहते थे। रीजीजू ने 100 दिनों में मंत्रालय द्वारा किए कार्यों का उल्लेख किया।

वक्फ विधेयक पर संसदीय समिति की रिपोर्ट जल्द

नई दिल्ली। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि वक्फ संशोधन विधेयक पर संसद की संयुक्त समिति जिस गति से काम कर रही है उससे उन्हें उम्मीद है कि इसकी रिपोर्ट जल्द संसद में रख दी जाएगी। भाजपा के सांसद जगदंबिका पाल की अध्यक्षता वाली समिति को शीतकालीन सत्र के पहले सप्ताह के अंतिम दिन तक रिपोर्ट देने के लिए कहा गया है।

रानी लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय गौरव, सांप्रदायिक राजनीति के लिए इतिहास को न बांटें

नई दिल्ली, एजेंसी

- दिल्ली हाईकोर्ट ने शाही ईदगाह प्रबंधन समिति को लगाई फटकार

दिल्ली हाईकोर्ट ने शाही ईदगाह प्रबंधन समिति को निंदनीय दलीलें देने पर फटकार लगाते हुए बुधवार को कहा कि झांसी की रानी लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय गौरव हैं और इतिहास को सांप्रदायिक राजनीतिक आधार पर बांटना नहीं चाहिए। समिति ने सदर बाजार स्थित शाही ईदगाह पार्क में रानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा लगाने के खिलाफ याचिका दाखिल की है, जिसपर सुनवाई के दौरान अदालत ने यह टिप्पणी की।

हाईकोर्ट ने कहा कि समिति का इरादा अदालत के माध्यम से सांप्रदायिक राजनीति का है और मामले को धार्मिक रंग दिया जा रहा है। मनोनीत मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की खंडपीठ ने कहा कि इसे धार्मिक रंग दिया जा रहा है। यह गर्व की बात है कि आपके पास यह प्रतिमा है। एक तरफ हम महिला सशक्तीकरण की बात कर रहे हैं। एकल न्यायाधीश के आदेश को चुनौती देने वाली समिति की अपील पर सुनवाई कर रही पीठ ने सदर बाजार स्थित शाही ईदगाह पार्क में झांसी की रानी की प्रतिमा स्थापित करने पर रोक लगाने की याचिका को खारिज कर दिया कि याचिका में कोई कारण नहीं बताया गया है।

चिकित्सा के छात्रों को बॉण्ड भर एक साल देनी होंगी सेवाएं

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार ने चिकित्सा संस्थानों से अखिल भारतीय कोटे और राज्य कोटे के तहत पढ़ाई पूरी करने वाले छात्रों के लिए एक वर्षीय अनिवार्य सेवा बॉण्ड की शुरुआत की है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग से जारी आदेश के अनुसार इस नए विनियमन के तहत, सुपर-स्पेशियलिटी पाठ्यक्रमों समेत स्नातक व स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में पढ़ाई करने वाले छात्रों को दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (जीएनसीटी) सरकार के तहत आने वाले चिकित्सा संस्थानों में एक वर्ष तक सेवाएं देनी होंगी। दाखिले के समय यूजी छात्रों को 15 लाख जबकि पीजी व सुपर-स्पेशियलिटी के छात्रों को 20 लाख का बॉण्ड जमा करना होगा। यदि कोई छात्र एक वर्ष की अनिवार्य सेवा अवधि पूरी नहीं करता है, तो ये बॉण्ड जब्त कर लिए जाएंगे। स्नातक वालों को जूनियर रेजिडेंट जबकि पीजी करने वालों को सीनियर रेजिडेंट के पद पर नियुक्त किया जाएगा।

जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल नहीं करने पर सड़कों पर उतरेंगे : राहुल

जम्मू, एजेंसी

- जम्मू की रैली में विपक्ष के नेता ने भाजपा का किया घेराव

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बुधवार को कहा कि अगर भाजपा नीत सरकार विधानसभा चुनाव के बाद जम्मू कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल नहीं करती है तो इंडिया गठबंधन संसद में अपनी ताकत का इस्तेमाल करेगा और सड़कों पर भी उतरेगा। कांग्रेस नेता ने जम्मू की रैली में कई मुद्दों पर भाजपा का घेराव भी किया।

जम्मू की रैली में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि पूर्ववर्ती जम्मू कश्मीर राज्य को 2019 में दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित कर प्रदेश के लोगों के साथ बड़ा अन्याय किया था। ऐसा कभी नहीं होना चाहिए था और मैं गारंटी देता हूं कि अगर भाजपा राज्य का दर्जा बहाल नहीं करती है, तो हमजम्मू कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने के लिए लोकसभा, राज्यसभा में पूरी ताकत लगाएंगे और सड़कों पर भी उतरेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि उपराज्यपाल के माध्यम से बाहरी लोगों को फायदा पहुंचाने के लिए जम्मू कश्मीर से राज्य का दर्जा छीन लिया गया। यही वजह है कि जम्मू कश्मीर से राज्य का दर्जा छीन लिया गया। उन्होंने सभा में उपस्थित लोगों से कहा कि राज्य का दर्जा बहाल होना आपका अधिकार और आपका भविष्य है तथा जम्मू कश्मीर इसके बगैर आगे नहीं बढ़ सकता।

फीस जमा न होने से आईआईटी सीट गंवाने वाले युवक को शीर्ष मदद का आश्वासन

नई दिल्ली, एजेंसी

- अंतिम तिथि तक 17,500 रुपये जमा नहीं करा पाने पर युवक ने गवां दी सीट

सुप्रीम कोर्ट ने कड़ी मेहनत के बाद अंतिम प्रयास में आईआईटी की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले उस गरीब दलित युवक को मदद का आश्वासन दिया है, जो धनबाद स्थित संस्थान में अंतिम तिथि तक 17,500 रुपये फीस जमा नहीं करा सका और सीट गंवा दी।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने मंगलवार को 18-वर्षीय अतुल के वकील से कहा कि हम आपकी यथासंभव मदद करेंगे, लेकिन आप तीन महीनों से क्या कर रहे थे, क्योंकि शुल्क जमा करने की निर्धारित समय सीमा 24 जून को समाप्त हो गई है। युवक के माता-पिता ने सीट बचाने को राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग, झारखंड विधिक सेवा प्राधिकरण और मद्रास हाईकोर्ट का भी दरवाजा खटखटाया था। युवक के वकील ने बताया कि कुमार ने अपने दूसरे और अंतिम प्रयास में जेईई एडवांस्ड पास कर लिया और अगर शीर्ष अदालत उसकी मदद नहीं करती है तो वह परीक्षा में फिर से शामिल नहीं हो पाएगा।

गुजरात के साबरकांठा में सड़क हादसे में सात लोगों की मौत

साबरकांठा (गुजरात), एजेंसी

गुजरात के साबरकांठा जिले में हिम्मतनगर के पास राजमार्ग पर बुधवार सुबह तेज रफ्तार कार ट्रेलर ट्रक से जा टकराई, जिससे सात लोगों की मौत हो गई जबकि एक घायल हो गया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि बचाव दल ने गैस कटर से कार के हिस्से हटाए जिसके बाद शवों को निकाला गया। हादसा उदयपुर को अहमदाबाद से जोड़ने वाले एनएच पर सुबह 6.30 बजे हुआ। एसपी विजय पटेल ने बताया कि इस दुर्घटना में कार में सवार सात लोगों की मौत हो गई।

तेलंगाना में भी सड़क दुर्घटना, सात की मौत

चेन्नई। तेलंगाना में उलुंदूरपेट के पास एनएच पर बुधवार को वैन सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई, जिससे छह लोगों की मौके पर मौत हो गई। तिरुनावलूर पुलिस ने बताया कि चालक को नींद आ गई थी और वाहन पेड़ से टकरा गया। वैन में सभी पुरुष थे। पर कुछ समय के लिए यातायात जाम हो गया था।

आरएसएस ने चूहों की तरह की राज्य में की घुसपैठ : हेमंत सोरेन

रांची। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बुधवार को आरएसएस की तुलना चूहों से की और भाजपा व आरएसएस पर चुनावी फायदे के लिए राज्य में सांप्रदायिक सौहार्द्र बिगाड़ने की कोशिश का आरोप लगाया। साहिबगंज जिले के भोगनाडीह की जनसभा में सोरेन ने दावा किया कि भाजपा हिंदू और मुस्लिम समुदाय में द्वेष के बीज बो रही है। उन्होंने विशेष तौर पर असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व सरमा की इसमें संलिप्तता का दावा किया। रांची से ऑनलाइन माध्यम से भोगनाडीह जनसभा में सोरेन ने कहा कि आरएसएस चूहों की तरह राज्य में घुसपैठ कर इसे बर्बाद कर रहा है। जब आप उन्हें गांवों में हंडिया और दारू के साथ दाखिल होते देखें तो खदेड़ दें...वे चुनाव से पहले सांप्रदायिक अशांति और तनाव पैदा करना चाहते हैं।

श्रमिकों के लिए न्यूनतम वेतन में वृद्धि की आतिशी ने की घोषणा

नई दिल्ली, एजेंसी

- दिल्ली की मुख्यमंत्री ने भाजपा पर गरीब विरोधी होने का लगाया आरोप

दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने बुधवार को असंगठित क्षेत्र के अकुशल श्रमिकों के लिए 18,066, अर्ध-कुशल के लिए 19,929 और कुशल श्रमिकों के लिए 21,917 रुपये न्यूनतम वेतन की घोषणा की।

दिल्ली के मुख्यमंत्री के तौर पर प्रभार संभालने के बाद आतिशी ने कहा कि अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में आप सरकार ने मजदूरों के लिए न्यूनतम वेतन लागू किया है, जो देश में सबसे अधिक है। उन्होंने भाजपा पर गरीब विरोधी होने का आरोप लगाते हुए दावा किया कि भाजपा द्वारा शासित राज्यों में न्यूनतम वेतन दिल्ली में दिये जा रहे वेतन का आधा है। आतिशी ने कहा कि केजरीवाल सरकार ने न केवल अदालत के माध्यम से न्यूनतम वेतन लागू किया, बल्कि भाजपा द्वारा खड़ी की गईं बाधाओं के बावजूद हर साल दो बार इसमें संशोधन भी सुनिश्चित किया।

जर्मनी के खिलाफ द्विपक्षीय श्रृंखला हॉकी की भावना को पुनर्जीवित करेगी : हरमनप्रीत

नई दिल्ली, एजेंसी

● 23 और 24 अक्टूबर को होने वाले मैच से मिलेगा खुद को परखने का मौका

भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने मंगलवार को कहा कि वह जर्मनी के खिलाफ दो मैचों की द्विपक्षीय श्रृंखला का इंतजार कर रहे हैं क्योंकि उन्हें लगता है कि 23 और 24 अक्टूबर को होने वाले मैच से उनकी टीम को खुद को परखने का मौका मिलेगा और इससे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के लोगों में इस खेल के प्रति भावना को पुनर्जीवित करने में मदद मिलेगी।

यह दोनों मैच मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में खेले जाएंगे। इससे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में एक दशक के बाद पुरुषों की अंतर्राष्ट्रीय हॉकी की वापसी होगी। इससे पहले यहां आखिरी बार 2014 में हॉकी वर्ल्ड लीग के मैच खेले गए थे। हरमनप्रीत ने हॉकी इंडिया की प्रेस विज्ञप्ति में कहा यह श्रृंखला दो टीमों के बीच आपस में खेलने को लेकर ही सीमित नहीं है। इससे दिल्ली में हॉकी की भावना को पुनर्जीवित करने में मदद मिलेगी। हमें उम्मीद है कि यह श्रृंखला इस क्षेत्र के युवा खिलाड़ियों को इस खेल से जुड़ने के लिए प्रेरित करेगी। इतने वर्षों के बाद के बाद दिल्ली में घरेलू प्रशंसकों के सामने खेलना एक टीम के रूप में हमारे लिए वास्तव में विशेष है। मेजर ध्यानचंद स्टेडियम से बहुत सारा इतिहास और यादें जुड़ी हैं और यहां टीम का नेतृत्व करना बड़ा सम्मान होगा। हरमनप्रीत ने कहा कि इस महीने के शुरू में चीन में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में खिताब जीतने के बाद इस श्रृंखला से टीम को खुद को परखने का एक और मौका मिलेगा।

ओलंपियाड विजेता टीम को 3.20 करोड़ देने की घोषणा

नई दिल्ली, एजेंसी

● एआईसीएफ के अध्यक्ष ने सम्मान समारोह के दौरान की घोषणा

अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) ने बुधवार को यहां एक सम्मान समारोह के दौरान 45वें ओलंपियाड में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचने वाली भारतीय टीमों के लिए 3.2 करोड़ रुपये के इनाम की घोषणा की। एआईसीएफ के अध्यक्ष नितिन नारंग ने सम्मान समारोह के दौरान यह घोषणा की।

भारत की पुरुष और महिला विजेता टीमों के प्रत्येक खिलाड़ी को 25 लाख रुपये मिलेंगे जबकि पुरुष और महिला टीमों के कोच अभिजीत कुंटे और श्रीनाथ नारायणन को 15-15 लाख रुपये का इनाम दिया जाएगा। भारतीय दल के प्रमुख ग्रैंडमास्टर दिव्येंदु बरुआ को 10 लाख रुपये और सहायक कोच को साढ़े सात लाख रुपये का इनाम दिया जाएगा। नारंग ने सम्मान समारोह के दौरान कहास्वर्ण पदक की भूख हंगरी में खत्म हो गई लेकिन सफलता की चाहत जारी है। ओपन वर्ग में हमने दबदबा बनाया और महिला वर्ग में हमने कड़ी जीत हासिल की। हमारे खिलाड़ी शतरंज की बिसात पर स्टीक निशानेबाज हैं। विश्वनाथन आनंद द्वारा बोए गए बीज जंगल बन गए हैं।

ओलंपियाड विजेता टीम से प्रधानमंत्री ने की मुलाकात

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को 45वें फिडे शतरंज ओलंपियाड 2024 का खिताब जीतने वाली भारतीय महिला और पुरुष टीम के सदस्यों से मुलाकात की। आज यहां प्रधानमंत्री आवास पर महिला और पुरुष टीम के सदस्यों ने श्री मोदी से मुलाकात की। इस दौरान शतरंज टीम के सदस्यों ने प्रधानमंत्री के साथ बातचीत करते हुए अपने अनुभव साझा किए। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी के सामने पुरुष टीम के दो खिलाड़ियों ने शंतराज भी खेला। उल्लेखनीय है कि हांगरी की राजधानी बुडापेस्ट में हुए शतरंज टूर्नामेंट में भारतीय महिला और पुरुष टीम ने रविवार को पहली बार 45वें शतरंज ओलंपियाड में अपने-अपने प्रतिद्वंद्वियों को शिकस्त देकर स्वर्ण पदक जीते थे। इस टूर्नामेंट में पुरुष वर्ग में 195 देशों की 197 टीमें तथा महिला वर्ग में 181 देश की 183 टीमों ने भाग लिया था।

खेल डायरी

ओसाका ने चीन ओपन में दर्ज की एकतरफा जीत

बीजिंग। जापान की चार बार की ग्रैंडस्लैम चैम्पियन नाओमी ओसाका ने बुधवार को यहां इटली की लूसिया ब्रोंजेटी पर सीधे सेट में 6-3, 6-2 से जीत से चीन ओपन में अपने अभियान की शुरुआत की। ओसाका ने रैंकिंग में 77वें नंबर की ब्रोंजेटी के खिलाफ पहले दौर का मैच लगभग 80 मिनट में जीतकर अपनी श्रेष्ठता का परिचय दिया। 2019 में चीन ओपन का खिताब जीतने वाली ओसाका अब दूसरे दौर में कजाखस्तान की 21वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी यूलिया पुतिनत्सेवा से भिड़ेंगी। ओसाका ने मैच के बाद कहा मुझे खुशी है कि मैं फिर से इस कोर्ट पर खेल रही हूं और उम्मीद है कि मैं जल्द ही फिर ट्रॉफी जीतूंगी। चार डब्ल्यूटीए (महिला टेनिस संघ) 1000 प्रतियोगिताओं की विजेता और शीर्ष रैंकिंग पर काबिज पोलैंड की इगा स्वियातेक व्यक्तिगत कारणों से इस टूर्नामेंट में नहीं खेल रही हैं। वहीं पुरुषों का टूर्नामेंट गुरुवार से शुरू होगा जिसमें शीर्ष रैंकिंग खिलाड़ी यानिक सिनर और तीसरे नंबर के खिलाडी कार्लोस अल्काराज भाग लेंगे।

भारत 19 नवंबर को मलेशिया के खिलाफ करेगा मेजबानी

नई दिल्ली। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने बुधवार को घोषणा की कि भारत 19 नवंबर को मलेशिया के खिलाफ फीफा मैत्री मैच की मेजबानी करेगा। हालांकि एआईएफएफ ने अभी मैच के आयोजन स्थल पर कोई फैसला नहीं किया है और कहा कि इसकी घोषणा बाद में की जाएगी। मलेशिया वर्तमान में फीफा (अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल महासंघ) रैंकिंग में 132वें जबकि भारत 126वें स्थान पर है। दोनों टीमों की पिछली भिड़ंत अक्टूबर 2023 में हुई थी जिसमें भारत को 2-4 से हार मिली थी।

मकाऊ ओपनः श्रीकांत दूसरे दौर में पहुंचे

मकाऊ। स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत और उनके हमवतन भारतीय आयुष शेट्टी और तस्नीम मीर ने बुधवार को यहां मकाऊ ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के एकल वर्ग के दूसरे दौर में जगह बनाई। मई में लगी चोट से उबरने के बाद पहली प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे छठे वरीय श्रीकांत ने पुरुष एकल के पहले दौर में इजराइल के दानिल दुबोवेनको को 21-14, 21-15 से हराया जबकि 2023 विश्व जूनियर चैंपियनशिप के कांस्य विजेता आयुष ने अलाप मिश्रा को 21-13, 21-5 से शिकस्त दी। पूर्व विश्व जूनियर नंबर एक तस्नीम ने महिला एकल में हमवतन देविका सिहाग को हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। पुरुष एकल के दूसरे दौर में विश्व चैंपियनशिप 2021 के रजत पदक विजेता श्रीकांत का सामना ऑल इंडियन मुकाबले में आयुष से होगा।

जैस्मिन ने महिला पेशेवर गोल्फ टूर में बनाई बढ़त

गुरुग्राम। जैस्मिन शेखर ने पहले दौर में शानदार प्रदर्शन के साथ यहां महिला पेशेवर गोल्फ टूर (डब्ल्यूपीजीटी) के 13वें चरण में तीन शॉट की बढ़त बना ली। पिछले साल पेशेवर बनने वाली 19 साल की जैस्मिन ने सात बर्डी और एक बोगी से छह अंडर 66 का स्कोर बनाया। जैस्मिन ने टूर पर कई बार की विजेता अनुभवी रिद्धिमा दिलावरी (69) पर तीन शॉट की बढ़त बना ली है। अनुभवी खिलाड़ी हिताषी बक्शी, ऑर्डर ऑफ मेरिट में शीर्ष पर मौजूद और टूर पर पिछली चार में से तीन प्रतियोगिता जीतने वाली विधात्री उर्स और गौरिका बिश्नोई तीनों एक अंडर 71 के स्कोर से संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर हैं।

महिला टी-20 विश्व कप : 18 से कम उम्र वालों को मुफ्त प्रवेश

दुबई। संयुक्त अरब अमीरात में अगले महीने से शुरू होने वाले महिला टी-20 विश्व कप के टिकटों की बिक्री बुधवार से शुरू हो गई है जिसमें सबसे कम कीमत वाला टिकट पांच दिरहम (लगभग 114 रुपए) का है। टूर्नामेंट का पहला मैच तीन अक्टूबर को खेला जाएगा और इस तरह से प्रतियोगिता शुरू होने से केवल एक सप्ताह पहले टिकट बिक्री के लिए जारी किए गए हैं। पहले इस टूर्नामेंट का आयोजन बांग्लादेश में होना था लेकिन वहां राजनीतिक अशांति के चलते इसकी मेजबानी संयुक्त अरब अमीरात को सौंपी गई। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने बयान में कहा टिकटों की कीमत दर्शकों की पहुंच को ध्यान में रखकर तय की गई है। सबसे कम कीमत वाला टिकट पांच दिरहम जबकि प्रीमियम सीट का टिकट 40 दिरहम (लगभग 910 रुपए) का है।

भारत-बांग्लादेश टीम ने नेट पर बहाया पसीना

ग्रीनपार्क स्टेडियम में नेट प्रैक्टिस की, पहले किया वार्मअप, बल्लेबाजों ने लगाए लंबे शॉट, गेंदबाजों ने भी किया अभ्यास

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। भारत-बांग्लादेश की टीम ने 27 सितंबर से शुरू होने वाले टेस्ट मैच को लेकर बुधवार को ग्रीनपार्क स्टेडियम में कड़ा अभ्यास किया। बांग्लादेश की टीम ने सुबह साढ़े 9 से लेकर साढ़े 12 बजे तक नेट पर पसीना बहाया। इसके बाद दोपहर डेढ बजे से भारतीय टीम ने तेज धूप में प्रैक्टिस की। अभ्यास के पहले दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने हल्का वार्मअप किया और दौड़कर मैदान के कई चक्कर लगाए।

चेन्नई में पहला टेस्ट मैच जीतने से टीम इंडिया के खिलाड़ी जोश से भरे दिखे, वहीं बांग्लादेश के खिलाड़ी कड़े अभ्यास से दूसरे टेस्ट मैच का रुख बदलने के मूड में नजर आए। सुबह लगभग सवा 9 बजे होटल लैंडमार्क से बांग्लादेश टीम के खिलाड़ी ग्रीनपार्क स्टेडियम पहुंचे। यूपीसीए के पदाधिकारियों से मुलाकात के बाद मैदान पर नेट अभ्यास शुरू किया। सबसे पहले विकेटकीपर बल्लेबाज लिटन दास और मेहंदी हसन मिराज ने पसीना बहाया। नईम हसन और नाहिद ने अपनी गेंदबाजी को धार दी। बॉलिंग कोच आंद्रे एडम की देखरेख में तस्कीन अहमद, सैयद खालिद अहमद, हसन मसूद ने गेंदबाजी का कड़ा अभ्यास किया। बल्लेबाजी में मोमिनुल हक, शाकिब अल हसन, नजमुल हसन शांतो ने लंबे शॉट लगाए। दोपहर डेढ़ बजे के बाद टीम इंडिया अभ्यास के लिए मैदान पर उतरी। भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने करीब आधे घंटे तक नेट पर पसीना बहाया। पूरे समय विराट कोहली भी कप्तान के साथ डटे रहे। दोनों खिलाड़ियों ने स्पिन और तेज गेंदबाजों को खेलकर बल्लेबाजी का अभ्यास किया। खिलाड़ियों ने वार्मअप के लिए फुटबाल भी खेला। मैदान पर प्रैक्टिस के लिए बने तीन नेट्स पर अलग-अलग खिलाड़ी डटे रहे। रोहित और विराट के बाद यशस्वी जायसवाल ने मोर्चा संभाला। आर अश्विन, अक्षर पटेल और रवींद्र जडेजा ने बालिंग की। शुभमन गिल, रिषभ पंत और लोकेश राहुल भी प्रैक्टिस के लिए मैदान पर उतरे तो कुलदीप यादव, आकाशदीप ने जमकर गेंदबाजी की।

कानपुर के ग्रीनपार्क स्टेडियम में अभ्यास सत्र के दौरान भारतीय और बांग्लादेश की टीमें। ● अमृत विचार

खोया प्रदर्शन वापस पा लेंगेः हाथुरुसिंघा

कानपुर। बांग्लादेश टीम के कोच चंडिका हाथुरुसिंघा ने स्टेडियम के मीडिया हॉल में प्रेसवार्ता की। उन्होंने कहा कि पहले टेस्ट में सफल नहीं हो सके। उन्होंने कहा कि हम पहले मैच में अच्छा प्रदर्शन न होने से निराश हैं, लेकिन उम्मीद है कि दूसरे टेस्ट में खोया प्रदर्शन वापस पा लेंगे। पिच और यहां की कंडीशन देखने के बाद टीम पर फैसला करेंगे। वहीं टीम इंडिया के गेंदबाज आकाशदीप ने प्रेसवार्ता की। उन्होंने कहा कि ग्रीनपार्क स्टेडियम के बारे में बचपन से बहुत सुना था, आज देखकर बहुत खुशी हुई। अपना तीसरा अंतरराष्ट्रीय मुकाबला खेलने आए आकाशदीप ने कहा कि वह वाराणसी के रहने वाले हैं और यूपी में ग्रीनपार्क ही मेरे समय का एकमात्र अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम था। उन्होंने कहा कि सीनियर खिलाड़ियों का पूरा सपोर्ट मिलता है। चेन्नई में हुए पहले टेस्ट मैच में सिर्फ लाइन और लेंथ पर गेंदबाजी करने पर फोकस था, जिसमें सफलता मिली। दूसरे टेस्ट में भी लाइन-लेंथ और सधी गेंदबाजी लक्ष्य रहेगा।

पंत टेस्ट में शीर्ष 10 में, रोहित-कोहली खिसके

दुबई। विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने वापसी टेस्ट में शानदार शतक की बदौलत बुधवार को जारी आईसीसी रैंकिंग में छठे स्थान पर प्रवेश किया लेकिन भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली तालिका में खिसक गए। पंत (731 रेटिंग अंक) ने चेन्नई बांग्लादेश के खिलाफ दो टेस्ट मैच की श्रृंखला के पहले मैच में शतक जड़ा था। वह बल्लेबाजों की रैंकिंग में छठे जबकि सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (751) टेस्ट मैच की पहली पारी में अर्धशतक की बदौलत पांचवें स्थान पर पहुंच गए। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने हालांकि शीर्ष 10 में अपना स्थान बरकरार रखा है लेकिन वह पांच स्थान खिसक गए हैं और 10वें स्थान पर बने हुए हैं। उनके 716 रेटिंग अंक हैं। कोहली को भी पांच स्थान का नुकसान हुआ जिससे वह शीर्ष 10 से बाहर हो गये और अब वह तालिका में 12वें स्थान पर हैं। गॉल में श्रीलंका और न्यूजीलैंड टेस्ट में शीर्ष 10 गेंदबाजी रैंकिंग में बदलाव हुआ है जिसमें प्रभात जयसूर्या ने नौ विकेट झटककर खेल के सर्वश्रेष्ठ स्पिनर के तौर पर खुद को साबित करते हुए पांच पायदान की छलांग लगायी और आठवें स्थान पर पहुंच गए। जयसूर्या (743 अंक) श्रीलंका के तीनों प्रारूपों में सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग वाले खिलाड़ी हैं।

धमकी भरे पत्रों, अतिरिक्त खर्चों पर चर्चा करेगी आईओए की कार्यकारी परिषद

नई दिल्ली, एजेंसी

● उषा और कोषाध्यक्ष के बीच बढ़ते तनाव को लेकर होगी बैठक

भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की गुरुवार को यहां होने वाली कार्यकारी परिषद की बैठक में काफी गहमागहमी रहने की उम्मीद है क्योंकि इसके सदस्यों ने एजेंडे में विवादास्पद मुद्दों को भी जोड़ा है जिसमें अध्यक्ष पीटी उषा द्वारा उन्हें जारी कथित धमकी भरे पत्र भी शामिल हैं। यह बैठक उषा और आईओए कोषाध्यक्ष सहदेव यादव के बीच बढ़ते तनाव की पृष्ठभूमि में हो रही है।

मंगलवार को यादव ने अपनी छवि को बदनाम करने के लिए उषा के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की धमकी दी थी क्योंकि उन्होंने पद पर बने रहने की उनकी योग्यता को चुनौती देने वाली शिकायत के आधार पर उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया था। कार्यकारी परिषद द्वारा जोड़े गए 14 बिंदुओं के एजेंडा में अध्यक्ष द्वारा कार्यकारी समिति के सदस्यों को समय-समय पर जारी किए गए अवैध और धमकी भरे पत्रों पर चर्चा शामिल है। अध्यक्ष से संबंधित दो अन्य मुद्दों के अनुसार परिषद आईओए संविधान के तहत अध्यक्ष की शक्तियों के दायरे पर चर्चा और विचार-विमर्श करेगी तथा अध्यक्ष के आचरण की रिपोर्ट आईओए नैतिकता आयोग को देने की आवश्यकता पर निर्णय लेगी। बैठक के बारे में आधिकारिक संवाद परिषद के 12 सदस्यों द्वारा संयुक्त रूप से जारी किया गया है जिसमें वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजय पटेल, उपाध्यक्ष राजलक्ष्मी सिंह देव, उपाध्यक्ष और पूर्व ओलंपिक पदक विजेता गगन नारंग, सदस्य और पूर्व पहलवान योगेश्वर दत्त आदि शामिल हैं।

मैनचेस्टर सिटी ने लीग कप में वॉटफोर्ड को हराया

मैनचेस्टर। आर्सेनल के खिलाफ प्रीमियर लीग में कड़ा मुकबला खेलने के दो दिन बाद मैनचेस्टर सिटी ने टीम में काफी बदलाव करने के बावजूद मंगलवार को एतिहाद स्टेडियम में इंग्लिश लीग कप के तीसरे दौर में वॉटफोर्ड को 2-1 से हरा दिया। सिटी की इस जीत के नायक जेरेमी डोकू (पांचवें मिनट) और मैथियूस न्यून्स (38वें मिनट) रहे जिन्होंने पहले हाफ में ही अपनी टीम को दो गोल की बढ़त दिला दी थी। वॉटफोर्ड के लिये टॉम इन्स ने 86वें मिनट में एकमात्र गोल किया। इसके अलावा चेल्सी, एस्टन विला और लीसेस्टर ने भी अपने अपने मैच जीते।। चेल्सी ने बैरो को 5-0 के बड़े अंतर से हराया जिसमें क्रिस्टोफर नकुंकू ने हैट्रिक लगाई जबकि विला ने वायकॉम्बे को 2-1 से पराजित किया।

एम्बाप्पे ने फिर दागा गोल, रियाल मैड्रिड को दिलाई एक और जीत

मैड्रिड, एजेंसी

● स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में अलावेस को 3-2 से हराया

किलियन एम्बाप्पे ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए पिछले पांच मैच में अपना छठा गोल दागा जिससे रियाल मैड्रिड ने स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में अलावेस को 3-2 से हराया। एम्बाप्पे को खेल के 40वें मिनट में बॉक्स के अंदर गेंद मिली और उन्होंने एक डिफेंडर को छकाकर बड़ी खूबसूरती से उसे गोल में बदल दिया।

एम्बाप्पे को मांसपेशियों में खिंचाव के कारण 80वें मिनट में मैदान छोड़ना पड़ा था। लुकास वाजक्वेज और रोड्रिगो ने भी मैड्रिड की तरफ से गोल किए। इससे मैड्रिड ने स्पेनिश लीग में अपने अजेय अभियान को 39 मैच तक पहुंचा दिया है। इसमें पिछले सत्र की 29 जीत और 10 ड्रॉ भी शामिल हैं। अलावेस ने 85वें मिनट में कार्लोस बेनाविदेज़ और 86वें मिनट में किके गार्सिया के गोल की मदद से वापसी की अच्छी कोशिश की लेकिन अंतिम क्षणों में कुछ अच्छे मौके मिलने के बावजूद वह बराबरी नहीं कर पाया। एम्बाप्पे के अब मैड्रिड के साथ सभी प्रतियोगिताओं में नौ मैचों में सात गोल हो गए हैं।

बॉलीवुड हलचल

सलमान ने शेयर किया सिकंदर का फर्स्ट लुक

मुंबई। बॉलीवुड के दबंग स्टार सलमान खान ने अपनी आने वाली फिल्म सिकंदर का फर्स्ट लुक सोशल मीडिया पर शेयर किया है। नाडियाडवाला ग्रैंडसन एंटरटेनमेंट के बैनर तले साजिद नाडियाडवाला फिल्म सिकंदर बना रहे हैं। इस फिल्म का निर्देशन गजनी फेम निर्देशक ए.आर. मुरुगादॉस कर रहे हैं। फिल्म सिकंदर में सलमान खान, रश्मिका मंदाना और काजल अग्रवाल की मुख्य भूमिका है। इस बीच सोशल मीडिया पर सलमान खान की एक लेटेस्ट तस्वीर सामने आई है जिसमें वह जिम में पसीना बहाते दिख रहे हैं और उनके पीछे दीवार पर सिकंदर का नाम लगा हुआ नजर आ रहा है।सलमान खान ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर लेटेस्ट फोटो को शेयर किया है। जिसमें वह जिम में प्री चेयर बाइसेप्स कर्ल की एक्सरसाइज करते नजर आ रहे हैं।

कार्तिक की भूल भुलैया 3 का फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन की आने वाली फिल्म भूल भुलैया 3 का फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज हो गया है। कार्तिक आर्यन की फिल्म भूल भुलैया 3 जल्द ही प्रदर्शित होने जा रही है। कार्तिक आर्यन की भूल भुलैया 2 सुपरहिट साबित हुई थी इसके बाद भूल भुलैया 3 को लेकर भी काफी बज बना हुआ है। कार्तिक ने इंस्टाग्राम पर फिल्म भूल भुलैया 3 के नए पोस्टर की झलक शेयर की है।उन्होंने इंस्टाग्राम पर जो पोस्टर शेयर किया है उसमें एक बड़ा सा दरवाजा नजर आ रहा है और उस पर ताला लगा हुआ है। कार्तिक ने इसके साथ ही मजेदार कैप्शन भी दिया है। कार्तिक ने पोस्ट के साथ लिखा है कि दरवाजा खुलेगा इस दिवाली भूल भुलैया 3। फिल्म भूल भुलैया 3 में कार्तिक आर्यन के साथ तृप्ति डिमरी और विद्या बालन भी अहम रोल में हैं। इस फिल्म को टी-सीरीज फिल्म्स और सिने 1 स्टूडियो ने मिलकर प्रोड्यूस किया है, जबकि इसे अनीस बज्मी ने निर्देशित किया है। यह फिल्म दीवाली के अवसर पर 01 नवंबर को रिलीज होगी।

अक्षय ने दिखाई हाउसफुल 5 के स्टार कास्ट की झलक

मुंबई। बॉलीवुड के खिलाड़ी कुमार अक्षय कुमार ने अपनी आने वाली फिल्म हाउसफुल 5 के स्टार कास्ट की झलक सोशल मीडिया पर शेयर की है। बॉलीवुड के जानेमाने फिल्मकार साजिद नाडियाडवाला कॉमेडी फ्रेंचाइजी हाउसफुल का पांचवा संस्करण बना रहे हैं। तरूण मनसुखानी के निर्देशन में बन रही फिल्म हाउसफुल 5 की झलक अक्षय कुमार ने सोशल मीडिया पर शेयर की है। अक्षय ने इंस्टाग्राम पर अपने सह-कलाकारों जैकलीन फर्नांडीज, रितेश देशमुख, अभिषेक बच्चन और डिनो मोरिया को दिखाया है। अक्षय कुमार, डिनो मोरिया, रितेश देशमुख और अभिषेक बच्चन कैजुअल लुक में दिखे, वहीं जैकलीन फर्नांडीस ने ऑल-ब्लैक आउटफिट में जलवा बिखेरा। अक्षय ने तस्वीर के साथ लिखा, इस अविश्वसनीय कलाकारों के साथ बस एक और दिन। अभिनेताओं से भरा हाउसफुल, एक क्रूज और बताने के लिए अंतहीन कहानियां! हाउसफुल 5, 6 जून 2025 को रिलीज होने वाली है।

ब्रुक का शतक, इंग्लैंड ने थामा ऑस्ट्रेलिया का विजय अभियान

चेस्टर ली स्ट्रीट, एजेंसी

कप्तान हैरी ब्रुक के वनडे में पहले शतक की मदद से इंग्लैंड ने बारिश से प्रभावित तीसरे एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच में ऑस्ट्रेलिया को डकवर्थ लुईस पद्धति से 46 रन से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला को जीवंत बनाए रखा। इंग्लैंड ने 305 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए ब्रुक के नाबाद 110 रन की मदद से जब 37.4 ओवर में चार विकेट पर 254 रन बनाए थे तब भारी बारिश के कारण खेल रोकना पड़ा। इसके बाद आगे खेल नहीं हो पाया। उस समय इंग्लैंड डकवर्थ लुईस पद्धति से काफी आगे था।

इस तरह से इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया के वनडे में लगातार 14 मैच जीतने के अभियान पर रोक लगा दी। ऑस्ट्रेलिया ने इस दौरान पिछले साल भारत में वनडे विश्व कप भी जीता था। उसने पहले दो वनडे में इंग्लैंड को आसानी से हराया थाऔर इस तरह से अब वह श्रृंखला में 2-1 से आगे है। श्रृंखला का चौथा मैच शुक्रवार को लॉर्ड्स में खेला जाएगा। ब्रुक ने तब क्रीज पर कदम रखा जब इंग्लैंड 11 रन के अंदर दो विकेट गंवाकर संघर्ष कर रहा था। उन्होंने अपनी 94 गेंद की पारी में 13 चौके और दो छक्के लगाए तथा इस बीच अपने पिछले सर्वोच्च स्कोर 80 रन को पीछे छोड़ा। ब्रुक ने विल जैक्स (82 गेंद पर 84 रन) के साथ तीसरे विकेट के लिए 156 रन की साझेदारी करके टीम को शुरुआती झटकों से उबारा।

सीमित ओवरों में वापसी को तैयार हैं स्टोक्स

चेस्टर ली स्ट्रीट। इंग्लैंड की टेस्ट टीम के कप्तान बेन स्टोक्स ने कहा है कि ब्रेंडन मैकुलम का टेस्ट के साथ-साथ सीमित ओवरों की क्रिकेट टीम का कोच बनने के बाद वह एक दिवसीय और टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी करने के लिए तैयार हैं। स्टोक्स ने यहां ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे वनडे के दौरान स्काई स्पोर्ट्स से कहा अगर मुझसे पूछा जाता है कि क्या मैं खेलना चाहता हूं तो निश्चित तौर पर मेरा जवाब हां होगा। स्टोक्स ने 2019 में वनडे विश्व कप और 2022 में टी-20 विश्व कप के फाइनल में इंग्लैंड की तरफ से मैच विजेता पारियां खेली थी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।

संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत* 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

चोटी पर हौसला

नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ माउंटेनियरिंग एंड एडवेंचर स्पोर्ट्स (एनआईएमएएस) की एक टीम अरुणाचल प्रदेश की गोरीचेन रेंज में 20,942 फीट ऊंची ऊंची चोटी पर सफलतापूर्वक चढ़ने के बाद पोज देती हुई। छठे दलाई लामा रिग्जेन त्सांगयांग ग्यात्सो के सम्मान में इस चोटी का नाम अब त्सांगयांग ग्यात्सो पीक रखा गया है।

टोल पर नहीं होगी टेंशन, सैटेलाइट से कटेगा टैक्स

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने ग्लोबल नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम (जीएनएसएस) शुरू करने का फैसला किया है। इसके लिए राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क नियम, 2008 में संशोधन की अधिसूचना जारी की गई है। इसके मुताबिक, अब पूरे देश में जल्द जीपीएस के जरिए टोल टैक्स की वसूली की जाएगी। जीएनएसएस एक सैटेलाइट बेस्ड यूनिट है, जिसे वाहनों में लगाया जाएगा। अब तक टोल बूथों पर मैन्युअली या फास्टैग के जरिए टोल टैक्स का भुगतान किया जाता है। इससे कई बार वाहन चालकों को टोल प्लाजा पर लंबी लाइन में लगकर अपनी बारी का इंतजार करना पड़ता है, लेकिन जीएनएसएस सिस्टम आने से वाहन चालकों को टोल टैक्स पर रुकने की कोई जरूरत नहीं है। अब टोल प्लाजा में अलग से डेडिकेटेड जीएनएसएस लेन बनाई जाएगी। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने जीएनएसएस शुरू करने का फैसला किया है। इसके लिए राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क नियम, 2008 में संशोधन की अधिसूचना जारी की गई है। इसके मुताबिक, अब पूरे देश में जल्द जीपीएस के जरिए टोल टैक्स की वसूली की जाएगी। अब टोल देने के लिए वाहन चालकों को टोल प्लाजा पर गाड़ी रोककर फास्टैग के जरिए या मैन्युअली पैसे देने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

जीएनएसएस टोल सिस्टम कैसे काम करता है

जीएनएसएस सिस्टम लागू करने के लिए वाहनों में ऑन-बोर्ड यूनिट या ट्रैकिंग डिवाइस लगाई जाएगी। फास्टैग की तरह सरकारी पोर्टल पर ऑन-बोर्ड यूनिट भी उपलब्ध होगी। इससे वाहन से रोज तय की जाने वाली दूरी के हिसाब से टैक्स वसूला जाएगा। जीएनएसएस से लैस प्राइवेट कार मालिकों के लिए हर दिन नेशनल हाईवे या एक्सप्रेस-वे पर 20 किलोमीटर तक का सफर टैक्स फ्री रहेगा। इसके लिए उनसे कोई टोल टैक्स नहीं वसूला जाएगा। 21वें किमी से टोल काउंटिंग शुरू हो जाएगी। जीएनएसएस सिस्टम के तहत भुगतान मौजूदा फास्टैग की तरह ही किया जाएगा, जो सीधे बैंक अकाउंट से लिंक होगा।

फास्टैग और जीएनएसएस में अंतर

फास्टैग और जीएनएसएस सिस्टम दोनों का काम टोल टैक्स का भुगतान करने में मदद करना है, लेकिन इसमें कुछ मुख्य अंतर है। जीएनएसएस सिस्टम का ट्रायल पायलट प्रोजेक्ट के रूप में कर्नाटक में नेशनल हाइवे 275 के बेंगलुरु-मैसूर खंड और हरियाणा में नेशनल हाइवे 709 के पानीपत-हिसार खंड पर किया गया था। इसके अलावा अभी देश में कहीं भी जीएनएसएस के लिए डेडिकेटेड लेन नहीं है। एक बार जब सभी गाड़ियों में जीएनएसएस यूनिट लग जाएगी और सभी लेन जीएनएसएस इक्विप्ड होंगी तो सड़कों से सभी टोल बूथ हट जाएंगे।

देखने को मिल सकती हैं कुछ परेशानियां

- जीएनएसएस सिस्टम वाहन के मूवमेंट को ट्रैक करेगा, जिससे चालकों को प्राइवेसी की समस्या हो सकती है।
- टनल में होने पर सिग्नल की समस्या आ सकती है।
- बारिश या कोहरे में नेटवर्क की दिक्कत आ सकती है।

एक नजर

अफगानिस्तान में संक्रामक रोग से दो की मौत

काबुल। अफगानिस्तान के परवान प्रांत में एक अज्ञात संक्रामक बीमारी के फैलने से दो लोगों की मौत हो गई और 500 से अधिक लोग संक्रमित हो गए हैं। प्रांतीय गवर्नर के प्रवक्ता हिकमतुल्ला ने एक्स पर कहा कि राजधानी काबुल से लगभग 80 किमी उत्तर में शिनवारी जिले के कफशान क्षेत्र में चार दिनों में अज्ञात संक्रामक बीमारी से 500 से अधिक लोग संक्रमित हो गये हैं और यह संख्या बढ़ती जा रही है। प्रवक्ता ने बताया कि संक्रमित लोगों में से 50 मरीजों की हालत गंभीर बताई जा रही है।

देउबा ने की नेपाली छात्र की रिहाई में मदद की अपील

काठमांडू। नेपाल की विदेश मंत्री आरजू राणा देउबा ने विश्व समुदाय से नेपाली छात्र बिपिन जोशी की हमास की कैद से सुरक्षित रिहाई सुनिश्चित करने में मदद करने का आग्रह किया है। काठमांडू पोस्ट ने यह जानकारी दी है। देउबा ने सोमवार को गुटनिरपेक्ष आंदोलन की मंत्रिस्तरीय बैठक में अपने देश के छात्र की कठिन स्थिति ओर ध्यान आकर्षित किया और उसकी रिहाई सुनिश्चित उनासीवें संयुक्त राष्ट्र महासभा में भाग लेने के लिए न्यूयॉर्क पहुंची विदेश मंत्री ने कहा कि नेपाल उत्सुकता से बिपिन की घर वापसी की प्रतीक्षा कर रहा है।

ईरान से मेरी जान को बड़ा खतरा : ट्रंप

वाशिंगटन। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति एवं रिपब्लिकन पार्टी के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को कहा कि ईरान उनके जीवन और सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा है। ट्रंप ने ईरान द्वारा अमेरिका को अस्थिर करने के प्रयास में उनकी हत्या करने की कथित धमकियों पर टिप्पणी करते हुए कहा कि अमेरिकी सेना अब इस पर नजर रख रही है।

ब्रिटेन में जसलीन कौर की कलाकृति प्रदर्शित की गई

लंदन। ग्लासगो में पैदा हुईं कलाकार जसलीन कौर की कलाकृतियों की प्रदर्शनी बुधवार को लंदन के प्रसिद्ध कला संग्रहालय टेट ब्रिटेन में आम लोगों के लिए शुरू हुई। जसलीन कौर की कलाकृतियां स्कॉटलैंड के सिख समुदाय में उनके जीवन से प्रेरित हैं और उन्हें प्रतिष्ठित टर्नर पुरस्कार के लिए चुना गया है। लंदन में रह रहीं कौर ने एकत्रित और पुनः निर्मित वस्तुओं से अपनी कलाकृतियां बनाई हैं।

जेलेंस्की का वैश्विक कार्रवाई का आह्वान

संयुक्त राष्ट्र परिषद में कहा- प्रत्येक देश अन्य सभी देशों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का करें सम्मान

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने मंगलवार को मास्को के साथ शांति वार्ता की धारणा को खारिज करते हुए रूस को शांति के वास्ते मजबूर करने और संयुक्त राष्ट्र चार्टर का पालन करने के लिए वैश्विक कार्रवाई का आह्वान किया। संयुक्त राष्ट्र चार्टर कहता है कि प्रत्येक देश अन्य सभी देशों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करे।

उन्होंने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में कहा कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन एक अंतर्राष्ट्रीय अपराध कर रहे हैं और उन्होंने इतने सारे अंतर्राष्ट्रीय नियम तोड़े हैं कि वह अपने आप नहीं रुकेंगे। जेलेंस्की ने महासभा में विश्व नेताओं की वार्षिक सभा के मौके पर एक बैठक में कहा और यही कारण है कि यह युद्ध आसानी से खत्म नहीं हो सकता। यही कारण है कि इस युद्ध को बातचीत से शांत नहीं किया जा सकता उन्होंने कहा रूस को केवल शांति के लिए मजबूर किया जा सकता है, और यही आवश्यक है - इस युद्ध में एकमात्र हमलावर, संयुक्त राष्ट्र चार्टर के एकमात्र उल्लंघनकर्ता के रूप में रूस को शांति के लिए मजबूर करना। यूक्रेन में ढाई साल से चल रहे युद्ध पर हुई एक उच्च स्तरीय बैठक में परिषद के 15 सदस्य देशों में से 14 के मंत्रियों ने भाग लिया। रूस ने अपने निचले स्तर के संयुक्त राष्ट्र राजदूत को भेजा। बैठक की शुरुआत में वासिली नेबेंजिया ने विरोध जताया कि ज़ेलेंस्की को फिर से संयुक्त राष्ट्र का ध्यान आकर्षित करने का मौका दिया जा रहा है। उन्होंने यूक्रेन के नेता को 'घिसी-पिटी बातें दोहराने की अनुमति देने के लिए' स्लोवेनिया की भी आलोचना की, जो इस महीने परिषद की अध्यक्षता कर रहा है।

अमेरिका में उच्चाधिकारियों के साथ यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की। ● एजेंसी।

भारत से गहराती साझेदारी पर गर्व : अमेरिका

न्यूयॉर्क। व्हाइट हाउस ने कहा है कि भारत-अमेरिका संबंध मजबूत तथा और मजबूत हो रहे हैं। उसने कहा कि राष्ट्रपति जो बाइडन जब अपने कार्यकाल पर गौर करेंगे तो उन्हें भारत के साथ साझेदारी को गहरा करने, इसे अधिक समावेशी एवं व्यापक बनाने पर सबसे ज्यादा गर्व होगा। व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा संचार सलाहकर जॉन किर्बी से पूछा गया था कि वह बाइडन का कार्यकाल जल्द ही समाप्त होने के मद्देनजर उनके तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शासनकाल में द्विपक्षीय संबंधों का वर्णन कैसे करेंगे। इस पर किर्बी ने कहा मुझे लगता है कि एक शब्द, असल में तीन शब्द - मजबूत और मजबूत। बाइडन ने भारत के साथ हमारे द्विपक्षीय संबंधों में काफी निवेश किया है।

दूसरे शांति सम्मेलन के लिए भारत को आमंत्रित कर चुके हैं : यूक्रेन

संयुक्त राष्ट्र। जेलेंस्की ने यूक्रेन संघर्ष पर सुरक्षा परिषद की बैठक में कहा सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि दुनिया को गुटों या क्षेत्रीय समूहों में नए और अनावश्यक विभाजन किए बिना एकजुटता के साथ मिलकर काम करना चाहिए। मैं, आप व सभी प्रमुख देशों को इस प्रक्रिया में शामिल होने के लिए आमंत्रित करता हूं जो वाकई में संयुक्त राष्ट्र चार्टर का सम्मान करते हैं। उन्होंने कहा हम चीन को आमंत्रित करते हैं। हम ब्राजील को आमंत्रित करते हैं। मैंने भारत को पहले ही आमंत्रित किया है।

मोदी ने भारतीय पर्यटन को बढ़ावा देने की अपील की

वाशिंगटन। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ बीजेपी (ओएफबीजेपी) के सदस्यों से अमेरिका में भारतीय पर्यटन को बढ़ावा देने में मदद करने की अपील की है, ताकि अमेरिकी नगारिकों को भारत भ्रमण के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। एक अधिकारी ने बताया कि मोदी ने यह टिप्पणी सोमवार को अमेरिका की अपनी तीन दिवसीय यात्रा के दौरान न्यूयॉर्क में ओएफबीजेपी के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक में की।

इजराइल के राष्ट्रपति संयुक्त राष्ट्र सभा को करेंगे संबोधित

यरुशलम : एक वर्ष पहले ही संयुक्त राष्ट्र महासभा के मंच से इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने पश्चिम एशिया में एक नई शांति व्यवस्था कायम होने का पूरे जोश के साथ दावा किया था किंतु एक साल बाद जब वह उसी मंच पर वापस आएंगे तो उनकी यह घोषणा तार-तार होकर बिखरती प्रतीत हो रही है। गाजा में विनाशकारी युद्ध को एक साल होने वाला है। इजराइल ईरान समर्थित लेबनानी समूह हिजबुल्ला के साथ एक व्यापक क्षेत्रीय युद्ध के मुहाने पर खड़ा है।

भारत और चीन संबंधों का असर पूरी दुनिया पर पड़ेगा

न्यूयॉर्क, एजेंसी

● जयशंकर ने कहा- चीन के साथ भारत का कठिन इतिहास रहा

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि भारत-चीन संबंधों का असर पूरी दुनिया पर पड़ेगा और साथ ही स्पष्ट किया कि सबसे पहले द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए सीमा पर शांति बहाल करने की आवश्यकता है। जयशंकर ने एशिया सोसाइटी और एशिया सोसाइटी पॉलिसी इंस्टीट्यूट द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि चीन के साथ भारत का एक कठिन इतिहास रहा है तथा दोनों देशों का समानांतर विकास बहुत-बहुत अनोखी समस्या पेश करता है।

उन्होंने भारत, एशिया और विश्व विषयक कार्यक्रम में कहा मुझे लगता है कि भारत-चीन संबंध एशिया के भविष्य के लिए अहम है। एक तरह से आप कह सकते हैं कि अगर दुनिया को बहु-ध्रुवीय बनाना है, तो एशिया को बहु-ध्रुवीय होना होगा। इसलिए यह रिश्ता न केवल एशिया के भविष्य पर, बल्कि संभवतः दुनिया के भविष्य पर भी असर डालेगा। उन्होंने कहा आपके पास दो ऐसे देश हैं जो आपस में पड़ोसी हैं, वे इस दृष्टि से अनोखे हैं कि वे एक अरब से अधिक आबादी वाले देश भी हैं, दोनों वैश्विक व्यवस्था में उभर रहे हैं और उनकी सीमा अक्सर अस्पष्ट हैं तथा साथ ही उनकी एक साझा सीमा भी है।

इसलिए यह बहुत जटिल मुद्दा है। मुझे लगता है कि अगर आप आज वैश्विक राजनीति में देखें तो भारत और चीन का समानांतर विकास बहुत, बहुत अनोखी समस्या है। जयशंकर ने कहा मुझे लगता है कि अगर आप वैश्विक राजनीति में आज देखें तो भारत और चीन का समानांतर विकास बहुत, बहुत अनोखी समस्या पेश करता है। जयशंकर ने हाल में कहा था कि चीन के साथ सैनिकों की वापसी की लगभग 75 प्रतिशत समस्याओं को सुलझा लिया गया है। जयशंकर ने कहा कि पिछले चार वर्षों में हमारा ध्यान सबसे पहले सैनिकों को सीमा पर से हटाना है ताकि वे वापस उन सैन्य अड्डों पर चले जाएं, जहां से वे पारंपरिक रूप से काम करते हैं।

कमला हैरिस 38 अंकों से ट्रंप से आगे

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका में नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति पद के चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार कमला हैरिस एशियाई अमेरिकी मतदाताओं के बीच अपने प्रतिद्वंदी और रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप से 38 अंकों से आगे हैं। एक नए सर्वेक्षण के परिणामों में यह जानकारी दी गई। एनओरआसी ने शिकागो विश्वविद्यालय में यह सर्वे किया और मंगलवार को इसके परिणाम जारी किए गए।

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन द्वारा जुलाई में राष्ट्रपति पद के चुनाव की दौड़ से अपना नाम वापस लेने और इसके बाद कमला हैरिस के उम्मीदवार बनने के बाद पहली बार यह सर्वे किया गया है। सर्वे के अनुसार, एशियाई अमेरिकी मतदाताओं के बीच कमला हैरिस (59) पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप (78) से 38 प्रतिशत अंकों से आगे हैं। अमेरिका में नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति पद के चुनाव में 66 प्रतिशत एशियाई अमेरिकी मतदाता कमला हैरिस के पक्ष में जबकि 28 प्रतिशत ट्रंप के समर्थन में वोट कर सकते हैं। छह प्रतिशत मतदाता ऐसे भी हैं जो किसी अन्य उम्मीदवार के लिए मतदान कर सकते हैं या अनिर्णित हैं।

● एशियाई अमेरिकी मतदाताओं के बीच सर्वे रिपोर्ट हुई जारी, हैरिस की लोकप्रियता बढ़ी

बाइडन की तुलना में हैरिस में अधिक संज्ञानात्मक विकार : ट्रंप

इसी बीच, डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया कि उनकी प्रतिद्वंदी और डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार कमला हैरिस को राष्ट्रपति जो बाइडन की तुलना में अधिक संज्ञानात्मक विकार है। संज्ञानात्मक विकार किसी व्यक्ति की सोचने, सीखने, याद रखने और निर्णय लेने की क्षमता को प्रभावित करता है। डोनाल्ड ट्रंप ने जॉर्जिया में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि दुनिया उपराष्ट्रपति हैरिस पर हंस रही है।

सिंगापुर पुलिस से दुर्व्यवहार पर चार भारतीयों पर रिपोर्ट दर्ज

सिंगापुर। सिंगापुर में उपद्रव करने और पुलिस के एक अधिकारी के साथ दुर्व्यवहार करने के आरोप में भारतीय मूल के चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। चैनल न्यूज एशिया की खबर के अनुसार, दो मिनट का एक वीडियो फेसबुक पर पोस्ट किया गया है जिसमें चारों आरोपियों को पुलिस अधिकारी के साथ कथित तौर पर अभद्र भाषा का इस्तेमाल करते हुए देखा जा सकता है। खबर के अनुसार चारों आरोपियों मोहम्मद डिनो मार्सियानो अब्दुल वहाब (44), एलेक्स कुमार ज्ञानसेकरन (37), मोहम्मद यूसोफ मोहम्मद याहिया (32) और मोहनन वी बालकृष्णन (32) ने लिटिल इंडिया में रविवार सुबह कथित हत्या के एक मामले की जांच के लिए घटनास्थल पर पहुंचे पुलिस अधिकारी से कथित तौर पर दुर्व्यवहार किया।

हिजबुल्ला ने इजराइल पर 300 से ज्यादा रॉकेट दागे

यरुशलम, एजेंसी

हिजबुल्ला ने इजराइल में लगभग 300 रॉकेट और अन्य प्रोजेक्टाइल दागे हैं। इजराइल रक्षा बलों ने कहा कि उत्तरी इजराइल के हाइफा के दक्षिण में एक तटीय शहर अटलिट में एक विस्फोटक ड्रोन गिरा, जो पहली बार हिजबुल्ला के रॉकेट को इस क्षेत्र में पहुंचा है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की ओर दो अतिरिक्त ड्रोन दागे गए थे, लेकिन उन्हें रोक दिया गया।

इजराइल की बचाव सेवाओं के अनुसार, ड्रोन से कोई हताहत नहीं हुआ। सेना ने कहा कि अधिकांश रॉकेटों को इजराइल की हवाई रक्षा प्रणालियों द्वारा मार गिराया गया। उधर, हिजबुल्ला ने एक बयान में हमले की पुष्टि करते हुए कहा कि उसके लड़ाकों ने अटलिट बेस में इजराइल की विशेष नौसैनिक टास्क यूनिट शायेत 13 के मुख्यालय पर ड्रोन के एक स्क्वाड्रन के साथ हवाई अभियान चलाया।

हिजबुल्ला ने शीर्ष कमांडर इब्राहिम की मौत की पुष्टि की

बेरूत। हिजबुल्ला ने अपने एक शीर्ष कमांडर इब्राहिम कोबेसी की मौत की पुष्टि की, जो दक्षिणी बेरूत उपनगर में इजराइली हमले में मारा गया। हमले में छह मंजिला इमारत की तीन मंजिलों को निशाना बनाया गया था। एक सप्ताह से भी कम समय में बेरूत पर यह इजराइल का तीसरा हमला था।

चीन ने अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल का किया परीक्षण

बीजिंग। चीन की सेना ने बुधवार को डमी वारहेड के साथ एक अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल (आइसीबीएम) का प्रशांत महासागर में सफल परीक्षण किया। इसे स्थानीय समयनुसार सुबह 8.44 बजे पीपल्स लिबरेशन आर्मी की रॉकेट बल द्वारा प्रक्षेपित किया गया।

चीनी रक्षा मंत्रालय के अनुसार यह परीक्षण वार्षिक अभ्यास का एक हिस्सा था। चीनी रक्षा मंत्रालय ने वीचैट पर एक बयान में कहा, यह प्रक्षेपण वार्षिक प्रशिक्षण योजना के हिस्से के रूप में किया गया। यह अंतरराष्ट्रीय कानून और अंतरराष्ट्रीय अभ्यास के अनुसार है। यह प्रक्षेपण किसी विशेष देश या लक्ष्य के खिलाफ लक्ष्य करके नहीं किया गया। चीन सेंट्रल टेलीविजन (सीसीटीवी) के अनुसार, मिसाइल अपने अपेक्षित जगह समुद्री क्षेत्र में गिरी।

बांग्लादेश नदियों के जल बंटवारे पर करेगा बातचीत

ढाका, एजेंसी

● जल संसाधन सलाहकार रिजवान ने कहा- अंतर्राष्ट्रीय नदियों का जल बंटवारा एक जटिल मुद्दा

बांग्लादेश शीघ्र ही भारत के साथ सीमा पार नदियों के जल बंटवारे पर बातचीत करने के लिए कदम उठाएगा। अंतरिम सरकार के एक सलाहकार ने बुधवार को यह जानकारी दी। भारत और बांग्लादेश 2011 में तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की ढाका यात्रा के दौरान तीस्ता जल बंटवारे पर एक समझौते पर हस्ताक्षर करने वाले थे, लेकिन पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अपने राज्य में पानी की कमी का हवाला देते हुए इसका समर्थन करने से इनकार कर दिया।

सरकारी बीएसएस समाचार एजेंसी की खबर के अनुसार, यहां साझा नदियों के जल पर बांग्लादेश का उचित हिस्सा शीर्षक से आयोजित एक संगोष्ठी में जल संसाधन सलाहकार सईदा रिजवाना हसन ने कहा कि बांग्लादेश शीघ्र ही भारत के साथ सीमा पार नदियों के जल बंटवारे पर बातचीत करने के लिए कदम उठाएगा। उन्होंने कहा कि बातचीत जनता की राय पर विचार करने के बाद की जाएगी और बातचीत के नतीजों को लोगों के साथ साझा किया जाएगा। रिजवाना ने कहा कि यद्यपि अंतर्राष्ट्रीय राष्ट्रीय नदियों का जल बंटवारा एक जटिल मुद्दा है, लेकिन आवश्यक सूचनाओं का आदान-प्रदान राजनीतिक नहीं होना चाहिए।

भारतीय इजराइली सैनिक के परिवार के आव्रजन में मदद की अपील की

यरुशलम। भारतीय मूल के यहूदियों के आव्रजन के मामले में सबसे आगे रहने वाले इजराइल के एक गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) ने एक मृत सैनिक के परिवार के इजराइल में आव्रजन के संबंध में मदद की अपील की है। यह एनजीओ भारत के पूर्वोत्तर राज्यों मणिपुर और मिजोरम से भारतीय मूल के यहूदियों को इजराइल में बसाने की पुरजोर वकालत करता है। पूर्वोत्तर राज्यों मणिपुर और मिजोरम में रहने वाले यहूदियों को आम तौर पर बेनी मेनाशे के नाम से जाना जाता है। स्टाफ सार्जेंट गेरी गिदोन हंगहल (24) की इस महीने की शुरुआत में ड्यूटी के दौरान वेस्ट बैंक के बेत एल बस्ती के पास असफ जंक्शन के निकट एक वाहन से टक्कर लगने के बाद मौत हो गयी थी।

खगोल विज्ञान | डार्कमैटर का पता लगाने के लिए मंगल की कक्षा पर नजर रखनी जरूरी

मंगल की कक्षा को प्रभावित कर सकता है डार्कमैटर का ब्लैकहोल

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : डार्क मैटर के खतरों से इंकार नही किया जा सकता है। नई जानकारी के मुताबिक डार्क मैटर वाले ब्लैक होल मंगल ग्रह की कक्षा को डगमगा सकते हैं। यह खबर ग्रहों के सुरक्षित भविष्य को लेकर सावधान करने वाली है। खगोलविदों का मानना है कि डार्कमैटर का पता लगाने के लिए मंगल की कक्षा पर नजर रखनी होगी।

गुरुत्व बल, डार्क एनर्जी, डार्क मैटर, ब्लैक होल और जेट ब्रह्मांड की महाशक्तियां हैं। जिनके बल पर समूचा ब्रह्मांड संचालित होता है। अब मंगल ग्रह को लेकर सामने आ रही खबर चौकाने वाली है। एमआईटी के शोधकर्ताओं का कहना है कि डार्क मैटर छोटे प्राइमर्डियल ब्लैक होल से बना हो सकता है और जब ये ब्लैक होल सौर मंडल से होकर गुजरेंगे तो मंगल की कक्षा थोड़ी डगमगा सकती है। इससे यह पता चलता है कि प्राइमर्डियल ब्लैक होल डार्क मैटर का एक प्रमुख स्रोत हैं, जो ग्रहों मे उतार चढ़ाव पैदा कर सकते हैं। 17 सितंबर को मंगल ग्रह के उतार चढ़ाव पर यह शोध हुआ है। जिसमें कहा गया है कि अब लाल ग्रह मंगल की कक्षा में होने वाले परिवर्तनों पर नज़र रखनी होगी। यह गुजरते हुए डार्क मैटर का पता लगाने का एक तरीका हो सकता है।



डार्कमैटर के ब्लैकहोल की काल्पनिक तस्वीर।

ब्रह्मांड का मात्र 20 फीसद हिस्सा दृश्यमान

नैनीताल : ब्रह्मांड में भौतिक पदार्थों का मात्र 20 फीसद हिस्सा दृश्यमान है। जिनमें तारों और ग्रहों से लेकर नजर आने वाली अन्य वस्तुएं शामिल हैं। बाकी हिस्सा डार्क मैटर से बना है, जो अदृश्य है। अदृष्य भाग ब्रह्मांड के असल ताकत है, जो तारों और आकाशगंगाओं की गति को प्रभावित करने के लिए पर्याप्त गुरुत्वाकर्षण बल लगाता है। इस अदृष्य शक्ति का पता लगाने के लिए खगोलविद लंबे समय से जूझ रहे हैं।

ब्रह्मांड में अधिकांश डार्क मैटर सूक्ष्म प्राइमर्डियल ब्लैक होल से बना है। यह विचार पहली बार 1970 के दशक मे आया था। शोधकर्ताओं का अनुमान है कि यदि डार्क मैटर का ब्लैकहोल मंगल की साइड से गुजरेगा तो मंगल की कक्षा में एक हद तक डगमगाहट ला सकता है। इस जानकारी से स्पष्ट हो जाएगा कि वर्तमान तकनीक वास्तव में डार्क मैटर का पता लगा सकती है। इस तरह की खोज से इस विचार को समर्थन मिल सकता है कि प्राइमर्डियल ब्लैक होल पूरे ब्रह्मांड में डार्क मैटर का प्राथमिक स्रोत हैं। नया शोध खगोलविद डेविड कैसर एमआईटी के नेतृत्व मे हुआ है।